पौष मास, शुक्ल पक्ष 5, वर्ष 11, अंक 320, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00



वाराणसी, बुधवार, 28 दिसम्बर, 2022

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : एक दिनी विश्वकप में जगह बनाने के लिए सूर्यकुमार को बेहतर करना होगा प्रदर्शन




अंदर - बीएचयू के क्रांतिकारी : वीर करण बत्रा

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# यूपी निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण रद्द

## हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने फौरन चुनाव कराने के दिए आदेश

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने मंगलवार को शहरी स्थानीय निकाय चुनावों पर राज्य सरकार की मसौदा अधिसूचना को रद्द कर दिया और ओबीसी के लिए आरक्षण के बिना चुनाव कराने का आदेश दिया है। यह फैसला जस्टिस डीके उपाध्याय और जस्टिस सौरव लवानिया की खंडपीठ ने सुनाया।

ओबीसी आरक्षण खत्म रद्द किए जाने के फैसले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि सरकार पिछड़ों का हक दिलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट जाएगी। वहीं, सपा ने भाजपा पर कोर्ट में कमजोर पैरवी करने का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बयान जारी कर कहा है कि प्रदेश सरकार नगरीय निकाय चुनाव के लिए आयोग गठित कर ट्रिपल टेस्ट के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग के नागरिकों को आरक्षण की सुविधा उपलब्ध कराएगी। इसके बाद ही


**फैसला**

### सीएम योगी ने कहा- जरूरत पड़ी तो जाएंगे सुप्रीम कोर्ट

### सामान्य मानी जाएंगी ओबीसी के लिए आरक्षित सभी सीटें

निकाय चुनाव सम्पन्न कराया जाएगा। यदि आवश्यक हुआ तो राज्य सरकार उच्च न्यायालय के निर्णय के क्रम में तमाम कानूनी पहलुओं पर विचार कर- के सर्वोच्च न्यायालय में अपील भी करेगी।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित ट्रिपल टेस्ट फॉर्मूले का पालन किए बिना ओबीसी आरक्षण के मसौदे को तैयार करने को चुनौती देने वाली जनहित याचिकाओं के बाद यह फैसला आया है। मामले पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने मंगलवार को 70 पेजों का फैसला सुनाया है। फैसले के बाद ओबीसी के लिए आरक्षित सभी सीटें अब जनरल



(सामान्य) मानी जाएंगी। हाईकोर्ट ने इस फैसले के साथ ही तत्काल निकाय चुनाव कराने का निर्देश दिया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय को बताया था कि वह शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) चुनावों में ओबीसी आरक्षण प्रदान करने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा सुझाए गए ट्रिपल टेस्ट फॉर्मूले का पालन कर रही है। लेकिन कोर्ट में दर्ज याचिकाओं में कहा गया कि सरकार ने ओबीसी आरक्षण जारी करने के लिए ट्रिपल टेस्ट फॉमूर्ला नहीं अपनाया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि ट्रिपल टेस्ट फॉर्मूला के मुताबिक राज्य को एक कमीशन बनाना होगा जो अन्य पिछड़ा वर्ग की स्थिति पर अपनी रिपोर्ट देगा और जिसके आधार पर आरक्षण लागू होगा। आरक्षण देने के लिए ट्रिपल टेस्ट यानी 3 स्तर पर मानक रखे जाएंगे जिसे ट्रिपल टेस्ट फॉर्मूला कहा गया है। इस टेस्ट में देखना होगा कि राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग की आर्थिक-शैक्षणिक स्थिति क्या है? उनको आरक्षण देने की जरूरत है या नहीं? उनको आरक्षण दिया जा सकता है या नहीं? सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश में कहा था कि ओबीसी आरक्षण के लिए तय शर्तों को पूरा किए बिना आरक्षण नहीं मिल सकता है। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कोर्ट के फैसले के बाद कहा कि इसकी समीक्षा करेंगे और हम हमेशा चुनाव के लिए तैयार रहते हैं, हम हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाले लोग हैं। वहीं इस मामले को लेकर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हम पिछड़ों के हक के लिए हमेशा लड़ने को तैयार हैं। उनके इस बयान पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि केशव प्रसाद मौर्य पिछड़ों को हक नहीं दिला सकते हैं। बीजेपी सरकार दलितों का आरक्षण भी छीन लेगी।

### रामगोपाल यादव ने फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण कहा

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मामले पर ट्वीट कर भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि आज आरक्षण विरोधी भाजपा निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के विषय पर घड़ियाली सहानुभूति दिखा रही है। आज भाजपा ने पिछड़ों के आरक्षण का हक छीना है। कल भाजपा बाबा साहब द्वारा दिए गये दलितों का आरक्षण भी छीन लेगी। मायावती ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह फैसला भाजपा की आरक्षण विरोधी मानसिकता को दिखाता है।
सपा नेता रामगोपाल यादव ने सरकार पर कोर्ट में ठीक से पैरवी न करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि निकाय चुनावों में ओबीसी का आरक्षण खत्म करने का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है। यह उत्तर प्रदेश सरकार की साजिश है। जानबूझकर तथ्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं किए गए।

### यूपी के मंत्री बोले- बिना आरक्षण निकाय चुनाव ठीक नहीं

अपना दल (एस) के कार्यकारी अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि ओबीसी आरक्षण के बिना निकाय चुनाव किसी भी दृष्टि से उचित नहीं हैं। हम इस संदर्भ में लखनऊ उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले का अध्ययन कर रहे हैं। जरूरत पड़ी तो अपना दल (एस) ओबीसी के हक के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगा।

# 'अफगान' बना 'शुक्ला' मुंडेरा हुआ चौरी-चौरा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शहरों के नाम बदलने का सिलसिला जारी है। मंगलवार को यूपी की योगी आदित्यनाथ की सिफारिश पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गोरखपुर और देवरिया के एक-एक जगह का नाम बदलने पर सहमति जता दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि गोरखपुर जिले में आने वाले नगर पालिका परिषद मुंडेरा बाजार का नाम बदलकर चौरी-चौरा किया गया है। वहीं देवरिया के तेलिया अफगान गांव का नाम 'तेलिया शुक्ल' कर दिया गया है। इसके लिए मंत्रालय से एनओसी भी जारी कर दी गई है।

जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में साल 2012 से 2022 के बीच दस सालों में 11 जिलों के नाम बदले गए हैं। इनमें से 9 नामों को अखिलेश यादव की सरकार में बदले गए जबकि बाकी दो नाम योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में चेंज किए गए हैं। योगी सरकार में भी 12 अन्य जिलों और शहरों करे नाम बदलने की तैयारी चल रही है। इसमें अलीगढ़ को आर्यगढ़, संभल को पृथ्वीराज नगर, फरुर्खाबाद को पांचाल

**सहमति**

### दो जगहों के नाम बदलने के प्रस्ताव पर योगी सरकार की मुहर

नगर, सुलतानपुर को कुशभवनपुर, फिरोजाबाद को चंद्र नगर, आगरा को अग्रवन, मैनपुरी को मयनपुरी, गाजीपुर को गढ़ीपुरी, देवबंद को देववृंदपुर, रसूलाबाद को देवगढ़ और सिकंदरा को आदर्शनगर करने की चर्चा है।

किसी भी शहर या जिले का नाम बदलने के लिए राज्य सरकार केंद्रीय गृह मंत्रालय को प्रस्ताव भेजती है। इसके बाद गृह मंत्रालय इन प्रस्तावों पर संबंधित एजेंसियों से सलाह लेता है। इसके साथ ही नाम बदलने के लिए रेल मंत्रालय, डाक विभाग और भारतीय सर्वेक्षण विभाग से भी परामर्श लिया जाता है। उनसे सहमति मिलने के बाद नाम बदलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र यानी कि एनओसी जारी कर दिया जाता है। इसके बाद राज्य सरकार संबंधित जगह का नाम बदलने के लिए कार्यकारी आदेश जारी करती है।




# दिल्ली में रेखा गुप्ता भाजपा की होंगी मेयर प्रत्याशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एमसीडी मेयर चुनाव के लिए भाजपा ने भी अपने प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी की मेयर प्रत्याशी शैली ओबरॉय के सामने भाजपा ने रेखा गुप्ता को चुनाव मैदान में उतारा है। रेखा गुप्ता शालीमार बाग से तीन बार पार्षद पद का चुनाव जीत चुकी हैं। इसबार उन्होंने शालीबार बाग पार्षद चुनाव में अअढ की इशुप्रीत गुजराल और कांग्रेस की मोना शौकीन को हराया।

भाजपा ने दिल्ली मेयर चुनाव के लिए नामांकन के आखिरी दिन उनके नाम का ऐलान किया। रेखा गुप्ता इससे पहले भी नगर निगम में कई महत्वपूर्ण पदों पर काम कर चुकी हैं। रेखा गुप्ता ने दि्ल्ली के दौलत राम कॉलेज से ग्रेजुएशन किया है। वह दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्र संघ की अध्यक्ष और जनरल सेक्रेटरी भी रह चुकी हैं। इसके अलावा रेखा गुप्ता दिल्ली भाजपा संगठन में कई महत्वपूर्ण पदों पर भी काम कर चुकी हैं। भाजपा ने डिप्टी मेयर चुनाव के लिए कमल बागड़ी के नाम का ऐलान किया है। वह राम नगर वार्ड से पार्षद हैं। डिप्टी मेयर पद के लिए कमल बागड़ी का मुकाबला आम आदमी पार्टी के आले मोहम्मद इकबाल से होगा। आले मोहम्मद इकबाल तीसरी बार चांदनी महल वार्ड से पार्षद चुने गए हैं।



**एमसीडी**

### डिप्टी मेयर चुनाव के लिए कमल बागड़ी के नाम का ऐलान

# तुनिषा शर्मा का हुआ अंतिम संस्कार


**मीरा रोड।** टीवी एक्ट्रेस तुनिषा शर्मा का मंगलवार को अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सबकी आँखें नम थी। तुनिषा के मामा ने तुनिषा का अंतिम संस्कार किया। इस दौरान अपनी इकलौती बेटी को देख उनकी मां का रो-रोकर बुरा हाल था। अपनी बेटी के दुख में उनकी मां बेहोश भी हो गईं जिन्हें किसी तरह परिवार के लोगों ने संभाला। मुंबई से सटे मीरा रोड इलाके के गोड़देव शमशान घाट में जब तुनिषा शर्मा का पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए लाया गया तब वहां शीजान खान की मां और बहनें भी तुनिशा शर्मा को अंतिम विदाई देने पहुंची। इस दौरान उन तीनों ने तुनिषा की मौत पर दुख जाहिर किया। आपको बता दें कि टीवी सीरियल अली बाबा : दास्तान-ए-काबुल में शहजादी मरियम के किरदार में नजर आने वाली टीवी एक्ट्रेस तुनिषा शर्मा ने 24 दसिंबर को मुंबई में टीवी सीरियल के सेट पर अपने को एक्टर शीजान के मेकअप रूम में फांसी लगा लिया था।

# बगैर ओबीसी आरक्षण के फंस सकता है पेंच

## हाइकोर्ट के फैसले के बाद एक अहम बैठक कर सकती है उप्र सरकार

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी सरकार को बड़ा झटका देते हुए निकाय चुनावों के लिए 5 दिसम्बर को जारी ड्राफ्ट नोटिफिकेशन को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि यूपी सरकार को निकाय चुनावों को बिना ओबीसी आरक्षण के ही कराए। यह निर्णय न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया की खंडपीठ ने इस मुद्दे पर दाखिल 93 याचिकाओं पर एक साथ पारित किया। हाईकोर्ट के यूपी सरकार इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जा सकती है, क्योंकि बगैर ओबीसी आरक्षण के चुनाव कराना मुश्किल होगा। चुनाव हो गए तो आगे कानूनी पेच फंसेगा। चर्चा शुरू हो गई है कि नगर निकाय चुनाव को लेकर हाइकोर्ट के फैसले के बाद सरकार एक अहम बैठक कर सकती है। जिसमें आगे की रणनीति पर फैसला होगा।

### हाईकोर्ट के निर्णय का महत्वपूर्ण अंश



- हाईकोर्ट ने 5 दिसम्बर 2022 का राज्य सरकार द्वारा जारी ड्राफ्ट नोटिफिकेशन रद कर दिया है जिसके तहत ओबीसी आरक्षण तय करते हुए, चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई थी।
- हाईकोर्ट ने 12 दिसम्बर 2022 का वह शासनादेश भी निरस्त कर दिया है जिसके तहत निकार्यो के बैंक अकाउंट प्रशासकीय अधिकारियों द्वारा संचालित करने की अनुमति दी गई थी।
- हाईकोर्ट ने यह भी आदेश दिया है कि चूंकि ट्रिपल टेस्ट किए बिना ओबीसी आरक्षण नहीं दिया जा सकता और ट्रिपल टेस्ट में काफी व्यक्त लग सकता है जबकि निकार्यों के कार्यकाल 31 जनवरी 2023 तक समाप्त हो रहे हैं लिहाजा सरकार निकाय चुनावों की अधिसूचना तत्काल जारी करे। एससी-एसटी आरक्षण के सिवा सभी सीटें सामान्य होंगी। यह भी स्पष्ट किया है कि संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक महिला आरक्षण दिए जाएं।
- यह भी स्पष्ट किया है कि यदि नए निर्वाचित निकायों के गठन के पूर्व वर्तमान निकायों का कार्यकाल समाप्त हो जाता है तो निकाय का कामकाज तीन सदस्यीय कमेटी देखेगी जिसमें डीएम, अधिशासी अधिकारी या म्युनिसिपल कमिश्नर तथा एक जिला स्तरीय अधिकारी सदस्य होंगे। यह कमेटी कोई बड़ा नीतिगत निर्णय नहीं ले सकेगी।

### क्या है ट्रिपल टेस्ट फॉर्मूला

सुप्रीम कोर्ट ने निकाय चुनावों के लिए ओबीसी आरक्षण तय करने के लिए एक फॉर्मूला दिया था। इसे ट्रिपल टेस्ट फार्मूला कहा गया। सबसे पहले स्थानीय निकायों में पिछड़ेपन की प्रकृति को लेकर अनुभवजन्य जांच के लिए एक आयोग की स्थापना की जाए। यह आयोग निकायों में पिछड़ेपन की प्रकृति का आकलन करेगा और सीटों के लिए आरक्षण प्रस्तावित करेगा। आयोग की सिफारिशों के आलोक में स्थानीय निकायों द्वारा ओबीसी की संख्या का परीक्षण कराया जाए और उसका सत्यापन किया जाए। इसके बाद ओबीसी आरक्षण तय करने से पहले यह ध्यान रखा जाए कि एससी-एसटी और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कुल आरक्षित सीटें 50 फीसदी से ज्यादा न हों।

# अगले साल यूपी में होगा युवा खिलाड़ियों का महाकुंभ

**लखनऊ।** यूपी में 2023 में नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स होने हैं। यह देश के युवा खिलाड़ियों का महाकुंभ जैसा आयोजन है। इसमें करीब 8000 खिलाड़ी और अन्य स्टाफ भाग लेंगे। यह पिछले आयोजन की तुलना में करीब दोगुना है। करीब दो दर्जन खेलों में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

**नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स की मेजबानी करेगा प्रदेश**

आयोजन को दिव्य एवं भव्य बनाने के लिए जोर-शोर से तैयारियां जारी हैं। प्रयास यह किया जा रहा है कि मेहमानों की मेजबानी हर लिहाज ( रहने, खाने, परिवहन, खेलों के मैदान) से ऐसी हो कि यहां आए खिलाड़ी नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की छवि साथ लेकर जाएं। इन्हीं मुद्दों को केंद्र में रखकर इस बाबत शासन स्तर पर अभी 22 दिसंबर को उच्चस्तरीय बैठक भी हुई थी। इसमें विभाग के अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल, भारतीय खेल प्राधिकरण के निदेशक संदीप प्रधान, खेलो इंडिया की सीनियर निदेशक एकता विश्नोई के अलावा जिलों के भी खेल अधिकारी मौजूद थे। अप्रैल-मई तक लखनऊ में एक खेल गांव बस जाएगा। इस गांव में हर तरह एवं हर रेंज के चिकेन के कपड़े समेत लखनऊ की पहचान से जुड़े स्टॉल लगेंगे।

# कश्मीर में तिरंगा फहराएगी कांग्रेस

**घोषणा**

### फारूक अब्दुल्ला और महबूबा होंगे साथ

**श्रीनगर।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा 9 दिन के ब्रेक पर है। भारत जोड़ो यात्रा 3 जनवरी 2023 से फिर शुरू होकर जम्मू-कश्मीर में खत्म होगी। भारत जोड़ो यात्रा की तैयारियों को लेकर कांग्रेस महासचिव और प्रभारी संगठन केसी वेणुगोपाल और कांग्रेस प्रभारी जम्मू-कश्मीर रजनी पाटिल ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की। उनके साथ राहुल गांधी के सुरक्षा सलाहकार केबी बायजू भी थे। उपराज्यपाल सिन्हा से मुलाकात के बाद कांग्रेस नेता वेणुगोपाल ने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा नेशनल पदयात्रा है। हम कश्मीर में



तिरंगा फहराएंगे। हमने एलजी से मुलाकात की उन्होंने हर तरह के सहयोग की बात कही है। भारत जोड़ो यात्रा में नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला उमर अब्दुल्ला पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती और सीपीएम नेता मोहम्मद यूसुफ तारिगामी भी शामिल होने वाले हैं। इस बीच महबूबा ने कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा की सराहना की। महबूबा ने भारतीय जनता पार्टी पर कटाक्ष कर कहा कि पिछले 8 वर्षों के दौरान सरकार ने इस देश की सभी नींव हिला दी है और इस कमजोर कर दिया है लेकिन राहुल गांधी देश की नींव को बचाने के लिए निकले हैं। कांग्रेस महासचिव और प्रभारी संगठन वेणुगोपाल ने ट्वीट कर मुलाकात की जानकारी साझा की है। वेणुगोपाल ने ट्वीट में लिखा कि भारत जोड़ो यात्रा अपने अंतिम गंतव्य जम्मू-कश्मीर की ओर बढ़ रही है।

### बाघों के लिए काल बना दिसंबर 2022 में अब तक 13 बाघों की मौत

**नई दिल्ली।** दिसंबर 2022 में 13 बाघों की मौत हुई है जो बीते माह की तुलना में दोगुना से अधिक है। इन बाघों में पांच बाघ अभयारण्य के अंदर ही मारे गए गए। सितंबर में कुल पांच बाघों की मौत हुई थी। इस तरह देश में इस साल मरने वाले बाघों की संख्या बढ़कर 112 हो गई है। इसकी जानकारी केंद्र की एजेंसी राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के ताजा आंकड़ों से सामने आई है। इससे संबंधित रिपोर्ट बताती है कि दिसंबर में बाघों की मौत होने के मामले केरल कर्नाटक तमिलनाडु महाराष्ट्र मध्य प्रदेश और असम से आए हैं।इसमें सबसे अधिक मामले महाराष्ट्र से संबंधित हैं।इसमें सात नर बाघ दो मादा बाघ और चार इसतरह के बाघ हैं जिनकी पहचान नहीं हुई है। इन बाघों में छह बाघ अभयारण्य क्षेत्र से बाहर और सात अभयारण्य क्षेत्र के अंदर ही मरे पाए गए।

# कोरोना के खतरे का हमें आभास

**बोले स्वास्थ्य मंत्री**

### तैयारियों को परखने को किया मॉक ड्रिलः मनसुख मंडाविया

**नई दिल्ली।** चीन समेत कुछ देशों में कोरोना वायरस के लगातार बढ़ते केस के बीच देश में करीब-करीब हर राज्यों में अलर्ट की स्थिति है। संभावित महामारी को लेकर आज देशभर में कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी की स्थिति पैदा होने पर राजधानी के कुछ अस्पतालों में बेड और चिकित्सा कर्मियों की उपलब्धता समेत अन्य तैयारियों का आकलन करने को आज मंगलवार मॉक ड्रिल कराया गया। यह मॉक ड्रिल पूरे देश में कराई गई। मॉक ड्रिल पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर मनसुख मंडाविया ने कहा कि कोरोना



के खतरे का हमें आभास है ऐसे में अपनी तैयारियों को बेहतर करने के लिए यह मॉक ड्रिल किया जा रहा है डॉक्टर मनसुख मंडाविया ने कहा कि ह्यदेश भर में सभी कोविड अस्पतालों में आज मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है। देश में अभी कोरोना के मामले ज्यादा नहीं हैं लेकिन पीएम मोदी ने हमें सावधान रहने को कहा है। सरकार भी तैयारी कर रही है अगर कहीं पर कोविड मामले बढ़ते हैं तो लोगों को उचित इलाज मिल सके। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में कोरोना के मामले बढ़ सकते हैं। इसलिए ऐसे में यह मॉक ड्रिल जरुरी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार कोरोना की पहली और दूसरी लहर में भारत सरकार ने एक बड़ा हेल्थ इंफ्रास्ट्रकचर खड़ा किया है। कोविड केस कम होने के बाद इस इंफ्रास्ट्रक्रर को सामान्य अस्पताल में मरीजों के लिए शिफ्ट कर दिया गया था। इस तरह के मॉक ड्रिंल का मकसद यह भी है कि यदि जरुरत पड़े तो किस तरह से उस हॉस्पिटल के इंफ्रास्ट्रकचर को कोविड के लिए शिफ्ट कराया जा सके। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने हॉस्पिटल इंफ्रास्ट्रकचर की रिएलिटी चेक करने के लिए देश के तमाम बड़े अस्पतालों को कहा।

# महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद पर सदन में प्रस्ताव पारित

**नागपुर।** महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद पर महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को एक प्रस्ताव पारित किया जिसके मुताबिक कर्नाटक राज्य में बेलगाम कारवार निप्पनी समेत कई इलाकों में 865 मराठी भाषी गांव होने की बात कही है। प्रस्ताव में कहा गया है कि राज्य सरकार 865 गांवों और बेलगाम (जिसे बेलगावी भी कहा जाता है) कारवार निपाणी बीदर और भाल्की शहरों में रह रहे मराठी भाषी लोगों के साथ मजबूती से खड़ी है। राज्य सरकार कर्नाटक में 865 मराठी भाषी गांवों और बेलगाम कारवार बीदर निपाणी भाल्की शहरों की एक-एक इंच जमीन अपने में शामिल करने के मामले पर उच्चतम न्यायालय में कानूनी रूप से आगे बढ़ेगी। इन गांवों का एक-एक इंच इलाका महाराष्ट्र में लाया जाएगा और इसके लिए सुप्रीम कोर्ट में जो भी आवश्यकता होगी महाराष्ट्र सरकार करेगी। प्रस्ताव में महाराष्ट्र सरकार ने मराठी बोलने वाले लोगों और विवादित क्षेत्र को लिए गए कर्नाटक सरकार के फैसलों की भी निंदा की है। ये प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हो गया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य विधानसभा में प्रस्ताव पेश करते हुए कर्नाटक के साथ विवाद वाले सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों के साथ मजबूती से खड़े रहने की बात कही। मराठी भाषी गांवों को अपने साथ मिलाने के अपने दावे को दोहराते हुए शिंदे ने कहा कि कर्नाटक में 865 मराठी भाषी गाव हैं। उन्होंने आगे कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने अपने प्रस्ताव में कहा है कि वो सीमा पर बसे मराठी लोगों के साथ खड़ी है और यह सुनिश्चित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में कानूनी लड़ाई भी लड़ेगी ताकि ये इलाके महाराष्ट्र में शामिल किए जा सकें। महाराष्ट्र सरकार द्वारा पारित किए जाने वाले इस प्रस्ताव में सीमावर्ती इलाकों पर रहने वाले लोगों के प्रति कर्नाटक प्रशासन के रवैए का भी विरोध किया गया है।


इसमें कर्नाटक सरकार के विवादित सीमावर्ती इलाके में रहने वाले मराठी भाषी लोगों के विरोध और उन्हें धमकाने की भी आलोचना की गई है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हमारी सरकार के सत्ता में आने के बाद सीमा विवाद शुरू नहीं हुआ। हमारी सरकार कर्नाटक में मराठी भाषी लोगों के प्रति न्याय सुनिश्चित करने के लिए जो कुछ भी कर सकती है वह करेगी।

**महाराष्ट्र विस**

### कर्नाटक को एक इंच जमीन नहीं देंगेः फडणवीस



### हमने इस प्रस्ताव का समर्थन किया: उद्धव ठाकरे



मंगलवार को महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद को लेकर महाराष्ट्र विधानसभा में पास हुए प्रस्ताव पर पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमने इस प्रस्ताव का समर्थन किया महाराष्ट्र के पक्ष में जो भी होगा हम उसका समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि लेकिन हमारे कुछ सवाल हैं। दो साल से अधिक समय से सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोग महाराष्ट्र में शामिल होने की मांग कर रहे हैं हम उनके बारे में क्या कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज सरकार ने जवाब दिया कि विवादित क्षेत्र को केंद्र शासित प्रदेश घोषित नहीं किया जा सकता जैसा कि 2008 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था। हालांकि स्थिति अब वैसी नहीं है। कर्नाटक सरकार इसका पालन नहीं कर रही है। वे वहां विधानसभा सत्र कर रहे हैं जिसका नाम बेलगावी रखा गया है इसलिए हमें सुप्रीम कोर्ट जाना चाहिए और सुप्रीम कोर्ट से विवादित क्षेत्र को केंद्र शासित प्रदेश घोषित करे के लिए कहना चाहिए।

### बांबे हाईकोर्ट ने खारिज की बेल पर रोक लगाने वाली सीबीआई की याचिका

**मुंबई।** उद्धव ठाकरे सरकार में गृह मंत्री रहे अनिल देशमुख का करीब एक साल बाद जेल से बाहर निकलना तय हो गया है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने उनकी बेल पर रोक लगाने की मांग वाली सीबीआई की याचिका खारिज कर दी है। जेल सूत्रों का कहना है कि अब अनिल देशमुख कल सलाखों से बाहर आना तय हो गया है। इससे पहले बॉम्बे हाईकोर्ट ने 21 दिसंबर को देशमुख की बेल पर 27 दिसंबर तक के लिए स्टे लगा दिया था। दरअसल सीबीआई ने देशमुख की बेल पर रोक जारी रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था लेकिन सुप्रीम कोर्ट में उसकी अर्जी पर सुनवाई ही नहीं हो सकी। इस बीच आज अनिल देशमुख की बेल पर रोक की अवधि समाप्त हो रही है। अब उन्हें कल जेल से रिहाई मिल सकती है। दरअसल 12 दिसंबर को बॉम्बे हाई कोर्ट के जस्टिस एमएस कार्णिक की बेंच ने अनिल देशमुख की बेल अर्जी मंजूर कर ली थी।

# पीएम के छोटे भाई प्रह्लाद कार दुर्घटना में घायल

**बेटे और बहू भी जख्मी**

**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छोटे भाई प्रह्लाद मोदी मंगलवार को सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। यह हादसा कर्नाटक के मैसूर में उस समय हुआ जब वह अपने परिवार वालों के साथ जा रहे थे। कार में उनकी पत्नी बेटा और बहू भी मौजूद थे। बताया जाता है कि दुर्घटना में उनके बेटे और बहू को गंभीर चोटें आई हैं। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा मंगलवार दोपहर पौने 2 बजे के आसपास हुआ। बांदीपुर के रास्ते में प्रह्लाद मोदी की कार डिवाइडर से टकरा गई। सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। हादसे की जो तस्वीर सामने आई है उसमें देखा जा सकता है कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए हैं।



# साड़ी कारोबारी का फ्लैट में मिला शव

**सनसनी**

**पुलिस ने छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया**

**करीब दो सप्ताह पुराना होने के कारण सड़ने लगा था शव**

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के सुंदरपुर स्थित लायन इनक्लेव के सातवें तल पर रहने वाले कपड़ा कारोबारी हर्षित मल्होत्रा (37) का शव मंगलवार को कमरे में पड़ा मिला। कमरे से बदबू आने पर आसपास फ्लैट में रहने वाले लोगों ने पुलिस को सूचना दी। भेलूपुर पुलिस फोरेनसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची। छानबीन कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। पुलिस का मानना है कि शव करीब दो सप्ताह पुराना होने के कारण सड़ने लगा था।

फ्लैट में रहने वालों से सूचना मिलने पर सिगरा इलाके के निवासी मामा नरेन्द्र सागर पहुंचे। नरेंद्र ने पुलिस को बताया कि उनका भांजा नशे का आदी था। उसकी शादी नहीं हुई थी। हर्षित के पिता गांधी नगर सिगरा के रहने वाले थे। हर्षित पिता की मौत के बाद साड़ी का कारोबार करता था। नशे का आदी होने के कारण व्यापार भी ठीक से नहीं करता था। पिछले पंद्रह दिनों से किसी के संपर्क में नहीं था।

## पैर फिसलने से युवती कुएं में गिरी

**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र के हरसोस गांव के समीप मंगलवार की सुबह 17 वर्षीय युवती की पैर फिसलने से कुएं में गिर गयी। ग्रामीणों और पुलिस मदद से बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। उसकी हालत खतरे से बाहर है। रीमा राजभर कुएं के पास पकड़ा फैलाने गयी थी इस दौरान पैर फिसला और कुएं में गिर गयी। गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे और निकालने का प्रयास किया इस बीच सूचना पर पहुंची पुलिस भी मदद में आगे आयी और खाट के माध्यम से रीमा को बाहर निकाला गया। पास के ही अस्पताल में उसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया। उसकी हालत समान्य है।

## थार जीप से कुचलने का प्रयास, रपट दर्ज

**वाराणसी।** पुरानी रंजिश में बाइक सवार युवकों को जीप से कुचल कर हत्या का प्रयास किया गया। मामले को लेकर घायल युवक की मां की तहरीर के आधार पर भेलूपुर थाने में महमूरगंज स्थित जज कॉलोनी निवासी ठेकेदार मनोज सिंह, उसके बेटे सृजन सिंह और एक अज्ञात के खिलाफ हत्या का प्रयास सहित अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। वाराणसी के चांदपुर क्षेत्र की बजरंग नगर कॉलोनी में राम कुमार तिवारी अपने परिवार के साथ रहते हैं। राम कुमार तिवारी की पत्नी ममता ने बताया कि उनका बेटा आशुतोष अपने दोस्त शारिक के साथ मंडुवाडीह स्थित आरपीएफ बैरक के पास जैसे ही पहुंचे तभी सामने से आ रही थार जीप ने उन्हें कुचलने की कोशिश की। थार जीप में सृजन सिंह और मनोज सिंह के साथ तीन-चार अन्य लोग बैठे थे। इन लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते जान-बूझकर टक्कर मारी थी। घटना के बाद सभी लोगों ने आशुतोष और शारिक को मरा हुआ समझा और वहीं छोड़कर भाग गए। हत्या के प्रयास की यह घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

## चोरी का सामान खरीदने वाला गिरफ्तार



**वाराणसी।** लालपुर पाण्डेयपुर थाना पुलिस ने चोरी, लूट के फोन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की खरीद फरोख्त करने वाला वांछित अभियुक्त सुनील कुमार प्रजापति को चौकाघाट मछली मण्डी के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी रानीपुर महमूरगंज का निवासी है।

अभियुक्त सुनील कुमार प्रजापति ने पूछताछ में बताया कि चोरी का मोबाईल, लैपटाप आदि चोरों से खरीद फरोख्त करता है। जिसमे कुछ महीने पहले उसके जानने वाले दो चोर रिषु सिंह और मिन्टु जायसवाल को पकड़ कर जेल भेजा जा चुका है। सुनील ने बताया कि सुनील टेलिकाम एण्ड रिपेयरिंग सेण्टर के नाम से वसीम भाई कटरा दालमण्डी में उसकी दुकान है। जहां पुराने मोबाइल व लैपटाप को खरीदकर आधे- पौने दाम में बेचा जाता है। जो इलेक्ट्रॉनिक समान बनने लायक नही होते हैं उनके पार्ट-पुर्जा दूसरे डिवाइस में लगाकर सेल कर दिया जाता है। राजु बंगाली उर्फ रिषु सिंह व मिन्टु जायसवाल ये दोनों भी कुछ महीने पहले तक उसके यहां पास चोरी के कुछ मोबाइल व लैपटाप लाकर बेचते थे।

## सराफा व्यवसायी से लूट का प्रयास विफल

### आंख में मिर्ची पाउडर फेंककर भागते पकड़ा गया बदमाश

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** लालपुर-पाण्डेयपुर थाना अंतर्गत बेलवाबाबा बाजार लमही स्थित आर्या अलंकार मंदिर के आभूषण व्यवसाई की आंख में मिर्ची पाउडर फेंककर अंगूठी लूटने का प्रयास किया गया। व्यवसाई के शोर मचाने पर लोगों ने बदमाश को मौके पर ही पकड़ लिया और जमकर दैहिक समीक्षा कर पुलिस को सौंपा।

जानकारी के अनुसार आर्या सेठ की सराफा की दुकान लमही बाजार में है और मंगलवार एक युवक आया। सोने की अंगूठी दिखाने की बात कही। दो अंगूठी देखने के बाद ही युवक ने अपने पास रखे मिर्च पाउडर को आभूषण व्यवसाई के आंख में फेंक का और धक्कामार कर भागने लगा। अचानक हुई इस घटना से सकते में आया व्यापारी दुकान के बाहर निकला और शोर मचाया।

शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने दौड़ाकर बदमाश को पकड़ लिया। पकड़े गये युवक को पहले जमकर पीटा और फिर पुलिस को सौंपा गया। बदमाश की पहचान धीरज राजभर निवासी धरसौना के तौर पर हुई पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

### महिला के ऊपर गिरी छत की पटिया

**तरना।** कमरे में सो रही महिला के ऊपर छत का पटिया गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायलावस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिंताजनक बनी हुई है। महिला के पति अनीस के अनुसार उसकी पत्नी कमरे में सो रही थी उसी समय बगल में रहने वाला राजेश कुमार उसके छत से सटे हुए दीवार का गाटर काटने लगा और इसकी वजह से पटिया उनकी पत्नी के ऊपर गिर गया।अनीस की तहरीर पर शिवपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

### ट्रेन में प्रसव पीड़ा से कराह रही महिला का मददगार बना अजनबी

**वाराणसी।** नौकरी की तलाश में निकले बिहार के एक युवक ने इंसानियत की मिसाल पेश की। ट्रेन में प्रसव पीड़ा से कराह रही अजनबी महिला की मदद की। महिला यात्रियों की मदद से प्रसूता ने बच्चे को जन्म दिया। लेकिन, युवक ने इंसानियत दिखाते हुए अपनी यात्रा छोड़कर अस्पताल में जाकर महिला की देखभाल की। बिहार के जहानाबाद निवासी श्रवण कुमार (30) नौकरी की तलाश में ट्रेन से सुल्तानपुर जा रहा था। राजगीर से वाराणसी आने वाली बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस में रविवार को पंडित दीन दयाल उपाध्याय एक्सप्रेस में मंजन देवी को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। महिला के साथ कोई नहीं होने के कारण श्रवण कुमार मदद के लिए आगे आया और जीआरपी जवानों को जानकारी दी। पूर्वोत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि डॉक्टरों की टीम कैंट स्टेशन पर गई थी। लेकिन महिला बच्चे को जन्म दे चुकी थी। उसे कबीर चौरा स्थिति शिव प्रसाद चिकित्सालय लाया गया। उधर, महिला की देखरेख के लिए अजनबी यात्री श्रवण कुमार अपनी यात्रा को छोड़कर अस्पताल में महिला की देखभाल की।

## 'दिशाः जागृति की राह' में पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण



पुलिस लाइन सभागार में 'दिशाः जागृति की राह' प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी

**वाराणसी।** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट मुथा अशोक जैन के निर्देशन में यातायात पुलिस लाइन सभागार में 'दिशाः जागृति की राह' प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिसकर्मियो को स्ट्रेस मैनेजमेन्ट, विहैवियर चेन्ज, वैलेन्सिग लाइफ, पब्लिक रिलेशन व जेन्डर सेन्सेटाइजेशन के सम्बन्ध में मंगलवार को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में कमिश्नरेट वाराणसी के लगभग 300 से ज्यादा पुलिसकर्मियों को आम जनमानस की भागीदारी से पुलिस व्यवस्था कैसे चलाई जा सकती है, के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। रिजवाना परवीन ने बताया कि नारी शक्ति है। उसे अपनी अलग पहचान बनानी चाहिए। भले ही हमारा समाज पुरुष प्रधान हो, अनेक महिलाओं ने अपनी अलग पहचान बनाई है।

अपर पुलिस उपायुक्त (महिला अपराध व मुख्यालय) ममता रानी चौधरी, सहायक पुलिस आयुक्त प्रशिक्षण प्रिया श्रीपाल एवं सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज शिवा सिंह के नेतृत्व में दो दिवसीय प्रशिक्षण के मौके पर डॉ. डीवी रमन्ना, डॉ. हाइमा श्रीनिवास (हैदराबाद), सोशल एक्शन एण्ड रिसर्च सेंटर की डायरेक्टर रंजना गौर व रिजवाना परवीन (यूनीसेफ) आदि मौजूद थीं।

### मशरूम का एकीकरण कर किसान सशक्तिकरण की दिशा में अनोखी पहल

**वाराणसी।** जनपद वाराणसी में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विध्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना अंतर्गत मशरूम आपूर्ति हेतु टेक्निकल सपोर्ट. यूनिट, कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश के समर्थन द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग एवं कृषक उत्पादक संगठन एवं औद्यानिक विपणन सहकारी समीति लिमिटेड एफपीओ के बीच एम.ओ.यू हस्ताक्षरित किया गया। इसके अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग के प्राइमरी एवं अपर प्राइमरी विद्यालय के बच्चों को मीड-डे-मील योजना में पोषण दृष्टि से सप्ताह में एक दिन मशरूम उपलब्ध कराया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने इस योजना को पारदर्शी तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया कहा कि किसानों को रोजगार का अवसर प्रदान करते हुए काशी विद्यापीठ ब्लाक के चयनित 25 विद्यालयों के 8000 से अधिक बच्चों को पायलट प्रोजेक्ट के माध्यम से लाभान्वित किया जायेगा । इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अमित पाठक ने कहा कि इस पहल से विद्यालय में बच्चों के अतिरिक्त लाभ मिलने की उम्मीद की जाती है। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी-अमित पाठक, आशीष अमित सिंह एवं अनिल कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## संक्षेप

### दो लोगों की जान बचाने वाला मांझी सम्मानित



**वाराणसी।** चौक क्षेत्र के गढ़वासी टोला निवासी रामकिशन उर्फ टुल्लू मांझी को थाने में मंगलवार को इंस्पेक्टर शिवाकांत मिश्र ने सम्मानित किया। बताया कि 26 दिसंबर की सुबह 6:30 बजे आजमगढ़ से आए एक यात्री मणिकर्णिका घाट पर स्नान कर रहे थे। गहरे पानी में वह डूबने लगे, जिसको देख कर तारा मंदिर के पुजारी, जो ज्योतिषाचार्य भी हैं। बचाने का प्रयास करने लगे। इस दौरान वह खुद भी डूबने लगे। दोनों लोग को डूबते देख कर मणिकर्णिका घाट पर रहने वाले टुल्लू मांझी ने जान की परवाह न करते हुए बिना देर किये गंगा में कूद गए। दोनों को सुरक्षित पानी से बाहर निकाला। उनके इस कार्य की मणिकर्णिका घाट पर काफी प्रसंशा हुई है।

### सामने घाट पुल से गंगा में महिला कूदी, मल्लाहों ने बचाया

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र के सामनेघाट रामनगर पुल के ऊपर मंगलवार सुबह एक महिला गंगा में कूद गई। महिला गंगा गंगा में पुल से किनारे कम पानी में गिरी। इस दौरान नदी में सुबह के समय मछली पकड़ रहे मल्लाहों ने महिला को बाहर निकाला और पुलिस की मदद से ट्रामा सेंटर भिजवाया। महिला बेहोशी में होने के कारण कुछ उसके बारे में कोई जानकारी नहीं हो पा रही हैं। इंस्पेक्टर लंका ने बताया कि महिला का उम्र 35 साल के करीब हैं। उसके होश में आते ही नाम पता घटना का कारण पता चल पायेगा।

### बीएचयू प्रशासन के खिलाफ दी तहरीर

**वाराणसी।** सीरगोवर्धनपुर वार्ड के लोगों ने बीएचयू प्रशासन के खिलाफ तहरीर दी। आरोप है कि बीएचयू प्रशासन ने 2009 से सीर गोवर्धनपुर वार्ड से सटे परिसर क्षेत्र में लगभग 500 मीटर तक कूड़े का अंबार गजा पड़ा है। उसमें वर्ष आग लगा दी जाती है और दम घोंटने वाला धुंआ निकलने से आसपास लोग बेचैर हो जाते है। वहीं शिकायत करने पर बीएचयू प्रशासन कहता है बाहरी शरारती तत्व यहां आग लगा दी जाती है। इससे नाराज सीर गोवर्धनपुर के लोगों ने मंगलवार को कुलपति सफाई अधीक्षक के खिलाफ लंका थाने में तहरीर दिया। सपा नेता अमन यादव के लाल बहादुर यादव क्षेत्र पंचायत सदस्य जितेंद्र सिंह अनिल यादव रवि अजीत यादव सत्य प्रकाश उमेश पहलवान तमाम लोग उपस्थित रहे।

### पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**मिर्जामुराद।** विवाहिता ने दहेज के मामले में आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के बिहड़ा गांव निवासी चंद्रशेखर दुबे के बेटी प्रियंका की शादी बड़ागांव थाना क्षेत्र के खररिया गांव निवासी रमाकांत शुक्ला से हुए। पति विवाहिता को आए दिन दहेज के लिए प्रताड़ित करता था जैसा की उसकी पत्नी यानी प्रियंका का आरोप है। पति की इस हरकत से अजीज आकर विवाहिता अपने बच्चों के साथ मायके आकर रहने लगी। आरोप है कि पति रमाकांत रविवार को मायके में आकर पत्नी को मारपीट करने लगा। सोमवार को प्रियंका देवी पति रमाकांत शुक्ला के खिलाफ मिजार्मुराद थाने में तहरीर दी।

### स्टेशन परिसर से बाइक चोरी

**वाराणसी।** परशुरामपुर, सारनाथ निवासी सुशील कुमार की सिल्वर ग्रे कलर की बाइक मंगलवार की दोपहर बनारस स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक सकुर्लेटिंग एरिया से दिनदहाड़े चोर ने उड़ा दिया। सुशील कुमार ने बताया कि वह अपनी बाइक से अपनी सास मनोरमा देवी को दिल्ली जाने के लिए काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस ट्रेन में बिठाने आए थे। सकुर्लेटिंग एरिया में गाड़ी खड़ा करके अंदर गए, 20 मिनट बाद वापस लौटे तो गाड़ी गायब थी। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत जीआरपी व 112 नंबर को दी।समाचार संकलन तक मुकदमा पंजीकृत नहीं हो सका था।

### शाहाबाद हरियाणा को हराकर पूर्वोत्तर रेलव फाइनल में

**वाराणसी।** अखिल भारतीय स्वामी श्रद्धानंद हॉकी प्रतियोगिता जो हरिद्वार में आयोजित है उसका पहला सेमीफाइनल पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी और शाहबाद हरियाणा के बीच मंगलवार को खेला गया। जिसमें पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी की टीम 1-0 से विजयी रही। पूर्वोत्तर रेलवे की तरफ से अमित कुमार ने गोल किया राजेन्द्र यादव संजय शिव भारद्वाज गोलकीपर सौरभ का खेल सरहनीय रहा। बुधवार को फाइनल खेल जाएगा। यह जानकारी रेलवे टीम कोच सतीश नारायण सिंह ने दी।

### रेलकर्मी से ठगी ओटीपी पूछ निकाला 2.36 लाख

**वाराणसी।** साइबर ठगों ने रेलकर्मी को झांसा देकर ओटीपी पूछकर क्रेडिट कार्ड से खाते से दो बार में 2.36 लाख रुपये निकाल लिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज करायी। रोहनिया थाना क्षेत्र के दफ्फलपुर निवासी रेलकर्मी मुकेश सिंह ने बताया कि 21 दिसंबर की दोपहर बैंककर्मी बनकर एक युवती ने बैंक संबंधी काम के लिए फोन किया। उसने बैंक डिटेल मांगे। बैंक डिटेल लेकर तीन कार्ड एचडीएफसी, आरबीएल और एसबीआई की जानकारी ली। इसके बाद ओटीपी मांगा। ओटीपी देते क्रेडिट कार्ड से चार बार में 2.36 लाख रुपये की निकासी हो गई।

### कैंट थाने का हिस्ट्रीशीटर जिला बदर

**वाराणसी।** कमिश्नरेट पुलिस ने कैंट थाने का हिस्ट्रीशीटर रंजीत उर्फ पांडेय को छह महीने के लिए जिला बदर किया। कमिश्नरेट पुलिस ने से सख्त आदेश दिया कि अगर जिला बदर होने के बाद भी अगर वह क्षेत्र में दिखे तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाय। रंजीत भीमनगर थाना कैंट का निवासी है और इसके ऊपर कैंट थाने आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

### कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**सिंधोरा।** सिंधोरा थाना पुलिस ने जमसार मोड़ राम बाबा मंदिर के पास से अभियुक्त रोशन गौड़ निवासी ग्राम कटका थाना चन्दवक जौनपुर को दस लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया।

## भाषण प्रतियोगिता में पांच लोगों को मिला प्रशस्ति पत्र

**जनसंदेश न्यूज**




भाषण प्रतियोगिता में सम्मानित प्रतिभागी

**वाराणसी।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती के अवसर पर भाजयुमो वाराणसी महानगर के ओर से मंगलवार को रविन्द्रपुरी स्थित एक विद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भाषण के लिए चार विषयों- 'नरेन्द्र मोदी का डिजिटल इंडिया गुड गवर्नेंस', भारत 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर, समय की मांगः मुफ्तखोरी की राजनीति से विकास की राजनीति की ओर स्थांतरण, नरेंद्र मोदी की सरकार का ध्यान युवाओं को सशक्त बनाने की ओर केंद्रित है' को शामिल किया गया था।

चार विषयों पर प्रतिभागियों ने अपना भाषण सबके समक्ष रखा। जिसके बाद निर्णायक मंडल अपना फैसला लेते हुए पांच प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। निर्णायक मंडल के निर्णय के बाद प्रथम स्थान पर हर्ष प्रताप, द्वितीय स्थान पर कार्तिक, तृतीय स्थान पर शैफाली, विशेष सांत्वना (प्रथम) किरण विश्वकर्मा एवं विशेष सांत्वना (द्वितीय) स्थान निक्की शर्मा रहीं। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में शालिनी शाह एवं अधिवक्ता गौरव जायसवाल रहे।

मुख्य अतिथि की भूमिका महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय एवं वशिष्ठ अतिथि भाजपा विदेश संपर्क विभाग के प्रदेश सह सयोजक डॉ मनोज कुमार शाह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजयुमो महानगर अध्यक्ष रजत जायसवाल एवं कार्यक्रम संयोजक की भूमिका महानगर कोषाध्यक्ष सुयश अग्रवाल ने निभाई।

### मत्स्य पालन से सम्बन्धित समस्याओं के बारे में दी जानकारी

**वाराणसी।** राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड हैदराबाद की ओर से प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत (ट्रेनिंग एवं कैपेसिटी बिल्डिंग) एक दिवसीय विचार गोष्ठी/कार्यशाला का अयोजन मंगलवार को मत्स्य पालक विकास अभिकरण, डीआईजी कालोनी प्रांगण में सम्पन्न हुआ। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य श्रीमती श्वेता सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत एक दिवसीय विचार गोष्ठी / कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मात्स्यिकी के क्षेत्र के मत्स्य विशेषज्ञ (मास्टर ट्रेनर) विश्वनाथ सिह, (सेवानिवृत्त सहायक निदेशक मत्स्य ) नवीन कुमार सिह, कृषि वैज्ञानिक, (कृषि विज्ञान केन्द्र, वाराणसी) एवं बालमुकुन्द गुप्ता, एक्वापेन्योर एवं प्रोपराइटर एग्रीक्लीनिक एण्ड एग्रीबिजनेस सेन्टर द्वारा जनपद से आये हुये 50 से भी ज्यादा मत्स्य पालकों, युवा इन्टरप्रेन्योर एवं महिला मत्स्य पालको के द्वारा विषयगत योजनाओं व आधुनिक तकनिक, आरएएस/ बायोफलांक/ बायोफलांक पाण्ड का संचालन, तालाब प्रबन्धन, मत्स्य आहार, मत्स्य रोग निदान, फुड प्रोसेसिंग व मार्केटिंग, सहकारी समितियों, मछुआ दुर्घटना बीमा व किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही मत्स्य पालन से सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण करने हुये मत्स्य पालन क्षेत्र में नये आयाम एवं सम्भावना पर विस्तृत की जानकारी दी गयी।

## काशी में स्थापित होगी 'डिजिटल मेट्रोलॉजी के लिए ज्ञान साझेदारी'

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** काशी में स्थापित 'डिजिटल मेट्रोलॉजी के लिए ज्ञान साझेदारी' होगी। इसके लिए आईआईटी-बीएचयू और उपभोक्ता मामलों के विभाग (डीओसीए) ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। इस दौरान केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल भी उपस्थित थे।

यह जानकारी देते हुए संस्थान के डीन रिसर्च एवं डेवलपमेंट प्रोफेसर विकाश कुमार दूबे ने बताया कि यह ज्ञान साझेदारी उपभोक्ता मंत्रालय के साथ डिजिटल मापिकी के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास, शिक्षण और प्रशिक्षण के लिए एक मंच प्रदान करेगी, जो देश में व्यवसायीकरण किए जा रहे विभिन्न उपभोक्ता वस्तुओं और उत्पादों में सटीक व सुसंगत इलेक्ट्रॉनिक माप तथा उपकरण के लिए उपयोग में लाया जाएगा। आईआईटी और उपभोक्ता मामलों के विभाग (एमओसीए) को विकास, एकीकरण और प्रौद्योगिकी विस्तार परियोजनाओं के साथ-साथ टैंपर-प्रूफ उपकरणों के लिए जनशक्ति प्रशिक्षण के माध्यम से उपभोक्ता वस्तुओं और उत्पादों में नवीन, अत्याधुनिक तकनीकों और वैश्विक मानकों को लाने में सहायता करेगा। यह कदम आईआईटी के बीच सहयोग की भावना को मजबूत करेगा। उपभोक्ता वस्तुओं और उत्पाद वितरण में सटीक माप और उपकरण में तकनीकी नवाचार का देश के विकास पर बहुत प्रभाव पड़ेगा। संस्थान के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार जैन ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन भारतीय उपभोक्ता वस्तुओं और वैश्विक मानकों में डिजिटल मेट्रोलॉजी में अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स लाने के तरीकों और दृष्टिकोणों को बढ़ाएगा।

**अनुबंध**

**आईआईटी-बीएचयू व भारत सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर किये गये हस्ताक्षर**

## हाईटेक नर्सरी के लिए पहली किश्त जारी

### आईआईवीआर शहंशाहपुर में दो और कृषि विज्ञान संस्थान कल्ली में स्थापित होंगी कुल तीन अत्याधुनिक नर्सरियां

**अच्छी पहल**

**मिट्टी के बजाय ट्रे में खास मटेरियल की सहायता से उगाएंगे पौधे, किसानों को इसके लिए उद्यान विभाग देगा ट्रेनिंग**

**जनसंदेश न्यूज**



**वाराणसी।** जनपद में प्रस्तावित तीन हाईटेक नर्सरी जल्द ही मूर्त रूप लेगी। इसका निर्माण कार्य एक महीने के भीतर आरंभ होगा। तीनों परियोजनाओं के लिए शासन ने न सिर्फ हरी झंडी दे दी है बल्कि उसके बजट को भी स्वीकृत कर लिया है। जिसके तहत ऐसी प्रत्येक नर्सरी के निर्माण के लिए निर्धारित धनराशि का 40 फीसदी जारी कर दिया गया है।

इन हाईटेक नर्सरियों में से दो नर्सरी शहंशाहपुर स्थित भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान यानि आईआईवीआर में और तीसरा कल्लीपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में स्थापित होगा। प्रत्येक नर्सरी पर एक करोड़ 62 लाख 41 हजार रुपये खर्च किये जाएंगे। मनरेगा में सामुदायिक कार्य के तहत इस हाईटेक वेजीटेबल सीडलिंग प्रोडक्शन इकाई का निर्माण करेंगे। इसके लिए कुल बजट का 40 प्रतिशत यानि प्रत्येक के लिए 64.964 लाख रुपये जारी किये गये हैं। जिला उद्यान अधिकारी सुभाष कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मनरेगा के सेंट्रल पूल से यह धनराशि खर्च होगी। इन नर्सरियों में उन्नतशील बेहन तैयार करेंगे। वर्तमान में किसान मिट्टी में नर्सरी तैयार करते हैं। लेकिन हाईटेक नर्सरी में मिट्टी के बजाय नारियल का बुरादा (कोकोपिट), बर्मीकुलाई पाउडर और दानेदार परलाइट को ट्रे में ब्लॉक के रूप में रखकर उसमें पौधे विकसित करेंगे। इसमें आसानी यह होगी कि किसान इन नर्सरियों से ट्रे समेत पौधे ले जाकर अपने-अपने खेतों में रख देंगे। वहीं वह पौधे विकसित होंगे। इस बारे में कृषकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। उससे पूर्व हाईटेक नर्सरी संचालन की ट्रेनिंग एनआरएलएम से संबद्ध स्वयं सहायता समूहों को देंगे।

**जनसंदेश टाइम्स वर्गीकृत सूचना**

मेरा शास्त्री वर्ष 2008 अनुक्रमांक 155958 का माइग्रेशन खो गया है। मनीषा यादव पुत्री महाबीर यादव ग्राम-रामनगर, पोस्ट-रीठी, जौनपुर।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2011 अनुक्रमांक 3149445 का अंक पत्र व प्रमाण पत्र खो गया हैं।मनीष सिंह पुत्र वीरेंद्र प्रताप सिंह पता - बघाड़ी मेढा, जौनपुर।

मेरा इंटरमीडिएट वर्ष 2016 अनुक्रमांक 2549161 का अंक पत्र व प्रमाण पत्र खो गया हैं। प्रीति निषाद पुत्री पंचम निषाद पता-बघाड़ी मेढा, जौनपुर।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2015 अनुक्रमांक 2979837 व इंटरमीडिएट वर्ष 2017 अनुक्रमांक 2166339 का अंक पत्र व प्रमाण पत्र खो गया हैं। सीनू सिंह पुत्री उदय प्रताप सिंह, पता-गौरा गजेंद्रपुर, जौनपुर।

### तड़पत जैसे जल बिन मीन...

**वाराणसी।** सुबह- ए- बनारस का आध्यात्मिक सांस्कृतिक संकल्प मंगलवार को प्रातःकाल ब्रह्ममुहूर्त में वैदिक मंत्रोचारण से प्रारंभ हुआ । सप्त आरती और यज्ञ के उपरांत प्रभाती कार्यक्रम में पुणे से पधारे युवा कलाकार अद्वैत केसकर का गायन हुआ। उनके साथ कुमार विक्की (हारमोनियम) पुष्कर भागवत (तबला) पर संगत की। देवेंद्र ने गायन का आरंभ राग ललित में विलंबित तीनताल में निबद्ध बंदिश से किया। जिसके बोल थे मोरे घर आये इसके उपरांत द्रुत तीनताल में निबद्ध बंदिश सुनाया। बोल थे तड़पत जैसे जल बिन मीन । अंत में मीरा के भजन को सुनाकर विराम लिया जिसके बोल थे हरि मेरे जीवन प्राण अधार । संचालन अजय गुप्ता ने किया। कलाकार को प्रमाणपत्र डॉ पूर्णिमा मिश्रा प्रदान किया।

### आचार्य वेद प्रकाश मिश्र मनोनीत

**वाराणसी।** आदर्श ब्राह्मण फाउण्डेशन के राष्ट्रीय सचिव (संगठन) पद पर काशी के विद्वान आचार्य वेदप्रकाश मिश्र को मनोनीत किया गया है। फाउण्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशुतोष उपाध्याय व संयोजक दीपक पांडेय ने उक्त नियुक्ति की है।

## दीनदयाल विवि, गुरु घासीदास विवि और संत गहिरा विवि ने जीते मैच

**जनसंदेश न्यूज**

**पुरुष हॉकी**

**बीएचयू के एस्ट्रो टर्फ मैदान पर प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गये मैच**

**वाराणसी।** बीएचयू के एम्फीथिएटर एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान पर चल रहे पुरुष हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को पहले मैच में दीनदयाल विश्वविद्यालय गोरखपुर ने श्यामप्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय को 3-2 से पराजित किया। इस मैच में सोनू, सजित व अनंलारुलन ने एक-एक गोल किये। दूसरे मैच में गुरु घासीदास विश्वविद्यायल ने शहीद नंकुमार पटेल विश्वविद्यालय को 4-3 से हराया। इस मैच में सौरभ व सुनील ने दो-दो गोल किये। जबकि तीसरे मैच में संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय ने अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय को 7-1 से पराजित किया। इस मैच में राहुल व सुमित ने तीन-तीन जबकि छबीलाल ने एक गोल किये।

संचालन डॉ. धीरेन्द्र तिवारी ने किया। इस दौरान क्रीडा परिषद के महासचिव प्रो. अभिमन्यु सिंह, आयोजन सचिव डॉ. प्रदीप खलको, डॉ. विद्या सागर सिंह, प्रो. अखिल मल्होत्रा आदि उपस्थित थे।



पुरुष हॉकी प्रतियोगिता के एक मैच में जूझते खिलाड़ी

**न्यायालय सब जज प्रथम**
**मोकाम-डुमराँव**
**मोकदमा नम्बर 538 सन् 2022 नम्बरी**
**हरिमोहन राय..................वादी**
**बनाम**
**रामलखन राय**
**वगैरह....................प्रतिवादीगण**
**नोटिस बनाम**

1. रामलखन राय पिता स्व0 जय नारायण राय साकिन+पोस्ट-राजापुर, थाना-सिमरी, जिला-बक्सर, वर्तमान पता-कृष्णा सिनेमा के बगल में, पोस्ट-थाना-बलिया, जिला-बलिया (उत्तर प्रदेश)।

चुँ बावजुद नोटिश समन के आप मोकदमे में हाजिर नहीं हो रहे है अतः बजरिये गजट प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 19.01.2023 तक न्यायालय में हाजिर होकर जो कुछ उजुर/ एतराज करना हो करे अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में मोकदमें की सुनवाई एकपक्षीय की जाएगी।

इसे सख्त ताकिद जाने।

**सब जज प्रथम**
**डुमराँव**



# वाराणसी



# काशी की भव्य आभा से रूबरू हों मेहमान

**समीक्षा बैठक**

### जी-20 सम्मेलन की तैयारियों के बाबत कमिश्नर ने दिये निर्देश

**वाराणसी।** कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, कैंटोनमेंट, नमो घाट, पं. दीनदयाल उपाध्याय हस्तकला संकुल, रुद्राक्ष कंवेंशन सेंटर, काशी विश्वनाथ मंदिर आदि मार्गों पर सौंदर्यीकरण का कार्य ऐसा होना चाहिए, ताकि जी-20 सम्मेलन में आने वाले मेहमानों को काशी की एक भव्य छवि नजर आएं। वह मंगलवार को जी-20 सम्मेलन की तैयारियों के बाबत आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने कहा कि उक्त मार्गों में समस्त सरकारी भवन, बैंक, रेलवे स्टेशन आदि की फसाड लाइटिंग कराने के लिए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित किया जाए। एंड-टू-एंड इंटरलॉकिंग का कार्य भी किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इन मार्गों में हार्टिकल्चर आदि का कार्य भी किया जाए। इन सभी मार्गों में पड़ने वाले बाजार आदि क्षेत्रों में समरूप फसाड के लिए थिमैटिक पेंटिंग कराया जाए तथा मार्केट के व्यवसाइयों से चर्चा के पश्चात रंग तथा पैटर्न का निर्णय किया जाए। इसके अलावा कूड़ाघरों की शिफ्टिंग नगर निगम कराएं।

कमिश्नर ने कहा कि कैंटोनमेंट क्षेत्र के समस्त होटल में भी फसाड लाइटिंग का कार्य होटल व्यवसाइयों की तरफ से कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। शहर के मुख्य चौराहों पर थिमैटिक स्कल्पचर लगाये जाएं, जो उन क्षेत्रों की विशेषता/व्यक्ति विशेष/पद्मश्री-पद्मभूषण-भारत रत्न से अलंकृत विभूतियों के महात्म को दशाएं। कैंटोनमेंट के होटलों के सामने की बाउंड्रीवाल की मरम्मत, सौंदर्यीकरण, इंटरलॉकिंग व टाइलिंग कर पार्किंग के रूप में विकसित किया जाए। प्राइवेट भवनों के ऊपर बिना एनओसी एवं स्वीकृति के लगाये गए स्टील एडवरटाइज़िंग पैनल को हटाया जाए। पड़ाव वाले क्षेत्र का अतिक्रमण हटाया जाए तथा उक्त क्षेत्र का भी सौन्दर्यीकरण किया जाए। शहर में विभिन्न साइनेज लगाया जाए, विशेषकर पुरानी काशी की गलियों के बाहर लोकेशन साइनेज लगवाया जाए। मंडलायुक्त ने समस्त विभागों को निर्देशित किया गया कि जी-20 सम्मेलन के लिए अपने प्रस्ताव, कार्यप्रणाली, रूटप्लान व टाइमलाइन इस सप्ताहान्त तक प्रेषित करें। इसके पूर्व अपर नगर आयुक्त राजीव राय ने जी-20 सम्मेलन के संभावित मार्गों तथा स्थलों पर सौंदर्यीकरण एवं मरम्मत आदि के कार्यों पर प्रेजेंटेशन के माध्यम से चर्चा की। बैठक में नगर आयुक्त प्रणय सिंह, वीडीए उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल, उप निदेशक पर्यटन प्रीति श्रीवास्तव आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## मैटेरियल शिफ्टिंग के लिए एप्रोच मार्ग की आवश्यकता

**मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने की हरित कोयला परियोजना की समीक्षा**

वाराणसी। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को हरित कोयला परियोजना की समीक्षा की गयी। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि परियोजना की साईट पर मैटेरियल शिफ्टिंग के लिए एनएचएआई की तरफ से एक एप्रोच मार्ग की आवश्यकता है। इस पर मंडलायुक्त एनएचएआई के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि एप्रोच मार्ग की व्यवस्था पर विचार किया जाए। बैठक में बताया गया कि प्लांट में पानी की सप्लाई लाइन शिफ्टिंग के लिए जलनिगम ने अभी तक व्यय का विवरण नहीं दिया है। इस पर मंडलायुक्त ने जलनिगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक सप्ताह में पूरा इस्टिमेट नगर निगम को प्रेषित किया जाए। मंडलायुक्त ने नगर आयुक्त को एक जनवरी से वेस्ट सेग्रीगेशन (पृथक्करण) सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया। साथ ही जिन घरों का कूड़ा सेग्रीगेट करके नहीं दिया जा रहा, उनके खिलाफ जुर्माना लगाया जाए तथा सफाईकर्मियों के विरुद्ध भी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने वेस्ट मैनेजमेंट मैकेनिज्म बनाने और शहर की सफाई व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने का भी निर्देश दिया। बैठक में नगर आयुक्त प्रणय सिंह समेत एनटीपीसी, जल निगम आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सूखा और गीला कूड़ा अलग अलग करना अनिवार्य



वाराणसी। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा के निर्देश पर अब नगर के सभी भवन स्वामियों एवं प्रतिष्ठानों को अपने घर या दुकान से निकलने वाले कूड़े को दो प्रकार से अलग करना अनिवार्य कर दिया गया है। जिसमें दो अलग-अलग कूड़ादान प्रयोग कर एक में सूखा और दूसरे में गीला कूड़ा रखना होगा। ऐसा न करने वालों की सूचना मिलने पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। आगामी होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में स्वच्छता में अच्छी रैंकिंग प्राप्त करने के दृष्टिगत यह निर्देश मण्डलायुक्त द्वारा जारी किया गया है। उक्त आदेश के क्रम में नगर आयुक्त प्रणय सिंह ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनपी सिंह के साथ कार्ययोजना तैयार कराई, जिसके अन्तर्गत प्रथम चरण में नगर के सभी कालोनियों, बहुमंजिली इमारतों तथा सोसायटी के सभी भवन स्वामियों एवं प्रतिष्ठानों को अपने घरों या दुकानों में दो डस्टबिन रखने होगें, जिसमें एक में गीला कूड़ा तथा दूसरे में सूखा कूड़ा रखना होगा, निगम के कर्मचारियों को कूड़ा देते समय अलग-अलग देना होगा। यह कार्यवाही निगम की सहयोगी संस्था वाराणसी वेस्ट सोल्यूशन और निगम द्वारा संयुक्त रूप से की जाएगी। निगम कर्मचारी यदि गीला एवं सूखा कूड़ा लेते समय लापरवाही बरतेगें तो उनके विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही होगी।

### डीजी यात्रा को उड्डयन मंत्री ने सराहा

**बाबतपुर।** डीजी यात्रा के सफल व सुरक्षित परिचालन को लेकर केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने वाराणसी के लालबहादुर शास्त्री अंतरास्ट्रीय हवाई अड्डे पर मौजूद अथॉरिटी के सभी कर्मचारियों की सराहना करते हुए बधाई दी। बतादे की डीजी यात्रा एक पेपर लेस यात्रा है जिसके सहयोग से यात्री का चेहरा ही उसका बोर्डिंग पहचान बन जाता है और यात्री हवाई अड्डे पर सभी जांच प्रक्रिया को पहले की अपेक्षा कम समय मे पूरी करते हुए अपनी यात्रा की सुरुआत कर सकता है। हवाई अड्डे से डीजी यात्रा का शुभारम्भ एक दिसम्बर को उड्डयन मंत्री के द्वारा दिल्ली से वर्चुल के माध्यम से किया गया था। शुभारम्भ होने के बाद अब तक हवाई अड्डे से एप के माध्यम से करीब 3121 विमान यात्रियों ने डीजी यात्रा का सफल लाभ उठाया। निदेशक अर्यमा सान्याल ने बताया कि डीजी यात्रा के सफल संचालन को लेकर उड्डयन मंत्री ने टेलीफोनिक वार्ता के माध्यम से सराहना करते हुए सभी को बधाई दी। यह वाराणसी हवाई अड्डे के लिए गर्व की बात है।

## बनारसी कलाकारों का दम मारो यारों गीत मचा रहा धूम

**वाराणसी।** काशी के कलाकारों की ओर से निर्मित दम मारो यारों गीत के ऑडियो और वीडियो का लोकार्पण महमूरगंज स्थित पाणिनी कन्या महाविद्यालय में आयोजित एक विशेष समारोह में डॉ इंदु झुनझुनवाला एवं डॉ मंजरी पांडेय के द्वारा हुआ। लाकार्पण के साथ यह गीत तमाम म्यूजिक प्लेटफार्म पर खूब सुना जा रहा है। इस गीत का संगीत निर्देशन अनिल रमन ने किया है। बालमुकुंद त्रिपाठी लिखित इस गीत को इन्हीं रचनाकारों ने स्वर दिया है। मदारी इंटरटेन्मेंट के बैनर तले रिलीज हुए इस गीत का वीडियो निर्देशन मनीष लेंसमेन किया है। कलाकारों में अजय पाठक, रागिनी विश्वकर्मा, अलका राय, शशांक द्विवेदी प्रमुख हैं। ये गीत अमेजान म्यूजिक, सावन म्यूजिक, रेसो सहित कई म्यूजिक प्लेटफार्म पर उपलब्ध हो चुका है।

## जीवनदीप पब्लिक स्कूल इंटर स्कूल कैरम टूर्नामेंट संपन्न



**वाराणसी।** जीवनदीप पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित और वाराणसी कैरम एसोसिएशन द्वारा नियोजित जीवनदीप पब्लिक स्कूल अन्तर विद्यालय दो दिवसीय कैरम प्रतियोगिता का मंगलवार को रंगारंग समापन समारोह सम्पन्न हुआ । समापन समारोह में जीवनदीप शिक्षण संस्थान के चेयरमैन और आल इन्डिया कैरम फेडरेशन के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट डा अशोक सिंह ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले 14 और 12 दोनों आयु वर्ग में प्रथम चार स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल तथा अन्य खिलाड़ियों को भी प्रमाणपत्र और इस मौके पर खिलाड़यों को सम्बोधित करते हुये डा सिंह ने कहा कि खेल से टीम की भावना का विकास होता है जो अनुशासन और परस्पर एकता को विकसित करता है । समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन के अध्यक्ष बैजनाथसिंह ने संयोजन विद्यालय की प्राचार्य डा७. ममता सिंह ने और संचालन चीफ रेफरी रमेश वर्मा ने किया । इस अवसर पर एसोसिएशन के अश्वनी चक्रवाल, रवि आर्या, श्री प्रसाद, सन्दीप यादव, नूरैन खान गौरवगुप्ता , मन्तसा ईकबाल, हरियाली सिंह, दीपाली यादव, अंजली गुप्ता, विनोद रामदयाल यादव आदि अम्पारों को पुरस्कृत किया गया।

## सीआईटी रोस्टर बने हरिशंकर तिवारी

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) के सीआईटी रोस्टर धमेंद्र मिश्रा का भदोही हस्तांतरण होने के बाद हरिशंकर तिवारी को कैंट स्टेशन का सीआईटी रोस्टर बनाया गया है। हरिशंकर तिवारी के पास सीआईटी स्टेशन व अकाउंट का भी प्रभार रहेगा।



सीआईटी रोस्टर का प्रभार ग्रहण करते हुए उन्होंने बताया कि प्रबंधन की ओर से जो जिम्मेदारी सौंपी गयी है, उसे पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाया जायेगा। बताया कि स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को और सुव्यवस्थित करने के साथ ही रनिंग स्टॉफ की समस्याओं को प्रमुखता से वरिष्ठ के समक्ष रखा जायेगा। स्टेशन पर अन्य किसी भी तरह की समस्या ना हो यह पहली प्राथमिकता रहेगी। सीआईटी रोस्टर का पदभार ग्रहण पर स्टेशन के अन्य कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी।

# रामनगर में खाली पड़ी 25 एकड़ सरकारी भूमि मिले तो लगे 50 से अधिक उद्योग

**बोले उद्यमी**

### इंवेस्टर्स मीट में वाराणसी इकाई से 2000 करोड़ से अधिक की निवेश की तैयारी

### औद्योगिक दृष्टि से काशी को पूर्वांचल का नोएडा बनाने का आईआईए का संकल्प

**वाराणसी।** रामनगर में गवर्नमेंट प्रेस की लगभग 25 एकड़ निष्प्रयोज्य भूमि यदि उद्यमियों को आवंटित कर दी जाय, तो न सिर्फ वहां पर लगभग 50 से अधिक सूक्ष्म तथा लघु उद्योग लग जायेंगे। इससे 500 करोड़ से ज्यादा का निवेश भी संभव होगा। यह बात इंडियन इंडस्ट्री एशोसिएशन (आईआईए) की मलदहिया स्थित संगठन कार्यालय में मंगलवार को हुई बैठक में सामने आयी।



मलदहिया स्थित आईआईए की बैठक में इंवेस्टर्स मीट में वाराणसी के उद्यमियों की सहभागिता की जानकारी देते राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी

बैठक में आईआईए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी ने बताया कि संगठन की स्थानीय इकाई ने इंवेस्टर्स मीट के लिए यूपी पोर्टल पर एमएसएमई के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से अभी तक 1200 करोड़ से अधिक के प्रस्ताव भेजे जा चुके है। फरवरी में लखनऊ में आयोजित इन्वेस्टर्स मीट से पूर्व यह आंकड़ा 2000 करोड़ तक पहुंच जाने की संभावना है। इसी प्रकार, आईआईए टेक्सटाइल तथा फूड प्रोसेसिंग सेक्टर से लगभग 1000 करोड़ का प्रस्ताव तैयार कर रहा है। सरकार का सहयोग मिला तो शीघ्र ही उद्योग स्थापना की शुरूआत हो जायगी। आईआईए राष्ट्रीय फूड प्रोसेसिंग कमेटी के चेयरमैन दीपक बजाज ने कहा कि पूर्वांचल में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की अपार संभावनाएं हैं। इस मामले में सरकार की नीतियां भी काफी अच्छी हैं। तमाम उद्यमी खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लगाने को तैयार है। भूमि की उपलब्धता होते ही उद्योग धरातल पर आ जायेंगे। बैठक में उद्यमियों ने कहा कि आईआईए का वाराणसी में लगभग 25 एकड़ का निजी इंडस्ट्रियल पार्क बनाने की भी योजना है।

इसके लिए सरकार की तरफ से निजी इंडस्ट्रियल पार्क विकसित करने की पॉलिसी के घोषणा का इंतजार है। उद्यमियों ने ई-कॉमर्स कंपनियों पर अंकुश लगाने की सरकार से मांग की। बैठक में अनुपम देवा, उमाशंकर अग्रवाल, राजकुमार शर्मा, अनुज डीडवानिया, हर्षद तन्ना, ओमप्रकाश बदलानी, श्रीनारायण खेमका, प्रशांत अग्रवाल, मनीष कटारिया, गौरव गुप्ता, संजय गुप्ता, नारायण कोठरी आदि उद्यमी उपस्थित रहे।

# जी-20 देशों की अध्यक्षता करना गौरवशाली

**बोले मनोज तिवारी**

### पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कोरोना गाइड लाइन का पालन जरूरी

**वाराणसी।** मंगलवार को कैंट स्थित लक्ष्मी हॉस्पिटल में पत्रकारों से वार्ता करते हुए भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी जैसी बेवकूफी हमें नहीं करनी होगी। हॉस्पिटल में पहुंचे मनोज तिवारी का भाजपा नेता डॉ.अशोक राय ने अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत व सम्मान किया।

दिल्ली के सांसद प्रमुख अभिनेता भोजपुरी गायक मनोज तिवारी ने कहा कि हमारे भारत देश के लिए आने वाला वर्ष 2023 अत्यंत महत्वपूर्ण होगा यह पहला अवसर होगा जब भारत जी 20 देशों की बैठक की अध्यक्षता करेगा जो भारत के लिए गौरव की बात है देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी एवं विदेश विभाग के प्रयासों का परिणाम है कि भारत को जी 20 की अध्यक्षता का अवसर प्राप्त हुआ है उन्होंने कहा कि जी-20 में आए लगभग 1 लाख प्रतिनिधियों को देश के 56 शहरों में ले जाने की व्यवस्था है ताकि वह भारतीय संस्कृति को नजदीक से देख सकें प्रधानमंत्री जी की विदेश नीति एवं सहयोगात्मक भावना के कारण आज भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और आने वाले कुछ वर्षों में यह विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। प्रधानमंत्री जी की सरकार गरीबों के लिए विशेष रुप से काम करती है इसी के अनुरूप अब गरीबों को निशुल्क राशन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है, पत्रकारों के सवाल पर मनोज तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा है या या भारत तोड़ो यात्रा है। इस पर अभी तक असमंजस है, क्योंकि जब साउथ से पदयात्रा शुरू की, तो एक ऐसे पदाधिकारी मिलते हैं, जो देश विरोधी बातें करता है। उन्होंने कहा वह देश को हमेशा गलत तरीके से



सांसद मनोज तिवारी को सम्मानित करते डॉ. अशोक राय

परिभाषित करता है। रास्ते में आगे चलते हैं तो कन्हैया कुमार जैसे लोग उनके साथी होते हैं। राजस्थान आते-आते उन्होंने किसी कार्यकर्ता का मोबाइल तोड़ दिया। मैं यही कहूंगा कि भैया कुछ तो जोड़ो कहा कि हमें लगा था कि इस यात्रा से राहुल गांधी और कांग्रेस का कुछ फायदा होगा, लेकिन ऐसा कुछ दिख नहीं रहा है। फिर भी हम उनका स्वागत करते हैं। वह देश में घूमें और लोगों की मनोदशा और उनकी भावनाओं को समझें। मनोज तिवारी ने कहा हमें राहुल गांधी जैसी बेवकूफियां नहीं करनी हैं। डॉ अशोक कुमार राय ने कहा कि कोविड से बचने के लिए दिन में बार बार हैंड वाश या साबुन से हाथ धोकर सैनिटाइजर का प्रयोग करें और मास्क अवश्य पहने ताकि इस अनमोल जीवन को सुरक्षित रखा जा सके।

## राहुल व सलमान पर की गयी टिप्पणी के लिए माफी मांगें मनोज : अजय राय

वाराणसी। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने जिस तरह से वरिष्ठ नेता राहुल गांधी व सलमान खुर्शीद पर अमर्यादित टिप्पणी की है, वह निंदनीय है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व मनोज तिवारी को तत्काल इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा सदस्य होते हुए मनोज तिवारी का यह बयान काफी शर्मनाक है। यह बयान उनकी ओछी मानसकिता को दर्शाती है। मनोज तिवारी को राजनीति समझ कम है। शासन-प्रशासन को तत्काल मनोज तिवारी के ऊपर कार्यवाही करना चाहिए।

### योग महिलाओं के लिए एक आशीर्वाद : डॉ. चंद्रमणि

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के शिक्षाशास्त्र विभाग में मंगलवार को महिला सम्मेलन के अन्तर्गत महिला स्वास्थ्य एवं योग शीर्षक पर व्याख्यान आयोजित हुआ। जिसमें योग एवं नैचुरोपैथी विभाग के डॉ. चन्द्रमणि ने कहा कि योग विवेक और शांति प्रदान करता है, थकान से भर देने वाली दुनिया में साधारण श्वास तकनीक से महिलाओं को तनाव से मुक्ति मिलती है और वह बहुत सारी जिम्मेदारीयों को पूरी दक्षता और शिष्टता से पूरा करती है। योग महिलाओं के शरीर को स्वस्थ बनाने के साथ-साथ मन को सन्तुलित करना और आत्मा को पोषित भी करता है। विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र वर्मा ने कहा कि योग महिलाओं की स्वास्थ्य तथ स्वतंत्र अस्तित्व की आधारशिला है। डॉ. वीणा वादिनी ने कहा कि अनिद्रा, अवसाद जैसी बीमारियों के साथ ही कैंसर और हार्मोन्स से जुड़ी बीमारियों को दूर करने के लिए हमें योग का सहारा लेना चाहिए। वहीं डॉ. राखी देब, ज्योतसना, डॉ. अभिलाषा ने भी अपने विचार रखें। संचालन छात्राध्यापिका दीपा ने किया।

## अचीवर्स में एकेडमिक एग्जीबिशन कार्यक्रम संपन्न



**वाराणसी।** लोहता धमरिया स्थित अचीवर्स पब्लिक स्कूल में शनिवार को एकेडमिक एग्जिबिशन का कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के धर्मेंद्र सिंह (प्रदेश सह मीडिया प्रभारी उत्तर प्रदेश, भारतीय जनता पार्टी) ने स्कूल के छात्र एवं छात्राओं द्वारा बनाये गये मॉडल्स की सराहना की। उन्होंने स्कूल में चल रही शिक्षा का जायजा लिया। कार्यक्रम के दौरान अचीवर्स पब्लिक स्कूल के फाउंडर नदीम खान और नईम खान के साथ डायरेक्टर शबाना खान और प्रिंसिपल जाकिया खान व कॉर्डिनेटर सौरभ श्रीवास्तव संग सभी शिक्षक मौजूद रहे।



पुष्प प्रदर्शनी में सेल्फी लेती छात्राएं

# गुलदावदी व कोलियस की पत्तियों में बीएचयू प्रथम

**प्रदर्शनी**

### गुलाब के कटे फूल में छावनी परिषद प्रथम

### मालवीय स्मृति पुष्प प्रदर्शनी 2022 का पुरस्कार वितरण

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के मालवीय भवन में चल रही त्रिदिवसीय मालवीय स्मृति पुष्प प्रदर्शनी का मंगलवार को पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। समारोह के मुख्य अतिथि बीएचयू के कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन रहे। प्रदर्शनी-2022 में गुलदावदी के गमलों एवं फूलों के संग्रह अन्तर्गत सभी वर्गों में गार्डेन इंचार्ज, सेक्टर नं-3, विश्वविद्यालय अतिथिगृह, बीएचयू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कोलियस के रंगीन पत्तियों में समूह में गार्डेन इंचार्ज, सेक्टर नं0-3. विश्वविद्यालय अतिथिगृह, बीएचयू ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इसी प्रकार गुलदावदी के कटे फूलों में विभागाध्यक्ष, उद्यान विज्ञान विभाग, कृषि विज्ञान संस्थान, बीएचयू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गुलाब के कटे फूल में कार्यालय, छावनी परिषद, कैण्ट, वाराणसी ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए शील्ड पर अपना कब्जा जमाया। प्रदर्शनी का सबसे सुन्दर गुलाब किंग ऑफ द शो गार्डेन इंचार्ज कार्यालय, छावनी परिषद, कैण्ट, वाराणसी ने प्राप्त किया। प्रदर्शनी का सबसे सुन्दर तृतीय गुलाब प्रिंस ऑफ द गार्डेन इंचार्ज, केन्द्रीय पौधशाला, बीएचयू ने प्राप्त किया। इसी प्रकार प्रदर्शनी का सबसे सुन्दर चतुर्थ गुलाब प्रिंसेस ऑफ द शों गार्डेन इंचार्ज, स्वतंत्रता भवन, बीएचयू ने प्राप्त किया। आचार्य नरेन्द्र देव कप (शाकभाजी) हेतु गार्डेन इंचार्ज, कोचीन हाउस ने सर्वाधिक अंक प्राप्त करते हुए अपना कब्जा जमाया। पुष्प प्रदर्शनी आयोजन के सचिव प्रोफेसर आनन्द कुमार सिंह ने बताया कि सम्पूर्ण प्रर्दशनी का विजेता गार्डेन इंचार्ज, विश्वविद्यालय अतिथिगृह, बीएचयू रहा जिसने 18 प्रथम, 09 द्वितीय, 12 तृतीय पुरस्कार प्राप्त कर अंकों के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए बीएचयू शील्ड पर अपना कब्जा जमाया। गार्डेन इंचार्ज, केन्द्रीय पौधशाला, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ने 13 प्रथम, 10 द्वितीय तथा 10 तृतीय पुरस्कार प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहते हुए काशी हिन्दू विश्वविद्यालय कप पर अपना कब्जा जमाया।



मालवीय स्मृति पुष्प प्रदर्शनी-2022 का पुरस्कार वितरण में उपस्थित प्रतिभागी



प्रदर्शनी में सजाए गए फूल







# जिलाधिकारी ने सुनी जनता की समस्याएं

**जन चौपाल**

### विकास खंड सेवापुरी के पुरे ग्राम पंचायत में जुटी पब्लिक

### जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का किया सत्पापन

**वाराणसी।** जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने विकास खंड सेवापुरी के ग्राम पंचायत पूरे में मंगलवार को जन चौपाल लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना तथा स्थानीय स्तर पर हुए विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के संबंध में जनसामान्य से जानकारी ली।

चौपाल में राशन, बिजली, पानी, दवा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास की जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने लाभार्थियों से पेंशन मिलने की जानकारी ली। जिन लाभार्थियों को ने बताया कि उनको पेंशन नहीं मिल रहा है तो उनको ऑनलाइन आवेदन करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को बुधवार को ही कैम्प लगाकर लाभार्थियों को योजनाओं के लाभ दिलाने की औपचारिकता पूर्ण कराने का निर्देश दिया।


सेवापुरी ब्लॉक के पूरे गांव में जन चौपाल लगाकर जनता की समस्याएं सुनते डीएम एस. राजलिंगम

जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने सरकार से संचालित सभी योजनाओं का बिंदुवार समीक्षा करते हुए चौपाल में उपस्थित जनता से हाथ उठवाकर सत्यापन कराया। जिसमें अधिकतर कार्यों से स्थानीय जनता संतुष्ट दिखीं। उन्होंने विद्युत, हैंडपंप रिबोर, मनरेगा के तहत तालाब निर्माण, गली-नाली निर्माण, दिव्यांगों की पेंशन, राशन वितरण, विधवा, वृद्धा पेंशन आदि लाभार्थियों से हाथ उठवाकर सत्यापन किया कि उन्हे इन सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है अथवा नही। अधिकांश लोग संतुष्ट नजर आए। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिया कि गांव में सफाई का कार्य तत्परता से कराए।

ग्रामीणों से कहा कि अपनी-अपनी भागीदारी कर सहयोग प्रदान करें, जिससे गांव का विकास तेजी से हो सके।

### स्वास्थ्य केंद्र, कम्पोजिट स्कूल व सचिवालय का किया निरीक्षण

इस दौरान जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत खुरपका-मुंहपका रोग नियंत्रण द्वितीय चरण के टीकाकरण की हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवानगी की। तत्पश्चात आयुष्मान भारत आरोग्य स्वास्थ्य केंद्र-पूरे का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। किसी भी तरह की कोई भी गंदगी न रहे। डीएम ने आह्वान किया कि अब किसी महिला का प्रसव घर पर न कराकर सरकारी अस्पतालों में कराया जाय। जिलाधिकारी में ग्राम पंचायत सचिवालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिवालय जन सेवा केंद्र के माध्यम से सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराए। गांव के लोग इधर-उधर न भटकें। समस्त कार्य अपने ही गांव के सचिवालय से कराये जा सकते हैं। उन्होंने कम्पोजिट स्कूल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षा पांच की छात्राओं से हिंदी, गणित, इंग्लिश पढ़ने और सवालों को हल करने के लिए कहा। छात्राओं ने तत्परता से कर दिखाया तो जिलाधिकारी ने शाबाशी दी।

## किसान अब डाकघरों से भी करा सकेंगे पीएम फसल बीमा योजना

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री की किसानों के लाभ के लिए महत्वाकांक्षी 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' से लोगों को जोड़ने की जिम्मेदारी डाक विभाग ने उठायी है। अब डाकघरों के माध्यम से भी इस योजना का लाभ उठाया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में डाक विभाग की पहुंच को देखते हुए इससे किसानों को काफी सहूलियत होगी। उक्त जानकारी देते हुए वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि इसी क्रम में वाराणसी परिक्षेत्र के अंतर्गत सभी 6 जनपदों वाराणसी, भदोही, चन्दौली, गाजीपुर, जौनपुर और बलिया के अधीन डाकघरों में 28 दिसंबर को विशेष अभियान चलाया जायेगा, ताकि इसका फायदा अधिकाधिक किसानों तक पहुंच सके और ज्यादा से ज्यादा किसानों को इस योजना में कवर किया जा सके। बताया कि डाकघरों के माध्यम से 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' के ऑनलाइन आवेदन के लिए किसान की खतौनी, आईडी कार्ड (आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस) व बैंक पासबुक साथ लाना होगा। खरीफ व रबी फसलों के लिए क्रमशः 2% व 1.5% का प्रीमियम अदा करना होगा। पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 दिसंबर, 2022 नियत है।

**संक्षेप**

## पिंडरा के अमौत गांव में बने पहले लाइब्रेरी का शुभारंभ



**पिंडरा।** स्थानीय विकासखंड के अमौत ग्रामसभा में मंगलवार को ब्लाक प्रमुख धर्मेंद्र विश्वकर्मा द्वारा ब्लोक के पहली लाइब्रेरी का मंगलवार को फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख ने बताया कि पिंडरा ब्लाक के दो दर्जन गांव में लाइब्रेरी बनाई जानी है। जिसमें अमौत ग्राम सभा में पहली लाइब्रेरी का शुभारंभ हुआ। वहीं ब्लॉक प्रमुख संरक्षक और भाजपा नेता रविशंकर सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को पढ़ने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा तमाम तरह की योजनाएं चलाई जा रही हैं। सरकार का प्रयास है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि अभी तक सरकार द्वारा बच्चों को स्कूल ड्रेस, मिड डे मील, किताब सहित अन्य सुविधाएं निशुल्क दी जा रही हैं। अब लाइब्रेरी के माध्यम से ग्रामीण बच्चों को पढ़ने के लिए महंगी पुस्तकें गांव में ही उपलब्ध हो जाएंगी। कार्यक्रम में एडीओ पंचायत अशोक चौबे, अमौत ग्राम प्रधान लालजी यादव, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष सुधीर सिंह, राकेश मिश्रा, सतीश पांडेय, विकास सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## कोरोना संक्रमण से निपटने की तैयारियों पर मॉकड्रिल

**वाराणसी।** जनपद में कोविड संक्रमण की तैयारी परखने के लिए मंगलवार को मॉक ड्रिल हुई। इस दौरान जिले के चार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, पं. दीन दयाल उपाध्याय चिकित्सालय, बीएचयू स्थित सर सुन्द्र लाल चिकित्सालय समेत 11 चिकित्सा इकाइयों में पूर्वाभ्यास किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संदीप चौधरी ने बताया कि यह मॉकड्रिल कोविड के नए वैरियंट के संक्रमण के बढ़ने की आशंका के मद्देनजर हुई। इसमें जनपद की 11 चिकित्सा इकाइयां जिनमें डीडीयू चिकित्सालय पांडेयपुर, सीएचसी चोलापुर, सीएचसी अराजीलाइन, सीएचसी नरपतपुर, सीएचसी गंगापुर, सर सुंदरलाल चिकित्सालय बीएचयू, ट्रॉमा सेंटर बीएचयू, ईएसआईसी चिकित्सालय, होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल लहरतारा, सेंट्रल हॉस्पिटल बीएलडबल्यू और हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस भदवर शामिल रहें। उन्होंने बताया कि मॉकड्रिल के दौरान अन्य विभागों से स्वास्थ्य टीम का और स्वास्थ्य टीम के आपस का समन्वय भी देखा गया। सीएमओ ने आश्वस्त किया है कि जनपद में आक्सीजन और बेड की कोई कमी नहीं है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर दवा की पूरी उपलब्धता है। सीएमओ ने जनपदवासियों से अपील की है कि कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मास्क लगाकर ही घर से बाहर निकलें। मॉकड्रिल के दौरान पं. दीन दयाल चिकित्सालय में अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण (वाराणसी-मण्डल) डा. अंशू सिंह, सीएमएस आरके सिंह अन्य लोग शामिल रहें।

## महिलाओं को उद्यमिता में देना चाहिए बराबर का अवसर

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ द्वारा पांच दिवसीय दीक्षोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत मनोविज्ञान विभाग द्वारा मंगलवार को "चैलेंजिस फेसड बाय विमेन एंटरप्रेन्योर्स इन डेवलपिंग इकोनामी" विषयक एक दिवसीय कार्यशाला के आयोजन के साथ हुआ। कार्यशाला तीन सत्रों में संपादित किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती, महात्मा गांधी व बाबू शिव प्रसाद गुप्त की तस्वीरों पर पुष्पांजलि के साथ सरस्वती वंदना हुई। कुलपति ने कहा कि महिलाओं को उद्यमिता में बराबर का योगदान देने का अवसर प्रदान करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि प्रो. आनंद कुमार, अध्यक्ष, इंडियन एकेडमी ऑफ हेल्थ साइकोलॉजी ने अपने वक्तव्य में कहा कि महिलाओं में जोखिम लेने के लिए उनमें साहसिक प्रवृति को बढ़ावा देना चाहिए। विशिष्ट अतिथि अजय कुमार सिंह, ने कहा कि समाज के जिम्मेदार व्यक्तियों को महिलाओं की हुनर को न केवल पहचान करनी है बल्कि उन्हें प्रशिक्षित करने की जिम्मेदारी भी निभानी है। कार्यक्रम की विशेषज्ञ प्रो. मधु कुशवाहा, गुंजन सुनेजा व मुख्य अतिथि संजय रस्तोगी ने महिलाओं में उद्यमिता के विकास, चुनौतियों एवं उपायों पर विस्तृत चर्चा की। विभागाध्यक्ष प्रो. रश्मि सिंह, निदेशक प्रो. शेफाली वर्मा ने विस्तृत जानकारी दी। संचालन डॉ. प्रतिभा सिंह एवं डॉ. दुर्गेश कुमार उपाध्याय व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मुकेश कुमार पंथ द्वारा किया गया।

## यूपी का पहला कंप्रेस्ड बायो गैस स्टेशन शुरू



**जक्खिनी।** शाहंशाहपुर स्थित कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट के समीप आडानी टोटल बायो गैस लि. ने अपना पहला बायो गैस स्टेशन शुरू किया है। जिससे गाड़ियों में सीएनजी के विकल्प के रूप में कंप्रेस्ड बायो गैस मिलना शुरू हुआ है। कंपनी के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट राजेश प्रभु ने बताया कि अडानी ग्रुप का भारत का यह पहला बायो गैस स्टेशन है। यह स्वच्छ ईंधन का एक बायो विकल्प है। इससे किसानों से लेकर उद्योगों और पर्यावरण का लाभ निहित है। यह प्रदेश का सबसे सस्ता वाहन ईंधन है। इसकी कीमत 79.80 रुपया प्रति किलो है। जबकि बाजार में 90 रुपये किलो से ज्यादा है। यह उत्तर प्रदेश का पहला कामर्शियल बायो गैस स्टेशन है।

## मेडलिस्ट करेंगे दीक्षांत का विरोध

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष की ओर से मंगलवार को कुलपति को मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें बताया गया कि मांगे नहीं पूर्ण हुईं तो शुल्क वृद्धि के कारण जिस प्रकार दो बार काउंसलिंग का विरोध हुआ था उसी प्रकार मेडलिस्ट भी दीक्षांत का विरोध करेंगे। छात्रसंघ अध्यक्ष कृष्ण मोहन शुक्ल ने बताया कि दो बार काउंसलिंग का डेट आकर खत्म हो गया, परंतु कोई भी छात्र अभी तक काउंसलिंग कराने नहीं आया, जबकि सभी विश्वविद्यालय में काउंसलिंग की प्रक्रिया पूरी हो गई है। क्लास चालू है। यहां न तो काउंसलिंग हुई न तो हॉस्टल खुला है। सेमेस्टर परीक्षा की डेट पास में है। यह विश्वविद्यालय की नाकामी है। प्रवेश एवं छात्रावास शुल्क कम किया जाए, सभी मिटिंग में छात्र प्रतिनिधियों की सहभागिता हो सहित सात मांगों को नहीं माना गया और विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से वार्ता नहीं की गई तो मेडलिस्ट दीक्षांत का विरोध करेंगे।

## 35वीं कनिष्कदेव गोरावाला मीडिया क्रिकेट आज से

**वाराणसी।** आनन्द चन्दोला खेल महोत्सव-2022 के तहत 35वीं कनिष्कदेव गोरावाला स्मृति मीडिया क्रिकेट प्रतियोगिता 28 दिसम्बर से पांच जनवरी तक सिगरा स्टेडियम में आयोजित की गयी है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा पूर्वाह्न 11 बजे करेंगे। काशी पत्रकार संघ से संचालित वाराणसी प्रेस क्लब के बैनर तले टी-20 प्रारूप पर आधारित प्रतियोगिता में गत चैंपियन पराड़कर एकादश, गत उपजेता ईश्वरदेव मिश्र एकादश, लालजी एकादश, गर्दे एकादश, विद्याभास्कर एकादश व हृदय प्रकाश एकादश भाग लेगी। सभी छह टीमों को दो ग्रुपों में बांटा गया है और दोनों ग्रुपों की शीर्ष टीमों के बीच पांच जनवरी को फाइनल खेला जाएगा। उद्घाटन मैच ईश्वरदेव मिश्र एकादश एवं लालजी एकादश के बीच खेला जाएगा।

# सड़क निर्माण में हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं : जितिन कुमार



**समीक्षा**

### बैठक में लोक निर्माण मंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

### कहा- सड़क निर्माण कार्य के लक्ष्य को समय से पूर्ण करें

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक की। मंत्री ने अधिकारियों को कार्य संस्कृति में सुधार लाने की हिदायत देते हुए कहा कि सड़कों के निर्माण कार्य के दौरान विभागीय अभियंता और प्रमुख रूप से जेई व एई मौके पर अवश्य मौजूद रहे। सड़कों के निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का हर हालत में अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। सड़क निर्माण में किसी भी प्रकार की हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने समीक्षा के दौरान विभागीय अभियंताओं को सड़कों के निर्माण कार्य में मानक के अनुरूप उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कहा कि सड़क निर्माण के जो भी समय लक्ष्य मिला है, उसे समय से पूर्ण करें अन्यथा कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए की हर 15 दिन पर वे स्वयं मॉनिटरिंग करें। बैठक में जिला पंचायत पूनम मौर्या, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम सहित लोक निर्माण विभाग के अभियंता मौजूद रहे।

## सुदामा चरित्र देख भर आयी श्रद्धालुओं की आंखें

**वाराणसी।** प्रभु की कथा का श्रवण करना भी प्रभु की इच्छा पर ही निर्भर करता है। प्रभु आपकी प्रवृत्ति देखते है तभी हम प्रभु की सेवा कर पाते है। हमे सदैव अच्छे कार्य का संकल्प लेते रहना चाहिए, उस संकल्प को पूरा करने में भगवान सहायक होते हैं। उक्त विचार मंगलवार को डाफी स्थित बजरंग नगर, अशोकपुरम कॉलोनी में चल रही श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ राघव ऋषि ने व्यक्त किये। राघव ऋषि ने कहा कि परमात्मा जीव मात्र के निस्वार्थ मित्र है, जीव का यह परम कर्तव्य है कि वह भगवान की सेवा व साधना करें। कथा में सुदामा चरित्र की भावपूर्ण झांकी प्रस्तुत हुई, प्रभु श्रीकृष्ण और सुदामा के मिलन की करुणामयी सजीव झाँकी ने हर किसी की आंखे नम कर दी। इस अवसर पर सौरभ ऋषि ने 'अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो...', 'म्हारो सांवरिया है सेठ...' आदि भजन प्रस्तुत किये तो पंडाल में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं की आँखों से अश्रुधारा बह निकली।

# देवालयों में कोरोना गाइडलाइन का नहीं हो रहा पालन

**लापरवाही**

### काशी विश्वनाथ मंदिर भैरवनाथ, संकटमोचन, दुर्गा मंदिर में उमड़ रही भीड़

### कोई भी नहीं लगा रहा है मास्क


काशी विश्वनाथ धाम में सप्तर्षि आरती के वक्त श्रद्धालु की लगी कतारें, लेकिन कोई भी मास्क नहीं लगाया है

**वाराणसी।** कोरोना का संक्रमण धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है लेकिन इसको लेकर आम नागरिक अभी भी सजग नहीं है। आमजन कोरोना को लेकर कोई भी सावधानी नहीं बरत रहे हैं। इन दिनों में रोज की अपेक्षा बाहर से आये श्रद्धालुओं की संख्या कुछ ज्यादा ही बढ़ गई है। एक आंकड़े के मुताबिक बनारस शहर रोजाना दो लाख श्रद्धालुओं का आवागमन हो रहा है। बनारस शहर पर भीड़ का दबाव तो बढ़ गया है लेकिन इसको लेकर जिला प्रशासन बेफ्रिक है।

देवालयों में रोज की अपेक्षा कई गुना श्रद्धालुओं की भीड़ हो रही है लेकिन कहीं से भी नहीं कोरोना गाइडलाइन का पालन हो रहा है। किसी भी देवालय में बिना मास्क लगाये श्रद्धालुओं को देखा जा सकता है। वैसे कोई भी मास्क लगाना उचित नहीं समझ रहा है। हजारों की भीड़ में इक्का-दुक्का लोग ही मास्क लगाये हुए दिख रहे है। काशी विश्वनाथ धाम में इन दिनों नेपाल, असम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत न जाने कितनी जगहों से श्रद्धालुओं का आवागमन जारी है। ज्ञानवापी गेट नंबर चार से लेकर बांसफाटक, कोतवालपुरा, गोदौलिया व दशाश्वमेधघाट तक भारी भीड़ तो दिखायी पड़ रही है लेकिन कोरोना गाइडलाइन का कोई भी पालन नहीं कर रहा है। काशी विश्वनाथ धाम के बाहर हो या फिर अंदर कहीं से भी कोई कोरोना गाइड लाइन का पालन नहीं कर रहा है।

इसी तरह कालभैरव मंदिर, संकटमोचन मंदिर व दुर्गाकुंड स्थित दुर्गामंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ हो रही है लेकिन इन देवालयों की भी यही स्थिति है जहां पर लोग कोरोना गाइड लाइन से बेफ्रिक हैं। काशी विश्वनाथ धाम के बाद कालभैरव मंदिर शहर का दूसरा मंदिर है जहां पर श्रद्धालुओं की सर्वाधिक भीड़ हो रही है। भीड़ इतनी है कि कालभैरव तिराहे से पार करना मुश्किल हो रहा है।

# साहब... दवा के लिए सीढ़ी ना चढ़ना पड़े तो ही अच्छा

**मरीजों का हाल**

### राजघाट राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय में आने वाले मरीजों ने बताया दर्द

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** चौकाघाट शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक छोटे से कमरें में संचालित राजघाट के राजकीय होम्यापैथिक चिकित्सालय में आने वाले बुर्जुग मरीजों ने मंगलवार को अपनी पीड़ा बयां करते हुए बताया कि दवा लेने के लिए सीढ़ी ना चढ़ना पड़ता तो बहुत अच्छा होता, बहुत से बुर्जगों ने बताया कि यही वहज हैं कि वह स्वयं ना आकर अपने परिजन को दवा के लिए चिकित्सालय भेज देते हैं।

चौकाघाट शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ऊपरी हिस्सें में राजकीय होम्यापैथिक चिकित्सालय संचालित है, जबकि सीएचसी में नीचे के कमरें में ही पर्चा बनाया जाता है। बड़ी संख्या में इस चिकित्सालय मे आसपास के लोगों का आना होता है। सुबह आठ बजे से अपराह्न दो बजे तक संचालित होम्यापैथिक चिकित्सालय में रोजाना 50 से भी अधिक की ओपीडी है। मौसम में बदलाव के बाद मरीजों की संख्या मे बढ़ोत्तरी हो जाती है।



### सीढ़ी के चलते परिजन ले जाते हैं दवा

बहुत से मरीजों ने बताया कि सीढ़ी चढ़ने की तकलीफ के चलते अब वो अपने परिजन को हाल बताकर दवा लेने भेज देते हैं सरकार की ओर से दवाओं की व्यवस्था गुणवत्तायुक्त की गयी है लेकिन सुविधाओं के आभाव के चलते परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### बोले मरीज

मंगलवार को राजकीय होम्यापैथिक चिकित्सालय में दवा लेने आये मरीजों में 70 वर्षीय बदरुनिशा ने बताया कि जोड़ों के दर्द से परेशान हैं दवा लेने पर फायदा भी हुआ है लेकिन सीढ़ी के चलते चिकित्सालय आने का मन नहीं होता, वहीं 62 साल के मोहन ने बताया कि जिस तरह से पर्चा के लिए भवन के नीचे व्यवस्था की गयी है वैसे ही चिकित्साल की भी होती तो बेहतर होता, 35 वर्षीय अनिल कुमार, 45 वर्षीय पुरुषोत्तम,शकिला बानो श्याम कुमार ने भी चिकित्सालय को नीचे भवन में शिफ्ट करने की बात कही।

## आदेश के बाद भी नहीं हट रहे भारी वाहन

**बाबतपुर।** हवाई अड्डे के ऑपरेशनल क्षेत्र रनवे के पूर्वी दिशा में एन एच 56 पर बड़े एवं भारी वाहनों के खड़े किए जाने व सेल्फी बनाने का शिलशिला जारी है। जबकी सुरक्षा के लिहाज से उक्त स्थान पर भारी वाहनों को खड़े किये जाने व सेल्फी बनाये जाने को लेकर एयरपोर्ट अथॉरिटी सहित जिले के उच्चाधिकारियों द्वारा कई बार स्थानीय पुलिस को वाहन न खड़े किये जाने को लेकर प्रतिबन्ध लगाए जाने का आदेश जारी किया गया है। इसके बावजूद भी ऑपरेशनल क्षेत्र के प्रतिबंधित परी क्षेत्र में धड़ल्ले से भारी वाहन खड़े किये जा रहे हैं। बतादे की विमान के उड़ान भरते व उतरते समय उचाई काफी कम होती है। एन एच 56 की ऊँचाई हवाई अड्डे के रनवे व पूर्वी तरफ बाउंड्री की ऊँचाई से काफी अधिक है ऐसे में बड़े वाहनों के खड़े होने से बड़ा हादसा होने का खतरा बना रहता है। विमानों के सुरक्षित परिचालन को देखते हुए सोमवार को एसडीएम पिंडरा अंशिका दीक्षित ने बैठक कर बाबतपुर चौकी प्रभारी को उक्त सम्बन्ध में वाहन न खड़े किए जाने को लेकर आदेश भी जारी किया गया है। इसके बाद भी एन एच 56 पर रनवे के सामने प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन खड़े किए जाने का शिलशिला जारी है।

# आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में सैकड़ों मरीज लाभान्वित



**चौबेपुर।** आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर में सैकड़ों मरीज लाभान्वित डॉ. विजय आयुवेर्दिक मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर कैथी वाराणसी के द्वारा रामलीला मैदान रजवाड़ी में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया, जिसमें सैकड़ों मरीज लाभान्वित हुए। डा. राहुल पाण्डेय की देखरेख में लगाए गए चिकित्सा शिविर में मरीजों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित की गई। आज लगाए गए चिकित्सा शिविर में रजवाड़ी, कैथी हथौड़ा, खरौना भन्दाहा कला लगभग एक सप्ताह शिविर आयोजन किया जा रहा, आदि के मरीजों की निःशुल्क जांच और उपचार किया गया। डॉ विजय आयुवेर्दिक मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर के द्वारा के डॉ राहुल पाण्डेय, व डॉ प्रीति रंजन बेहरा जी ने एक दर्जन से अधिक गांवों के महिला-पुरुष और बच्चों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित कीं। इस शिविर में लकवा, कमर दर्द, मिर्गी, मधुमेह, स्त्री रोग, श्वेत प्रदर, अस्थमा, पाइल्स, गठिया बाय, दमा, जोड़ों का दर्द, मोटापा, शिशु रोग, एसिडिटी आदि से पीड़ित मरीजों की जांच और उपचार किया गया। शिविर में मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श के साथ उन्हें दवाएं भी मुफ्त में प्रदान की गईं।

# अतिक्रमण पर चला निगम का चाबुक, वसूला जुर्माना



**वाराणसी।** नगर निगम प्रवर्तन दल द्वारा मंगलवार को शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर जुर्माना वसूला गया। जिसके तहत लल्ला पुरा स्थित एक गली से अतिक्रमण हटवाकर मार्ग खाली कराया, घाटों से अतिक्रमण हटाने के संबंध में प्रवर्तन टीम के सहयोग से आनंद मयी घाट, जानकी घाट, भदैनी घाट, तुलसी घाट, रीवा घाट, गंगा महल घाट से अस्सी घाट अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाते हुए तमाम वेंडरों को हटवाया गया। वहीं अस्सी घाट पर एक वेंडर द्वारा चेन्जींग रूम में अवैध रूप से कब्जा किए जाने पर कार्रवाई करते हुए उसे हटवाया गया। वहीं भारत सरकार के निर्देश पर चार दिनों 27 से 30 तक सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध प्रवर्तन ड्राइब चलाये जाने के आदेश जारी किए गये हैं। सरकार द्वारा जारी आदेश के क्रम में नगर आयुक्त प्रणय सिंह के निर्देश पर मंगलवार को पहले दिन नगर निगम प्रवर्तन दल के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध प्रवर्तन ड्राइब चलाया गया, एंटी पॉल्यूशन बोर्ड की टीम के साथ मिलकर मलदहिया फूल मंडी और मदन पुरा क्षेत्रों में प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाते हुए दुकानदारों व वेंडरों से प्लास्टिक के थैले जब्त कर सभी को जुमार्ना किया गया। इस बीच शिवपुर क्षेत्र में अवैध पशु पालन व डेयरी के खिलाफ अभियान चलाते हुए कुल आठ गाय जब्त कर कांजी हाउस भेजा गया। इस दौरान कुल जुमार्ना राशि 29,400 रुपये वसूल किया गया।

## हनुमत दरबार में रेल यात्रियों की हाजिरी, भंडारा

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन स्थित श्री संकट हरण हनुमान मंदिर में वार्षिक श्रृंगार के अवसर पर भजन संध्या व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर हजारों रेल यात्री श्रीराम भक्त हनुमान की महिमा का गुणगान कर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साक्षी बने। इसके पूर्व सोमवार को मंदिर परिसर में अखंड हरि कीर्तन का आयोजन हुआ। अगले दिन मंगलवार को इसकी पूर्णाहुति हुई। कार्यक्रम के तहत हनुमान की प्रतिमा को सुगंधित पुष्प से श्रृंगारित किया गया। तदुपरांत विधि विधान से अनुष्ठान हुआ। इसके पश्चात सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ। जहां हजारों की संख्या में मौजूद रेल यात्री भक्ति गीतों पर प्रभु गुणगान में झूम उठे। इसके बाद देर रात चले विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



# सभी नगरीय पीएचसी पर हों गुणवत्तापूर्ण सुधार

**बोले सीएमओ**

### चिकित्सीय व स्वास्थ्य सुविधाओं का समय से मूल्यांकन जरूरी

**वाराणसी।** नगर के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रदान की जा रही चिकित्सीय व स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए विभाग निरंतर प्रयासरत है। इसके लिए समय-समय पर सुविधाओं का असेस्मेंट यानि मूल्यांकन करना भी बेहद जरूरी है। इससे मरीजों को दी जाने वाली सेवाओं जैसे जनरल क्लीनिक, मातृत्व स्वास्थ्य, नवजात शिशु स्वास्थ्य, परिवार कल्याण सेवाएं, संचारी व गैर संचारी रोगों से बचाव, ओपीडी, ड्रेसिंग, लैब, आउटरीच, टीकाकरण, दवा स्टोर, आपातकालीन सेवाएं, सामान्य प्रशासनिक सेवाओं को सुदृढ़ करने में मदद मिलती है।



चर्चा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में सोमवार देर शाम तक चली एक दिवसीय क्वालिटी एश्योरेंस अभिमुखीकरण बैठक में की गई। दी चैलेंज इनिशिएटिव फॉर हेल्थी सिटी -पीएसआई इंडिया के सहयोग से आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे सीएमओ डॉ संदीप चौधरी ने कहा कि सभी 24 नगरीय पीएचसी कायाकल्प पुरस्कार, नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस (एनक्वास) और लक्ष्य सर्टिफिकेशन के उद्देश्य से सेवाओं की गुणवत्ता को बढ़ाने और दस्तावेज के रख-रखाव पर पूरा जोर दें। प्रभारी चिकित्साधिकारी जनरल ओपीडी से लेकर प्रसव कक्ष और बायो मेडिकल कचरा प्रबंधन का मूल्यांकन नियमित करते रहें। उन्होंने निर्देश दिया कि स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए मानकों के अनुरूप पूरा करें। गर्भवती एवं बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं तथा लाभों पर भी विशेष ध्यान दें। बैठक में डिप्टी सीएमओ डॉ एचसी मौर्य, एसीएमओ डॉ राजेश प्रसाद, जिला नगरीय स्वास्थ्य समन्वयक आशीष सिंह, समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारी, पीएसआई इंडिया की ओर से कृति पाठक और अखिलेश एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## रेल दुर्घटना से आसनसोल-वाराणसी एक्सप्रेस निरस्त

**वाराणसी।** धनबाद मंडल स्थित टनकुप्पा स्टेशन पर मंगलवार को मालगाड़ी के तीन वैगन बेपटरी होने से इस रुट पर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो गया। इसके चलते आसनसोल और वाराणसी के बीच संचालित गाड़ी संख्या13553 आसनसोल-वाराणसी एक्सप्रेस निरस्त कर दी गई। वहीं, इधर से गुजरने वाली हावड़ा-योगनगरी दून एक्सप्रेस व गंगा सतलुज एक्सप्रेस सहित तीन जोड़ी गाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से चलाया गया।

# चार गुना मुआवजे की मांग को लेकर किसानों का प्रदर्शन

**लोहता।** चांदपुर से लेकर रिंग रोड परमपुर तक सड़क विस्तारीकरण का कार्य प्रगति पर है। इसकी जद में किसानों की कीमती निजि जमीन भी चपेट में आ रही है। सर्किट रेट से चार गुना मुआवजा की मांग को लेकर रामरायपुर-अकेलवा के किसानों ने मंगलवार को सड़क पर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारी किसानों का कहना है कि उनकी कीमती पुतैनी जमीन पर धारा चार और छह की कार्यवाही नहीं की गयी। वर्तमान सर्किल रेट से चार गुना मुआवजा दिये बगैर ही जिला प्रसाशन और लोक निर्माण विभाग उनकी पुस्तैनी जमीन पर जबरन तोड़फोड़ करने की कार्यवाही कर रहा है, जो न्याय संगत नहीं है। किसानों ने कहा कि हम लोग अपनी पुस्तैनी जमीन बचाने और वर्तमान सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा के लिये प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री और जिले के आलाधिकारियो को रजिस्टर्ड डाक से कई बार प्रार्थना-पत्र दे चुके है। लेकिन अब तक हम लोगों की न तो आवाज सुनी गई और नही कोई कार्यवाही हुई।

निर्माण कार्य का विरोध करते हुए किसानों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि बिना मुआवजा दिये सड़क का चौड़ीकरण न किया जाए। ऐसा न होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में ओंकार नाथ, लालता प्रसाद, कैलाश नाथ, चंद्रिका प्रसाद, दीनदयाल, बेदी, महेंद्र, हरिहर, झगडू, मल्लू, सुरेन्द्र राजभर आदि थे।



# किसानों ने प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

**आक्रोश**

**तहसील कार्यालय में एसडीएम से मिलकर सौंपा पत्रक**

जनसंदेश न्यूज

**बैरिया।** ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे की डगर काफी कठिन होने लगी है। किसानों का आक्रोश दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को किसान संघर्ष समिति का प्रतिनिधि मंडल तहसील पर पहुंचकर एसडीएम से मिला और उन्हें पत्रक सौंपा। इस दौरान किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी भी की।

किसानों ने आरोप लगाया कि जो बातें अपर आयुक्त आजमगढ़ के समक्ष तय हुई थी, उसका अनुपालन नही किया जा रहा है। अधिकारी जबरन औने-पौने मूल्य पर जमीन हथियाना चाह रहे है। सीधे-सादे किसानों में भय की स्थिति पैदा की जा रही है। कहा जा रहा है कि अगर जमीन रजिस्ट्री नहीं किए तो आपकी जमीन अधिग्रहित कर ली जाएगी और पैसा लेने के लिए आपको लखनऊ जाना पड़ेगा। इससे किसान डरने वाले नहीं है। कहा कि 6609 किसानों में 125 हेक्टयर जमीन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए खरीदना था। इसके सापेक्ष महज 56 किसानों ने 3.21 हेक्टेयर जमीन अब तक रजिस्ट्री किया है। कहा कि जब तक न्याय नहीं होगा, हम लोग अपनी जमीन देने वाले नहीं हैं। अगर वास्तविक मूल्य नहीं मिला तो किसान एकजुट होकर आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे। प्रतिनिधि मंडल में अधिवक्ता धनंजय सिंह, रामकुमार चौबे, श्याम बिहारी पांडे, सुशील, राधेश्याम चौधरी, धरीछन चौरसिया, सुमेर कुंवर, बच्चा जी कुंवर, सत्येंद्र, सुरेश चंद्र सिंह, सुभाष चंद्र सिंह, रोहित चौबे, कमलेश सिंह आदि शामिल रहे।


बैरिया तहसील में एसडीएम से वार्ता करते किसान

### किसानों से की सहयोग की अपील

**बैरिया।** उप जिलाधिकारी बैरिया आत्रेय मिश्र ने किसानों को आश्वस्त किया है कि उनके हितों की अनदेखी नहीं की जाएगी, लेकिन शासन से तय गाइडलाइन से अलग नहीं जाया जा सकता है। उन्होंने किसानों से सहयोग की अपील की है।

## मार्ग पर गिट्टी गिराकर भूल गये जिम्मेदार

**बलिया।** काजीपुरा के लोगों को जर्जर सड़क और जल जमाव से मुक्ति की उम्मीद जगी है, लेकिन वो भी धूमिल होती नजर आ रही है। शहर के काजीपुरा की हालत किसी से छिपी हुई नहीं है। इस मोहल्ले की समस्याओं से शासन और प्रशासन दोनों अंजान बने हुए है। लगभग पांच वर्ष के बाद जिम्मेदार कुंभर्णीय नींद से जगे और जैसे-तैसे काजीपुरा-मिड्ढी मार्ग पर गिट्टी गिराकर छोड़ दिये। लगभग एक महीने से सड़क पर गिरे गिट्टियों से आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अगर गिराये गये गिट्टियों पर रोलर चला दिया गया होता तो यह आवागमन में काफी सुविधा होती। लोगों ने बताया कि लग रहा है कि जिम्मेदार इस मार्ग पर गिट्टी गिराकर भूल गये है। यह मार्ग एससी कालेज, कचहरी, एनसीसी तिराहा, महुआ मोड़ आदि मार्गों को जोड़ती है। बता दें कि पिछले पांच-छह वर्षों से यहां के लोग जल जमाव की समस्या से त्रस्त थे। गलियों में रहने वाले लोगों ने शासन-प्रशासन की आस छोड़कर खुद ही चंदा जुटाकर जल जमाव से मुक्ति पानी का प्रयास किया, लेकिन यह प्रयास नाकाफी साबित हुआ। अब इस मार्ग के निर्माण से लोगों को बेहतर आवागमन की उम्मीद जगी है।

# नपा अध्यक्ष का कार्यालय तीन साल से है बंद


अध्यक्ष चेम्बर से बाहर रखा गया बोर्ड एवं अन्य सामान

**यह है हाल**

**सिलिंग गिर जाने से बंद कर दिया गया था चेम्बर**

**बलिया।** नगर पालिका बलिया के अध्यक्ष का चेम्बर विगत् तीन वर्षों से बंद पड़ा हुआ है। इस सिलसिले में अधिशासी अधिकारी सत्यप्रकाश सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि चेम्बर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। उनके मरम्मत में काफी खर्च आने की वजह से उसका निर्माण नहीं हो पा रहा है। विश्वास दिलाया कि बहुत ही अध्यक्ष के चेम्बर की मरम्मत करा दिया जायेगा।

बता दें कि नगर पालिका अध्यक्ष अजय कुमार समाजसेवी दो साल तक उस चेम्बर में बैठकर कामकाज करते रहे, लेकिन उसके बाद चेम्बर का फोर सिलिंग गिर जाने के कारण उसे बंद कर दिया गया। मंगलवार को इसकी जानकारी लेने पत्रकार पहुंचे। जब अध्यक्ष का चेम्बर खुला तो उसमें अन्य सामान रखे गये मिले। जब नगर पालिका के जिम्मेदार लोगों से यह पूछा गया कि नगर पालिका अध्यक्ष की कुर्सी कहां है तो जबाब मिला कि कुर्सी कहीं सुरक्षित रखा गया है। सबसे बड़ी विडम्बना यह है कि जिस कुर्सी के लिए चुनाव होने जा रहा है, वह कुर्सी नगर पालिका अध्यक्ष के चेम्बर से गायब है। वहीं, नगर पालिका अध्यक्षों के नाम की सूची का बोर्ड एवं मेज कमरे से बाहर रखा हुआ है। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष का चेम्बर बहुत जल्द बनकर तैयार हो जायेगा।

**संक्षेप**

### द होराइजन स्कूल में सम्मानित हुए पदक विजेता



**बलिया।** द होराइजन स्कूल गड़वार में मंगलवार को सातवीं आल इंडिया ओपेन कराटे चैंपियनशिप के विजेताओं को सम्मानित किया गया। विदित है की सातवीं आल इण्डिया ओपेन कराटे चैंपियनशिप-2022 का आयोजन वाराणसी में बीएचयू के इमफिथिएटर इंडोर हाल में किया गया था। इसमें द होराइजन स्कूल के छात्रों ने प्रतिभाग किया और 11 वर्ष के 40 किलो भार वर्ग में सुदीप अधिकारी ने एक गोल्ड तथा 13 वर्ष के भार 50 किलो में रामकृष्ण सिंह एक सिल्वर मेडल जीत कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रिंस गुप्ता, प्रभात रंजन ने भी अपने आयु वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इनको विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय सिंह ने मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे छात्र बाहर में जाकर मेडल जीत कर आ रहे है। यह सराहनीय बात है। विद्यालय के प्रबंधक मनोज सिंह ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी विद्यालय के कराटे कोच एलबी रावत ने दी है।

### प्रधान संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत



**लालगंज।** विकास खंड मुरली छपरा के ड्वाकरा हाल में मंगलवार को ग्राम प्रधान संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को ग्राम प्रधानों ने स्वागत समारोह कर सम्मानित किया। इस दौरान सभी पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। प्रधान संघ की नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं बहुआरा ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान सुनीता सिंह ने कहा कि ग्राम प्रधानों के हक की लड़ाई के लिए हमेशा आगे रहूंगी। प्रधानों का शोषण नही होने दिया जाएगा। स्वागत समारोह में महामंत्री अम्बुज सिंह, कोषाध्यक्ष सोनिका सिंह, उपाध्यक्ष अशोक यादव को भी माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रिया देवी, गुलशन देवी, सुशीला देवी, चुनमुन राम, शिवजी राम, अक्षयबर गुप्ता, पीयूष सिंह, अखिलेश सिंह, मोनू पाठक, अमित सिंह, सोभित सिंह, मनीष मिश्र, संजय यादव, रघुनाथ मिश्र आदि उपस्थित रहे। संचालन ग्राम प्रधान पीयूष सिंह ने किया।


### सरकार की मंशा के अनुरूप आया निर्णय: लक्ष्मण

**बलिया।** स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खण्ड पीठ द्वारा दिये गये निर्णय को भाकपा (माले) ने इसे भाजपा सरकार की मंशा के अनुरूप बताया है। पार्टी के जिला कमेटी सदस्य एवं शहर प्रभारी लक्ष्मण यादव ने कहा कि हाईकोर्ट में भाजपा सरकार द्वारा पिछड़े वर्गों के लोगों के आरक्षण के प्रति प्रभावी एवं बलपूर्वक अपना पक्ष न रखने के कारण हाईकोर्ट का यह निर्णय आया है। आखिर क्या कारण है कि सरकार पिछड़े एवं दलित वर्ग के हितों के मामलों में न्यायालय में मुकदमा हार जाती है और आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग का मामला अदालतों में जीत जाती है।

### आधा दर्जन स्थानों पर जलवाया अलाव

**चितबड़ागांव।** बढ़ते ठंड को देखते हुए स्थानीय नगर पंचायत के आधा दर्जन स्थानों पर अलाव की व्यवस्था किया गया है। अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि नगर के पीसीओ तिराहा, शहीद स्मारक, गुदरी बाजार, रेलवे स्टेशन सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर ठंड से निजात पाने के लिए अलाव जलवाया जा रहा है। साथ ही नपं द्वारा तीन रैन बसेरा की व्यवस्था भी किया गया है। इसमें बाहर से आने वाले राहगीरों के साथ भी नगरवासियों को काफी सहूलियत होगी।

### अभियुक्त गिरफ्तार



**रसड़ा।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की सुबह एक तमंचा एवं कारतूस के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया। उनि अमरजीत यादव मय फोर्स द्वारा कार्यवाही करते हुए मंगलवार की सुबह मुखबीर की सूचना पर अभियुक्त अमलेश यादव पुत्र स्व. हरखनाथ यादव निवासी नदौली, थाना रसड़ा को तमंचा एवं कारतूस के साथ सुलुई मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** रेवती पुलिस ने एक तमंचा एवं कारतूस के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उसे संबंधित धाराओं में [illegible] चालान न्यायालय कर दिया। पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर द्वारा अपराध एवं अपराधियों व शराब माफियाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना प्रभारी रेवती हरेन्द्र सिंह मय फोर्स द्वारा कार्यावाही करते हुए मंगलवार को मूखबीर की सूचना के आधार पर अभियुक्त रोहित बासफोर पुत्र मुन्ना बासफोर निवासी विशुनपुरा, थाना रेवती को एक तमंचा एवं कारतूस के साथ कुंआपीपर रेलवे क्रासिंग के पास स गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह, उनि धर्मेन्द्र दत्त, हेकां. स्वतंत्र गुप्त, कां. संदीप सोनकर आदि शामिल रहे।

### बच्चों का भविष्य बिगाड़ रही सरकार : रमाशंकर



**बांसडीह।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व सांसद रमाशंकर राजभर ने बांसडीह नगर के गढ़ पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि सत्ता को कानून पर भरोसा नहीं है। सरकार परीक्षा को कोर्ट में लटकाने का काम कर बच्चों का भविष्य बिगाड़ रही है। इसी तरह अपराधियों की आड़ में गरीबों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। नगर निकाय चुनाव के आरक्षण में अनियमितता कर ओबीसी, एसटी, एससी के आरक्षण को विवाद में डाल दिया गया है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और जीएसटी से जनता में बहुत गुस्सा है। कहा कि सपा पूरी दमदारी से नगर निकाय चुनाव लड़ेगी। इस अवसर पर गुरूज लाल राजभर, पवन साहनी, छोटेलाल यादव, दिलीप राजभर, वीरबल राजभर, कामेश्वर राजभर आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता ओमप्रकाश राजभर तथा संचालन सुनील सिंह ने किया।

### शिक्षण में नवाचार का माध्यम बनेगा टीएलएम : डॉ. देवनीति

**लालगंज।** ब्लाक संसाधन केंद्र मुरली छपरा पर मंगलवार से शुरू होकर शुक्रवार तक चलने वाला तीन दिवसीय टीएलएम निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुरली छपरा के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. देवनीति सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसमें बच्चों को सहज ढंग से टीएलएम के माध्यम से अधिगम कराए जाने के संबंध में प्रत्येक प्राथमिक विद्यालयों से एक अध्यापक को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बता दें शिक्षा क्षेत्र मुरलीछपरा में कुल 97 प्राथमिक विद्यालय है। प्रशिक्षण में अध्यापकों को टीएलएम निर्माण के संबंध में जानकारी हासिल कर अपने-अपने विद्यालयों पर इसका अनुप्रयोग किया जाना है, ताकि बच्चों को रुचिकर और प्रभावी ढंग से शिक्षित किया जा सके। शिक्षकों को संबोधित करते हुए डा. सिंह ने अध्यापक तथा चिकित्सक दोनों को जीवन के अंत तक सीखने वाला बताया। कहा कि टीचिंग लर्निंग मैटेरियल सरकार द्वारा शिक्षण सहगामी क्रियाओं में नवाचार का माध्यम बनेगा। उन्होंने शिक्षकों का आह्वान किया कि शिक्षा की अलख देश के कोने-कोने में जगाने में कोई कोर कसर न छोड़ें। हम सभी आपके ही द्वारा एक चिकित्सक के रूप में गढ़े गए हैं। आप शिक्षकों में वह जादू है, जो हमारे भारत के भविष्य को संवार सकता है। इस अवसर पर निर्भय शुक्ला, दीपक राय, प्रशिक्षक अरुण सिंह, अरुण कुमार, शशिकांत, दुर्गेश कुमार सिंह, संजय कुमार आदि मौजूद रहे। संचालन वरिष्ठ अध्यापक अजय कुमार तिवारी ने किया।


मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित करते डॉ. देवनीति सिंह

# राष्ट्रीय स्तर के लिए तीन बाल वैज्ञानिकों का चयन

**उपलब्धि**

**27 से 31 जनवरी तक अहमदाबाद में होगा राष्ट्रीय आयोजन**

**बाल वैज्ञानिकों को अपने देश के अलावा एशियन देशों के बाल वैज्ञानिकों के साथ अपने प्रोजेक्ट को प्रदर्शित करने का मिलेगा मौका**

**बलिया।** राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद नई दिल्ली द्वारा संचालित 30वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का राज्यस्तरीय आयोजन 24 से 26 दिसंबर को पतंजलि ऋषिकुल स्कूल प्रयागराज में किया गया। राज्य स्तर के निर्णायक मंडल द्वारा 82 टीमों में से 21 टीमों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए किया है, जिसमें बलिया जिले से तीन बाल वैज्ञानिक अर्सलान वाहिद, स्वप्निल यादव तथा साक्षी राय चयनित किये गए हैं।

बलिया जिले के चयनित बाल वैज्ञानिक 27 से 31 जनवरी को अहमदाबाद, गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय आयोजन में उत्तर प्रदेश की तरफ से अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेंगे। जिला समन्वयक डॉ. सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय आयोजन में बाल वैज्ञानिकों को अपने देश के साथ-साथ एशियन देशों के चयनित बाल वैज्ञानिकों के साथ अपने प्रोजेक्ट को प्रदर्शित करने का मौका मिलता है। साथ ही इस दौरान तमाम बड़े वैज्ञानिकों के साथ मिलकर फेश टू फेश होकर उनके अनुभव भी जानने का मौका मिलता है।

तीनों बाल वैज्ञानिकों के चयन होने पर एकेडमिक कोआर्डिनेटर डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी, एसआरजी बलिया बेसिक शिक्षा आशुतोष कुमार सिंह तोमर, सनबीम स्कूल के निदेशक डॉ. अरुण कुमार सिंह, प्रिंसिपल डॉ. अर्पिता सिंह, सोनिया सिंह, सुनील राय, शिव प्रकाश राय, सुमन सिंह, राजनारायण सिंह, नीतीश उपाध्याय आदि ने शुभकामनाएं दी है।

## आईईएस परीक्षा में शिवांश राय ने प्राप्त की सफलता

**बलिया।** गडहांचल के टुटुवारी गांव निवासी शिवांश राय ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित आईईएस की परीक्षा में आल इंडिया में 52वां रैंक प्राप्त कर बलिया का नाम रोशन किया है। शिवांश के पिता नरेन्द्र नाथ राय बलिया सिविल कोर्ट में अधिवक्ता के अलावा प्रगतिशील किसान हैं। शिवांश राय ने हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट नागाजी हायर सेकंडरी स्कूल माल्देपुर, बलिया से टाप करने के बाद बीटेक सिविल से गलगोटिया यूनिवर्सिटी, नोएडा से तथा एमटेक बीएचयू से करने के साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। शुरू से ही मेधावी शिवांश ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा 23 दिसंबर को घोषित आईईएस की परीक्षा में 52वां रैंक हासिल किया है। शिवांश ने सफलता का श्रेय अपनी मेहनत एवं माता-पिता का सहयोग तथा घर-परिवार वालों के आर्शीवाद को बताया है। शिवांश को सफलता मिलने पर भाजपा नेता नागेंद्र पांडेय, पूर्व विधायक सुधीर राय सहित अन्य ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

# दो बाइकों की टक्कर में दो युवक गंभीर

**रतसर।** गड़वार थाना क्षेत्र के रतसर-खेजूरी मार्ग पर स्थित केपी मेमोरियल कालेज के समीप सोमवार की देर शाम दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दो युवक घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने आस-पास के लोगों के सहयोग से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिकंदरपुर पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के दौरान एक युवक की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। चौकी इंचार्ज गिरिजेश सिंह ने बताया कि पकड़ी थाना क्षेत्र के विषहर निवासी धर्मेन्द्र पासवान (32) पुत्र भोला पासवान अपनी पत्नी का मऊ से इलाज कराकर अपने गांव लौट रहे थे। वहीं, दूसरा बाइक चालक पकड़ी थाना क्षेत्र के रकसा निवासी बजरंगी यादव (22) पुत्र सूर्यनाथ यादव रतसर से बाजार करके अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान रतसर-खेजूरी मार्ग पर स्थित केपी मेमोरियल स्कूल के समीप आमने-सामने की टक्कर हो गई। इससे उक्त दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। साथ ही उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।


सड़क हादसे के दौरान जुटी भीड़

### स्कार्पियो के धक्के से युवक घायल

**सिकन्दरपुर।** बेल्थरा मार्ग पर मिर्जापुर गांव के समीप तेज रफ्तार स्कार्पियो के धक्के से मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल के लिये रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार रसड़ा निवासी अफजल आलम (19) पुत्र सरफराज आलम मंगलवार को अपने रिस्तेदारी सिकंदरपुर आये थे। वापस घर जाते समय अभी वह मिर्जापुर गांव के समीप पहुंचे ही थे कि बेल्थरा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने मोटरसाइकिल सवार को धक्का मार दिया। इससे सड़क पर गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, मौके का फायदा उठाकर ड्राइवर स्कार्पियो को लेकर फरार हो गया। घटना के बाद इकट्ठा स्थानीय लोगों ने तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिकंदरपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# लांस नायक का शव पहुंचने से मचा कोहराम

**दुखद**

**सेना के जवानों ने अपने साथी को दी अंतिम सलामी**

जनसंदेश न्यूज

**सिकंदरपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भीमहर निवासी सेना में लांस नायक के पद पर कार्यरत पंकज सिंह (35) पुत्र स्व. धनेश्वर सिंह का शव सोमवार को गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। शव देख परिजन दहाड़े मार कर रोने लगे। जवान बेटे का शव देख मां मीना देवी की आंखे पथरा गई।

मृतक की पत्नी नीलम व दोनों पुत्रियां दस वर्षीय वैष्णवी व छह वर्षीय वानवी को कुछ समझ में नहीं आ रहा था। सबसे छोटा चार वर्षीय पुत्र सूर्यांश मां और बहनों को रोते देख चिल्लाने लग रहा था। पत्नी और मासूम बच्चों की स्थिति देख हर कोई गमगीन था। बता दें कि पंकज सिंह सेना में लांस नायक के पद पर सिल्लीगुड़ी में तैनात थे। तैनाती के दौरान ही करीब एक माह पहले उनकी तबियत खराब हो गई। उनका इलाज कोलकाता स्थित मिलिट्री हास्पिटल में चल रहा था, जहां इलाज के दौरान सोमवार को तड़के पंकज की मौत हो गई।

इसकी जानकारी मिलते ही गांव के लोग शोकाकुल हो गए। उधर, शाम को डुहा विहरा स्थित सरयू घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि पंकज के चाचा छांगूर सिंह ने दी। इस दौरान सेना के जवानों ने गार्ड आफ आनर से अपने साथी को अंतिम सलामी दी।

इस मौके पर पूर्व मंत्री राजधानी सिंह, पूर्व विधायक भगवान पाठक, संजय यादव, ब्लाक प्रमुख केशव चौधरी, अखिलेश सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, पूर्व प्रधान सूर्यनाथ सिंह, रामविलास राम आदि मौजूद रहे।


अपने साथी को अंतिम सलामी देते सेना के जवान

## एसएन ग्रुप के बच्चों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

**बलिया।** हमारा जीवन जल, वायु, अग्नि, पृथ्वी तथा आकाश पर निर्भर है। इसमें पृथ्वी पर हम अपना जीवन व्यतीत करते हैं, जिसमें मिट्टी की अहम भूमिका है। सजीव बने रहने के लिए इनकी आवश्यकता है। इसी संदर्भ को ध्यान में रखते हुए एसएन ग्रुप के छात्र-छात्राओं ने मिट्टी बचाओ अभियान पर अपना प्रस्तुतीकरण किया, जिसमें विभिन्न टीमों ने अपने विचारों को प्रकट कर यह दर्शाया कि आज मिट्टी कितना महत्वपूर्ण है। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर इस प्रस्तुतीकरण को एक उपयोगी रूप दिया। आने वाले वक्त में इसका आयोजन और व्यवहारिक प्रस्तुतीकरण सर्वे सबकुछ एसएन पब्लिक स्कूल द्वारा किया जाएगा। किसानों को इसके बारे में आने वाले जनवरी महीने के मध्य में जोड़ने की पूर्ण कोशिश की जाएगी। विद्यालय परिवार आप सबसे गुजारिश करता है कि आप इस अभियान से जुड़े और इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं।

# कूड़ा निस्तारण संयंत्र को चिह्नित हो रही जमीन

जनसंदेश न्यूज

**पहल**

**17 गांवों के लिए विभाग ने भेजा 12 करोड़ का प्रस्ताव**

**बलिया।** वित्तीय वर्ष 2022-23 में शासन की ओर से गांवों को ओडीएफ प्लस की श्रेणी (माडल) में लाने की कवायद शुरू की गई है। इसमें जिले के 108 ग्राम पंचायतों के 164 गांवों को चिह्नित किया गया है। योजना के तहत संबंधित राजस्व गांव के साथ ही इनकी ग्राम पंचायत के समस्त राजस्व ग्रामों को सम्मिलित किया गया है।

जिले के 17 और गांवों में कूड़ा निस्तारण संयंत्र स्थापित करने की कवायद में पंचायती राज विभाग जुट गया है। विभाग की ओर से 12 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। पंचायत राज विभाग की ओर से शासन को भेजी गई 147 गांवों की कार्ययोजना को स्वीकृति हो चुकी है। 110 करोड़ की धनराशि भी उपलब्ध हो चुकी है। इन गांवों को ओडीएफ करने के लिए विभिन्न प्रकार के इंतजाम के साथ ही कूड़ा निस्तारण संयंत्र भी स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, सामुदायिक शौचालय निर्माण आदि कार्य भी कराए जाएंगे। शेष 17 गांवों के लिए भी विभाग ने 12 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा है। अधिकारियों के अनुसार शासन से स्वीकृति मिलने के बाद इन गांवों में कूड़ा संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उधर, पूर्व से जारी धन के सापेक्ष संबंधित गांवों में कूड़ा संयंत्र स्थापित करने को लेकर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। संयंत्र के लिए जमीन चिह्नित की जा रही है।

# ओवरफ्लो होकर सड़क पर आया नहर का पानी

**सिकन्दरपुर।** सिंचाई विभाग की लापरवाही से बिन बारिश सड़क जलमग्न हो गई। नहर का पानी ओवर फ्लो होकर सड़क पर आ गया है। हफ्ता दिन पहले सिंचाई विभाग द्वारा नहरों की साफ-सफाई तो कराई गई थी, लेकिन यह कहना गलत नही होगा कि यह आधा-अधूरा काम था। क्योंकि मंगलवार की दोपहर को जैसे ही नहर विभाग द्वारा पानी छोड़ा गया, वैसे ही आधे-अधूरे कार्य की पोल खुल गई।

सिंचाई विभाग के नहर का पानी सिकन्दरपुर कस्बा अंतर्गत गंगोत्री देवी इंटर कालेज के समीप सड़क से ओवरफ्लो होकर बहने लगा। इससे विद्यालय के आस-पास का 100 मीटर तक सड़क व घरों के आस-पास भारी जल जमाव हो गया। जल जमाव से राहगीरों के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को काफी दिक्कत हुई। आपको बता दें कि उक्त मार्ग पर एक दर्जन से अधिक कोचिंग व आधा दर्जन से अधिक विद्यालय स्थित है। इनमे पढ़ने जाने वाले छात्र-छात्राओं के साथ ही सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।


ओवरफ्लो होकर सड़क पर फैला नहर का पानी

## सार्वजनिक स्थानों पर नहीं जलेअलाव

**बैरिया।** दिन प्रतिदिन तेज हवा चलने से पड़ रही कड़ाके की ठंड के बावजूद क्षेत्र में कहीं भी अलाव नहीं जलाया जा रहा है। वहीं, न हीं कहीं रैन बसेरा ही बनाया गया है। इसके चलते गरीब तबके में विशेष करके सुबह सवेरे मजदूरी करने के लिए बाहर निकलने वालों को काफी दिक्कत हो रही है। तापमान न्यूनतम 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के बावजूद सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन, रानीगंज बाजार चौक, बैरिया त्रिमुहानी, टोला शिवन राय, लालगंज सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अलाव नहीं जलाया गया है। इस बाबत पूछने पर उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने बताया कि बैरिया में अलाव जल रहा है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने रैन बसेरा बनवाया है। शेष जगहों पर शीघ्र अलाव जलाने की व्यवस्था की जा रही है। सम्बधित लेखपालो को निर्देश दिया गया है।

# 'उड़ान' में धावकों ने दिखाई प्रतिभा

**बलिया।** अगरसंडा स्थित सनबीम स्कूल में तीन दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता उड़ान का शुभारंभ संयुक्त रूप से विद्यालय के निदेशक डॉ. कुंवर अरुण सिंह एवं प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह ने किया। प्रथम दिवस में एथलेटिक्स का आयोजन था, जिसमें कक्षा छठवीं से नौवीं एवं ग्यारवीं के बच्चों ने प्रतिभाग किया।

120 मीटर की दौड़ में प्रियांशु पाठक, स्वाति तिवारी, प्रशांत कुमार, शिवम उपाध्याय, शौर्य प्रताप सिंह व दीपशिखा प्रथम रहे। द्वितीय स्थान पर अंशिका सिंह, सनी यादव, आमना मेराज, अनीश यादव, अर्पिता यादव रहे। तृतीय स्थान पर आस्था यादव, शुभम कुमार, जान्हवी सिंह, श्रुति सिंह रहीं। 60 मीटर की दौड़ में शिवांगी उपाध्याय, दिव्य ज्योति पांडे, हनी सोनी, अनीश यादव, दीपशिखा, प्रियांशु कुमार, आशीष यादव, अनुज यादव, श्यामली केसरी प्रथम स्थान प्राप्त किए।

द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों में प्रशांत कुमार, आमना मेराज, अदिति यादव, वैभव गुप्ता, शौर्य प्रताप, प्रगति सिंह, अंशिका सिंह, मेराज आलम, आरुषि सिंह रहे, जबकि अंकित कुमार यादव, बेबी राय, अर्पित यादव, निशांत यादव, आयुष, श्रुति सिंह, वैभव यादव, स्वाति तिवारी, शिवम यादव, सलोनी सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को प्रधानाचार्या ने मेडल पहनाकर प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया।

मौके पर एसके चतुर्वेदी, पंकज सिंह, तरुण सक्सेना, राजेश सिंह, अबू शाहिद, प्रीति, पूनम, कमल निखिल, मुकेश, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे। संचालन सर्वतिका सिंह व रिद्धिमा ने संयुक्त रूप से किया।


सनबीम स्कूल में विजेता बच्चों के साथ विद्यालय परिवार

### निदेशक और प्रधानाचार्य ने दी बधाई

**बलिया।** इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. कुंवर अरुण सिंह ने बच्चों की हौसला अफजाई कर प्रशंसा करते हुए उनकी सफलता पर उन्हें बधाई दी। कहा कि सीबीएसई की ओर से विद्यालय में विभिन्न प्रकार के खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसमें सनबीम स्कूल सदैव अग्रणी रहने का प्रयास करता है। यहां के बच्चे प्रदेश व राष्ट्र स्तरीय प्रतिस्पर्धा हेतु चयनित किए जाते हैं। प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह ने बच्चों को विभिन्न खेलों में उनकी रूचि के अनुसार अधिकाधिक भाग लेने हेतु प्रेरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

# एसपी ने किया उभांव थाने का निरीक्षण विभागीय स्तर पर मची खलबली



**बेल्थरा रोड।** बलिया के एसपी राजकरण नैयर ने मंगलवार की शाम करीब 5 बजे उभांव थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी नैयर ने उभांव थाने में पंजीकृत अपराध से संबंधित मुकदमों का विस्तृत समीक्षा ही नहीं किया बल्कि मुकदमों के वादियों को बुलाकर घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और संबंधित विवेचक से मुकदमे की प्रगति के बारे में विस्तार से समीक्षा की। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर संबंधित विवेचक को प्रगति लाने का मौका दिया गया है, फिर जैसा होगा मुकदमा वादी से बात करके अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण में बाइक चोरी, मालीपुर में मूर्ति चोरी तथा अन्य पेंडिंग मुकदमों के बारे में एसपी ने समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान विभागीय स्तर पर खलबली मची हुई थी। एसपी राजकरण नैयर ने उभांव थाने से निकलने के बाद उभांव थाना मोड़, चैकिया मोड़ तथा बेल्थरा रोड कस्बे में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च भी किया। इस फ्लैग मार्च नागरिकों में चर्चा का विषय बना रहा। एसपी के निरीक्षण के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी रसड़ा शिव नारायण वैश, उभाव थाने के प्रभारी निरीक्षक राजीव, अपराध निरीक्षक राकेश सिंह व उभाव थाने के समस्त उपनिरीक्षक मौजूद रहे।

**जायजा**

### बेल्थरा रोड नगर में एसपी ने किया फ्लैग मार्च

## चोरी की बाइक व असलहा के साथ दो गिरफ्तार

**बैरिया।** स्थानीय पुलिस ने चोरी की हीरो होंडा मोटरसाइकिल, एक 315 बोर का कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस के साथ दो युवकों को सोमवार की रात बैरिया तहसील मोड़ से उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वह किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए कहीं जा रहे थे। वह पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किये, लेकिन पुलिस ने दौड़ा कर उनको दबोच लिया। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिलने पर तत्काल चौकी इंचार्ज बैरिया अतुल मिश्रा को भेजा गया। उन्होने अपने हमराहियों के साथ उन्हे पकड़ लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना नाम-पता धीरज सिंह पुत्र बरमेश्वर सिंह निवासी लक्ष्मण छपरा, थाना दोकटी एवं निखिल पांडे पुत्र रामनिवास पांडे निवासी चंदौली, थाना उभांव, जनपद बलिया बताया। जांच करने पर मोटरसाइकिल चोरी की निकली। वही, धीरज सिंह के पास से एक 315 बोर का कट्टा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उक्त मोटरसाइकिल दुबहर थाना क्षेत्र से कुछ दिन पूर्व चोरी की गई थी। इसकी प्राथमिकी दुबहड़ थाने में दर्ज है। गिरफ्तार युवकों ने पुलिस के सामने कई घटनाओं में शामिल होना स्वीकार किया है। सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज करते हुए पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को चालान न्यायालय कर दिया।

# जनजाति विरोधी मानसिकता से कार्य कर रही सरकार



मॉडल तहसील के समीप धरना देते गोंगपा कार्यकर्ता

**बलिया।** आदिवासी जनजाति समुदाय के लोगों को निकाय चुनाव वर्ष 2012 व 2017 की भांति इस बार भी एसटी सीटें आरक्षित कराने की मांग को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का मॉडल तहसील के समीप चल रहा अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को 20वें दिन भी जारी रहा। संजय गोंड ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार आदिवासी जनजाति विरोधी मानसिकता से कार्य कर रही है।

इसका ताजा उदाहरण आदिवासियों को नगर निकाय चुनाव में पूरे प्रदेश में अध्यक्ष/ सभासद की एक भी सीट न देना है, जबकि 2017 में केवल बलिया जिले में ही सभासद की सात सीटें आरक्षित थी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव-2020 में केवल बलिया जिले में ही 53 प्रधान, 59 बीडीसी, दो जिला पंचायत सदस्य, एक ब्लाक प्रमुख तथा ग्राम पंचायत सदस्य सहित 725 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित थी। लोग चुनाव भी लड़े और चुनाव जीतकर प्रतिनिधित्व भी कर रहे है। संजय गोंड ने कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती है, तब तक धरना जारी रहेगा। मौके पर सुमेर गोंड, अरविन्द गोंडवाना, मनोज शाह, सुरेश शाह, दुर्गविजय, चन्द्रशेखर खरवार, अलगू गोंड, वैभव, मदन प्रसाद खरवार, भृगुनाथ, नन्दजी, हीरालाल गोंड, मनोहर गोंड, रामसेवक खरवार, भुवनेश्वर प्रसाद, शिवशंकर खरवार, श्रीभगवान गोंड, भोला गोंड, राजेश गोंड, अनिल गोंड आदि मौजूद रहे।

**बोले संजय गोंड**

### मॉडल तहसील के समीप जारी रहा गोंगपा का अनिश्चितकालीन धरना

## संक्षेप

### दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो की मौत

**नगरा।** थाना क्षेत्र में अलग-अलग दो सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी। पुलिस दोनों युवकों के शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया। थाना क्षेत्र उभांव के मालीपुर से मंगलवार को देर शाम ओवरलोड पिकअप ब्रान लेकर रतसड़ को जा रही थी, अभी नगरा सिकन्दरपुर रोड के डांडेपुर गांव के पास पहुंची थी कि असन्तुलित होकर पलट गई, जिसमें पांच मजदूर ब्रान के बोरे के नीचे और एक मजदूर रतसड़ निवासी 20 वर्षीय रोहित राजभर पिकअप के नीचे दब गया, जिससे मौके पर ही रोहित की मौत हो गयी। दूसरी घटना सोमवार की देर रात नगरा गड़वार मार्ग के गोठाई चट्टी पर पिकअप और बाइक की टक्कर में बाइक सवार रसड़ा थाना क्षेत्र के छिब्बी निवासी 17 वर्षीय रोहित शर्मा गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। टक्कर की आवाज सुनकर ग्रामीण पहुंचे, तब तक रोहित दम तोड़ चुका था। रोहित ननिहाल में अपने नाना के श्राद्ध में आया था, किसी कार्यवश नगरा आया था। नगरा से ननिहाल बाइक से जा रहा था कि गड़वार की तरफ से आ रही पिकअप से टक्कर हो गयी। पुलिस दोनों शवों को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम हेतु बलिया भेज दिया।

### भगत सिंह के जीवन पर आधारित नाटक का हुआ आयोजन



**बलिया।** द होराइजन स्कूल गड़वार में शहीदे आजम भगत सिंह के जीवन पर आधारित विद्यालय में नाटक का आयोजन आशीष त्रिवेदी एवं उनके टीम के द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से दर्शाया गया, जिसको देख कर हर व्यक्ति को ऐसा लगा की मैं शहीदे आजम भगत सिंह बनूंगा और क्रांतिकारी बनकर देश की सेवा करूंगा। भगत सिंह की कहीं हर बाते वो दिलो दीमाग में पैठ बना ली है हर जर्रे जर्रे ने कहा भगत सिंह जिंदाबाद। इस नाटक के मंचन से हमें देश भक्ति की प्रेरणा मिलती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने आशीष त्रिवेदी और उनके टीम की सराहना की। वहां सभी अध्यापक-अध्यापिकाये उपस्थिति रहे।

### हरिद्वार सिंह की मनी 32वीं पुण्यतिथि

**बलिया।** स्व. हरिद्वार सिंह की 32वीं पुण्यतिथि मंगलवार को शहर के जगदीशपुर हरिद्वार मार्ग हास्पिटल रोड में मनाया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनको नमन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि स्व. सिंह आजीवन गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा के लिये तत्पर रहे। उनकी पत्नी नीता देवी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर समीर तिवारी, लवकुश सिंह, उमेश मिश्रा, अमित गुप्ता, अरूण सिंह, सिंटू सिंह, पवन सिंह, सोनू चैरसिया, प्रवीण चैरसिया, संतोष राय, शेषनाथ, कृष सिंह, कुशाग्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### बिजली विभाग का चला चेकिंग अभियान, ग्रामीणों में हड़कम्प

**सिकन्दरपुर।** तहसील अन्तर्गत माल्दह फितर से सम्बंधित नारापार में जेई की अगुवाई में बिजली बकायेदार उपभोक्ताओं के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। पांच हजार से अधिक बिल बकाया वाले उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काटा जा रहा है। इस बाबत विद्युत विभाग के जेई राजकुमार सिंह ने बताया कि बिजली विभाग बकायेदार विद्युत उपभोक्ताओं के खिलाफ अभियान चलाकर बकाएदारों को जमा करने को बार-बार कहा जा रहा है, फिर भी बिल नहीं जमा करने वाले कनेक्शन धारियों का केबल काटा जा रहा है। वहीं बिना कनेक्शन पकड़े जाने पर उनके ऊपर 136 और 138 के तहत मुकद्दमा दर्ज कराया जा रहा है। अवर अभियंता अभिराम प्रणव ने बताया कि बिजली कनेक्शन काटने के बाद भी अगर उपभोक्ताओं ने बिल जमा नहीं किया तो उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान राजीव वर्मा, विवेक सिंह, अवनीश श्रीवास्तव, अमित तिवारी सहित दर्जनों कर्मचारी मौजूद रहे।

### गायत्री परिवार घर-घर बांट रहा आमंत्रण पत्र

**बलिया।** गायत्री माता प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव और 108 कुंडीय महायज्ञ का भाव भरा आमंत्रण गायत्री परिवार की माताओं-बहनों द्वारा घर-घर वितरित किया जा रहा है। माताएं-बहनें सभी से आग्रह कर रही हैं कि युग चेतना के महाकार्य में परिवार सहित अवश्य सहभाग करें। गायत्री परिवार की माताओं-बहनों की कई टोलियां प्रतिदिन सुबह ही शहरी और ग्रामीण इलाकों में निकल जा रही हैं। बाजार में दुकान-दुकान और नगर तथा गांव में घर-घर जाकर गायत्री शक्तिपीठ में एक जनवरी से चार जनवरी तक आयोजित होने वाले धार्मिक अनुष्ठान का आमंत्रण पत्र सभी को देकर महायज्ञ में सहभाग का निमंत्रण दे रहीं हैं। गायत्री शक्तिपीठ महाबीर घाट गंगा जी मार्ग बलिया में एक जनवरी से चार जनवरी तक भव्य और दिव्य आयोजन होना है। एक जनवरी को झांकी के साथ भव्य कलश यात्रा का आयोजन होना है।

# निकाय चुनाव के आरक्षण पर कोर्ट के फैसले से भावी चेयरमैन मायूस

**जनसंदेश न्यूज**



**नगरा।** निकाय चुनाव के लिए घोषित ओबीसी आरक्षण पर हाईकोर्ट के आए मंगलवार को फैसले से दंगल में उतरे भावी प्रत्याशियों में मायूसी छा गयी है। नवसृजित नगर पंचायत नगरा में तो पिछड़ी जाति आरक्षित होने से भावी चेयरमैन प्रत्याशियों के आयी बाढ़ में समान्य सीट को भी पीछे छोड़ दिया था।

प्रचार का आलम यहां तक पहुंचा कि भाजपा के दावेदारों ने तो वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में भारी हुजूम के साथ शक्ति प्रदर्शन किया, जिसमें लोग गाजे-बाजे ढोल नगाड़े डीजे के साथ बढ़ चढ़ कर भाग लिया। वैसे आरक्षण बदलने की पहले से ही चल रही चचाओं ने पिछड़े प्रत्याशियों की नींद उड़ा दिया था। इस चुनाव की आहट में नगर पंचायत नगरा में लगभग दर्जनों भावी प्रत्याशी कनफोड़वा डीजे की आवाज से हर कोई परेशान हो गया था। जिसपर इधर कुछ दिनों से पुलिसिया रोक लगने से बन्द है। एक तरफ चुनाव की प्रक्रिया में लखनऊ हाईकोर्ट की बेंच के फैसले में काफी फेरबदल आने से प्रचार तो थम गया तो दूसरे तरफ इनके खर्च होने से औंधे मुंह पड़ गये हैं।

आने वाले समय में सरकार द्वारा अगर कोई बदलाव आता है तो इन्हें राहत मिलने की सम्भावना बनेगी मगर फिलहाल कोर्ट ने तो इनके मंशा पर पानी फेर दिया है।

# कोरोना से निपटने को किया मॉक ड्रिल



सीएचसी सीयर में मॉक ड्रिल करते स्वास्थ्य कर्मी

**बेल्थरारोड।** शासन के निर्देश पर पूरे प्रदेश में नए कोरोना वायरस से निपटने के लिए माक ड्रिल मंगलवार को सभी कोविड-19 अस्पतालों पर किया गया। इसके क्रम में सीएचसी सीयर के एल-1 कोविड-19 अस्पताल में अधीक्षक डा.राकेश सिंह के निर्देशन में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा भी माक ड्रिल किया गया।

इस दौरान मुख्य द्वार से कोविड प्रभावित मरीज एम्बुलेंस से अस्पताल के अन्दर प्रवेश किया। उसे कोराना वारियर्स के द्वारा व्हील चेयर द्वारा आईसीयू में भर्ती किया गया और गाइडलाइन के अनुसार उपचार शुरू किए जाने का सफल प्रयोग किया गया। अधीक्षक डा. राकेश सिंह ने बताया कि प्रशासनिक स्तर से अस्पताल में नए कोविड के मरीजों के उपचार हेतु 30 बेड, दो आईसीयू बेड, व्हील चेयर, आक्सीजन प्लांट से पाइप लाइन द्वारा सभी बेड पर आक्सीजन आपूर्ति की व्यवस्था, मास्क, पीपीई कीट, हैंड सेंटाइजर, विपरित परिस्थितियों से निबटने के लिए आक्सीजन सिलेंडर की पर्याप्त व्यवस्था है। मौके पर डा. एलसी, प्रमोद कुमार, विनीत कुमार, कृष्ण कुमार, सुशील कुमार, आशीष, आनन्द, त्रिपुरारी, चंद्रभान यादव, महेन्द्र तिवारी, राजू आदि मौजूद रहे।

**तैयारी**

### गाइडलाइन के अनुसार उपचार करने का किया सफल प्रयोग

### कोरोना को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट



**बैरिया।** कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा जारी एडवाइजरी के बाद स्वास्थ्य विभाग एलर्ट मोड में हो गया है। एक-एक तैयारी पर ध्यान दिया जा रहा है। सीएचसह सोनबरसा स्थित आक्सीजन प्लांट को ठीक कर लिया गया है। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए की जाने वाली उपायों को चुस्त-दुरुस्त किया गया है। कोरोना से निपटने के लिए सारी व्यवस्था ठीक किया गया है। वही, मंगलवार को सोनबरसा अस्पताल में माक ड्रिल किया गया। इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कोरोना की जांच और बूस्टर डोज लगाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य सोनबरसा के अधीक्षक डा. आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि पूरी व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त की गई है। कोरोना को फैलने नहीं दिया जाएगा। वहीं, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुरली छपरा के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. देव नीति सिंह ने बताया कि डरने की जरूरत नहीं है। सावधान रहने की जरूरत है। इस बार पूरी तैयारी ठीक-ठाक है। कोरोना को हारना ही होगा। लोगों को कोई असुविधा नहीं होने दी जायेगी। अब कोरोना से सतर्क रहते हुए डट कर मुकाबला करना होगा।


## संक्षेप

### नगर पंचायत ने प्लास्टिक के खिलाफ चला अभियान



**दोहरीघाट, मऊ।** शासन के निर्देश पर नगर पंचायत दोहरीघाट में अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार के नेतृत्व में कस्बे में सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर अभियान चलाया गया। जिससे पूरे कस्बे में हड़कंप का माहौल बना रहा। विभिन्न प्रतिष्ठानो पर प्रतिबन्धित प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान चलाया जिसमें लगभग एक दर्जन दुकानदारों के यहां छापा मारी की गई। छापे के दौरान लगभग 150 ग्राम प्रतिबन्धित प्लास्टिक पकड़ा गया और लगभग सोलह सौ रुपये अर्थ दंड वसूल किया गया। जाँच प्रक्रिया से बाजार में खल बलि मची रही। ईओ मनोज कुमार सिंह द्वारा चेतावनी जारी की गई कि यदि जो भी दुकानदार प्रतिन्धित प्लास्टिक बेचेगा उसके किलाफ कानूनी कार्य वाही की जाएगी। इस दौरान अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार, लिपिक सुशान्त त्रिपाठी, प्रतीक मिश्र, राहुल यादव, दिवाकर व अन्य नगर पंचायत के कर्मचारी सहित अन्य लोग रहे।

### रिसोर्स रिकवरी सेंटर का हुआ शिलान्यास व भूमि पूजन



**कोपागंज, मऊ।** कोपागंज विकास खंड के ग्राम सभा इंदारा के (बिजुलिया) पुरवे में मंगलवार की दोपहर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 रिसोर्स रिकवरी सेन्टर का मुख्य अतिथि डीपीआरओ अभिषेक शुक्ला के द्वारा शिलान्यास एवं भूमि पूजन विधि विधान से किया गया। ग्रामीणजनों को ओडीएफ प्लस के उद्देश्य तथा गांव के विकास के लिए सरकार द्वारा कराए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। पूरे विधि विधान के साथ भूमि पूजन करने के उपरांत डीपीआरओ अभिषेक शुक्ला ने कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों से कहा कि पंचायती राज्य के अपर मुख्य सचिव द्वारा प्रदेश के 45 सौ से अधिक गांवों का चयन ओडीएफ प्लस में किया गया है सरकार द्वारा पांच हजार से अधिक आबादी वाले गांवों में रिसोर्स रिकवरी सेंटर का निर्माण शासन द्वारा किया जा रहा है। लगभग 12 सौ वर्ग फीट में व लगभग 8 लाख की लागत से बनकर तैयार किया जाएगा। जैसे शहरों में गाड़ियों से कूडा इक्टठा किया जाता है उसी प्रकार अब गांवों में भी अब कूड़ा इक्टठा किया जाएगा और यहा लाकर उसका छंटाई अलग अलग भागों में कर जैसे कांच, प्लास्टिक, लोहा आदि को छंटाई कर उसका विभिन्न कार्यो में लिया जा सकता है और ग्रामीण विकास के लिए जरूरी हर पहलू पर ध्यान दिया जा रहा है ताकि गांव में रहने वाले लोगों का जीवन स्तर बेहतर हो सके। कार्यक्रम के दौरान खंड विकास अधिकारी हरिमोहन सिंह, एडीओ पंचायत विजय शंकर सिंह, ग्रापं अधिकारी, विजय बहादुर सिंह, अर्चना सिंह, खुशबू भारती, जुबैर अहमद, जगराम, अखिलेश, सुनील, धनंजय, राणाप्रताप, हर्षवर्धन सिंह, राजेन्द्र सिंह, हर्षित सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय बहादुर सिंह ने किया।

### नवीन नलकूप के निर्माण हेतु निर्धारित मानकों के अनुरूप ही स्थल का करें चयन : जिलाधिकारी



**मऊ।** मंगलवार को डीएम अरुण कुमार की अध्यक्षता में जनपद में नवीन नलकूप परियोजना के तहत नलकूपों के निर्माण हेतु ग्रामों के चयन के लिए जिला नलकूप स्थल चयन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता नलकूप ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रदेश के 62 जिलों हेतु कुल 2100 गहरे नलकूप की स्थापना किया जाना है, जिसके तहत जनपद मऊ को 28 गहरे नलकूप के स्थापना का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जो दो वित्तीय वर्षों में पूर्ण किया जाना है। उन्होंने बताया कि एक नलकूप के निर्माण पर 32 लाख का खर्च आएगा, जिसमें मूलभूत संरचना के साथ ही जल वितरण प्रणाली की स्थापना की जानी है। बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता नलकूप ने बताया कि जनप्रतिनिधियों व ग्राम पंचायतों के माध्यम से कुल 32 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 16 प्रस्ताव ही शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए गए। इनमें से 14 स्थलों का चयन किया जाना है। बैठक के दौरान डीएम ने निर्धारित मानकों को पूर्ण करने वाले समस्त स्थलों पर विस्तृत चर्चा के उपरांत कम मानक पूर्ण करने वाले दो ग्रामों का चयन न कर शेष 14 स्थलों का चयन करने के निर्देश दिए।

# 36 घंटे बाद भी गिरफ्तारी नहीं होने से ग्रामीणों ने थाने का किया घेराव



**कोपागंज, मऊ।** दो दिन पूर्व पेट्रोल पंप के पास बिल्डिंग मैटेरियल के साथ धंधे को लेकर हुई जानलेवा हमले और रूपए लूट की घटना में शामिल दो नामजद और अज्ञात आरोपियों की अभी तक गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार को थाने का घेराव किया और आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर अभी तक कोई पुलिसिया कार्रवाई नहीं होने पर पुलिस पर सवाल उठाए। गौरतलब है टडियाव निवासी आशुतोष सिंह दो दिन पहले स्थानीय पेट्रोल पंप पर के पास अपनी बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान पर बनियापार निवासी हिमांशु यादव और टडियाव निवासी संजीत यादव समेत करीब दस अज्ञात युवकों पर धंधे को लेकर लाठि डंडे और वहा पर रखे लोहे के बेलचा से चचेरे भाई रामबचन सिंह और आषिश सिंह को मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल करने और असलहा लहराते हुए दुकान से नगदी लूटने के आरोप में पुलिस ने तहरीर दिया था।

ग्रामीणों का कहना है था कि घटना के 36 दिन गुजरने के बावजूद पुलिस अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर सकी। जिसके बाद भी कोपागंज थाना अध्यक्ष व एसओ जी प्रभारी अमित मिश्रा कस्बा इंचार्ज राज नारायण पांडे ने ग्रामीणों को समझाते हुए घटना में शामिल सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार कारवाई में लगी हुई है। कहां कि भरोसा रखें सभी आरोपी जल्द पुलिस के शिकंजे में होंगे। इस दौरान राजू पांडे, लालू सिंह, शिव प्रकाश, राजेंद्र सिंह, राणा सिंह, पवन सिंह, संजय सिंह, गोपाल सिंह समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## जरूरतमंद लोगों में किया गया कम्बल वितरण



**मऊ।** ठंड की दस्तक शुरू हो गयी है। जिसको लेकर घोसी सांसद अतुल राय के प्रतिनिधि गोपाल राय एवं उनकी टीम शुक्रवार से ही गरीब, असहाय, निर्धन विकलांग लोगों, तम्बू लगाकर बंजारा का जिंदगी गुजर बसर करने वाले लोगों, रिक्शा चालकों, रोडवेज, रेलवे स्टेशन आदि जगहों पर जरूरतमंद लोगो को चिन्हित कर कम्बल का वितरण किया जा रहा है। गरीब, बेसहारा, जरूरतमंदों के लिए यह कठिन समय होता है। ठंड की हल्की शुरूआत में ही गरीबों के समक्ष आने वाली चुनौतियों को ध्यान रखते हुए हजारों लोगों को कंबल वितरण मऊ, घोसी, मोहम्दाबाद गोहना सहित पैतृक गांव में भी किया है और यह क्रम चलता रहेगा। इस दौरान विनीत राय, संजय, जिलाध्यक्ष राजविजय, डब्बू नितेश सहित अन्य लोग थे।

# कोविड संक्रमण की तैयारी परखने के लिए मॉक ड्रिल

**मऊ।** जनपद में कोविड संक्रमण की तैयारी परखने के लिए मंगलवार को नोडल जिला कंसलटेंट आजमगढ़ विनय यादव निर्देशन में मॉक ड्रिल हुई। इसमें तंडियाव घोसी सौ बेड के अस्पताल समेत सभी स्वास्थ्य केंद्रों ने हिस्सा लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेश अग्रवाल ने बताया कि यह मॉक ड्रिल कोविड के नए वैरियंट के संक्रमण के बढ़ने की आशंका के मद्देनजर हुई। इसमें तंडियाव घोसी समेत अधिकतर स्वास्थ्य केंद्रों ने हिस्सा लिया।

इस दौरान अन्य विभागों से स्वास्थ्य टीम का और स्वास्थ्य टीम के आपस का समन्वय देखा गया। सीएमओ डॉ अग्रवाल ने आश्वस्त किया कि जनपद में आक्सीजन और बेड की कोई कमी नहीं है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर दवा की पूरी उपलब्धता है। जनपद के कोविड के नोडल अधिकारी डॉ. एच.एन. मौर्य ने बताया कि चयनित सीएचसी पर नोडल अधिकारि नियुक्ति हैं। मॉक ड्रिल के दौरान जनपद में कोविड मरीजों के लिए आरक्षित बेड, वार्ड और आक्सीजन की उपलब्धता देखी गई। साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों पर बच्चों के पीकू वार्ड तैयार हैं। वहीं पीडियाट्रिक वार्ड भी तत्काल में उपयोग लाए जा सकते हैं। रविशंकर महामारी विशेषज्ञ ने बताया कि जनपद में वर्तमान में एकभी व्यक्ति कोरोना संक्रमित नहीं हैं। नए वैरियंट को देखते हुए कोविड मरीजों के लिए राजकीय और निजी चिकित्सालय एल 1, एल 2 पीकू आईसीयू मिलाकर कुल 500 बेड आरक्षित किए गए हैं। राजकीय चिकित्सालय में इसमें 130 बेड आक्सीजन सहित और 210 बेड का बार्ड बनाया गया है। 6 स्वास्थ्य केंद्रों पर बच्चों के 70 पीकू वार्ड तैयार हैं। वहीं 70 पीडियाट्रिक वार्ड भी तत्काल में उपयोग लाए जा सकते हैं।

**दोहरीघाट संवाददाता के अनुसार** सीएचसी पर कोविड के खतरे से निपटने के लिए जो तैयारी की गई हुई। वह कितना कारगर है इसकी परख के लिए मंगलवार को मॉक ड्रिल कर टेस्ट कराया गया। पांच मिनट में कोरोना पीड़ित मरीज को भर्ती किया और उसको इलाज शुरू किया। नोडल अधिकारी डॉ. अशोक कुमार तथा अधीक्षक डा. फैजान के नेतृत्व में कोरोना संक्रमित मरीज के रूप में एक डमी व्यक्ति को खड़ा किया गया था।

## प्रकाश हॉस्पिटल के सभागार में रक्त दाताओं का किया गया सम्मान



**मऊ।** मंगलवार को प्रकाश हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर मऊ के सभागार में रक्त दाताओं का सम्मान किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अन्नपूर्णा यादव केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार ने कई बार रक्तदान करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर उन्होंने उपस्थित युवाओं शहर के सम्मानित चिकित्सक एवं समाजसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश के यशस्वी पीएम मोदी का मूल मंत्र ही सेवा है और आप सभी ने रक्तदान करके एक मिसाल कायम की है निश्चित रूप से आप सभी बधाई के पात्र हैं।

कोरोना काल में प्रकाश हॉस्पिटल ने सैकड़ों मरीजों की जान बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर ओबेदा हरीश आबिद आजमी जमाल अख्तर बिलाल अहमद भरत सिंह सतीश मिश्रा संजय शर्मा रविप्रकाश सिंह अक्षत उपाध्याय रफी अंसारी रक्त दाताओं को मुख्य अतिथि ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत डायरेक्टर डॉ. मनीष कुमार राय, डॉ. नीतीश राय, डॉ. अखिलेश बरनवाल, डॉ. यूपी मिश्रा, डॉ.वरुण गुप्ता, डॉ राकेश, डॉ. जैनब फातिमा ने माल्यार्पण करके किया।

# केंद्रीय मंत्री ने किया साधु-संतों को सम्मानित



**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** करहां परिक्षेत्र के आस्था और विश्वास के केंद्र बाबा घनश्याम साहब के सुप्रसिद्ध मठ पर भारतीय जनता पार्टी के सौजन्य से क्षेत्र के साधु-संतों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पिछले तीन दिनों से मऊ जनपद में प्रवास कर रही केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा रही। कार्यक्रम की शुरूआत में प्राथमिक विद्यालय माहपुर की तिरंगे से सुसज्जित सात बच्चियों के द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया गया।

कक्षा पांच की छात्रा सानिया ने मात्र 30 सेकेंड में 75 जिलों का नाम सुनाया। विद्यालय में विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों को संपादित करते रहने के कारण अनेकों पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके जूनियर विद्यालय माहपुर के शिक्षक राजीव मौर्य के निर्देशन में पहुँची बच्चियों की प्रतिभा और उत्साह से केंद्रीय मंत्री अभिभूत नजर आई। विधानसभा की प्रत्याशी रही पूनम सरोज एवं डॉ. उमेश सरोज ने अतिथियों को अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। केंद्रीय मंत्री सहित मंचस्थ आगत अतिथियों का माल्यार्पण एवं पुष्प गुच्छ द्वारा मंडल अध्यक्ष ओमकार सिंह मुन्ना, दयाप्रकाश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, इंद्रदेव सिंह, जयप्रकाश सिंह, नागेंद्र सिंह, रविभूषण सिंह, विष्णुकांत श्रीवास्तव, आशीष चैधरी आदि ने स्वागत किया।

विप्रगण के द्वारा स्वस्तिवाचन एवं मंगलाचरण के उपरांत मठ के महंतश्री भगवान दास जी महाराज 'मानस धुरंधर' सहित कुल 11 साधु-संतों एवं साध्वियों का मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के अतिरिक्त लोकसभा प्रभारी देवेंद्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह एवं सभाध्यक्ष मठ के महंथ भगवान दास ने संबोधित किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में भाजपा की वर्तमान केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के बारे में चर्चा किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के माध्यम से मठ मंदिरों का कायाकल्प एवं सुंदरीकरण करके एक उदाहरण प्रस्तुत किया गया है उसी प्रकार अयोध्या एवं मथुरा भी चमकेगा। हमारी सरकार एवं पार्टी साधु-संतों एवं सभी धार्मिक स्थलों का सम्मान करती रही है और आगे भी करती रहेगी।

कार्यक्रम के अंत में मंडल अध्यक्ष ओमकार सिंह मुन्ना एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य आशीष चैधरी ने क्षेत्र की खराब सड़को से सम्बंधित ज्ञापन दिया। इसके अतिरिक्त मुहम्मदाबाद गोहना तहसील की समस्या को लेकर अधिवक्ता प्रभाकर राय एवं किसान नेता नागेंद्र सिंह ने क्षेत्रीय समस्याओं के बारे में ज्ञापन दिया। अध्यक्षता मठ के महंथ एवं संचालन पूर्व जिला उपाध्यक्ष गणेश सिंह व धन्यवाद प्रवीण गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में सम्मानित क्षेत्रीय जनमानस के अतिरिक्त मुख्य रूप से मुन्ना, पूर्व विधायक श्रीराम सोनकर, मनोज राय, अरविंद सिंह, शकुंतला चैहान, अशोक सिंह, नूपुर अग्रवाल, ग्राम प्रधान श्याम बिहारी जायसवाल, प्रधान धीरेंद्र खरवार, प्रधान वीरेंद्र राजभर आदि उपस्थित रहे।

# ट्रेन के आगे कूदकर अधेड़ ने दी जान



अधेड़ की मौत के बाद घटना स्थल पर लोंगो की जुटी भीड़।

**सेवराई।** पूर्व मध्य रेलवे दानापुर डीडीयू रेलखंड के भदौरा रेलवे स्टेशन के समीप एक अधेड़ ने मालगाड़ी के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। देखते ही देखते लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना के बाद गहमर के पुलिस चौकी सेवराई की पुलिस व जीआरपी दिलदारनगर मौके पर पहुंच गई। रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भदौरा रेलवे स्टेशन के समीप डाउन लाइन पर मंगलवार की सुबह जा रही मालगाड़ी के सामने एक अज्ञात अधेड़ दौड़ते हुए जाकर ट्रेन के आगे कूद गया। जिससे मौके पर ही मौत हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस चौकी सेवराई के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त का प्रयास किया। काफी देर बाद मृतक का शिनाख्त नवली गांव निवासी अनील पांडेय उर्फ राजू पांडेय (55) के रूप में किया गया । ग्रामीणों की माने तो मृतक का मानसिक स्थिति ठीक नहीं था और सुबह घर से बिना किसी से बताएं ही निकले थे। स्टेशन मास्टर भदौरा के सूचना पर पहुंची दिलदारनगर जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

## पानी बहाने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट

जनसंदेश न्यूज

**मरदह।** थाना के नोनरा गांव के चौहान बस्ती में पानी बहाने के पुराने विवाद को लेकर पक्षों के लोग मंगलवार को लाठी -डण्डा लेकर भीड़ गए। दोनों पक्षों में घण्टे भर तक लाठी डंडे एवं ईट-पत्थर चलते रहे। मारपीट में दोनों पक्षों के दर्जन भर लोग चोटिल हो गए। गम्भीर रूप से घायल एक पक्ष की निर्मला चौहान (45),राधिका चौहान (52),कौशल्या चौहान (38) वर्ष एवं दूसरे पक्ष के रामू चौहान (68),लल्लन चौहान (32),राजेश (30) वर्ष ,उपेंद्र (27) का उपचार मरदह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कराया गया। एक पक्ष के लल्लन चौहान की तहरीर दस लोगों के खिलाफ एवं हरिशंकर उर्फ खुरखुर चौहान की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ पुलिस ने बलवा एवं मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। मरदह थानाध्यक्ष दुष्यंत सिंह ने बताया कि समर सेबुल पम्प का पानी बहाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की जांच कर रही है।

# तहसील-थानों पर नहीं सुनी जा रही गरीबों की फरियाद

## 30 दिसंबर को सरजू पाण्डेय पार्क में कार्यकर्ता भरेंगे हुंकार

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** कम्यूनिस्ट पार्टी (माले) के जिला कमेटी की एक दिवसीय बैठक तुलसी सागर लंका कार्यालय पर हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा (माले) के केन्द्रीय कमेटी सदस्य ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि, योगी सरकार में दबे कुचले, मेहनतकश जनता की थाने से लेकर तहसील तक कहीं भी सुनवाई नहीं हो रही है। फिरोजपुर गांव निवासी शिवशंकर वनवासी की हत्या को तीन महीना हो गया।

आज की तारीख में हत्यारे पुलिस की मेहरबानी से खुलेआम घूम रहे हैं और नंदलाल वनवासी के हत्यारे लगातार रात को धमकी दे रहे हैं। लेकिन सदर कोतवाल भाजपाई नेताओ के दबाव में हत्यारों को बचा रहे हैं। जिसकी जितनी निन्दा किया जाए कम है तथा चेतावनी दी कि अगर हत्यारे अभिलम्ब गिरफ्तार नहीं हुए तो 30 दिसंबर को कामरेड सरजू पांडेय पार्क में धरना प्रदर्शन कर आवाज उठाया जायेगा। जिला सचिव रामप्यारे राम ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जखनियां के मझौली गांव से लेकर सदर के मिरनापुर सक्का, समेत गरीबों को जबरिया गांव समाज बंजर की जमीनों से बेदखल कर दिया गया। उनके लिए पुनर्वास और आवासीय जमीन की व्यवस्था नहीं की गई। बैठक को नंदकिशोर बिंद, जिलाध्यक्ष, राजेश वनवासी मंजू गोंड, योगेन्द्र भारती, चंद्रावती देवी, सरोज यादव, रामप्रवेश कुशवाहा,गोरखराजभर, सत्येन्द्र कुमार प्रजापति, मुराली वनवासी, लालजी बनवासी, विजयी वनवासी बुच्चीलाल ने सम्बोधित किया।

## संक्षेप

### कोरोना की सम्भावित लहर को लेकर मॉकड्रिल



**सैदपुर।** नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोरोना की संभावना को देखते हुए कोविड का मॉकड्रिल किया गया। इस दौरान अस्पताल में कोरोना मरीजों के आने पर किस तरह से उनका उपचार हो, ये सुनिश्चित किया गया। इस दौरान संक्रमित के रुप में एक छोटे से बच्चे को अस्पताल पहुंचने पर उसे कर्मियों ने तत्काल पीपीई किट पहनकर उसे अस्पताल में ले गए। अंदर उसे कोविड वार्ड में ले जाकर ऑक्सीजन लगाया गया। इसके बाद दवाओं का मॉकड्रिल किया गया, ड्रिल के दौरान सभी कर्मी मास्क लगाए रहे, जांच के लिए जिले से डॉ सुनील मिश्र मौजूद रहे। उन्होंने ऑक्सीजन प्लांट आदि की जांच की। कहा कि सम्भावित कोविड के चलते ये ड्रिल किया गया।

### कोरोना को लेकर चिकित्सकों की टीम हुई ऐक्टिव

**गाजीपुर।** कोविड-19 का प्रकोप विश्व के कई देशों में लगातार बढ़ रहा है। जिसको देखते हुए भारत में भी कोविड-19 को लेकर अलर्ट मोड में कर दिया गया है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को पूरी तैयारी करने के निर्देश भी दे दिए गए हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को जिला अस्पताल सहित कुल पांच स्वास्थ्य केंद्रों पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। एसीएमओ डॉ उमेश कुमार ने बताया कि शासन से मिले निर्देश के क्रम में जनपद के चार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुहम्मबाद,सैदपुर ,भदौरा और मनिहारी के साथ ही जिला अस्पताल में माकड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान कोविड-19 से पीड़ित मरीजों को किस तरह से उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल के बेड तक शिफ्ट करना। उसके पश्चात उनका इलाज करने को लेकर तैयारियों को पूरी तरह से परखा गया। जिला अस्पताल के सीएमएस डा. राजेश सिंह ने बताया कि ऑक्सीजन प्लांट के क्रियाशीलता के बारे में चेक किया गया। उन्होंने बताया कि कोविड-19 के संभावित लहर के मद्देनजर जनपद को कुल 69 वेंटिलेटर प्राप्त हुए थे। मॉक ड्रिल के दौरान डा. केएन चौधरी, डॉ प्रभात कुमार, डॉक्टर विनय शंकर, डा. मनोज, डॉ अनामिका कुमारी आदि मौजूद रहें।

### धारदार हथियार से मारकर किया घायल

**मरदह।** थाना के नोनरा गांव के पास सोमवार की देर शाम को मरदह बाजार से घर जा रहे नोनरा गांव निवासी रजनीकांत उर्फ मोनू पासवान (26) को अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से मार कर जख्मी कर दिया। उसका उपचार मरदह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कराया गया। मोनू पासवान ने मरदह से घर जाते वक्त रास्ते में बाइक सवार दो व्यक्तियों द्वारा घेर कर अज्ञात कारणों से गाली-गलौज करने एवं धारदार हथियार से मारकर घायल करने की तहरीर मरदह थाने में दी है। तहरीर के आधार पर अज्ञात हमलावर के खिलाफ मरदह पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

### डीजे बजाने को लेकर उपजा विवाद

**मरदह।** थाना के महाहर धाम पर आयोजित शादी कार्यक्रम में डीजे बजाने से रोकने पर शादी में शामिल होने आए युवक ने मरदह थाना के पृथ्वीपुर गांव निवासी मुन्ना राम(45) को मार कर लहूलुहान कर दिया। मुन्ना राम ने मरदह थाने में दी गयी। तहरीर में बताया कि शादियाबाद थाना के ऊसरगांव के वर पक्ष एवं चिरैयाकोट जनपद मऊ के लड़की पक्ष के बीच विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न हो रहा था। इस दौरान डीजे की धुन पर ऊँसर गांव निवासी रोशन राम नाच रहा था। मैने डीजे बंद करने को कहा तो रोशन राम ने मारकर घायल कर दिया।

### छात्र-छात्राओं में बांटा चाकलेट

**मरदह।** शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गुलाल सराय में वर्ष 2022 के बीतते हुए पल को यादगार बनाने के लिए विद्यालय में बच्चों पढ़ाई के काम आने वाले कॉपी,पेन,पेंसिल,चॉकलेट आदि का वितरण कर सर्व शिक्षा अभियान का संदेश दिया गया। प्रधानाध्यापक सुरेंद्र कुमार ने कहा कि सब पढ़े सब बढ़े के उद्देश्य को लेकर हम जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं। नेक कार्य करने के साथ गरीब परिवार के बच्चों की शिक्षा का बीड़ा उठाया जाए तो सभ्य समाज में इससे बड़ा उदाहरण कोई और नहीं हो सकता। इस प्रमोद यादव, डा. संजय चौरसिया, सतेंद्र यादव,स्वाती सिंह,ममता,सोना,हिमांशु चौरसिया,शिशिर चौरसिया सुधीर चौरसिया,सिंपल चौरसिया,बच्चे उपस्थित रहे।

### गजराज सिंह की मनी छठवीं पुण्यतिथि

**गाजीपुर।** भाजपा नेता, प्रमुख समाजसेवी स्व.गजराज सिंह की मंगलवार को 6वीं पुण्यतिथि सादे समारोह में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देकर मनाई गई। भाजपा जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि जिम्मेदारियों के प्रति सदैव इमानदार तथा समाजसेवा का व्रत पालन करने वाले गजराज आज हम सबके बीच नही है परन्तु उनके विचार और कार्य हम सभी को सदैव प्रेरणा प्रदान करते रहेंगे।श्रद्धांजलि समारोह में उपेंद्र सिंह,जगदीश सिंह, आनंद शंकर सिंह, अनिल सिंह, ओमकार सिंह, फेकन यादव, एजाज अहमद, अम्बरीष सिंह, आशीष सिंह, दुर्गा प्रसाद सिंह सहित क्षेत्रीय जनो ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### इलाज के दौरान ग्राम प्रधान का निधन

**रेवतीपुर।** ब्लाक क्षेत्र के उधरनपुर के वर्तमान ग्राम प्रधान जंगबहादुर उर्फ गुड्डू यादव (44) का मंगलवार की देर रात्रि में निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया,जबकि गाँव में इस घट?ना के बाद से ही सन्नाटा पसरा हुआ है। उनका अंतिम दाहसंस्कार गाजीपुर स्थित श्मशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र अमरेंद्र के देते ही सबकी आखें नम हो गई। प्रधान के निधन से ब्लाक अन्तर्गत प्रधानों ,सेक्रेटरी सहित अन्य गणमान्य लोगों का उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए उनके पैतृक आवास पर पहुंचने लगे। अंतिम दाहसंस्कार में इस पूर्व प्रधान दीपक सिंह, सेक्रेटरी सुरेश ,कृष्णानंद राय,रणजीत यादव,धर्मेन्द्र यादव आदि रहें।

### कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**भांवरकोल।** स्थानीय क्षेत्र के शेरपुर खुर्द गांव स्थित किसान पूर्व माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में कीड्स जोन स्कूल मुहम्मदाबाद एवं किसान विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच सद्भावना कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें किसान विद्यालय के छात्रों ने किड्स जोन मुहम्मदाबाद को 37 -11 से तथा छात्राओं के मैच में किड्स जोन की टीम ने किसान विद्यालय को 25-13 से हराकर प्रतियोगिता जीती। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधी जयानन्द राय ने बिजेता टीमों के खिलाड़ियों को शील्ड देकर उनकी हौंसला अफजाई की। इस मौके पर दयाशंकर राय, हरेंद्र यादव, सुरेश राय, लल्लन यादव,सुशील कुमार, अंशु राय, सुधा शुक्ला,कौशिल्या राय, लल्लन राय, मुनीन्द्र बर्मा आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## तीन जनवरी को यूपी में आयेगी भारत जोड़ो यात्रा



रजदेपुर स्थित कैंप कार्यालय में बोलते राज्य मंत्री राजेश तिवारी।

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस के सचिव, यूपी के सह प्रभारी और छत्तीसगढ़ के दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री राजेश तिवारी जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में रजदेपुर स्थित कैम्प कार्यालय में शामिल हुए। यूपी के सह प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक चल रही 'भारत जोड़ो यात्रा' आगामी तीन जनवरी को यूपी में प्रवेश करेगी। जिसमें गाजीपुर के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों की बड़ी संख्या में सहभागिता सुनिश्चित है। साथ ही 26 जनवरी से ₹हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा₹ जो बूथों से होते हुए लोगों के घरों तक जाएगी। बैठक में जिलाध्यक्ष सुनील राम, मकसूद खांन, सुरेंद्र सिंह, रविकांत राय, डा.जनक कुशवाहा, डा. मार्कंडेय सिंह, शफीक अहमद, अजय कुमार श्रीवास्तव आदि रहें। संचालन रविकांत राय ने किया।

## अमौरा की टीम ने अगले चक्र में किया क्वालीफाई

**सुहवल।** स्थानीय गाँव स्थित इण्टर कालेज के खेल मैदान में आजाद स्पोर्टिंग क्लब सुहवल के तत्वावधान में 52 वीं अन्तर्राज्यीय स्व गणेश राय एवं प्रभुनारायण राय मेमोरियल फुटबाल चैंपियनशिप आयोजित है। सोमवार की शाम खेले गये एकमात्र एवं दूसरे नाक आउट मुकाबलें में अमौरा ने गोडसरा को 3 - 0 से पराजित कर अपना स्थान अगले चक्र के लिए सुरक्षित कर लिया। मैच के आरम्भिक क्षणों से ही दोनों टीमों के मध्य काफी रोमांचकारी मुकाबला देखने को मिला। मध्यान्तर से पहले दोनों ही टीमों को कई नजदीकी अवसर मिले मगर कोई टीम मिले मौके को भुना पाने में असफल रही। इस अवसर सुनिल सिंह,प्रफुल्ल चंद्र राय,पूर्व प्रधान आदित्य नारायण राय, आशुतोष राय,राजू,प्रिंस, राहुल खरवार,भुल्लन राय आदि मौजूद रहे,मुकाबले में निर्णायक बृजेश मिश्रा उर्फ चुन्नू मिश्रा जबकि उद्घोषक की भूमिका सुरेन्द्र नाथ राय ने निभाई।

# पुलिस कस्टडी से अभियुक्त फरार

**दो घंटे में गिरफ्तार**

**पुलिस कर्मियों के साथ मेडिकल के लिए आया था आरोपी**

जनसंदेश न्यूज



विशुनपुर गांव में फरार अभियुक्त की तलाश करती पुलिस।

**कासिमाबाद।** पुलिस कस्टडी में मेडिकल कराने आया एक अभियुक्त पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। अभियुक्त की फरार होने की भनक मिलते ही पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया। हालांकि, पुलिस टीम ने अभियुक्त को तीन घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया।

बरेसर थाना क्षेत्र से एक अभियुक्त को मंगलवार को मेडिकल कराने के लिए कासिमाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दो पुलिसकर्मी लेकर पहुंचे। बताया जा रहा कि अभियुक्त अस्पताल परिसर से ही वाहन के पीछे से कूदकर दौड़ते हुए फरार हो गया । अभी मामले को पुलिस कर्मी समझते तब तक अभियुक्त नजरों से ओझल हो चुका था। साथ आए पुलिस कर्मियों ने आलाधिकारियों को सूचना दी। इधर अधिकारियों के निर्देश पर कासिमाबाद कोतवाली के दर्जनों पुलिस क्षेत्र के बड़ागांव और बिशुनपुर गांव के खेतों में फरार अभियुक्त की खोज में जुट गई।

इधर, अभियुक्त के फरार की सूचना मिलते ही ग्रामीण क्षेत्र में हड़कंप मच गया। खेतों में चारों तरफ पुलिस को देखकर गांव में तरह-तरह की चचाएं और दहशत का माहौल हो गया। कासिमाबाद एसएसआई देवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि आर्म्स एक्ट के तहत बरेसर थाना का अभियुक्त मेडिकल कराने आया था जो अस्पताल से फरार होने के बाद पुलिसकर्मियों ने पकड़ लिया है। वहीं बरेसर थाना प्रभारी धीरेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि यह अफवाह है ऐसी कोई बात नहीं है।

# जमीन से बेदखली के फरमान पर बांसफोर समाज आक्रोशित

जनसंदेश न्यूज



कासिमाबाद एसडीएम को पत्रक सौंपते गरीब समाज पार्टी के कार्यक्त्ता।

**कासिमाबाद।** गरीब समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश बागी के नेतृत्व में नसीर्दीनपुर गांव के बासखोर समाज के दर्जनों लोगों ने जमीन से बेदखल की कार्रवाई पर त्वरित रोक को लेकर लोगों ने प्रदर्शन करते हुए कासिमाबाद एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। कासिमाबाद तहसील में नसीर्दीनपुर गांव के दर्जनों बासखोर समाज के लोग अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में गांव में वर्षों से रह रहे लोगों के जमीन पर शासन के द्वारा खेल मैदान घोषित किए जाने और लोगों को बेदखल करने के आदेश बासफोर समाज के लोग आक्रोशित है।

बासफोर समाज का कहना है नासिर्दीनपुर गांव के इस समाज के लोग कई वर्षों से परिवार संग रह रहे। इधर बासफोर समाज के लोगों को बेदखल कर जमीन को खेल मैदान बताया जा रहा। जिससे यह समाज के लोग कहा जाएंगे। डोम समाज के आक्रोशित लोगों ने कासिमाबाद तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए कासिमाबाद एसडीएम से जमीन से डोम समाज को बेदखल की कार्रवाई पर त्वरित रोक लगाने की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई।

वहीं एक नट समाज के सुलेमान ने कहा कि इस समाज के लोगों को मृत्यु होने पर जमीन ने दफनाने के लिए ग्राम सभा में कब्रिस्तान की जमीन दिलाने की मांग की।

इस मौके पर झकडी, नखदू, देवमुनि,अनिल, सुनिल, रामजी, संजय, सुलेमान, लालजी, बब्लू, मनोज, पन्ना,लालचन्द्र, प्रमोद, अशोक आदि बंसखिर समाज के लोग मौजूद रहे।

## क्षत्रिय राजपूत संगठन की बैठक संपन्न

जनसंदेश न्यूज

**मरदह।** क्षत्रिय राजपूत संगठन की बैठक का आयोजन मंगलवार को कोदई गांव में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय महासचिव डा. राणा विजय भारशिव क्षत्रिय ने कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट एवं यूपी सरकार द्वारा 16 जुलाई 2021 को गजट के आधार को सरकारी साक्ष्य मानते भार शिव क्षत्रिय भर -राजभर जाति को सवर्ण श्रेणी के 10 प्रतिशत आरक्षण की श्रेणी में शामिल किया जाय। इसके लिए पंजाब सरकार द्वारा जारी आरक्षण शासनादेश को आधार बनाया जाय। बैठक में हिन्दू धर्म सनातन संस्कृति के संस्थापक विक्रमादित्य राजभर,वीरसेन राजभर, महाराजा सुहेलदेव राजभर को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। बैठक में रामदरश भारशिव,कमला भारशिव, रामजन्म भारशिव आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता चौधरी बैजनाथ ने संचालन राजू ने किया।

## एसटीपी प्लांट का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने मंगलवार को देवकठियां (जंगीपुर) में बनाये जा रहे एसटीपी प्लांट का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण उन्होंने निमार्णाधीन परियोजना की जॉच करते हुए उपस्थित अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि यह नमामी गंगे परियोजना के अन्तर्गत सीवरेज ट्रिटमेंट प्लान्ट का 153 करोड़ का प्रोजेक्ट है इसमे 15 साल का कन्ट्रक्शन एवं मेन्टिनेंस आपरेशन सम्मिलित है। यह 21 एमएलटी का एसटीपी है जो फंग्सलन है। उन्होंने बताया कि इस प्लांट के माध्यम से जो भी सीवरेज नगर पालिका क्षेत्र से जनरेट होगा। वह इससे शुद्ध होकर गंगा नदी मे छोड़ा जायेगा व सेफ होगा। जिससे गंगा नदी के पानी की क्वालिटि शुद्ध रहे। निरीक्षण के दौरान मौके 55 श्रमिक कार्यरत पाये गये जिस पर उन्होंने मजदूरो की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान कार्य भी मानक के अनुरूप संतोषजनक पाया गया। उन्होंने बताया कि परियोजना का 01 माइल स्टोन पूरा हो चुका है शेष 03 माइल स्टोन 2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। यह पूरी परियोजना का निर्माण माह जनवरी 2024 तक पूर्ण हो जायेगी तथा जो भी सीवर लाईन बिछी है। उसे इस परियोजना से जोड़ दिया जायेगा। मौके पर मुख्य विकास अधिकारी, डीएसटीओ, सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



देवकठियां में एसटीपी प्लांट का निरीक्षण करती डीएम आर्यका अखौरी।

# टेनिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में यूथ गर्ल्स बनी उपविजेता

जनसंदेश न्यूज



दिलदारनगर रेलवे स्टेशन पर खिलाड़ियों का स्वागत करते लोग।

**दिलदारनगर।** यूथ गर्ल्स टीम ने झारखंड, हरियाणा, आंध्र प्रदेश व महाराष्ट्र को हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मैच उत्तर प्रदेश व गुजरात के बीच खेला गया। जिसमें उत्तर प्रदेश की टीम राष्ट्रीय उपविजेता बनने पर जनपद में खुशी का माहौल हो गया। दिलदारनगर स्टेशन पर खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। मिक्स डबल में भव्या राय व प्रियांशु कुमार ने क्वार्टर फाइनल तक जगह बनाई जहा 10-15, 15-13 व 15-11का स्कोर रहा।

वहीं यूथ बॉयज में आदित्य चौबे और आलोक रंजन यादव सेमीफाइनल तक पहुंचे। जहां 13-15 के स्कोर से उन्हें हार का सामना करना पड़ा। वहीं मिनी बॉयज में तौकीर खान को क्वार्टर फाइनल पर ही सन्तोष करना पड़ा। बतादें कि उत्तर प्रदेश के गाजीपुर टीम उड़ीसा टेनिस वॉलीबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित 24वी नेशनल प्रतियोगिता में जिले की यूथ गर्ल्स खिलाड़ियों ने अपना दबदबा कायम रखते हुए बड़ी जीत दर्ज कर कीर्तिमान बनाया है। 23 से 25 दिसम्बर तक उड़ीसा में राष्ट्रीय टेनिस बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में कई राज्यों के पुरुष व महिला खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था।

टेनिस वॉलीबॉल एसोसिएशन के सचिव व उत्तर प्रदेश टीम के कोच देवेंद्र प्रजापति की अगुवाई में जिले से शाहफैज पब्लिक स्कूल, सनबीम स्कूल महराजगंज, एमजेआरपी पब्लिक स्कूल व न्यू शाहफैज पब्लिक स्कूल दिलदारनगर के खिलाड़ियों में शिल्पा सिंह, सिद्धि अग्रवाल, अनुजा स्वेत, भव्या राय, प्रियांशु कुमार, आदित्य चौबे, तौकीर खान, आलोक रंजन यादव ने प्रतिभाग किया।

जनपद वापसी पर एसोसिएशन के अध्यक्ष सरसिज सिंह, उपाध्यक्ष विनय सिंह व सह सचिव अभिषेक तिवारी ने कोच देवेंद्र प्रजापति व टीम मैनेजर कन्हैया यादव , अमित यादव मोहम्मद अब्दुल सलाम हयात अली शशि भूषण सिंह सहित खिलाड़ियों माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया।

## आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर में सैकड़ों मरीज लाभान्वित

**गाजीपुर।** डा. विजय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल कैथी के तत्वाधान में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में सैकड़ों मरीज लाभान्वित हुए। वरिष्ठ चिकित्सक डा.राहुल पाण्डेय की देखरेख में लगाए गए चिकित्सा शिविर में मरीजों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। चिकित्सा शिविर कैथी, हथौड़ा, खरौना भन्दाहा कला में लगभग एक सप्ताह से शिविर आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर गरीब वर्ग के मरीजों की निःशुल्क जांच और उपचार भी किया गया। डॉ राहुल पाण्डेय व डॉ प्रीति रंजन बेहरा ने गांव के महिला-पुरुष और बच्चों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित की। चिकित्सा शिविर में लकवा, कमर दर्द, मिर्गी, मधुमेह, स्त्री रोग, श्वेत प्रदर, अस्थमा, पाइल्स, गठिया बाय, दमा, जोड़ों का दर्द, मोटापा, शिशु रोग, एसिडिटी आदि से पीड़ित मरीजों की जांच और उपचार किया गया।

# मानक की उड़ाई जा रही है धज्जियां

**अधिकारी मौन**

**नाली निर्माण में हो रही मानक की अनदेखी**

जनसंदेश न्यूज



शास्त्री नगर स्थित वार्ड नं-6 में मानक विहीन नाली निर्माण।

**गाजीपुर।** नगर क्षेत्र में तमाम विकास के कार्यों में हो रही धांधली तथा मानक की उपेक्षा किए जाने को लेकर स्थानीय नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। आरोप है कि मानक विहीन बनाई जा रही है। निर्माण से पहले मिट्टी की कम खुदाई हो रही है। बालू की जगह डस्ट का उपयोग किया जा रहा है। डस्ट होने से सीमेंट कम मात्रा में डाला जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि नाली का निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग कर रस्म अदायगी की जा रही है। इतना ही नहीं नाली की नीव में खंड तक नहीं लगाया गया है। बिना माप के सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने जांच कर मानक अनुसार निर्माण कराए जाने की मांग की है।

जगह-जगह सरकारी भवनों व नालियों के गिरने से दुर्घटनाएं होने के तमाम मामले सामने आने के बावजूद विभागीय अधिकारियों का ध्यान निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर नहीं जा रहा है। सरकारी धन का बंदरबांट करने की नीयत से अधिकारियों ने ठेकेदारों को खुली छूट दे रखी है।

आम जनता के विरोध के बावजूद अधिकारी कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे आक्रोश पनप रहा है। ताजा मामला नगर के वार्ड संख्या छह में नाली निर्माण को लेकर सामने आया है। नगर के वार्ड संख्या छह के शुभम् यादव से मड़ई सिंह के घर तक लाखों रुपये से नाली निर्माण के कार्य ठेकेदार कुछ दिन पहले शुरू किया गया। नाली निर्माण में दोयम दर्जे की ईंट के अलावा सफेद बालू व सीमेंट की कम मात्रा इस्तेमाल के साथ ही पुराने ईंट को भी खपाया जा रहा है। साथ ही नाली को सीधा न बनाकर जगह-जगह टेढ़ा कर दिया गया है। घटिया निर्माण का विरोध मोहल्लेवासियों द्वारा किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा कमीशन व ठेकेदार द्वारा ज्यादा लाभ कमाने के चक्कर में गुणवत्ता को दरकिनार कर दिया गया है। इस सबंध में नपा जेई ने बताया कि नाली निर्माण का ब्यौरा मेरे पास नहीं है। इसकी जानकारी नपा कार्यालय से मिलेगी। जब नाली निर्माण के बारे में पूछने की कोशिश की गई तब उन्होंने फोन काट दिए।

## जनसंपादकीय

# हिन्दी के योद्धा श्रीनारायण चतुर्वेदी

हिन्दी भाषा के नायक के रूप में श्रीनारायण चतुर्वेदी 'भैया जी' की बहुत ख्याति थी। उनका जन्म 28दिसंबर,1893में इटावा में हुआ।और देहांत 18अगस्त,1990को हुआ।सन 1925 में उन्हें सरकारी फेलोशिप मिली थी और तीन वर्ष इंग्लैण्ड में रहकर उन्होंने शिक्षा शास्त्र में एम ए,किया था`स्वदेश वापस आने के बाद उन्हें शिक्षा विभाग में बड़े पद पर नौकरी मिली थी वे सरस्वती के संपादक भी रहे`उनदिनों निरालाजी ,पढीस,रामविलास शर्मा, अमृतलाल नागर ,यशपाल आदि भी लखनऊ में थे`

श्रीनारायण चतुर्वेदी जी उत्तर प्रदेश के शीर्ष शिक्षाधिकारी थे निराला जी अक्सर उनके लखनऊ आवास पहुंच जाया करते थे। और वहां कब तक रहेंगे, कब अचानक कहीं और चले जाएंगे, यह तय नहीं रहता था। श्रीनारायण चतुर्वेदी के साथ निरालाजी के कई प्रसंग जुड़े हैं। लोग चतुर्वेदीजी को सम्मान से 'भैयाजी' कहकर संबोधित करते थे। वह हिन्दी के कवि-साहित्यकारों को मंच दिलाने से लेकर उनकी रचनाओं के प्रकाशन, आतिथ्य, निजी आर्थिक जरूरतें पूरी कराने तक में हर वक्त तत्पर रहते थे।

बाद में जब उर्दू को राज्य की द्वितीय राजभाषा बनाने का आदेश उत्तर प्रदेश सरकार ने पारित किया तब पूरे प्रदेश की हलचल तेज हो गयी थी`लखनऊ के साहित्यकारों में उनकी गहरी पैठ थी`कुअर चन्द्र प्रकाश सिंह , लक्ष्मीशंकर मिश्र निशंक,गंगारत्न पाण्डेय,अमृतलाल नागर आदि से उनकी बहुत आत्मीयता थी` युवा वृद्ध सभी हिन्दी प्रेमी उनके साथ थे`अब कांग्रेस की स्थिति ठीक नहीं थी`आपातकाल के बाद कई प्रदेशों में गैर कांग्रेसी सरकारें भी बनी थीं लेकिन जब उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का वोट खिसक रहा था तो तुष्टीकरण की राजनीति के अलावा कांग्रेस को अन्य मार्ग नहीं दिखा`उर्दू को द्वितीय राजभाषा बनाने से मुस्लिम वोटों को कांग्रेस अपने हित में पक्का करना चाहती थी` इंदिरा जी की सहमति से जब विश्वनाथ प्रताप सिंह (9 जून 1980 --18 जुलाई 1982 ) प्रदेश के मुख्यमंत्री बने तो मसौदा तैयार हो गया `उनके बाद श्रीपति मिश्र ( 19 जुलाई 1982 --2 अगस्त 1984)मुख्यमंत्री रहे लेकिन इस अध्यादेश को लागू नहीं किया`फिर जब नारायण दत्त तिवारी मुख्यमंत्री बने (3 अगस्त-1984 से 24 सितम्बर 1985 )तो इसी अवधि में यह आदेश लागू हुआ` तिवारी जी कांग्रेस के प्रतिबद्ध सिपहसालार थे।

सब जानते थे कि इस आदेश से उर्दू का भला होने के बजाय कांग्रेस का भला होने वाला था` भैया जी इस आदेश का आरम्भ से ही विरोध कर रहे थे`उनके साथ हजारों हिंदीवादी कवि लेखक भी खड़े हुए थे` उस अवस्था में भी उनकी आँखों में एक युवकोचित जोश था` कुंवर चंद्रप्रकाश सिंह,गंगारत्न पाण्डेय,शिवसिंह सरोज,लखनऊ विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षक विद्यार्थी सैकड़ों पत्रकार शिक्षक साहित्यकार उनके नेतृत्व में एक जुट हुए थे` हम जैसे युवा और युवारचानाकार मंच के अनेक साथी भी स्कूल कालेज के तमाम विद्यार्थी उनके साथ धरना प्रदर्शन में जुट गए` इसके साथ ही पत्रक वितरित करने का काम हम युवा लोगों ने खूब किया था` उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के परिसर में भी हमारा धरना हुआ था`वहीं पास में विधानसभा और प्रेस क्लब भी है , तो सब पल पल की खबर पत्रकार पहुँचाते थे `भैया जी इस भाषा आन्दोलन के अगुआ थे`अखबारों में भी खूब कवरेज होता था `उनका कहना था - ह्यदस प्रतिशत लोगों को खुश करने के लिए प्रदेश की नब्बे प्रतिशत जनता पर उर्दू थोपकर सरकार जनता अपमान कर रही है।

इसी बीच चतुर्वेदी जी को मनाने की तमाम कोशिश सरकार कर रही थीं`इसी प्रयास में सरकार ने चकायक उन्हें उत्तरप्रदेश हिन्दी साहित्य संस्थान का सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान भारत भारती(1984) देने का निर्णय लिया` अखबारों में यह समाचार प्रकाशित हुआ, जब भैया जी को यह पता लगा तो उन्होंने अपना लिखित बयान स्वतन्त्र भारत दैनिक को भेजा और शिवसिंह सरोज जी से उसे प्रकाशित करने को कहा` वह उनका ऐतिहासिक बयान शब्दशः तो याद नहीं है किन्तु वह कुछ इस प्रकार था- ह्यमाननीय मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश सरकार , आपने जो मुझे एक लाख रुपये के 'भारत भारती' सम्मान के लिए चुना है उसके लिए आपका धन्यवाद`मैं सामान्य घर से आता हूँ मैंने अपने जीवन में कभी एक लाख रुपये एक साथ देखे तक नहीं हैं लेकिन आपकी सरकार ने पौने दस प्रतिशत लोगों के तथाकथित हित मेंउर्दू को द्वितीय राजभाषा बनाकर इस राज्य की राजभाषा प्रेमी 90 प्रतिशत जनता का अहित और अपमान किया है`मैंने साहित्य में ऐसा कुछ किया भी नहीं है , इसे देखते हुए मेरे लिए यह 'भारत भारती' पुरस्कार लेना अनुचित है। मैं इसे विनम्रता पूर्वक लौटा रहा हूँ।'

यह उनका पत्र दूसरे दिन जब स्वतन्त्र भारत के मुखपृष्ठ पर छपा तो पूरे प्रदेश के हिन्दी प्रेमी समाज में हलचल तेज होगई` बड़े साहित्यकारों के साथ हम युवा रचनाकार और विद्यार्थी भी उस भाषा आन्दोलन में जाते थे`उस समय हिन्दी संस्थान के अध्यक्ष शिवमंगल सिंह सुमन जी थे`उनके लिए भाषा की यह राजनीति और भारत भारती पुरस्कार के विवाद से बड़ी मुसीबत बन गयी थी`तमाम बैठकें हुई लेकिन भैया जी न माने फिर अंत में यह तय किया गया कि इस बार का यह सम्मान अमृतलाल नागर जी को दिया जाय` पहले तो विवादित होने के कारण नागर जी ने इस पुरस्कार को लेने से अपनी असहमति जताई किन्तु बाद में शिवमंगल सुमन की अध्यक्षता में नगर के वरिष्ठ साहित्यकार सहित अनेक साहित्यकार उनके घर पर उन्हें मनाने पहुंचे सबका यही निवेदन था कि इस विवाद में हिन्दी संस्थान के इस गौरवशाली सम्मान का निरादर न हो`नागर जी जितने बड़े लेखक थे उतने ही सुलझे और समझदार व्यक्ति थे उन्होंने सबकी भावनाओं को स्वीकार किया`इधर जनता ने सरकार के प्रति अपना विरोध जताने वाले भैया जी के लिए अटल बिहारी बाजपेयी जी के हाथों से एक लाख ग्यारह हजार का भारत भारती जनसम्मान दिलवाया`बाद में सन 1987 के विश्व हिंदी सम्मेलन में पढ़ने के लिए अटल जी ने जो कविता लिखी उसमें भैया जी का सादर उल्लेख किया था। चतुर्वेदी जी का मानना था कि हिन्दी और देवनागरी लिपि का अधिकाधिक प्रयोग ही हमारी संस्कृति को सुरक्षित करेगा।

उर्दू विधेयक लागू करने के विरोध में उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने चतुर्वेदी जी के पक्ष में निर्णय दिया किन्तु प्रदेश सरकार उच्चतम न्यायालय में चली गयीं`वहां भी 22 अप्रैल 1987 को उत्तर प्रदेश सरकार की अपील निरस्त कर दी गयी`चतुर्वेदी जी ने राजभाषा हिन्दी के संरक्षण के लिए बहुत काम किया`उनका सम्मान हिन्दी के अनन्य सेवी के रूप में हमेशा किया जाता रहेगा`इस भाषा आन्दोलन के दौर में अनेक बार उनसे मिलने और उनके चरण छूने का सौभाग्य मुझे भी मिला` आशीर्वाद के लेने के अलावा उनसे कभी व्यक्तिगत संवाद नहीं हुआ पर अब सोचता हूँ कि उन्हें छूकर मानो तब मैंने निराला को ही छू लिया था`निराला जी को तो मैंने नहीं देखा पर उनके कुछ स्वाभिमानी तत्व भैया जी के व्यवहार में अवश्य दिखते थे`एक दफा भाई आवारा नवीन जी के साथ किसी कविता पुस्तक पर सम्मति के लिए उनके पास हम दोनों पहुंचे लेकिन उनका मूड शायद किसी कारण ठीक नहीं था उन्होंने कुपित ब्राह्मण की तरह यह किताब फेंक दी और बोले ह्यकविता लिखने से हिन्दी की रक्षा होगी ?ह्नतब हम दोनों को बहुत बुरा लगा था`बाद के दिनों में उनका स्वभाव सशंकित वृद्ध जैसा हो गया था`इसके बावजूद हिन्दी के अप्रतिम योद्धा तो वे थे ही , उनकी सुधि को नमन।



**भारतेन्दु मिश्र**
सी-45/वाई-4, दिलशाद गार्डन,दिल्ली, संपर्क- 98680313 84

# नई पुरानी चुनौतियों के बीच राह बनानी होगी

## प्रसंगवश



**गिरीश्वर मिश्र**

अनुभव का सात्य तो वर्तमान ही है। अतीत और भविष्य दोनों से हमारी भेंट वर्तमान में और उसी के संदर्भ में होती है। अतीत की ओर की यात्रा स्मृति और उसके सद्यः उपलब्ध भौतिक चिह्नों के सहारे होती होती है पर जब हम भविष्य की बात करते हैं तो कल्पना और अनुमान का ही सहारा रहता है। तर्क से देश काल की कुछ विशेषताओं को ठहरा कर भविष्य की पैमाइश करना सरल हो जाता यदि आगे आने वाली परिस्थितियाँ स्थिर बनी रहतीं। जब हम भारत और उसके कोटि-कोटि जनों के लिए सोचते हैं तो मन में भारत भूमि पर हजारों वर्षों की आर्य सभ्यता और संस्कृति की बहु आयामी यात्रा कौंध उठती है। विभिन्न सांस्कृतिक प्रभावों के संघात के बीच ज्ञान, विज्ञान, कला, साहित्य का अविरल प्रवाह राष्ट्रीय गौरव का बोध कराता है। साथ ही भारत का भाव हमें उस दाय को सँभालने के लिए भी प्रेरित करता है जिसके हम वारिस हैं। निकट अतीत का स्वाधीनता संग्राम देशवासियों को राष्ट्र को आगे ले जाने का दायित्व भी स्मरण कराता है। स्वाधीनता आश्वस्त करती है पर हमारे आचरण को आयोजित करने के लिए कर्तव्य-मार्ग का निर्देश भी दिखाती है ताकि वह सुरक्षित रहे । इस तरह अतीत कभी व्यतीत नहीं होता बल्कि हमको रचता रहता है । इसीलिए देश का आख्यान किस रूप में उपलब्ध होता है यह राजनैतिक सवाल बन जाता है और उसे लेकर जब तब विभिन्न राजनैतिक दलों के बीच अपने अपने दावों को लेकर प्रतिस्पर्धी राजनैतिक दलों में होड़ चलती रहती है। उनके बीच मुद्दों को खोज-खोज कर अक्सर तीखी बहसें भी छिड़ती रहती हैं। इतिहास में दर्ज होने और खारिज होने के मायने सीधे-सीधे वर्तमान और भविष्य में अपनी बढ़त पाने के लिए दावों की पुष्टि या खंडन से जुड़े होते हैं।

अगले वर्ष के बारे में सोचते हैं तो तमाम इरादों, वादों, संघर्षों, संधियों, संकल्पों और उपलब्धियों के तुमुल कोलाहल से गुजरते हुए स्मृतिपटल पर बनते बिगड़ते कई चित्र तैरने लगते हैं। भारत देश विकास के मार्ग पर एक यात्रा पर अग्रसर है । भारत के लिए अगले साल में क्या कुछ होने वाला है और यह सवाल इससे भी जुड़ा है कि हम भारत के लिए क्या चाहते हैं और उभरती परिस्थितियों में क्या कुछ सम्भव है। इस सिलसिले में यह भी याद रखना जरूरी है कि आज की दुनिया में परस्परनिर्भरता एक अनिवार्य नियति बनती जा रही है। आर्थिक, राजनैतिक और पारिस्थितिक रिश्ते अब स्वभावतः वैश्विक होते जा रहे हैं। फलतः कहीं भी अगर कुछ घटित होता है तो उसका असर अन्यत्र भी पड़ता है। प्रचलित सूचना के मुताबिक चीन के वूहान नगर से निकले कोरोना वाइरस और कोविड-19 यूरोप, अमेरिका और भारत समेत एशिया के तमाम देशों में फैल कर लगभग पूरे विश्व को एक ऐसी महामारी की चपेट में लिया जिससे लाखों लोगों के जीवन की हानि और भारी आर्थिक नुकसान हुआ। ऐसे ही यूक्रेन और रूस के बीच चल रहा युद्ध प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से पूरे संसार में आर्थिक कठिनाई बढ़ा रहा है।

इस बीच भारत ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय पहल की और, अपनी बात रखी और उसकी साख में बृद्धि हुई है। नए साल में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और जी-20 समूह की अध्यक्षता के साथ भारत की वैश्विक उपस्थिति निश्चित ही फलदायी होगी। पड़ोसी देशों के हालात संतोषजनक नहीं है और बहुत जल्द सुधार की आशा नहीं दिखती। अफगानिस्तान, पाकिस्तान, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों में आंतरिक रूप से राजनैतिक अस्थिरता और आर्थिक संकट गहराते दिख रहे है। चीन का रुख भी सहयोग की जगह मुश्किलें पैदा करने वाला रहा है। पड़ोसी देशों की यह स्थिति भारत के लिए सजग और सतर्क राजनय और सामरिक तत्पारता की जरूरत को रेखांकित करती है। इसे देखसते हुए भारत के सुरक्षा प्रयास वरीयता के साथ शुरू है और स्वदेशी तकनीकों और उत्पादों पर ध्यान दिया है। अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर हलचल कम होती नहीं दिखती और चीन तथा पाकिस्तान की हरकतों का अंदेशा देखते हुए देश को सामरिक शक्ति को सुदृढ़ रखना होगा।

भारत के आधुनिक लोकतंत्र ने पचहत्तर सालों की यात्रा के दौरान अंग्रेजी राज के उपनिवेश की विकट छाया से मुक्ति की आहट शिक्षा की संरचना, विषयवस्तु और प्रक्रिया में बदलाव में दिखने लगी है। परिवर्तन की अस्त-व्यस्तताओं के साथ ढाँचे को पुनर्व्यवस्थित करने के लिए राज्यों और केंद्र में कई स्तरों पर गहन तैयारी की जरूरत है। अध्यापक-प्रशिक्षण, पाठ्य-विषय, शिक्षण-माध्यम, पुस्तक-निर्माण, शैक्षिक-मूल्यांकन और शैक्षिक-संरचना आदि के मोर्चों पर आगे बढ़ने के लिए आर्थिक निवेश जरूरी होगा ताकि जरूरी अवसंरचना स्थापित और संचालित हो सके। भारतीय सभ्यता और संस्कृति के साथ जुड़ाव को आगे बढ़ाना और मातृभाषा में पढ़ाई के साथ डिजिटलीकरण की दिशा में सावधानी से आगे बढ़ना होगा। आज ह्यहाइब्रिडह्न प्रणाली लोकप्रिय हो रही है। आनलाइन शिक्षा पूरक और विकल्प दोनों ही रूपों में अपनाई जा रही है। इसके चलते विद्यार्थी और अध्यापक दोनों के कौशलों और दक्षताओं को पुनर्परिभाषित करने की जरूरत पड़ रही है। इन दृष्टियों से यह साल बड़ा ही निर्णायक सिद्ध होगा।

भारत अभी भी एक कृषिप्रधान देश है और गावों की परिस्थितियाँ देश के लिए से महत्वपूर्ण हैं और उनकी उपेक्षा नहीं होनी चाहिए । खाद्यान्न उत्पादन में विविधता की दृष्टि से मोटे अनाज, तिलहन तथा दलहन को बढ़ावा देने के उपक्रम और तेज होंगे। किसानों के पिछले आंदोलन की दुखद स्मृति अभी भी बनी हुई है। खाद, बीज, सिंचाई की व्यवस्था और बाजार से जुड़ी नीतियों पर संवेदना के साथ विचार जरूरी है। आशा है बिना भूले उन मुद्दों के समाधान की राह निकलेगी। पेस्टीसाइड के घातक प्रभावों को देखते हुए देसी बीज और जैविक खेती को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य की दृष्टि से दूध, फलों और सब्ज़ियों के उत्पादन में वृद्धि जरूरी है।

स्वास्थ्य की चुनौती बिकराल हो रही है। पर्यावरण प्रदूषण, भोज्य पदार्थ में मिलावट, मंहगी दवाएँ, अस्पतालों की कमी और स्वास्थ्य सेवाओं का बाजारीकरण स्वास्थ्य को आम आदमी की पहुँच से दूर कर रहा है। स्वास्थ्य की नैतिकता एक बड़ा सवाल बनता जा रहा है। इस बीच एलोपैथिक औषधि को उपलब्ध कराने के लिए जेनरिक औषधि की विशेष दूकानें खुली हैं जहां उचित दाम पर दवाएँ मिल रही हैं, पर वह नाकाफी है। आयुष की व्यवस्था देसी चिकित्सा पर बल देने के लिए प्रयास रात की गई है पर समग्र स्वास्थ्य ( मानसिक और शारीरिक दोनों ही ) की देखरेख अभी भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। टेंली मेंडिसिंन की सेवाओं का विस्तार तेजी से किया जाना चाहिए। जनसंख्या को देखते हुए चिकित्सकों की संख्या अपर्याप्त है। इसलिए स्तरीय स्वास्थ्य-शिक्षा के विस्तार पर वरीयता के साथ काम करना जरूरी होगा ।कोविड की लड़ाई में देश की उपलब्धि सराहनीय थी। उसकी नई दस्तक पर सजगता जरूरी होगी।

मीडिया का कल्पनातीत विस्तार खास तौर पर इलेक्ट्रोनिक और सोशल मीडिया जिस तरह फैला है उसने लोगों की मानसिकता, आचरण और वैचारिक परिपक्वता सबको हिला दिया है। उसकी प्रभाव-क्षमता रोचक सामग्री, तीव्र गति और अंतःक्रियात्मकता (इंटैरैक्टिव) के कारण बहुत बढ गई है। संवाद और संचार की दुनिया पर इस तरह का कब्जा जमा कर समाज का मन मस्तिष्क कब्जे में लेने की यह कोशिश न केवल नए सामाजिक वर्ग और भेद बना रही है बल्कि मनुष्यता का मशीनीकरण करती जा रही है। उसका विवेक, उसकी सामाजिकता और उसके आत्मबोध सबको समेटते और ध्वस्त करते हुए यह प्रौद्योगिकी निजी और सामाजिक रिश्तों नातों को खंडित करती जा रही है। इसके दुरुपयोग के चलते मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य को सुरक्षित रखना कठिन हो रहा है। इसे लेकर सामाजिक बहस और इसके नियमन की व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है।

न्याय का क्षेत्र एक दुखती रग है जिधर अभी तक व्यवस्थित रूप से ध्यान नहीं दिया जा सका है। न्यायाधीशों की कमी और करोड़ों की संख्या में प्रतीक्षारत मुकदमे ऐसे घोर तथ्य हैं जिनकी उपेक्षा घातक है। साथ ही उसमें विलम्ब होने के कारण सभी को असंतोष है। न्याय व्यवस्था की औपनिवेशक आधारभूमि से अभी पूरी तरह से निजात नहीं मिल पाई है। उच्चतम न्यायालय की सक्रियता से जरूर कई महत्वपूर्ण पहलें हुई हैं, फैसले लिए गए हैं और केंद्र सरकार ने भी कई सुधार के काम हाथ में लिए हैं परंतु सस्ता, शीघ्र और संतोषप्रद न्याय पाना अभी भी टेढ़ी खीर है। भ्रष्टाचारमुक्त, पारदर्शी शासन या सुशासन स्थापित करना अभी भी अधूरा सपना है । बढ़ते आर्थिक अपराध, पद और अधिकार का दुरुपयोग, संस्थाओं की स्वायत्तता का नाश और राजनीति में अनपढ़, धनी और अपराधी लोगों का बढ़ता वर्चस्व ऐसी स्थितियों बना रहे हैं जो आम जनों के मन में राज्यव्यवस्था के प्रति संदेह पैदा करती हैं । बाजार, वैश्वीकरण और निजी सुख की बढ़ती चाहत ने सामाजिकता को हाशिए पर भेजने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। राजनैतिक दलों में वैचारिकता और अनुशासन की कमी चिंताजनक हो रही है। यह दुखद है जाति, आरक्षण, भाषा, शिक्षा और धर्म से जुड़े मुद्दे अक्सर अल्पकालिक राजनैतिक स्वार्थ के चलते सद्भाव के साथ नहीं सुलझाये जाते। आज देश-सेवा के मूल्य को पुनः प्रतिष्ठित करना अत्यंत आवश्यक हो गया है। निजी लाभ और समाज के कल्याण के बीच द्वन्द्व की जगह परस्परपूरकता को पहचानने की जरूरत है। अमृत-काल हमसे पुण्यकारी संकल्प की माँग करता है और यह अवसर देता है कि अपने मनोदेश में हम भारत को स्थान दें। भारत की समृद्धि से ही सभी समृद्ध होंगे। हमारी भारतीयता का प्रमाण भी यही है कि हम भारत को क्या दे सकते हैं। यदि भारत हमारा है तो हमें भी भारत का होना चाहिए।

**( लेखक वर्धा विवि में कुलपति रहे हैं, संपर्क 9922399666)**

**नए साल में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और जी-20 समूह की अध्यक्षता के साथ भारत की वैश्विक उपस्थिति निश्चित ही फलदायी होगी। पड़ोसी देशों के हालात संतोषजनक नहीं है और बहुत जल्द सुधार की आशा नहीं दिखती। अफगानिस्तान, पाकिस्तान, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों में आंतरिक रूप से राजनैतिक अस्थिरता और आर्थिक संकट गहराते दिख रहे है। चीन का रुख भी सहयोग की जगह मुश्किलें पैदा करने वाला रहा है। पड़ोसी देशों की यह स्थिति भारत के लिए सजग और सतर्क राजनय और सामरिक तत्पारता की जरूरत को रेखांकित करती है।**

# बीएचयू के क्रांतिकारी : वीर करण बत्रा

## स्मरण



**शुभनीत कौशिक**

'साफ रंगत, गोल चेहरा, मजबूत कद-काठी, चेहरे पर मुहाँसे, चश्मा, कद पाँच फुट चार इंच और घुंघराले बाल।' वर्ष 1940 में तेइस साल की उम्र वाले क्रांतिकारी और बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के छात्र वीर करण बत्रा के चेहरे-मोहरे के बारे में यही बातें सीआईडी की फाइल में दर्ज.हैं। अरोड़ा (पंजाबी) समुदाय से आने वाले वीर करण बत्रा बीएचयू के इंजीनियरिंग कॉलेज में दाखिला लेने से पूर्व कलकत्ता के सेंट जेवियर्स कॉलेज में छात्र रहे। अपनी राजनीतिक सक्रियता की वजह से वीर करण पहली बार पुलिस की निगाह में तब चढ़े, जब उन्होंने साम्यवादी नेता शिव पूजन त्रिपाठी के साथ बनारस मजदूर संघ के संगठन का काम शुरू किया और छात्र राजनीति में सक्रिय हुए। इसी दौरान वे बनारस स्टूडेंट्स फेडरेशन की कार्यकारिणी के सदस्य बने।

जुलाई 1939 में बनारस स्टूडेंट्स फेडरेशन के महासचिव के रूप में उन्होंने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के छात्रों के बीच एक पर्चा बाँटा जिसमें आंदोलन के लिए छात्रों का आह्वान किया गया था। उनके हस्ताक्षर वाले इस पर्चे का शीर्षक था : 'ए क्लेरीअन कॉल टु स्टूडेंट्स'। 12 जुलाई 1939 को उन्होंने युक्त प्रांतीय स्टूडेंट्स फेडरेशन के महासचिव शफीक अहमद नकवी को पत्र लिखकर यह जानकारी दी थी कि बनारस में तीन प्रौढ़ शिक्षा केंद्र शुरू किए गए हैं और स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण के लिए कक्षाएँ भी शुरू की जा रही हैं।

वीर करण बत्रा आगे भी बनारस स्टूडेंट्स फेडरेशन कार्यकारिणी के सदस्य बने रहे और बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी की छात्र संसद में विपक्ष के नेता थे। जून 1940 में उन्होंने फरार साम्यवादी नेता डी.के. बेडेकर को शरण दी थी, इसकी खबर भी सीआईडी को मिल गई थी। 6 नवम्बर 1940 को वीर करण बत्रा ने जवाहरलाल नेहरू की गिरफ़्तारी के विरुद्ध बीएचयू में छात्रों की हड़ताल आयोजित करने में अहम भूमिका निभाई। हड़ताल के दौरान एक विरोध रैली भी निकाली गई, जो सभा में परिणत हुई, जिसे वीर करण ने सम्बोधित किया। उन्होंने छात्रों का आह्वान किया कि वे सरकार के युद्ध-कार्यों में उसे कोई सहयोग न दें। इसके साथ ही, उन्होंने सभा में एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें अंग्रेजी सरकार की दमनकारी नीतियों की निंदा की गई थी।

यही नहीं 13-14 नवम्बर को उन्होंने विश्वविद्यालय में एक पर्चा भी बाँटा, जिसमें सरकार की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध 16 नवम्बर 1940 को हड़ताल का आह्वान किया गया था। इन पर्चों में उन दो छात्रों की गिरफ़्तारी का भी विरोध किया गया था, जिन्हें बनारस में राजनीतिक पोस्टर लगाने के जुर्म में गिरफ़्तार कर लिया गया था। सोलह नवम्बर को हुई इस हड़ताल को आयोजित करने और छात्रों द्वारा कक्षाओं के बहिष्कार में भी उनकी प्रमुख भूमिका रही। उल्लेखनीय है कि यह हड़ताल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों और कॉलेजों पर पाबंदियाँ लगाने के विरोध में भी हुई थी। दिसम्बर 1940 में बनारस में आयोजित हुई युक्त प्रांतीय छात्र सम्मेलन के सफल आयोजन में भी वीर करण बत्रा ने योगदान दिया। इस अवसर पर उन्होंने छात्र सम्मेलन को भी सम्बोधित किया और सम्मेलन में लाए गए उस प्रस्ताव का समर्थन किया जिसमें व्यक्तिगत सत्याग्रह को जनांदोलन में तब्दील करने की बात कही गई थी। वे गोपाल दास श्रीवास्तव के नेतृत्व वाले उस छात्र समूह से भी जुड़े थे, जो छात्रों की गुप्त सभाएँ और उनके बीच राजनीतिक चचाएँ आयोजित करता था। वीर करण यूपी स्टूडेंट्स फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य भी चुने गए थे। इस दौरान वे बीएचयू में स्टडी सर्किल भी चला रहे थे। दिसम्बर 1940 में 'नैशनल हेराल्ड' के लिए कोश एकत्र करने के लिए गठित समिति के वे सदस्य बनाए गए।

नागपुर में हुए छात्र सम्मेलन के बाद बीएचयू में गोपाल दास श्रीवास्तव के नेतृत्व में साम्यवादी रुझान वाले छात्रों ने अपना एक अलग समूह बना लिया। स्टूडेंट्स फेडरेशन के इस नए गुट के संचालन के लिए वीर करण बत्रा ने एक तदर्थ समिति का गठन किया और वे इसके नेता बने। स्टूडेंट्स फेडरेशन के साम्यवादी गुट के चुनाव अधिकारी के रूप में कार्य कर रहे प्रो. कालेलकर का भी उन्होंने सहयोग किया। वीर करण फरार साम्यवादी नेता गोपाल दास श्रीवास्तव के लिए संदेशवाहक का भी काम कर रहे थे। जनवरी 1941 में उन्होंने दिल्ली में स्टूडेंट्स फेडरेशन के साम्यवादी गुट के नेता एम. फारूकी को पत्र लिखा और 'स्वाधीनता दिवस' (26 जनवरी) को लेकर हो रही तैयारियों और प्रस्तावित कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उन्हें बनारस आने और छात्रों को सम्बोधित करने का आमंत्रण दिया। इस पत्र के साथ वे पर्चे भी संलग्न थे, जो साम्यवादी गुट द्वारा बीएचयू में बाँटे गए थे। 20 जनवरी, 1941 को उन्होंने डॉ. के.एम. अशरफ की गिरफ़्तारी के विरुद्ध आयोजित प्रतिरोध में हिस्सा लिया और इस अवसर पर दिए अपने भाषण में अंग्रेजी सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि सरकार डॉ. अशरफ पर लगाए गए आरोपों को साबित करे। 26 जनवरी 1941 को 'स्वाधीनता दिवस' की गतिविधियों में उन्होंने हिस्सा लिया और भाषण भी दिया। इसके तीन दिन बाद साम्यवादी छात्र नेता फारूकी बनारस आए और वीर करण से मिले।

सीआईडी को इस बात की भी जानकारी थी कि वीर करण बत्रा फरार छात्र नेता गोपाल दास श्रीवास्तव और एन. राजशेखर रेड्डी को आश्रय दिलाने में भी मदद दे रहे थे। 1 फरवरी, 1941 को लखनऊ से साम्यवादी नेता सुल्ताना मिनहाज बनारस आयीं और उन्होंने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी की छात्राओं को सम्बोधित किया। सुल्ताना मिनहाज ने छात्राओं की भी एक समिति बनाने का सुझाव दिया और उसे वीर करण से सम्पर्क में रहने के लिए भी कहा। सीआईडी की रिपोर्ट के अनुसार, वीर करण बत्रा लखनऊ के फरार साम्यवादी छात्रनेता हरिश्चन्द्र तिवारी के साथ भी बनारस में देखे गए और उन्हें उनके गुप्त ठिकाने की जानकारी थी। फरवरी 1941 में ही कानपुर के साम्यवादी छात्र नेता टी.के. चतुर्वेदी ने वीर करण को पत्र लिखकर उन्हें अपनी प्रस्तावित यात्रा की जानकारी दी और उनसे बनारस की स्थिति जाननी चाही।

उपर्युक्त सूचनाओं को देने के बाद सीआईडी ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि स्पष्ट है कि वीर करण बत्रा छात्र नेताओं में 'सबसे अवांछित' हैं, जो स्टूडेंट्स फेडरेशन में कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिनिधि के रूप में काम कर रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि वह बनारस के साम्यवादी गुट के मुख्य नेताओं के सहयोगी हैं और उनका नाम कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के युक्त प्रांत के संगठनकर्त्ता गोपाल परांजपे के पास से मिले पत्रों और दस्तावेजों में भी मिला है। इस रिपोर्ट के आधार पर बनारस के पुलिस अधीक्षक ने भारत सुरक्षा कानून की धारा 26 के अंतर्गत वीर करण बत्रा की गिरफ़्तारी का सुझाव दिया था।

सितम्बर 1941 में बीएचयू के इंजीनियरिंग कॉलेज में चतुर्थ वर्ष के छात्र वीर करण बत्रा को गिरफ़्तार कर लिया गया। उनकी गिरफ़्तारी से पूर्व पंजाब और युक्त प्रांत की सरकारों के बीच काफी पत्राचार इस बात को लेकर हुआ कि वीर करण बत्रा की गतिविधियों को कैसे नियंत्रित किया जाए। पंजाब की सरकार का कहना था कि चूँकि बत्रा बनारस में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, इसलिए बत्रा पर कार्रवाई युक्त प्रांत की सरकार को करना चाहिए। वहीं युक्त प्रांत की सरकार का कहना था कि चूँकि बत्रा मूल रूप से लाहौर के रहने वाले हैं, इसलिए उन पर कार्रवाई पंजाब सरकार को करनी चाहिए। दोनों प्रांतों की सरकारों ने गृह विभाग को भी इस मामले से अवगत कराया। आखिरकार गृह विभाग के हस्तक्षेप के बाद भारत रक्षा अधिनियम की धारा 129(2) के अंतर्गत वीर करण बत्रा की गिरफ़्तारी हुई। क्रांतिकारी वीर करण बत्रा ने बीएचयू के छात्र-छात्राओं के बीच राजनीतिक जागरूकता फैलाने, स्टडी सर्किल चलाने, मजदूरों को संगठित करने और भूमिगत क्रांतिकारियों को शरण देने में भी अहम भूमिका निभाई थी।

**(लेखक बलिया के सतीश चंद्र कॉलेज में इतिहास के शिक्षक हैं.)**

**बीएचयू में गोपाल दास श्रीवास्तव के नेतृत्व में साम्यवादी रुझान वाले छात्रों ने अपना एक अलग समूह बना लिया। स्टूडेंट्स फेडरेशन के इस नए गुट के संचालन के लिए वीर करण बत्रा ने एक तदर्थ समिति का गठन किया और वे इसके नेता बने। स्टूडेंट्स फेडरेशन के साम्यवादी गुट के चुनाव अधिकारी के रूप में कार्य कर रहे प्रो. कालेलकर का भी उन्होंने सहयोग किया। वीर करण फरार साम्यवादी नेता गोपाल दास श्रीवास्तव के लिए संदेशवाहक का भी काम कर रहे थे।**

## हत्या के परिदृश्य में

चिड़िया का बच्चा फुदक-फुदककर /उड़ना सीख रहा था हौले-हौले
माँ ने मना किया पर मैं भागा था माँ का हाथ छुड़ाकर
लगभग चीखते हुए माँ ने कहा था पीछे से मत छूना खग-शिशु को
वरना वो भूल जाएगा उड़ना!/ और जब उड़ नहीं सकेगा तो /उसी के स्वजन
मार डालेंगे उसे चोंच मार-मारकर/ और उसकी हत्या का पाप लगेगा तुझको
पर खुद को रोक नहीं सका था/ मुझको इतना उमड़ा था खग-शिशु के लिए प्यार
उसे बैठाया अपनी नन्ही हथेली पर/ खूब खेला कई बार चूमा और सहलाया कितनी ही बार...
और जब छोड़ा तो सचमुच/ उड़ना भूल गया था चिड़िया का बच्चा
पाँव से चलकर इधर-उधर /बागड़ में ढूँढ रहा था /जीवन का ठौर-ठिकाना
तभी गूँजी कौओं की काँव-काँव/ कीं-कीं करते तिरबद्ध उतरे पँछी-पक्षी...
शाख पर बैठी एक माँ का क्रदन/ मैं अब भी सुन रहा हूँ/ और जैसे अपनी
छोटी-छोटी आँखें तरेर
अब भी देख रही है खग-शिशु की माँ मुझको
और मैं खग-शिशु का हत्यारा/ पश्चाताप में डूबा
हत्या के उस परिदृश्य में अभी भी खड़ा हुआ हूँ/ दम सिकुड़!



**- वसंत सकरगाए**

## व्यंग्य

# गावहिं गीत मनोहर नाना



**अरविंद तिवारी**

साहित्य का लेखा जोखा भी मूलतः विवाद का ही लेखा जोखा होता है।कई बार कोरोना को बीच में लाना पड़ता है,जैसे कि इस बार साल का अंत होते होते उसे लाना पड़ गया।पहला डर यह है कि कहीं पुस्तक मेला स्थगित न हो जाए। जहां तक साहित्य के सृजन की बात है,वह रुक भी नहीं सकता। जुकरबर्ग ने बड़ा आविष्कार यही सोचकर ही किया है,ताकि सृजन यात्रा बराबर चलती रहे।लेखक पिछले कई सालों से साहित्य वाली नेकी फेसबुक पर डालता आया है।सो यह वर्ष भी फेसबुकिया साहित्य से भरपूर रहा।रोज नए लेखकों की पल्टन साहित्य रचकर इसी प्लेटफॉर्म पर फेंकती रही।पर साल के समाप्त होते होते कई साहित्यकार गुड मॉर्निंग तक सीमित हो गए।यह बात दीगर है,इस साल भी पाठक साहित्य से दूर रहा।साहित्यिक मित्र जरूर विवाह समारोहों में आए लिफाफे लौटाने की तर्ज पर एक दूसरे का कर्ज,बधाई देकर उतारते रहे।उतारना ही होता है,इससे कोई मतलब नहीं मित्र के यहां जो शादी हुई है,वह अच्छी है या बुरी।

वर्ष का अंत होते होते साहित्य अकादमी के पुरस्कार घोषित हो गए।हिंदी साहित्य की खासियत यह है कि जब भी कविता पर साहित्य अकादमी घोषित होता है,विवादों की बरसात होने लगती है।यह बेमौसम की बरसात इस बार भी दिसम्बर में हो रही है।जिस कविता संग्रह पर पुरस्कार मिला है,उसका शीर्षक लोगों नहीं भा रहा है।दरअसल हर साहित्यकार कद्दू की सब्जी नहीं खाता,इसलिए कइयों को तुमड़ी शब्द समझ में ही नहीं आ रहा है।सभी साहित्यकारों को वाम और दक्षिण अच्छे से समझ में आते है।हर पुरस्कार और सम्मान इसी कसौटी पर कसा जाता है।पूर्व में इस पुरस्कार को प्राप्त कर चुके कवियों को भी इस अवसर पर नहीं बख्शा जाता।दर्जनों वाम साहित्यकारों पर दक्षिण बनकर लाभ लेने की तोहमत लगाई जाती है।यह वर्ष जाते जाते इसी तोहमत पर विमर्श कर रहा है।

इस वर्ष भी कथा साहित्य को काम कोहनी मारता रहा।सत्य कथाओं की हिंदी कहानी में ऐसी घुसपैठ पहले कभी नहीं देखी गई।कई उपन्यास साहित्य अकादमी की लिस्ट में शामिल होने पर ही सफल मान लिए गए।वहां तक पहुंचे हैं,तो कभी सम्मानित भी हो जाएंगे।कुछ कथाकार इफ्को सम्मान की बाट जोहते रहे।कहानी की पत्रिकाएं कम जरूर हुईं पर निकलती रहीं।कुछ कथाकार लघु कथाओं के जरिए बड़े लेखक हो गए।

कविता का बहुत बुरा हाल रहा।कवि,प्रकाशक और पाठक तीनों को इसका मलाल रहा।वर्ष के अंतिम महीने में कोरोना के आगमन की सूचना से उन कवियों में खुशी का संचार हुआ,जिनकी कोरोना पर लिखी बहुमूल्य कविताओं की अब तक कोई किताब नहीं आ पाई थी।ये कवि शर्तिया पुस्तक मेले तक अपना संग्रह छपवा लेंगे। प्रकाशक को पांडुलिपि और आर्थिक सहायता जा चुकी है।

इस बार भी व्यंग्य में आधा तीतर आधा बटेर होता रहा।दो अखबारों ने अपने चर्चित व्यंग्य स्तंभ क्या बन्द किए,व्यंग्यकार स्तब्ध रह गए।इस बार व्यंग्य में कुछ नए प्रयोग हुए।रामचरित मानस की चौपाइयों की मदद से व्यंग्य को आगे बढ़ाया गया। गावहिं गीत मनोहर नाना अर्थात नाना मनोहर गीत गा रहे हैं!इस कमाल का कोई जवाब ही नहीं।लंका निसिचर निकर निवासा का अर्थ,लंका में राक्षस नेकर पहनते हैं,बताकर व्यंग्य लिखे जाने लगे।

पाठक इन व्यंग्य लेखों को समझ तो नहीं पाए,पर उन्हें इस प्रयोग से आनंद आ गया।यों व्यंग्य को हम जैसे कई व्यंग्यकार भी नहीं समझ पाते!यही कारण है सभी व्यंग्यकार वर्ष पर्यन्त अपने अपने व्यंग्य को श्रेष्ठ बताते रहे और अखबारों को बिना फीस लिए ही अपनी सेवाएं देते रहे।संपादक चूंकि किसी को पारिश्रमिक नहीं दे पा रहे थे,इसलिए वे भी मनोहर को सीताजी का नाना मानकर ही छापते रहे।

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# यूरिया के लिए किसानों ने समिति पर किया हंगामा

जनसंदेश न्यूज

**माहुल (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर की साधन सहकारी समिति पर सचिव के गायब होने की वजह से यूरिया न मिलने से तीन दिनों से परेशान अन्नदाताओं ने मंगलवार को हंगामा कर सचिव मुदार्बाद का नारा लगाना शुरू कर दिया।

हंगामे की सूचना पर एसडीएम फूलपुर नरेंद्र कुमार गंगवार ने किसानों की समस्या को संज्ञान में लेते हुए सचिव को समिति पर भेज कर किसी तरह से हंगामे को शांत कराते हुए यूरिया का वितरण शुरू कराया।

गेहूं सहित तमाम फसलों की सिंचाई के बाद अन्नदाताओ द्वारा यूरिया का छिड़काव किया जाता है। करीब पांच दिन पहले साधन सहकारी समिति की गोदाम पर चार सौ बोरी यूरिया किसानों में वितरित करने हेतु आई थी। सचिव अरुण कुमार यादव के गायब रहने की वजह से तीन दिनों से लगातार भोर में पांच बजे से यूरिया के लिए लाइन लगा कर वापस लौट रहे किसानों का मंगलवार को सब्र का बांध टूट गया और वे आक्रोशित हो गए तथा सचिव मुदार्बाद का नारा लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

किसानों के हंगामे की सूचना पर उपजिलाधिकारी फूलपुर नरेंद्र कुमार गंगवार ने सख्ती दिखाते हुए सचिव अरुण कुमार यादव को समिति पर भेजा और वितरण शुरू कराया तब जा कर हंगामा कर रहे किसान शांत हुए। इस मौके पर आनंद यादव, संतोष मौर्य, धरणीधर पाण्डेय, राजेश पाण्डेय आदि किसान मौजूद रहे।



साधन सहकारी समिति पर नारेबाजी करते किसान।

# यूरिया खाद के लिए किसान परेशान

## काट रहे समितियों का चक्कर

जनसंदेश न्यूज

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के किसान इस समय यूरिया खाद के लिए परेशान है। खाद के लिए किसान सुबह से ही समितियों का चक्कर लगा रहे हैं उसके बाद भी किसानों को खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है।



ब्लाक क्षेत्र के किसान वर्तमान समय में यूरिया खाद के लिए काफी परेशान हैं। यूरिया खाद के लिए हर दिन गोदाम का चक्कर लगा कर किसान बेहाल हो जा रहा है। किसानों की भीड़ समितियों पर पहुच रही है लेकिन मोके पर ही सचिव हैं और नही कोई जिम्मेदार अधिकारी जो किसानों को खाद के बारे में जानकारी दे सकें। जब कि गेहूं सरसो आदि में यूरिया जैसी उर्वरक की आवश्यकता छोटे बड़े सभी किसानों को हो गयी है। बाहर से लेने पर मिलावट और घटतौली के साथ मंहगे दाम पर यूरिया मिलती है। क्षेत्र के रामराज नसीम कलन्दर सुबास भूषण यादव मो असलम नदीम अहमद आदि ने जिला के उच्चाधिकारी का ध्यान किसानों की इस समस्या की तरफ आकृष्ट कराते हुए उर्वरक समय से उपलब्ध करवाने की मांग की है। इस सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी फूलपुर नरेन्द्र कुमार गंगवार ने बताया गया कि वितरण क्यो नही हो रहा पता करता हू उर्वरक है तो पुलिस बल की उपस्थित में यूरिया का वितरण कराया जाएगा। साथ ही उर्वरक की कमी नही होने दी जाएगी किसानों की समस्या अति शीघ्र समाप्त कराई जाएगी।

# टीएलएम से शिक्षण को बनाएं और प्रभावी: बीएसए

जनसंदेश न्यूज

**पवई (आजमगढ़)।** प्रशिक्षण को और प्रभावी बनाने के लिए टीएलएम का उपयोग करने वाले शिक्षक बेहतर परिणाम लाते हैं। कक्षा का माहौल बेहतर होने पर विद्यार्थियों में सीखने की लालसा उत्पन्न होती है। बच्चों के लिए टीएलएम तैयार करने में शिक्षक हर संभव प्रयास करें।

उक्त बातें खण्ड शिक्षा अधिकारी पूजा पाठक ने ब्लॉक शैक्षिक संसाधन केंद्र पर आयोजित विभिन्न न्याय पंचायतों के टीएलएम प्रदर्शनी में कही।

उन्होंने कहा कि टीएलएम द्वारा शुरूआत की कक्षाओं में बच्चों की मनोदशा जानकर बेहतर काम किया जा सकता है।



प्रदर्शनी का अवलोकन करती खंड शिक्षा अधिकारी पूजा पाठक।

शिक्षकों को टीएलएम सामग्री के निर्माण में आसान तरीकों का इस्तेमाल करना चाहिए। खण्ड शिक्षा अधिकारी पूजा पाठक ने स्टालों पर लगाई गई सामग्री का अवलोकन कर शिक्षकों से संवाद किया।

इस अवसर पर संकुल शिक्षक विजय कुमार यादव, अजय कुमार यादव, नरसिंह, अशोक कुमार यादव, बृजेंद्र पाल सिंह, लालजीत, रामहित, एआरपी राम नवल, प्रधानाध्यापक रामधनी यादव आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रधान, वर्तमान प्रधान का काट रहा चक्कर

जनसंदेश न्यूज

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** रानीकीसराय थाना क्षेत्र के विट्ठलपुर ग्राम सभा निवासी भूतपूर्व ग्राम प्रधान पुत्र के निवास सत्यापन के लिए वर्तमान प्रधान का चक्कर काट रहा है।थककर पीडित ने पुलिस कप्तान से सत्यापन कराने की गुहार लगाई है। विट्ठलपुर गाव निवासी पूर्व ग्राम प्रधान प्रमोद यादव के पुत्र वीरसेन का पासपोर्ट के लिए आवेदन किया था।प्रमाण पत्र सत्यापन के लिए रानीकीसराय थाने पहुचा तो थाने से गाव के प्रधान के सत्यापन की रिपोर्ट मांगी गयी।उधर सभी प्रमाण पत्र रहते हुए भी ग्राम प्रधान ने हस्ताक्षर से इंकार कर दिया।पीडित ने जब थाने पर गुहार लगाई तो पुलिस ने बगैर सत्यापन के रिपोर्ट भेजने से इंकार कर दिया।आये दिन ग्राम प्रधान और थाने का चक्कर काटने के बाद प्रमोद ने पुलिस कप्तान को प्रार्थना पत्र देकर मामले की गुहार लगाई है।

# ऐप के माध्यम से फोटो अटेंडेंस का शिक्षकों ने किया विरोध

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा पल्हनी के अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में खण्ड शिक्षा अधिकारी पल्हनी को बीआरसी कार्यालय पर मंगलवार को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान नोट कैम ऐप के माध्यम से फोटो अटेण्डेन्स लगाये जाने का शिक्षक, शिक्षिकाओं, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों शिक्षणेत्तर कर्मियों द्वारा पुरजोर विरोध किया गया।

सौंपे गये ज्ञापन में अध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी नोटकेम एप के आदेश को अध्यापक सेवा नियमावली के विरूद्ध एवं असंवैधानिक है। यह शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की भावनाओं को आहत करने वाला एवं निजता का उल्लंघन है। जिसे किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा। श्री सिंह ने आगे बताया कि विभाग द्वारा बिना लैपटाप, रिचार्ज फीस उपलब्ध कराये ही शिक्षकों से गैर शैक्षिक कार्य के साथ ही डीबीटी, एमडीएम, उपभोग, दीक्षा एप, प्रेरणा एप आदि तमाम एप डाउनलोड कराकर जबरदस्ती कार्य कराये जा रहे है। यह तुगलकी फरमान शिक्षकों की निजता का उलंघन एवं अपमानित करने का प्रयास है। अवैधानिक एवं तुगलकी फरमान का जनपद के शिक्षक शिक्षिकाएं पुरजोर विरोध करेंगे।

ज्ञापन सौंपने वालों में ब्लाक मंत्री संतोष राय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधराज सिंह, देवेन्द्र तिवारी, यशवंत सिंह पल्हनी, जितेन्द्र यादव, संगीता राय, सुदेश राय, रवि पाठक, रमेश सिंह सहित सैकड़ों शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहें। **लालगंज प्रतिनिधि** के अनुसार उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई लालगंज की ब्लॉक अध्यक्षा मंजुलता राय, ब्लॉक मंत्री भूप नारायण सिंह, तथा कोषाध्यक्ष राजबहादुर विश्वकर्मा की अगुवाई में शिक्षकों ने नोटकैम ऐप को डाउनलोड करने एवं सेल्फी भेजने के विरोध में खंड शिक्षा अधिकारी लालगंज बृजेश कुमार श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की।



बीआरसी को ज्ञापन देते शिक्षक।

# सचल खाद्य जांच प्रयोगशाला को किया गया रवाना

**हुई जांच**

### 54 के सापेक्ष 11 नमूने मिले मानक के विपरीत

**आजमगढ़।** खाद्य संरक्षा मानक प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त सचल खाद्य जांच प्रयोगशाला को अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिल कुमार मिश्र ने कलेक्ट्रेट से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

खाद्य संरक्षा मानक प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त सचल खाद्य जांच प्रयोगशाला सर्वप्रथम रेलवे स्टेशन, आजमगढ़ पहुंची तथा वहां पर कुल 24 मिठाईयों व अन्य खाद्य पदार्थों का नमूना जांचा गया, जिसमें कलाकंद व गुलाब जामुन में स्टार्च तथा लड्डू व जलेबी कृत्रिम रंग से रंगी हुई पाई गई। तत्पश्चात उक्त जांच प्रयोगशाला रानी की सराय स्थित ऊंची गोदाम मोड़ एवं सोनवरा मोड़ पहुंच कर वहां के खाद्य कारोबारकताओं के खाद्य पदार्थों दूध, इमरती, लड्डू, राजभोग एवं अन्य खाद्य पदार्थ की जांच की गयी तथा जिसमें अधिकतर खाद्य पदार्थ मानक के अनुरूप पाये गये। सचल वाहन दल बेलइसा चैराहा पर शेरे पंजाब ढाबा एवं मद्धेशिया स्विट हाउस से हल्दी, सब्जी मसाला, लड्डू, कलाकंद जांचे गये, जो मानक के अनुरूप पाये गये। इस प्रकार आज जांच में कुल 54 नमूनें जांचे गए, जिसमें 11 नमूनें मानक के विपरीत पाए गए। जिन खाद्य कारोबारकताओं के खाद्य नमूनें फेल पाए गए अथवा उनमें कोई कमी पायी गयी, उसको सुधारने के लिए उनको जागरूक भी किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राकेश कुमार शुक्ला ने खाद्य जांच की विधि आम जनमानस को बताते हुए उन्हें खाद्य सुरक्षा के प्राविधानों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि सचल खाद्य जांच दल अगले 4 दिनों के लिए जनपद के विभिन्न तहसील क्षेत्रों में भ्रमण कर खाद्य कारोबारकताओं एवं आम जनमानस के खाद्य पादार्थों का निःशुल्क जांच कर तत्काल परिणाम उपलब्ध करायेगी।



सचल खाद्य जांच प्रयोगशाला को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते एडीएम प्रशासन अनिल कुमार मिश्र।

# भूमाफिया से जमीन बचाने के लिए धरने पर बुजुर्ग

**आजमगढ़।** कलेक्ट्रेट स्थित अम्बेडकर पार्क में अपनी जमीन भूमाफिया से बचाने के लिए पीड़ित धरने पर बैठ गया। जिलाधिकारी को सौपे पत्रक के माध्यम से अपनी जमीन बचाने की गुहार लगायी। जनपद के निजामाबाद तहसील क्षेत्र के बुद्धसेनपुर गांव निवासी लालचन्द्र ने जिलाधिकारी को सौपे पत्रक के माध्यम से बताया कि उसके पास लड़का व लड़की नहीं उसकी पत्नी अभी जीवित है गांव के मुन्ना पुत्र खेदू से प्रार्थी की रंजिश है उन्होने बताया फर्जी मुकदमा कर जमीन की अमलदरामद करावा लिया है जिसमें रिकार्ड रुम के अधिकारी व कर्मचारी मिले हुए हैं। पीड़ित ने बताया कि मुन्ना भूमाफिया है वह हैरान व परेशान कर रहा है वह हमारी जमीन को कब्जा करने की फिराक में है वह दबंग है पीड़ित काफी वृद्ध हो गया है उसने कई प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिलाध्किारी को सौपे पत्रक के माध्यम से फर्जी अमलदरामद को निरस्त करने व जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# वाहन के धक्के से पत्नी की मौत, पति घायल



घटना स्थल पर जुटी लोगों की भीड़।

जनसंदेश न्यूज

**लालगंज (आजमगढ़)।** लुंबिनी सारनाथ वाराणसी 233 आजमगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रुद्रपुर बाईपास चैराहे पर चार पहिया वाहन ने दंपति को रौंद दिया। दुर्घटना में जहां पत्नी की मौत हो गयी वहीं पति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

गोवर्धनपुर निवासी राम देव प्रजापति 65 वर्ष अपनी पत्नी शांति प्रजापति 62 वर्ष को बाइक से लेकर लालगंज की तरफ दवा के लिए जा रहे थे कि रुद्रपुर स्थित टंकी के सामने चैराहे पर क्रास करने लगे। एक वाहन बुरी तरह धक्का मार दिया जिससे पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई और रामदेव बुरी तरह घायल हो गया। दो पहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। उपस्थित लोगों की सूचना पर गोवर्धनपुर ग्राम निवासी तथा उनके परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गये। आनन-फानन में घायल को हॉस्पिटल भेजा गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पेट्रोल टंकी पर लगे कैमरे से दुर्घटना करने वाली गाड़ी का पता लगाया जा रहा है।

# देश में नहीं चलेगा नफरत का नारा: विश्वनाथ पाल

**आजमगढ़।** बहुजन समाज पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल का मंगलवार को नेहरू हाल के सभागार में बसपाजनों द्वारा फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारियों ने उन्हे अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया।



नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते बसपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

स्वागत से अभिभूत नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहा कि बसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आप लोगों के बीच में पिछड़ी जाति के कार्यकर्ता को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर सम्मान देने का कार्य किया। सभी कार्यकर्ता अपने को प्रदेश अध्यक्ष समझें। विगत विधान सभा का जो चुनाव हुआ है उसमें प्रचारतन्त्र का बहुत बड़ा हाथ था। आज गरीब समाज बसपा के साथ लगा हुआ है, जो अनुशासित है। वह कभी लड़ाई-झगड़ा नहीं करता। जिस पार्टी के साथ सर्वसमाज के लोग लगे हो उसे मीडिया ने लड़ाई में नहीं दिखाया और भाजपा की बी टीम बताया। जो क्षेत्रीय पार्टी लड़ाई में नहीं थी, उसे लड़ाई में दिखाया गया। अब गुमराह होने की जरूरत नहीं है। बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर ने सभी लोगों की लड़ाई लड़कर एक वोट देने व आरक्षण देने का काम किया। आजादी के 38 वर्षों बाद बसपा के विरोध के बाद पिछड़ी जातियों को आधा अधूरा आरक्षण प्राप्त हुआ। आज सामाजिक एकता को खंडित कर बीजेपी शासन कर रही हैं। बसपा ही सिर्फ सर्वसमाज की पार्टी है और सबकी हिस्सेदारी व भागीदारी देने का काम कर सकती है। आगामी निकाय चुनाव पार्टी भारी संख्या में जीतेगी। अब देश में नफरत का नारा नहीं चलेगा सिर्फ भाईचारा चलेगा। पूर्व विधायक आजाद अरिमर्दन ने कहा कि जमीन स्तर पर भाईचारा बनाकर अपने खोए हुए राजपाट को वापस लें। पिछड़े वर्ग का मान सम्मान व स्वाभिमान बसपा में ही है।

## मार्ग दुर्घटना में घायल युवक ने तोड़ा दम

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के धनछुला जमीन हरखोरी गांव के पास सोमवार की सुबह नैनो कार व बुलेट में टक्कर हुई थी जिसमें चाचा-भतीजा घायल हुए थे। चाचा की सोमवार को ही जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई थी। जबकि भतीजे को रेफर कर दिया गया था। मंगलवार की सुबह इलाज के दौरान घायल भतीजे ने भी गोरखपुर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में दम तोड़ दिया। गोरखपुर जिले के बेलीपार थाना के कबानी खुर्द महोब बगानी गांव निवासी अर्जुन सिंह 46 वर्ष सोमवार की सुबह अपने भतीजे अभिनेष सिंह 22 वर्ष के साथ आजमगढ़ जिला मुख्यालय बेटी की शादी के लिए लड़का देखने आ रहे थे। धनछुला जमीन हरखोरी गांव के पास ही बुलेट की नैनो कार से टक्कर हो गई थी। इस हादसे में चाचा-भतीजा के साथ ही नैनो कार सवार डॉ.जितेंद्र कुमार निवासी फतेहपुर कन्हैरा जिला अंबेडकर नगर भी घायल हो गए थे। तीनों को जिला अस्पताल भेजा गया था। रास्ते में ही अर्जुन सिंह ने दम तोड़ दिया था। वहीं भतीजा अभिनेष जिला अस्पताल से रेफर कर दिया गया था। परिजन उसे गोरखपुर जिला मुख्यालय स्थित प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराये थे। जहां मंगलवार की सुबह भतीजा अभिनेष की भी मौत हो गई। मृतक दो भाईयों में छोटा था। चाचा के बाद भतीजे की भी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है।

# डीएम ने कोविड कमांड और कंट्रोल सेंटर का किया निरीक्षण

**जायजा**

### अस्पतालों में किया गया मॉकड्रिल

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में मंडलीय चिकित्सालय एवं लालगंज, तरवां, लाटघाट एवं कोल्हूखोर में स्थापित 100 एवं 30 बेड चिकित्सालय में आगामी कोविड-19 की संभावित लहर से बचने एवं उपचार तथा दवाओं, बेड, स्ट्रेचर, ऑक्सीजन प्लांट, ऑक्सीजन पाइप लाइन आदि की तैयारियों का मॉकड्रिल कराया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर कोविड-19 के एल-3, एल-2 एवं एल-1 चिकित्सालय में मॉकड्रिल कर तैयारियों का जायजा लिया गया।

जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने मंगलवार को आगामी कोविड-19 के संक्रमण से बचाव एवं जानकारी प्राप्त करने तथा कोविड-19 से संक्रमित मरीजों की सहायता हेतु कलेक्ट्रेट में स्थापित इंटीग्रेटेड कोविड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि कंट्रोल रूम के सभी हेल्पलाइन नंबरों को तत्काल सक्रिय कर दिया जाय। उन्होंने होम आइसोलेशन में मरीजों से बात करने, ट्रेसिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गूगल शीट पर अपलोड मरीजों के संपर्क में आने वालों की सैंपलिंग सुनिश्चित की जाय। जिलाधिकारी के निर्देश पर एडिशनल सीएमओ डॉ.संजय कुमार ने कोल्हूखोर में स्थापित 30 बेडेड कोविड-19 चिकित्सालय में मॉकड्रिल कराया। डॉ.संजय ने थोड़ी-बहुत कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि गाइडलाइन के अनुसार दवाओं के लिए तत्काल प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही चिकित्सालय की खिड़कियों की जाली, दरवाजे और शौचालय के दरवाजे, खिड़की को अच्छा बनाने के लिए निर्देश दिया गया।



कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज।

## संक्षेप

### छात्राओं का जांचा गया स्वास्थ्य

**लालगंज (आजमगढ़)।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम के तहत राजकीय बालिका इंटर कालेज कटघर लालगंज परिसर में छात्राओं की जांच की गयी। राजकीय बालिका इंटर कालेज परिसर में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या अनुराधा गौतम व डा.बीके सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने भाषण, गीत, कोरोना की चार्ट प्रदर्शनी, प्लास्टिक प्रयोग नहीं करेंगे न ही करने देंगे पर नाटक प्रस्तुत किया। डाक्टरों व शिक्षको की संयुक्त टीम ने चित्रकला प्रदर्शनी में अर्चना प्रथम, श्रद्धा द्वितीय व कमकम को तृतीय पुरस्कार, भाषण में संजना यादव प्रथम व अल्शिफा बानो को द्वितीय पुरस्कार व नाटक प्रस्तुत करने वाली टीम लीडर मुस्कान को पुरस्कार देकर छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा विद्यालय के समस्त छात्राओं का आंख, दांत, वजन सहित चिकित्सकीय प्रशिक्षण किया गया। इस अवसर पर अधीक्षक डा.बीके सिंह, डा.रामनयन, डा.फरहान, डा.आसिफ खान, डा.दुर्गेश, डा.इस्माइल, प्रवक्ता डा.सुनीता यादव, माया देवी जायसवार, स्वाति, सुषमा यादव, वृजलाल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन छात्रा श्रद्धा राय ने किया।



### एसडीएम ने हटवाया सड़क के किनारे अतिक्रमण



**निजामाबाद (आजमगढ़)।** स्थानीय कस्बा में जाने वाले रास्ते पर अतिक्रमण को एसडीएम के निर्देश पर हटाया गया। एसडीएम मौके पर पहुचकर अतिक्रमण को हटवाये। अतिक्रमण हटने से आने जाने वालों को काफी राहत हुई। निजामाबाद कस्वा में जाने वाले तिराहे पर अक्सर जाम लगाकर ठेला खोमचा आदि लोग सब्जी बेचते हैं जिसकी बजह से कस्बा के अंदर कोई भी ब्यक्ति रिक्शा ठेला सायकिल भी लेकर नही जा पाता हैं और वही सब्जी बेचने वाले कस्बे के होते हैं जिसकी वजह आने जाने वाले अक्सर विवाद करते रहते है जिसके कारण बाजार में आने जाने बालों को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता था मंगलवार को उपजिलाधिकारी निजामाबाद रवि कुमार ई ओ निजामाबाद प्रहलाद पांडेय थाना प्रभारी मय फोर्स पहुंच कर अतिक्रमण किये दुकानदारो को हटवाया जिससे हर व्यक्ति आसानी से कस्वा में आ जा सकते हैं।

### गाय व पिकअप के साथ दो गिरफ्तार

**महराजगंज (आजमगढ़)।** महराजगंज पुलिस ने चेकिंग के दौरान गोवध के लिए पिकअप से ले जा रहे दो गाय के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। महराजगंज पुलिस अपराधियों की तलाश में क्षेत्र भ्रमण पर थी। इसी दौरान सूचना मिली कि एक पिकअप अवसानपुर सरदहां से शिवपुर बाजार की तरफ आ रही हैं जिस पर गोवंश पशु लदा है। पुलिस भीलमपुर पुल पर पहुंचकर चेकिंग करने लगी तभी एक पिकअप सामने से आती दिखायी दी जिस पर गोवंशीय पशु लदे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर पिकअप को पकड़ लिया तथा उसमें बैठे 2 व्यक्तियों हिरासत में ले लिया। कड़ाई से पूछताछ में पकड़े गये व्यक्तियों ने अपना नाम स्वारथ यादव पुत्र स्व.सरजू यादव निवासी सिकन्दरपुर थाना महराजगंज व शंकर कुमार पुत्र झगरू राम निवासी सहदेवगंज थाना महराजगंज बताया। पुलिस ने दोनों को संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।



### बिहार से अयोध्या जा रही पदयात्रा का हुआ स्वागत



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** लव जेहाद पर सख्त कानून बनाने को लेकर बिहार से अयोध्या तक निकली पदयात्रा जैसे ही अतरौलिया में पहुंची वहां भव्य स्वागत किया गया। यह पदयात्रा बिहार के पटना से लेकर अयोध्या तक के लिए रवाना हुई। पदयात्रा के संयोजक ने बताया कि भारत को एक हिंदू राष्ट्र घोषित करने तथा लव जेहाद पर सख्त कानून बनाने के उद्देश्य यह पदयात्रा निकाली गई है। लव जेहाद पर ऐसा कानून बने की किसी का हाथ पैर काटने वाले के भी उसी तरह से हाथ पैर काट दिया जाए। इस पदयात्रा में विनय पटेल राष्ट्रीय सह संयोजक संतोष कुमार, निरंजन विपुल, अंशु महतो, रोहित कुमार, रिंकू कुमार, धर्मेंद्र यादव श्रीनिवास गुप्ता एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोग उपस्थित रहे।

### आपदा से निपटने के लिए तैयारियां पूर्ण

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** आपदा से लड़ने के लिए 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय अतरौलिया पूरी तरह से तैयार है। यहां लगा ऑक्सीजन प्लांट अपना कार्य पूर्ण रूप से कर रहा है। कोविड का 60 बेड ऑक्सीजन पाइप लाइन के साथ तैयार है। 20 बेड पीडियाट्रिक ऑक्सीजन के साथ व कंसलटेंट भी लगे है। मेडिसिन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। ऑक्सीजन सिलेंडर भी उपलब्ध है। मंगलवार को माकड्रिल को चेक करने एडिशनल डॉ.जीसी पाठक अस्पताल पहुंचे। अतरौलिया सीएमएस डॉ.सुरेंद्र कुमार ने बताया कि जांच के दौरान सभी उपकरण वर्किंग में पाई गई है। हॉस्पिटल पूरी तरह से तैयार है। ऑक्सीजन प्लांट कोविड बेड, नॉर्मल बेड, बच्चों के बेड, जनरेटर आदि सब सही पाए गए।

### 24 को मनायी जायेगी कर्पूरी ठाकुर की जयंती

**आजमगढ़।** राष्ट्रीय नाई महासभा की बैठक मंगलवार को अम्बेडकर पार्क में रमेश शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन महासचिव तारिक हसन ने किया। बैठक में आगामी 24 जनवरी को जिला मुख्यालय पर नाई समाज के मसीहा व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर की जयन्ती मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए नाई समाज के युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अवधेश शर्मा एडवोकेट ने कहा कि कपूर्री ठाकुर की जयन्ती 24 जनवरी को मनायी जायेगी। रमेश राठी ने कहा कि 24 जनवरी को अपने महापुरुष जननायक कपूर्री ठाकुर की जगन्ती जिला मुख्यालय पर मनायी जायेगी। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ नाई समाज को नहीं मिल रहा है। बैठक में विन्ध्याचल शर्मा, दिनेश गौतम, राजे वामी, अच्छेलाल शर्मा, अरुण कुमार, जितेन्द्र, ओम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

### हुनर रंग महोत्सव के दूसरे दिन हुआ गज-फुट-इंच का मंचन

**आजमगढ़।** हुनर रंग महोत्सव के दूसरे दिन की संध्या का उद्धघाटन वरिष्ठ रंगकर्मी जमशेदपुर मो निजाम, बिहार से मो जिलानी, पुणे महाराष्ट्र से आयी सुषमा दिलीप जावलेकर, रमाकांत वर्मा प्रबंधक ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर और प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया.। अतिथियों का स्वागत स्वागतध्यक्ष अभिषेक जायसवाल दीनू, संस्थान अध्यक्ष मनोज यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव, गौरव मौर्य ने किया। दूसरे दिन की शुरूआत बीके दास कल्चरल अकैडमी पश्चिम बंगाल के कलाकारों द्वारा मनमोहक एकल नृत्य के साथ प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात शांति कालीन सत्र में दीप रिजल्ट के बाद निखिला उत्कल कला निकेतन ओड़िशा के कलाकारों द्वारा संबलपुरी समूह नृत्य से हुआ। दूसरे दिन की पहली नाट्य प्रस्तुति ड्रामाटर्जी आर्ट्स एंड कल्चर सोसाइटी दिल्ली, का नाटक गज-फुट-इंच जो कि केपी सक्सेना द्वारा लिखित और, सुनील चौहान द्वारा निर्देशित एक शानदार कॉमेडी नाटक मंचित हुआ। इस नाटक में आकिब ने टिल्लू, अंकिता ने जुगनी, शुभम शर्मा ने पोखरमल, राघव छाबडा ने साईदास, अंजली ने टिल्लू की माँ, आँचल ने सखी और अभ्युदय ने युवक का किरदार निभाया। साथ ही संगीत संयोजन व सहायक निर्देशक के रूप में निशांत सिंह और प्रकाश व्यवस्था पर सुनील चैहान रहे। दूसरी नाट्य प्रस्तुति संदेश सांस्कृतिक मंच फिरोजाबाद द्वारा विजय तेंदुलकर लिखित नाटक पंछी का मंचन शहंशाह खान के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर सदर विधायक दुर्गा प्रसाद यादव, मुबारकपुर विधायक अखिलेश यादव उपस्थित थे। समारोह को सफल बनाने के लिए उपाध्यक्ष डॉ.शशि भूषण शर्मा, राकेश कुमार, रवि चौरसिया, अमरजीत विश्वकर्मा, कमलेश सोनकर, शशि सोनकर आदि मौजूद। संचालन सुनील दत्त विश्वकर्मा ने किया।



# नकली शराब बेचने वाले गैंग का भंडाफोड़

## 2.50 लाख की अपमिश्रित शराब बरामद, एक गिरफ्तार

सफलता

**शराब को नशीला बनाने में प्रयुक्त केमिकल व बिक्री के 32030 रुपये बरामद**



पत्रकार वार्ता में खुलासा करते एसपी।

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा' द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही तथा अवैध, अपमिश्रित शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी, बिक्री पर पूर्णतः अंकुश लगाते हुए तस्करी, बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में क्षेत्राधिकारी लालगंज दीक्षांत राज के नेतृत्व में थाना लालगंज पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक लालगंज ज्ञानू प्रिया व आबकारी निरीक्षक रोशन लाल मय पुलिस टीम द्वारा विशेष प्रवर्तन अभियान व देखभाल क्षेत्र में मामूर थे कि इस दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत लहंगपुर स्थित सरकारी देशी शराब की दुकान की चेकिंग की गयी। जिसमें देशी शराब की दुकान में संचित कुल स्टॉक 76 पेटी की सघनता से जांच की गयी तो 10 पेटी (कुल 457 शीशी/200 अवैध/ अपमिश्रित देशी शराब बरामद हुई। जिसके सम्बन्ध में विक्रेता दीपक कुमार पुत्र जगनारायण निवासी मदहरपुर थाना अहरौरा मीरजापुर को हिरासत में लेकर दुकान की सघन चेकिंग करते हुए दुकान से लगे अन्य कमरे को खोलकर चेक किया गया तो उसमें रखी हुई प्लास्टिक के बोरे में 71 अदद खाली शीशी अंकित ब्लू लाईम, 08 लीटर हल्के भूरे रंग का तरल पदार्थ, सोपासास की खुली 02 अदद बोतल बरामद की गयी। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर धारा 60/72 उत्तर प्रदेश उत्पाद शुल्क/ आबकारी अधिनियम के तहत नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेजा जा रहा है।

### छापेमारी में मिला नकली शराब बनाने का उपकरण

**लालगंज।** थाना क्षेत्र के लहंगपुर में सोमवार को देर रात ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा ने देसी शराब की दुकान में औचक निरीक्षण किया। जांच पड़ताल के दौरान देसी शराब की दुकान के पीछे वाले कमरे में मिलावटी शराब का धंधा चल रहा था। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नवनीत सेहरा ने लहंगपुर में देसी शराब की दुकान पर छापामार और शराब के स्टाक और अभिलेखों का निरीक्षण किया। छापेमारी करवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टाक और अभिलेखों की जांच की। निरीक्षण के दौरान दुकान के पीछे वाले कमरे में मिलावटी शराब बनाए जाने का उपकरण व शराब बरामद हुआ। जिसमें ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने आबकारी विभाग को कारवाई का निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने बताया कि सेल्समैन आबकारी विभाग की ओर से जारी आइकार्ड गले में पहन कर ही शराब की बिक्री करें। बगैर आइकार्ड सेल्समैन शराब की बिक्री करते पाया गया तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर तहसीलदार शशांक शेखर राय पुलिस उपाधीक्षक दीक्षांत राज थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया मैं स्टाफ के साथ मौजूद रहे।



# रेलवे सफाई कर्मियों ने ठेकेदार व मैनेजर पर लगाया शोषण का आरोप

प्रदर्शन

**कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन डीएम को सौंपा ज्ञापन**

**आखिर कब तक चलेगी ठेकेदार व मैनेजर की दबंगई कब होगा न्याय**

जनसंदेश न्यूज



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते सफाई कर्मी।

**मीरजापुर।** रेलवे स्टेशन काम करने वाले सफाईकर्मियों ने ठेकेदार व मैनेजर पर शोषण करने का आरोप लगाते हुए डीएम को पत्रक देकर जिला कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर न्याय की गुहार लगाई है। बता दें कि मंगलवार की सुबह रेलवे स्टेशन पर काम करते हुए मालगाड़ी की चपेट में आने से महिला सफाई कर्मी रेनू घायल हो गई।

मौके पर काम कर रहे सफाई कर्मचारियों ने इलाज करा कर उसे घर भेज दिया गया। रेलवे सफाई कर्मियों ने ठेकेदार व मैनेजर के ऊपर आरोप लगाते हुए बताया कि ठेकेदार व मैनेजर द्वारा उनसे समय से अधिक काम लिया जाता है और पूरा वेतन भी नहीं दिया जाता है पहुंचने में थोड़ी देर हो जाती है तो उस दिन की हाजिरी कट जाती है। वही रेलवे सफाई कर्मियों का कहना है कि वेतन बढ़ाने का आश्वासन कई बार देने के बाद भी आज तक वेतन नहीं बढ़ा और जो वेतन दे रहे हैं। उसमें से भी वेतन काटकर अधूरा वेतन दिया जा रहा है। वैसे भी आज सुबह काम करते समय महिला सफाई कर्मी रेनू जो कि मालगाड़ी की चपेट में आ गई और घायल हो गई। ऐसे में हम लोगों के साथ कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है तो दुर्घटना होने के बाद हमारे परिवार का जिवकोपार्जन कैसे चलेगा। इस पर भी कई महीनों से ठेकेदार व मैनेजर द्वारा केवल आश्वासन ही दिया जा रहा है। लेकिन अभी तक इन बातों पर कोई ना ही ध्यान दिया जा रहा है और ना ही अभी तक कोई निष्कर्ष निकाला गया है।

## पशु चिकित्सा आरोग्य मेले का किया आयोजन

**चील्ह।** विकास खंड कोन के तिलठी गांव में राम लीला मैदान पर पशु चिकित्सा अरोग्य मेला का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ कोन मंडल अध्यक्ष भाजपा दीपक सिंह द्वारा द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मेले में आसपास के कई गांव से पशुपालक अपने पशुओं को लेकर मेला स्थल पर पहुंचे जहां पर उनकी जांच व उपचार उपस्थित पशु चिकित्सकों द्वारा किया गया। पशु चिकित्सा अधिकारी चील्ह नवीन चंद्र पांडे ने बताया कि इस तरह के आयोजन से एक ही स्थल पर कई गांव के पशुओं की किसी भी रोग व समस्या का डॉक्टरों द्वारा उपचार के माध्यम से दूर करने का प्रयास किया जाता है इस मेले में लगभग 1500 बड़े पशु व 500 छोटे पशुओं का उपचार किया गया। शिविर में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शकुंतला, डॉक्टर सरिता काकोरिया, डॉ राम सुंदर, रणजीत सिंह सहित कई डॉक्टर और बड़ी संख्या में पशुपालक इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# जालसाजों ने युवक के खाते से उड़ाया 92 हजार

जनसंदेश न्यूज

साइबर क्राइम

**आंगनबाड़ी का अधिकारी बताकर पत्नी के खाते में लगाया चूना**



**जिगना।** विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के पियरी भीट गांव निवासी युवक को आंगनबाड़ी केंद्र से पैसा दिलाने के नाम पर ठगों ने उसके बैंक खाते से 92 हजार रुपए उड़ा लिया। पुलिस अधीक्षक को पत्रक सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। गांव निवासी गणेश बिंद पुत्र बाबूलाल ने बताया कि रविवार की देर शाम स्वयं को आंगनबाड़ी का अधिकारी बताकर पत्नी के खाते में 16 हजार रुपए आनलाइन ट्रांसफर करने की बात कर ठगों ने उससे एकाउंट नंबर व ओटीपी नंबर पूछ लिया। इस दौरान उसे गुमराह करने के लिए मोबाइल कांफ्रेंसिंग कर-के गांव की आंगनबाड़ी से भी बात कराता रहा। जिसके कारण वह भ्रम में पड़ गया। ठगों ने दो घंटे के अंदर छः बार में 92 हजार 317 रुपए निकाल लिए। भुक्तभोगी को जब यह जानकारी हुई कि उसके खाते से पैसा निकल गया है वह दौड़ा-दौड़ा अपने गांव के ग्राम प्रधान शिव लखन बिंद के पास पहुंचा सारी जानकारी दिया। लेकिन इसके पहले जाल सजों ने अपना काम कर लिया था। भुक्तभोगी के मात्र 719 रुपए उसके खाते में बचा हुआ है। मोबाइल पर मैसेज आने पर उसके होश उड़ गए। जिस नंबर से काल आई थी। वह भी बंद हो गया। भुक्तभोगी ने पुलिस अधीक्षक से जांच कराने की मांग की है।

## एक ही रात में दो दुकानों से चोरों ने उड़ाया लाखों का सामान व नगदी

**मड़िहान।** थाना सन्तनगर क्षेत्र अंतर्गत दीपनगर बाजार में सोमवार की रात में दो दुकानों की खिड़की से फांद कर पीछे के दरवाजा से एक लाख से ऊपर के समान व नगद रुपये चोरों ने साफ कर दिया। लालगंज कलवारी रोड पर सहज जन सेवा केंद्र के प्रभारी अवधेश कुमार मिश्र अपने सहज जन सेवा केंद्र को रोज की भांति बन्द कर घर देवरी शिव बालक खास चले गए।

जब मंगलवार को सुबह 10 बजे दुकान बाहर से खोले तो अंदर का नजारा देख उनके होश उड़ गए। उनके दुकान से दो लैपटॉप जिसकी अनु कीमत 55 हजार लेमिनेशन मशीन ढाई हजार, प्रिंटर मशीन 13 हजार, नगद 18 हजार लेकर चोर पिछले दरवाजे से चंपत हो गये। सहज संचालक अवधेश ने बताया कि जमीन से 9 फिट ऊपर के जंगला से फांद कर चोर अंदर आया और पीछे के गेट से निकल गया। घटना की जानकारी डायल112 व थाना सन्तनगर को दिया गया। वही दीपनगर बाजार में शिव कुमार ठठेरी की दुकान में पीछे से ही जंगला से फांद कर सोमवार के ही रात दुकान में घुस कर केवल पीतल व फूल के बर्तन साफ कर दिया। जिसमें दुकानदार द्वारा बताया गया कि दुकान से पीतल के हंडा, परात, फूल के थार, लोटा, कटोरा, थाली ही चोर ले गए है। जिसकी अनुमानित कीमत 70 हजार है। जबकि स्टील के सभी बर्तन अपनी जगह पर ही पड़े रहे। दुकानदार ने बताया कि रात को दुकान 9 बजे बन्द कर कमरे पर सोने के लिए गया था। जब सुबह 9 बजे दुकान खोला तो पीछे का दरवाजा खुला देख होश उड़ गए। डायल 112 को सूचित करते हुए थानाध्यक्ष संतनगर को तहरीर दी गई है। इसी प्रकार दीपनगर में दुर्गा मंदिर के सामने मोहन सेठ का 70 हजार रुपये नगद दीवार में लगे जंगले से दुकान में फांद कर चोरों ने हाथ साफ कर दिया था। जिसकी कोई कार्यवाही नही हुई थी। दोनों दुकानदारों ने थानाध्यक्ष संतनगर कमल टावरी को लिखित आवेदन कर माल बरामद के साथ कार्यवाही की मांग किया है। थानाध्यक्ष कमल टावरी ने बताया कि घटना स्थल की जांच की गई है जल्द ही कार्यवाही भी होगी।

## जन्मोत्सव कार्यक्रम में झांकी, देवी जागरण के साथ हुआ कवि सम्मेलन

**अदलहाट।** वृक्षोपल्ली सेवा आश्रम बरईपुर के महन्त स्वामी रामानंद महाराज के गुरु स्वामी परमानंद महाराज के 75 वें जन्मदिवस पर सोमवार को देर रात तक बरईपुर स्थित आश्रम में कवि सम्मेलन, झाकी, देवी जागरण का आयोजन किया गया। जन्मोत्सव में साधु सन्तों को सम्मानित करने के साथ भण्डारे का भी आयोजन किया गया। झाकी कार्यक्रम में विजय जायसवाल की टीम का राधा कृष्ण व भगवान शंकर के नृत्य मनमोहक रहा। इसके पूर्व कवि सम्मेलन में रंजना राय ने सरस्वती बंदना गाया। कवि सम्मेलन का संचालन ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने किया। आयोजक महन्त स्वामी रामानंद महराज ने जन्मोत्सव कार्यक्रम में आये साधु संतों, भक्तों, कवियों व कलाकारों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान डा0 विजय शंकर शास्त्री पूर्व मंत्री भारत सरकार, डा0 सुमन शास्त्री, ओम प्रकाश पाण्डेय, दीपक पाण्डेय, हरिमोहन सिंह, प्रबन्धक गांधी विद्यालय कछवा टप्पू बाबू, जितेन्द्र शर्मा, नीरज गुप्ता, देवानंद आदि रहे।

# उद्यमियों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण करें अधिकारी : डीएम

बैठक

**डीएम की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु की बैठक कर सुनी समस्याए**



बैठक को संबोधित करतीं डीएम।

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की बैठक आहूत की गयी। जिसमें उद्यमियों की समस्याओं को सुनकर जिलाधिकारी द्वारा निस्तारण के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि एक और जमीन चिहिन्त करने का निर्देश दिया गया। गोसाईपुर विन्ध्याचल जर्जर रोड़ मरम्मत कराने एवं अतिक्रमण हटवाने के सम्बन्ध में बताया गया।

जिलाधिकरी ने कहा कि जर्जर रोड़ बनवाने एवं अतिक्रमण हटवाने के साथ एक सप्ताह में काम कार्य प्रारम्भ करें। अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि अनुस्मारक पत्र प्रेषित किया जाय। डालमिया भारत ग्रीन विजन लि0, ग्राम नेवादा तहसील लालगंज, मीरजापुर के सहायक महा प्रबन्धक अशोक बोस द्वारा अवगत कराया गया है कि मेरी फर्म सीमेन्ट उत्पाद इकाई की स्थापना करना चाहती है जिसके लिए भूमि क्रय कर लिया गया है तथा मेरे द्वारा 660 करोड़ का निवेश किया जायेगा। श्री बोस द्वारा अवगत कराया गया है कि माह जुलाई-2022 में कन्वर्जन आफ लैण्ड यूज का आवेदन किया गया है, स्वीकृत प्राप्त कर लिया गया हैं। यह भी अवगत कराया गया कि वन, ग्राउण्ड वाटर, अग्नि शमन आदि विभागों से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त हो गया हैं। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि पोस्टर मास्टर से स्थलीय निरीक्षण कराते हुये कार्य प्रारम्भ करायें। औद्योगिक आस्थान पथरहिया में साफ सफाई के सम्बन्ध में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद के द्वारा अवगत कराया गया कि नियमित साफ सफाई करायी जा रही हैं। पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्र ने कहा कि उद्यमियों को यदि किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो अवगत कराये उसका निस्तारण कराया जायेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अंगद गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता विद्युत सहित सम्बन्धित अधिकारी व उद्यमी उपस्थित रहें।

# सिकिया गांव में नहीं होगा तेरहवीं संस्कार

बैठक

**यादव बिरादरी ने आम सभा कर लिया निर्णय, दी समाज को नसीहत**



ग्राम सभा सिकिया में बैठक करते यादव बिरादरी के लोग

**मीरजापुर।** व्यक्ति के निधन के बाद उसकी आत्मा की शांति के लिए तेरहवीं संस्कार या मृत्यु भोज की प्रथा चली आ रही है। लोग इस प्रथा को भली भांति निभाते है, लेकिन अब काफी लोग इस प्रथा से विरत हो रहे हैं। इसकी बजाय अब लोग दिवंगत आत्मा की शांति के लिए शांति पाठ करते है। ऐसा ही नरायणपुर विकास खंड में एक गांव सिकियां जयरामपुर है। इस गांव के यादव बिरादरी के लोग आम सभा कर तेरहवीं संस्कार व मृत्युभोज नहीं करने का फैसला लिया है। इस प्रथा को समाप्त करने के लिए गांव के यादव बिरादरी के लोगों ने मंत्रणा कर अपनी सहमति जारी किया है। उनका मानना है कि एक दुखित परिवार किसी के निधन पर भोज कैसे करा सकता है। भोज कार्यक्रम निधन पर शोभायमान नहीं होता है। इसलिए हम लोग इस प्रथा को समाप्त करने का निर्णय लिए है। ग्रामीणों ने कहा कि इस अभियान के द्वारा लोगों को भी जागरूक किया जाएगा। दरअसल सिकिया गांव में दिवंगत रामदुलार पुत्र पनारू का 21 दिसम्बर को शोक दिवस था। लेकिन बिरादरी की जागरूकता मुहिम में सम्मिलित परिवार द्वारा तेरहवीं संस्कार की बजाय श्रद्धांजलि सभा करने का निर्णय लिया गया। तमाम लोग इस परंपरा को सराहनीय बता रहे है। उनके मुताबिक किसी परिवारिक सदस्य के निधन पर परिवार शोकाकुल होता है। इसलिए उस द्रवित परिवार द्वारा भोज कराने की कुप्रभा समाप्त होनी चाहिए। गांव के बुजुर्गों ने कहा कि इस परम्परा का बहिस्कार कर इसके खिलाफ अभियान भी चलाएंगे। ये सामाजिक जागरूकता की पहल है। जिसे आगे बढ़ाया जाएगा। इस दौरान नंदलाल,नागेश्वर,प्रमोद , माधो, मिठाईलाल, पूर्व प्रधान कल्पू, दयाराम, जवाहिर, रामलखन , रामेश्वर यादव, शिवकुमार यादव, गुंगई यादव, भोला यादव, रामू यादव, राधेश्याम यादव, नखडू यादव, मंगल यादव, मनोज यादव, जोगिंदर, बच्चूलाल यादव, मदन यादव आदि रहे।

## जब संगठित रहेगा समाज तभी होगा सशक्त : विवेक बरनवाल

**मीरजापुर।** बरनवाल सेवा समिति मीरजापुर के सदस्यों द्वारा समाज के आदि पुरुष अग्रज महाराजा अहिबरन जी की जयंती लोहंदी स्थित अभिनंदनम पैलेस मैरैज हाल में भव्य रूप से मनाया गया। जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गोपालापुर से आए समाज के वरिष्ठ उमाकांत बरनवाल ने सभी सदस्यों को एतिहासिक आयोजन की बधाई दी। कहा बरनवाल समाज के लोग हर संभव समाज के सभी वर्गों का सहयोग करते आए हैं और करते रहेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विनित बरनवाल ने कहा हमारा समाज राजनितिक रूप से पिछड़ा हुआ है और अब समय आ गया की समाज के लोग अपने समाज के राजनीतिक रूप से सक्रिय लोगों का सहयोग करें और उनको आगे बढ़ाएं। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में घोसिया ,भदोही से आए अशोक जी बरनवाल, निवास बरनवाल, अश्वनी बरनवाल, अवधेश बरनवाल ने समिति के पदाधिकारियों को भव्य आयोजन की बधाई दी। अध्यक्ष विवेक बरनवाल एवं मंत्री पवन बरनवाल के द्वारा सभी संरक्षकों एवं कार्यकारिणी के सदस्यों को धन्यवाद दिया गया।

## मिसेज इंडिया वैशाली वर्मा का हुआ अभिनंदन




**चुनार।** नगर स्थित उस्मानपुर के कॉलेज में सोमवार को मिसेज इंडिया माई आईडेंटिटी 2022 का खिताब जीतने वाली वैशाली वर्मा का स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में वैशाली वर्मा का माल्यार्पण व स्वागत प्रधानाचार्य सौरभ कुमार श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। विजय कुमार वर्मा पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद चुनार के द्वारा उनके व्यक्तिगत जीवन पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं के द्वारा माला पहना कर मिसेज इंडिया का स्वागत किया गया। जिसमें छात्र, छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन लल्लन प्रसाद के द्वारा किया गया।

उक्त कार्यक्रम में नयन कुमार वर्मा, अशरफ अली के साथ शिक्षक, शिक्षिका के रूप में अनामिका मौर्य, शालिनी साहू, अजय कुमार यादव, दीपक सिंह, कृष्ण कुमार, वेदिका विश्वकर्मा, अनामिका सिंह, पूनम सिंह, मोनी वर्मा, सुनीता शर्मा, मीरा देवी, हेम लाल कुशवाहा, क्षितिज शर्मा, चंचला सिंह, दीप्ति सिन्हा, आंचल मौर्य, स्नेह लता पाठक, सहित समस्त छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## संक्षेप

### सीडीओ ने किया गो आश्रय स्थल का निरीक्षण



**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस ने नगर पंचायत कछवाँ स्थित गो-वंश आश्रय स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि गौवंश आश्रय स्थल पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया है तथा ठंड से बचाव हेतु आलाव की व्यवस्था है किन्तु मल-मूत्र एवं पानी के निकासी हेतु बनाई गयी नाली की सफाई नहीं है, जिस पर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत को निर्देशित किया गया कि मूत्र व पानी की निकासी तथा आगामी दिनों में ठंड के बढ़ते प्रकोप से पशुओं को बचाने हेतु त्रिपाल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। निरीक्षण पंजिका के अवलोकन में पाया गया कि पूर्व अधिकारियों द्वारा जाँच के समय दिये गये निर्देशों को अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत द्वारा गम्भीरता से नहीं लिया जा रहा है। पंजिका को अवलोकित करते हुए अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि निरीक्षण के समय दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये। तदुपरान्त विकास खण्ड मझवॉ के ग्राम पंचायत करसड़ा में स्थित गौआश्रय स्थल का निरीक्षण किया। इस आश्रय स्थल में कुल-92 गो-वंशज संरक्षित है। दूसरी ओर बने वर्मी कम्पोस्ट पिट के निरीक्षण में पाया गया कि ऊचाई अत्यधिक है, जिससे कार्य करने में कठिनाई आने के दृष्टिगत खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया तत्काल उस पर सीढ़ी बनवायें तथा निर्मित पिट का प्रयोग न करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि कम्पोस्ट पिट में केचुआ आदि डालते हुए कम्पोस्ट खाद उत्पादित करते हुए ग्राम के समूह की महिलाओं को उससे जोड़ते हुए शासकीय धन की उपयोगिता सुनिश्चित किया जाये।

### चोरी और आगजनी मामले में पुलिस से कार्रवाई की मांग

**जिगना।** बीते सोमवार की रात बिहसड़ा कला के ग्राम प्रधान चंद्रशेखर कुशवाहा पुत्र रामाश्रय कुशवाहा के घर बिहसडा कोइरान में चोरी के साथ-साथ चोरों द्वारा आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस की शिथिलता और कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है जिसको लेकर प्रधान संघ छानबे केअध्यक्ष संतोष तिवारी, उपाध्यक्ष विनोद यादव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुलाम रसूल प्रधान प्रतिनिधि, पंच बहादुर सिंह, बबलू गौतम, अशोक बिन्द, बृजेश जयसवाल, कमलेश कुमार बिंद, राजेश बिंद, बृजेश मिश्रा, प्रधानों ने थानाध्यक्ष से मांग किया है कि मामले पर उचित कार्यवाही कर दोषी लोगों के ऊपर कार्यवाही की जाए।

### तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा कोर्ट

**हलिया।** न्यायालय द्वारा जारी वारंट के अनुपालन में ड्रमंडगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के दो गांवों से मंगलवार को तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। क्षेत्र के बबुरा कलां गांव निवासी छोटे लाल केसरवानी व सुकुरु केसरवानी तथा बबुरा रघुनाथ सिंह गांव निवासी रामचंद्र पाल को न्यायालय द्वारा वारंट जारी होने पर एसआई अवधेश कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल गणेश सिंह ने उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष अतुल कुमार पटेल ने बताया कि सूचना के बाद भी न्यायालय में पेश नही होने पर न्यायालय के आदेश पर तीनों वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

### दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत

**लालगंज।** लालगंज बाजार निवासी निरंजन उम्र 35 वर्ष पुत्र लक्ष्मी नारायण उर्फ ननकू मंगलवार सुबह 9:00 बजे अपने बाइक से बनारस के लिए जा रहा था जैसे ही समोगरा पेट्रोल पंप के पास पहुंचा की विपरीत दिशा से आ रही बाइक से टक्कर हो गया टक्कर इतना जबरदस्त था कि निरंजन गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची करनपुर पुलिस घायल को एंबुलेंस से मंडलीय अस्पताल के लिए भेजा गया जहां चिकित्सक द्वारा देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजन को सूचित कर दिया था। परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। मृतक के एक लड़का शिवा उम्र 12 वर्ष एवं दो लड़की है। पुलिस शव को लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई। वही शव लालगंज पहुंचते ही परिजनों में रो रोकर बुरा हाल हो गया।

### राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुआ शेम्फोर्ड का छात्र : शिप्रा बरनवाल

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय विज्ञान संचार प्रौद्योगिकी परिषद भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रव्यापी गतिविधि के तीसवें राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के पूर्वी उत्तर प्रदेश का राज्य स्तरीय आयोजन पतंजलि ऋषिकुल स्कूल प्रयागराज में 24 से 26 दिसम्बर 2022 तक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 37 जिलों के 82 बाल विज्ञानियों ने अपने स्थानीय स्तर की समस्या को चिन्हित कर अपने लघु शोध पत्र प्रस्तुत किये जिनमें से रास्ट्रीय स्तर के लिए सीनियर वर्ग से 14 एवम जूनियर वर्ग से 7 टीम का चयन किया गया। जनपद से 3 टीमों ने प्रतिभगिता की जिसमें जनपद के सीनियर वर्ग के शिवम जायसवाल की टीम सेम्फोर्ड स्कूल बसही का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। शिवम जायसवाल की टीम ने विंध्याचल स्थित गोसाई पुरवा एवम सगरा गाँव में प्रदूषण की समस्या का पता लगाने के लिए दोनों गाँवों में पर्यावरण में विभिन्न अवयवों के कारण होने वाले प्रदूषण के कारण एवं स्तर को प्रयोगों के माध्यम से पता लगाया और अपने लघु शोध पत्र प्रस्तुत किया। डायरेक्टर शिप्रा बरनवाल व विवेक बरनवाल ने पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए छात्र को बंधाई दिया।

### क्षेत्र पंचायत की बैठक में ध्वनि मति से 22 करोड़ का बजट पास

**मड़िहान।** विकास खण्ड के सभागार भवन में मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत क्षेत्र पंचायत की खुली बैठक आहूत की गई जिसमें बीडीओ शरद कुमार सिंह द्वारा पिछले वर्ष की कार्ययोजना के कार्यो पर चर्चा करते हुए बताया कि 130 कार्ययोजना में प्रस्तावित थे जिसमें बजट को देखते हुए 56 कार्यो पर गति देने हेतु कार्यवाही कर 40 काम पूर्ण कर लिए गए है। जिसकी पूर्ति हेतु अभी 27 लाख बजट की दरकार है। सहायक विकास अधिकारी पंचायत श्रीकृष्ण उपाध्याय कहा कि जल जीवन मिशन में खोदे गए नाली, खड़ंजा को दुरुस्त कराने हेतु ग्राम प्रधानों को सचेत किया साथ ही गांव से सभी घरों में नल लगवाने हेतु आधार उपलब्ध कराने में सहयोग के लिए प्रेरित किया। बीडीओ द्वारा कार्यो पर विस्तृत चर्चा के बाद मनरेगा, राजवित्त, केंद्रीय वित्त को मिलाकर 22 करोड़ रुपये का बजट सदन में रखा गया जिसे सभी ने ध्वनि मति से पारित किया। बीडीओ ने सदन को बताया कि 1 जनवरी से मनरेगा में श्रमिकों का भुगतान आधार बेस होगा जिसके लिए श्रमिकों को अपना आधार ब्लाक कार्यालय में फीड कराने होंगे। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख गरिमा कोल व संचालन बृजमोहन एडीओ एमआई ने किया। बैठक में विधायक छानबे राहुल प्रकाश कोल, सांसद प्रतिनिधि संतोष कुमार विश्वकर्मा, जग प्रकाश कोल, आदि रहे।

### ताला बंद पाए जाने पर डीपीआरओ ने लगाई फटकार



**मीरजापुर।** विकासखण्ड सिटी के ग्राम पंचायत में पिपराडाड में मंगलवार को जिला पंचायत राज अधिकारी अरविंद कुमार जायसवाल ने पंचायत भवन, शौचालय व इंटरलॉकिंग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई शौचालयों में ताला बंद पाए जाने पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त किया। पंचायत भवन निरीक्षण के दौरान पंचायत कर्मी उपस्थित पाए गए। गांव की गलियों व विद्यालय में गंदगी पाए जाने पर डीपीआरओ ने कड़ी नाराजगी जताते हुए साफ सफाई के लिए सफाईकर्मियों को निर्देशित किया। वही अधूरे कार्यों को पूर्ण कराने के लिए सम्बंधित को एक सप्ताह के अंदर कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। तत्पश्चात सिटी विकासखंड के भरूहना में पंचायत भवन का निरीक्षण किया। निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि अगर किसी के द्वारा कार्य में कोई लापरवाही पाई जाती है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाई की जाएगी।

### दिव्यांग शिविर में 62 लाभार्थियों को सामग्री वितरित

**सीखड़।** मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर के निर्देश के क्रम में मंगलवार विकास खण्ड सीखड़ प्रांगण में दिव्यांग शिविर का आयोजन खण्ड विकास अधिकारी शिव पूजन भारतीया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। शिविर में जनपद से आये चिकित्सकों द्वारा कुल 62 लाभार्थियों को जाँच के बाद छड़ी, व्हील चेयर, बैसाखी हेतु पात्र पाया गया। कार्यक्रम में संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी के.के.सिंह, एडीओ पंचायत प्रदीप सिंह, एडीओ समाज कल्याण विनोद शुक्ला, प्रधान मुकेश सिंह, कुंजन सरोज, चन्द्र बली यादव, रितेश सिंह सहित दिव्यांग विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहें।

### पूर्व प्रधान के निधन पर शोक

**हलिया।** विकास खंड के चंद्रगढ़ मुड़ेल गांव निवासी अधिवक्ता व चंद्रगढ़ ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान 65 वर्षीय त्रिलोक नारायण सिंह के निधन पर क्षेत्रीय लोगों ने गहरा शोक जताया है। पूर्व प्रधान काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे जहां सोमवार की देर शाम को उनका निधन हो गया। अधिवक्ता और पूर्व प्रधान के निधन को पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष विजय नारायण मिश्र ने क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। अधिवक्ता व पूर्व प्रधान के निधन पर पूर्व ब्लाक प्रमुख हलिया ज्ञानेन्द्र सिंह, ग्राम प्रधान सियाराम मिश्र, कौशलेन्द्र गुप्ता, शिव गोविन्द चौरसिया, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष शिव प्रसाद तिवारी, श्याम बहादुर सिंह, देवदत्त सिंह, जगलाल पाल, राम बिहारी मिश्र, शम्भू नाथ मिश्र अधिवक्ता आई पी मिश्र, बाल कृष्ण मिश्र आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### पिकप के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत

**मीरजापुर।** कटरा कोतवाली क्षेत्र के शास्त्री ब्रिजके पास पिकप व बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार पड़री थाना क्षेत्र के बसुहीं देवरी गांव निवासी दिलीप तिवारी पुत्र राकेश तिवारी उम्र 18 वर्ष सोमवार की देर रात शास्त्री ब्रिज के पास से अपने घर वापस लौट रहा था इसी दौरान सामने से आ रही पिकप की चपेट में आ गया। घायलावस्था में युवक को ईलाज हेतु मण्डलीय अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस नेश्व को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# कोविड इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर को 24 घंटे रखें क्रियाशील : डीएम

## अनुभाग के अधिकारियों, कार्मिकों को पत्रावलियों के समयबद्ध निस्तारण का दिया निर्देश

**निर्देश**

**कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित इन्टीग्रेटेड कोविड कमाण्ड सेन्टर का किया निरीक्षण**

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में स्थापित विभाग के कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर का जायजा लेते हुए विभिन्न अनुभागों/विभागों के जिम्मेदारों को बेहतर तरीके से जिम्मेदारी के साथ अपने पटल के कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिये गये।

डीएम ने ई-डिस्ट्रिक्ट गवर्नेन्स कक्ष, राजस्व सहायक अनुभाग कक्ष, ईआरके/आंग्ल अनुभाग कक्ष, कोविड कन्ट्रोल रूम, जिला सूचना विज्ञान केन्द्र कार्यालय द्वारा कार्यों के सम्पादन की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों व कार्मिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो जिस पटल का कार्य देख रहा है, पूरी मेहनत व ईमानदारी के साथ कार्यों को पूरा करे, किसी द्वारा दिये गये प्रार्थना-पत्रों को समय से सम्बन्धित को भेजा जाये, जिससे उनके प्रकरणों का निर्धारित समय में निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता न बरती जाये। डीएम ने सभी अनुभागों के प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यालय परिसर में साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान दिया जाये। इस क्रम में जिलाधिकारी ने कोविड इन्टीग्रेटेड कमाण्ड सेन्टर का निरीक्षण कर डा. सुमन कुमार जायसवाल, डा. संजय कुमार सिंह से कोविड इन्टीग्रेटेड कमाण्ड सेन्टर के संचालन के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की।



विभाग का निरीक्षण करते डीएम चंद्रविजय सिंह।

उन्होंने कहा कि इन्टीग्रेटेड कोविड कमाण्ड सेन्टर को 24 घण्टे क्रियाशील रखा जाये, कोरोना बीमारी से सम्बन्धित किसी भी व्यक्ति को यदि किसी प्रकार की कोई समस्या हो, तो वह इन्टीग्रेटेड कमाण्ड सेन्टर के फोन नम्बर-05444-222384 व मोबाइल नम्बर-8840127444 पर अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर निखिल कुमार यादव, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, रामलाल यादव, अमूल कुमार वर्मा सहित अन्य कार्मिकगण उपस्थित रहे।

## पर्यटन के मानचित्र पर प्रमुखता से अंकित होगा सोनभद्र

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान डीएम ने कहा कि जनपद के विभिन्न आकर्षणों-पौराणिक, पुरातात्विक, ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण तथा संवर्धन पर विशेष बल दिया जाये। विभिन्न पर्यटन एवं सांस्कृतिक स्थलों को प्रमुख स्थलों से जुड़े व्यक्तियों कलाकारों एवं स्थानीय समुदाय के आर्थिक विकास प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रोजगार साधनों का सृजन किया जाये, पर्यटन एवं सांस्कृतिक विकास हेतु नये क्षेत्रों की पहचान कर और उन स्थलों पर पर्यटन सम्भावनाओं से परिपूर्ण स्थलों के पर्यटन विकास तथा मूर्त-अमूर्त कलाओं के विकास हेतु कार्ययोजना तैयार कर, भारत व राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा जाये। कहा कि नयी पर्यटन नीति के अन्तर्गत पर्यटन के क्षेत्र में निवेश करने वाले उद्यमियों, होटल, रिसार्ट, हेरीटेज होटल, कन्वेंश सेन्टर, एडवेंचर टूरिज्म प्रोजेक्ट, ध्वनि, प्रकाश सो व थीम पार्क आदि विभिन्न क्षेत्रों में उद्यमियों को टूरिज्म के क्षेत्र में निवेश के लिए नीति घोषित की गयी है, जिसके अन्तर्गत सब्सिडी का भी प्राविधान किया गया है, इसके लिए उद्यमी निवेश पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। कहा कि मेरा गॉव मेरा धरोहर, युवा पर्यटन, पर्यटन, इकोटूरिज्म, एग्रो टूरिज्म को बढ़ावा देने से सम्बन्धित आदि योजनाओं का विकास किया जायेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से छात्र-छात्राओं को पर्यटन हेतु शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम तैयार कर उन्हे पर्यटन स्थल का भ्रमण भी कराया जाये। पर्यटन संभावनाओं को देखते हुए नये कार्ययोजना भी तैयार को उपलब्ध करायी जाये। कहा कि जनपद के पर्यटन स्थलों के प्रचार-प्रसार हेतु वेबसाइट तैयार की जाये और सोनभद्र टूरिज्म के नाम ट्वीटर भी बनाकर ज्यादा से ज्यादा प्रचार किया जाये, जिससे कि लोगों को जनपद के टूरिज्म स्थलों के सम्बन्ध में ज्यादा से ज्यादा जानकारी मिल सके। बैठक में सीडीओ सौरभ गंगवार, डिप्टी कलेक्टर निखिल यादव, ब्रजेश यादव, आरपी यादव, हरिवंश कुमार, विशाल सिंह, विजय शंकर चतुर्वेदी, विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# संविदा मजदूर की मौत से नाराज साथियों का धरना-प्रदर्शन

**रोष**

**एनसीएल की खड़िया परियोजना में सोमवार की रात कार्य के दौरान हुई थी मजदूर की मौत**

जनसंदेश न्यूज

**शक्तिनगर।** एनसीएल खड़िया परियोजना के न्यू सीएचपी कार्यरत दैनिक मजदूर की ऊँचाई से गिरने से मौत हो गयी। मौत से आक्रोशित मजदूर मुआवजे की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। मंगलवार की दोपहर बाद मृतक के परिजन को 15 लाख रुपये नगद, दाह संस्कार के लिए खर्च, कंपनी एक्ट तहत कम्पलशेसन एवं परिवार एक सदस्य को नौकरी देने के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ।



नारेबाजी करते आक्रोशित मजदूर

बताया गया कि सोमवार की रात करीब एक बजे एनसीएल खड़िया परियोजना में कार्य कर रही स्टार ओएडम कंपनी के पेटी कांट्रेक्टर का दैनिक मजदूर 45 वर्षीय जितेंद्र नारंग निवासी जैतपुर जयंत थाना विन्ध्यनगर जिला सिगरौली 80 मीटर की ऊँचाई पर बिना किसी सेफ्टी के कार्य कर रहा था कि संतुलन बिगड़ने से सीधे नीचे गिर गया। गंभीर हालत में उसे आनन फानन में नेहरू शताब्दी चिकित्सालय ले जाया गया जहाँ जाँच के उपरांत डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुबह जब मौत की सूचना मजदूरों को मिली तो वे मुआवजा की मांग को लेकर मुकेश सिंह के नेतृत्व में धरना पर बैठ गए। मजदूरों ने बताया कि पेटी कांट्रेक्टर द्वारा हम लोगों का शोषण किया जाता है 30 दिन की ड्यूटी लेकर 26 दिन का पेमेंट दिया जाता है। इतना ही नहीं जब पेमेंट बैंक में आता है तो ठेकेदार वहाँ पहुंच कर सबसे पैसा निकलवाने के बाद चार चार हजार रुपये अलग से लेता है। विरोध करने पर काम से निकाल दिया जाता है। कार्य के दौरान कोई सेफ्टी वेल्ट आदि नहीं दिया जाता है। धरने पर बैठे लोगों का कहना है कि जब तक मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा एवं नियम के तहत कार्यवाही नहीं होगी तब तक धरना समाप्त नहीं करेंगे। मौके स्थानीय पुलिस एवं परियोजना के अधिकारी ने समझाया लेकिन आंदोलनकारी अपनी मांग पर अड़े रहे। दोपहर बांद कंपनी के अधिकारियों द्वारा मृतक के परिजन को 15 लाख रुपये नगद, दाह संस्कार के लिए खर्च, कंपनी एक्ट तहत कम्पलशेसन एवं परिवार एक सदस्य को नौकरी देने का आश्वासन दिया गया तब कहीं जाकर मजदूरों ने धरना समाप्त किया।

# मॉस्क लगाकर ही घर से बाहर निकलें : सीएमओ

## कोविड संक्रमण की तैयारी परखने के लिए जिला अस्पताल में हुई मॉकड्रिल

**सोनभद्र।** जनपद में कोविड संक्रमण की तैयारी परखने के लिए मंगलवार को मॉक ड्रिल हुई। इसमें जिला अस्पताल समेत अधिकतर स्वास्थ्य केंद्रों ने हिस्सा लिया। सयुंक्त निदेशक मिजार्पुर मण्डल डॉक्टर एके सिंह ने बताया कि यह मॉक ड्रिल कोविड के नए वैरियंट के संक्रमण के बढ़ने की आशंका के मद्देनजर हुई। इसमें जिला अस्पताल समेत अधिकतर स्वास्थ्य केंद्रों ने हिस्सा लिया। इस दौरान स्वास्थ्य टीम के आपस का समन्वय देखा गया। उन्होंने आश्वस्त किया है कि जनपद में आक्सीजन और बेड की कोई कमी नहीं है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर दवा की पूरी उपलब्धता है। सबसे अच्छा प्रदर्शन सोनभद्र का रहा है। हालांकि मॉक ड्रिल के दौरान कुछ सूक्ष्म कमियां नजर आईं। इन कमियों को जल्द दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आर एस ठाकुर ने जनपदवासियों से अपील की है कि कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मास्क लगाकर ही घर से बाहर निकलें। कोविड के नोडल अधिकारी डा. प्रेम नाथ ने बताया कि चयनित सीएचसी पर नोडल अधिकारि नियुक्ति हैं। मॉक ड्रिल के दौरान जनपद में कोविड मरीजों के लिए आरक्षित बेड, वार्ड और आक्सीजन की उपलब्धता देखी गई। साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों पर बच्चों के पीकू वार्ड तैयार हैं। वहीं पीडियाट्रिक वार्ड भी तत्काल में उपयोग मे लाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में वर्तमान में कोई व्यक्ति कोरोना संक्रमित नहीं हैं। नए वैरियंट को देखते हुए कोविड मरीजों के लिए कुल 200 बेड आरक्षित किए गए हैं। इसमें स्वास्थ्य केंद्रों पर बच्चों के लिए पीकू वार्ड तैयार हैं। वहीं पीडियाट्रिक वार्ड भी तत्काल में उपयोग लाए जा सकते हैं। मॉक ड्रिल के दौरान डॉक्टर प्रेम नाथ , डॉक्टर अमृत राय समेत अन्य स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे।

# न्याय की आस को लेकर दर-दर भटक रहा पिता

**गुहार**

**15 अगस्त को धंधरौल बांध में मिला था शव, हत्या का मुकदमा दर्ज**

**सीएम, डीआईजी व पुलिस अधीक्षक से लगा चुके हैं गुहार**

**सोनभद्र।** रामपुर बरकोनिया थाना क्षेत्र के धंधरौल बांध में डूबने से 15 अगस्त को हुई रामअनुज पांडेय के मौत का खुलासा पुलिस अब तक नहीं कर सकी है। मृतक के पिता सेवानिवृत्त पशुधन प्रसार अधिकारी बनारसी पांडेय न्याय की आस में दर-दर भटक रहे हैं। पिता का कहना है कि पुलिस मामले में लिपापोती कर रही है। उन्होंने डीआईजी, आईजी व पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर नामजद आरोपी के गिरफ्तारी की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाया है।

बता दें कि बनारसी पांडेय का पुत्र रामअनुज पांडेय अपने एक दोस्त के साथ 15 अगस्त को बाइक से घूमने निकला था। करीब ढाई बजे परिवार के लोगों को सूचना मिली कि रामअनुज धंधरौल बांध में डूब गया है। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव पानी से निकलवाकर पोस्टमार्ट्म हेतु भेज दिया। मृतक के पिता का आरोप है कि दोस्त ने उसकी हत्या कर उसे बांध में फेंक दिया है। पुलिस इस मामले में काफी दिनों बाद हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया। पुलिस जांच में काफी हीलाहवाली कर रही है। मामले की जांच कर रहे क्राइम ब्रांच के राघवेंद्र सिंह ने सीडी, मोबाइल व फोटो को जांच के लिए लैब में भेज दिया है। लगभग 5 माह बीतने को है लेकिन अभी तक पुलिस की जांच पूरी नहीं हो सकी है। इसे लेकर परिवार के लोग काफी हैरान व परेशान है। पिता बनारसी पांडेय ने बताया कि कुछ लोगों से धमकी भी मिल रही है। न्याय की उम्मीद लेकर डीआईजी, आईजी व पुलिस अधीक्षक समेत तमाम अफसरों को पत्र लिख चुका हूं लेकिन अभी तक न्याय नहीं मिला। इधर मृतका की पत्नी वैसाली पांडेय व उनके पिता चंद्रिका पांडेय मुख्यमंत्री से मिलने के लिए लखनऊ पहुंचे हुए है। परिवार के लोगों का कहना है अब मुख्यमंत्री की हमें न्याय दिलाएंगे।

# शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**डाला।** हाथीनाला थाना क्षेत्र के तिरुपवा टावर के पास शादी का झांसा देकर 17 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में सोमवार की देर सायं पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करके आरोपी को मंगलवार की सुबह खोखा मोड़ से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। हाथीनाला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर श्याम बिहारी ने बताया कि पीड़िता ने तहरीर में बताया कि शादी का झांसा देकर 22 वर्षीय रोहित कुमार पटेल पुत्र मनोज कुमार पटेल निवासी पगडेवा, हाथीनाला लगातार दो साल तक शारीरिक संबंध बनाता रहा और पुनः बीस दिसंबर को थाना अन्तर्गत तिरुपवा टावर के पास रात में बुलाकर जबरन दुष्कर्म कर लिया। ओबरा क्षेत्राधिकारी शंकर प्रसाद ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर संगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार कर आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया।

# पत्रकारिता लोकतंत्र का अहम अंग स्वतंत्र होना जरूरी : एसडीएम

**आयोजन**

**मीडिया कार्यशाला में ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं पर हुई चर्चा**

जनसंदेश न्यूज

**दुद्धी।** पत्र सूचना कार्यालय सूचना एवमं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार की ओर से वातार्लाप ग्रामीण मीडिया कार्यशाला का आयोजन स्थानीय डीआर पैलेस हाल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम शैलेन्द्र कुमार मिश्रा ,विशिष्ट अतिथि डॉ बाला लखेन्द्र पत्रकारिता एवमं जनसंचार विभाग बीएचयू के प्रोफेसर व पत्रकार मिथिलेश द्विवेदी, सुनील तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर के किया।

इस दौरान ग्रामीण पत्रकारों के समक्ष चुनौतियां व इसके समाधान को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। वहीं पत्रकारों के सुरक्षा पर सरकार की उदासीन रवैये के खिलाफ चिंता भी व्यक्त की गयी। मुख्य अतिथि ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के जमाने मे पत्रकारिता चुनौती भरा कार्य है, पत्रकार समाज का चौथा स्तंभ है कहा कि पत्रकार सक्रिय व स्वतंत्र है तो प्रशासन को अच्छा करने में बेहतर योगदान देते है। अगर आप पक्षपात पूर्ण हो गए तो आप मूल उद्देश्यों से दूर भाग रहे हैं। पत्रकारिता लोकतंत्र का अहम अंग है,पत्रकारिता से समाज से जुड़ी समस्यायों को दूर किया जा सकता है लेकिन आपका स्वतंत्र होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस आदिवासी क्षेत्र में आदिवासी व महिला पत्रकार की



दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ करते अतिथिगण

जरूरत है जो गांव की महिलाओं की समस्यायों को भी शासन प्रशासन के समक्ष उजागर कर सकें। प्रोफेसर डॉ बाला लखेन्द्र ने कहा कि अपने कलम की लेखनी से कभी पीछे ना हटे ,समाचार के फॉलो- अप आप निरंतर देते रहे। जब तक समस्या का समाधान ना हो जाये। पत्रकारों को जोखिम भरे रिपोर्टिंग पर जाने से पूर्व उसकी सूचना पुलिस को देकर जाने की नसीहत दी। डीएफओ मनमोहन मिश्रा ,बीडीओ सुनील कुमार सिंह, डॉ शाह आलम अंसारी ने अपने अपने विभाग में संचालित सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय ने पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर आस्वस्त किया। इस मौके पर एमपीओ, पसुका प्रशांत कक्कड़, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी डॉ लालजी के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

# श्रीराम के वनवास की झांकी देख आंखें हुई नम

**आस्था**

**रामचरितमानस महायज्ञ के चौथे दिन मंडप परिक्रमा को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** नगर के आरटीएस क्लब में चल रहे श्री रामचरितमानस नवाह पाठ के चतुर्थ दिवस मंगलवार को राम दरबार का भव्य श्रृंगार किया गया और भगवान के वनवास की झांकी का दर्शन भक्तजनों ने किया। राम चरित मानस के दोहा और चौपाई का गायन करते हुए मुख्य आचार्य सूर्यलाल मिश्र ने कहा कि भगवान श्रीराम का वनवास ना होता तो विश्व का कल्याण ना होता।

ऋषि-मुनियों और ब्राह्मणों को सताने वाले राक्षसों का नाश ना होता। इसका माध्यम बनी उनकी माता केकई और कैकई को वनवास का सुझाव देने वाली मंथरा थी। इस मार्मिक दृश्य को सुनकर, देखकर भक्तजनों की आंखे भर आई तथा जो केकई और मंथरा ने भगवान श्री राम के 14 वर्ष के वनवास के लिए दोषी थी, उन्हें कटु शब्दो से संबोधित करने लगे। यह कथा लोक में प्रचलित है और हजारों वर्ष बीत जाने के बाद भी आज भी कोई अपने पुत्री का नाम कैकेई और मंथरा नही रखता है। वही रात्रि प्रवचन में हेमंत तिवारी ने धनुष यज्ञ पर बोलते हुए बताएं कि टूट कहीं धनु हुई विवाहू के आधार पर धनुष के टूटते ही विवाह हो गया लेकिन कुलगुरू है उससे पूछ कर वंश व्यवहार के अनुरूप अयोध्या नरेश को पत्र भेजकर बुलाने की सलाह दिया। अच्यूतानंद पाठक ने प लक्ष्मण परशुराम संवाद पर प्रकाश डाला। मधुसूदन शास्त्री ने कहा कि भगवान राम ने सीता की मांग में सिंदूर डालकर विवाह की विधि को पूरा किया। मंच का संचालन करते हुए आचार्य संतोष कुमार द्विवेदी ने कहा कि सिंदूर प्रेम का प्रतीक होने से पति के प्राण आयु को संरक्षित रखने की क्षमता होती है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सत्यपाल जैन, सुशील पाठक, इंद्रदेव सिंह, ओमप्रकाश तिवारी, मिठाई लाल सोनी, अयोध्या दुबे, आनंद त्रिपाठी, विमल अग्रवाल, घनश्याम सिंघल, राकेश तिवारी, अजय शुक्ला, किशोर केडिया, मन्नू पांडे, सुधाकर दुबे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



महायज्ञ पंडाल में मानस पाठ करते आचार्य



बैठक में शामिल राज्यमंत्री व साधू संत

## राम राज्योत्सव की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**डाला।** हाथीनाला पंचमुखी हनुमान मंदिर पर मंगलवार की सुबह आगामी 21 जनवरी से राम राज्योत्सव की तैयारी को लेकर रघुवंश संकल्प सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष स्वामी दीलिप दास के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। इसमें समाज कल्याण मंत्री संजीव कुमार गोड़ ने अपनी आवश्यक जिम्मेदारी के लिए सबको आश्वस्त किया। कार्यक्रम संयोजक दिलीप दास ने बताया कि राज्योत्सव का कार्यक्रम महामण्डलेश्वर कुल्लू हिमाचल प्रदेश से महंत सेवा दास त्यागी के पावन सानिध्य में होगा। जिसमें मुख्य अतिथि अखिल भारतीय पंच रामानन्दीय निवार्णी अनि अखाड़ा हनुमानगढ़ी अयोध्या के राष्ट्रीय अध्यक्ष महन्त धर्मदास, विशिष्ट अतिथि राम वैदेही पीठाधीश्वर महंत राम प्रकाश दास होंगे। पंचमुखी हनुमान मंदिर के महंत हरिनारायण दास ने बताया कि 21 जनवरी से अखण्ड सीताराम नाम संकीर्तन, पार्थिव रुद्राभिषेक नित्य प्रातः सुबह नौ बजे से बारह बजे तक, राम अर्चनाभिषेक 27 जनवरी प्रातः नौ बजे व पूणार्हुति एवं भण्डारा बारह से देर रात्रि तक होगा। इस मौके पर सदर विधायक भूपेश चौबे, रमेश मिश्रा, बब्बू तिवारी, मानस तिवारी, संजीव तिवारी, रिंकू सिंह, बाके सिंह, चांद प्रकाश जैन, दिग्विजय सिंह, ब्रज भूषण, माया गुप्ता, नीलम राय, शम्भू खरवार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# उधम सिंह जयंती पर 69 ने किया रक्तदान

जनसंदेश न्यूज

**ओबरा।** शहीद सरदार उधम सिंह की जयंती के अवसर पर सोमवार को उत्सव ट्रस्ट द्वारा बौद्ध विहार मंदिर प्रांगण ओबरा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर ₹रक्तदान उत्सव - रक्तदान शहीदों के नाम₹ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पांच कपल समेत 69 लोगों ने रक्तदान किया। कर्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अचलेश्वर महादेव मंदिर डाला के महंत मुरली तिवारी के साथ मुख्य अतिथि सीआईएसएफ कमांडेंट एचएस शर्मा, विशिष्ट अतिथि राज बत्रा, अतिथि भारतीय बौद्ध महासभा के अध्यक्ष सुरेंद्र सागर, उत्सव ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष मनीष तिवारी जी, संरक्षक देवानंद मिश्र व स्वामी अरविंद सिंह, ट्रस्ट के प्रधान न्यासी आशीष पाठक व रक्तदान विभाग के निदेशक डा. अजय शर्मा, सहित उत्सव ट्रस्ट ओबरा परिवार के सदस्यगण मौजूद रहे। मंडलीय चिकित्सालय के जनसंपर्क अधिकारी रामकुमार गुप्ता व उनकी टीम, ब्लड बैंक जिला संयुक्त चिकित्सालय के डॉ वीके श्रीवास्तव, काउंसलर रविंद्र, एसएलटी नियाज अहमद व उनकी टीम ने रक्तदान में सहयोग किया। शिविर में 5 कपल समेत 69 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम का समापन रक्तदानियों, पधारे अतिथियों व गणमान्य लोगों को स्मृति चिन्ह, मेडल, सर्टिफिकेट, धन्यवाद पत्र प्रदान करते हुआ राष्ट्र गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे उत्सव ट्रस्ट कृष्ण कुमार पांडे, प्रभाकर सिंह, कृष्ण कुमार केसरी आदि का सहयोग रहा।



रक्तदान करते पुजारी

## संक्षेप

### महिलाओं, बालिकाओं को किया गया जागरूक



महिलाओं को जागरुक करती पुलिसकर्मी

**सोनभद्र।** शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड द्वारा मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरुक एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा मंगलवार को स्कूलों/कॉलेजों, मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया। वहीं सुरक्षा संबंधित सेवाएं वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में जानकारी दी गयी। इसके अलावा बेवजह घूमने वाले सोहदों/मनचलों को चेतावनी दी गयी।

### रोहित केसरी ने क्लेट पीजी में हासिल की 461वी रैंक



**ओबरा।** नगर निवासी खनन व्यवसायी प्रभात केसरी के पुत्र रोहित केसरी ने कॉमन ला एडमिशन टेस्ट पीजी में अखिल भारतीय स्तर पर 461वीं रैंक हासिल की है जिससे परिजनों सहित नगर में हर्ष है ।रोहित केसरी की शुरुआती शिक्षा नगर में ही हुई थी, इसके बाद वे उच्च शिक्षा के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय चले गए।वर्तमान में वह लखनऊ विश्वविद्यालय से एलएलबी ऑनर्स के अंतिम वर्ष के छात्र हैं, क्लेट पीजी के एग्जाम में उन्होंने 461वी रैंक हासिल कर अपने परिजनों का नाम रोशन किया है उनकी सफलता पर नगर में हर्ष है।

### शीतलहर के कारण विद्यालय बंद करने की मांग



**सोनभद्र।** जिले में पड़ रही कड़ाके के ठंड के मद्देनजर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की अध्यक्ष संतोष कुमारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर शीतलहर के कारण विद्यालय बन्द करने की मांग किया। अध्यक्ष संतोष कुमारी ने अवगत कराया कि वर्तमान समय में जनपद सोनभद्र में काफी ठंड व शीतलहर चल रही है तथा प्राथमिक विद्यालय में गरीब परिवारों के बच्चे पढ़ते है तथा उनके पास ठंड से बचाव हेतु गर्म कपड़ों का अभाव होता है। जिससे ठंड के कारण बच्चों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

### अधिशासी अभियंता निर्माण खंड लोनिवि से स्पष्टीकरण तलब

**सोनभद्र।** जिला खनिज निधि से ब्लाक बभनी में मुर्धवा बभनी-बीजपुर मार्ग के किलोमीटर 41 से कारीडाड़ सेवाकुंज आश्रम तक सम्पर्क मार्ग के निर्माण कार्य एवं आश्रम के सामने इण्टरलाकिंग, टाइल्स द्वारा निर्मित सम्पर्क मार्गों के सेलेक्शन बाण्ड बनाये जाने की खबर को जिलाधिकारी ने संज्ञान में लेते हुए प्रकरण में अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग से स्पष्टीकरण तलब किया है। उक्त मामले में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त मार्ग ब्लाक बभनी में मुर्धवा-बभनी-बीजपुर मार्ग के किमी-41 से कारीडाड़ सेवाकुंज आश्रम तक सम्पर्क मार्ग के निर्माण कार्य एवं आश्रम के सामने इण्टरलाकिंग, टाईल्स द्वारा निर्मित मार्ग के निर्माण कार्य का ई-निविदा प्रहरी के माध्यम से अधीक्षण अभियन्ता, मीरजापुर वृत्त, लोक निर्माण विभाग, मीरजापुर के पत्रांक-5776/53एम-मी.वृत्त/ 21 अक्टूबर, 2021 एवं पत्रांक 4909/53एम-मी.वृत्त/22 दिनांक 11 अक्टूबर, 2022 द्वारा दो बार ई-निविदा लगाया गया, परन्तु डीएमएफ मद/अन्य किसी मद से कोई धन अवमुक्त न होने के कारण अधीक्षण अभियन्ता द्वारा ई-निविदा निरस्त कर दी गयी, उक्त दोनों मार्गों पर इस खण्ड द्वारा किसी भी प्रकार का सेलेक्शन बाण्ड नहीं बनाया गया है।

### हाईकोर्ट के फैसले के बाद जिले के चुनावी समीकरण बदले

**सोनभद्र।** नगर निकाय चुनाव के आरक्षण को लेकर बनी असमंजस की स्थिति मंगलवार को खत्म हो गयी। हाईकोर्ट के फैसले के बाद सोनभद्र के सियासी समीकरण अचानक बदल गये हैं। जिले की एक मात्र नगर पालिका रावर्ट्सगंज को छोड़ दें तो जो अनुसूचित जाति के आरक्षित है इसके अलावा जिले के सभी नगर पंचायतों में इस बार सामान्य वर्ग की उम्मीदवारी देखने को मिल सकती है। हाईकोर्ट के तत्काल निकाय चुनाव कराने के दिये गये आदेश पर प्रदेश सरकार ने अमल किया तो जनपद सृजन के बाद पहली बार ऐसा होगा जिले की दस में से नौ नगर पंचायतों में सामान्य वर्ग के पुरूष व महिला उम्मीदवार दो दो हांथ करते दिखेंगे। कहा जा रहा है कि राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की तैयारी कर रही है। यदि ऐसा हुआ तो चुनाव टल जायेगा।

### भूख हड़ताल 21वें दिन भी जारी

**ओबरा।** तहसील भवन की मांग को लेकर विगत 57 दिनों से ओबरा विधानसभा क्षेत्र की जनता अधिवक्ताओं के नेतृत्व में आंदोलनरत है। इसे लेकर 21वें दिन भूख हड़ताल का पर बैठे वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश यादव तथा मनीष मिश्रा का माल्यार्पण वरिष्ठ अधिवक्ता सुशील पांडे एवं अधिवक्ता अमित उपाध्याय द्वारा किया गया। सभा को सोनांचल बार एसोसिएशन अध्यक्ष रमेश मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्णय एवं राज्यपाल द्वारा जारी सरकारी गजट अधिसूचना के अनुसार ओबरा तहसील मुख्यालय के स्थाई भवन का निर्माण बिल्ली मारकुंडी अंतर्गत करने की मांग किया। संचालन एड उमेश शुक्ला ने किया। इस अवसर पर कपूरचंद पांडे, रमाशंकर यादव, बीएन जायसवाल, महामंत्री अनिल मिश्रा, जयप्रकाश गुप्ता, राजकुमार पांडे, कृष्ण कुमार पाठक आदि उपस्थित रहे।

### नगांव में आंगनबाड़ी भवन का नहीं हुआ भुगतान

**सोनभद्र।** मेसर्स उदयनारायण देव पांडेय की तरफ से ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को भेजी गई शिकायत में कहा गया है कि नगांव गांव में वर्ष 2016-17 में आंगनबाड़ी भवन का कार्य कराया गया था, जिसका भुगतान हरिओम कंस्ट्रक्सन को 1.05 लाख रुपए कर दिया गया है। इसको लेकर अक्टूबर 2021 में ही शिकायत की जा चुकी है लेकिन अब तक उसका हल नहीं निकल पाया है। उधर, फोन पर एई सूर्यप्रकाश का कहना था कि तीन दिन पूर्व ही मामला उनके संज्ञान में आया है। कैशियर से, संबंधित कार्य के भुगतान से जुड़े रिकर्ड तलब कर लिए गए हैं, जो सही होगा, उसके अनुरूप प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

### आरक्षण बचाने के लिए होगा आंदोलन : विजय

**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष विजय यादव ने बताया कि आरक्षण विरोधी भाजपा निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के विषय पर घड़ियाली सहानुभूति दिखा रही है। भाजपा ने पिछड़ों के आरक्षण का हक छीना है, आगे बाबा साहब द्वारा दिए गए दलितों का आरक्षण भी छीन लेगी। आरक्षण को बचाने की लड़ाई में पिछड़ों व दलितों को समाजवादी पार्टी का साथ देना होगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय की लड़ाई को इतनी आसानी से कमजोर होने नहीं दिया जा सकता है। आरक्षण पाने के लिए जितना बड़ा आंदोलन करना पड़ा था, उससे बड़ा आंदोलन इसे बचाने के लिए समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता करने को तैयार है।

### गांजे के साथ एक गिरफ्तार

**सोनभद्र।** मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को पुलिस ने घमड़ी धरिकार पुत्र समायन धरिकार, निवासी वार्ड नं-12 धरिकार बस्ती डिबुलगंज, अनपरा के कब्जे से एक किलो 200 ग्राम गांजा बरामद कर संगत धाराओं में मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी।

### चार आरोपी गिरफ्तार

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को जुगैल पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त रामसकल उर्फ सिपाही बैगा पुत्र रामपति, निवासी ग्राम खरहरा टोला अमिला, जुगैल तथा तीन वारण्टियों को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी।

# सड़क पर उतरे बसिला के ग्रामीण चक्काजाम कर जताया विरोध

**रोष**

### लोक निर्माण और सिंचाई विभाग के अफसरों पर मनमानी का आरोप



बसिला में चक्काजाम करते नाराज ग्रामीण।

**चंदौली।** क्षेत्र के बसिला गांव में मंगलवार को ग्रामीण सड़क पर उतर गए। लोगों ने चंदौली-कैली जाने वाली सड़क पर ईंट पत्थर रखकर जाम कर दिया। आरोप लगाया कि लोक निर्माण और सिंचाई विभाग के अफसरों के द्वारा गांव के चकरोड को बंद कर दिया गया है। जबकि इस रास्ते से लोग खेत की ओर जाते थे। रास्ता बंद होने से कई घरों के लोगों को मुख्य सड़क पर आने जाने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

आपको बता दे कि चंदौली से कैली जाने वाली सड़क का प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माण कराया गया है। इसी सड़क पर बसिला गांव के समीप राजवाहा पर पुल बनाया गया है। परन्तु पुल बनाने के दौरान गांव के चकरोड के सामने ईंट की मोटी दीवार बना दिया गया, जिससे लोगों को खेत और अपने घरों में जाने के लिए परेशानी होने लगी। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या से निजात पाने के लिए कई बार तमाम उच्चाधिकारियों को ज्ञापन देकर अवगत कराया गया। परन्तु अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। लोगों ने बताया कि विभागीय अफसरों ने पुल निर्माण के दौरान वैकल्पिक मार्ग बनाने का आश्वासन दिया था। परन्तु बाद में लोग अपने वादे से मुकर गए। चेताया कि आगामी दिनों में चकरोड मार्ग को चालू नहीं कराया गया तो ग्रामीण सड़क उतरने और जिला मुख्यालय पर धरना देने को बाध्य होंगे। इस दौरान गुड्डू, सुशील कुमार, कमलेश मौर्य सहित सैकड़ों पुरूष और महिलाएं मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधान के पुत्र की दबंगई का वीडियो वायरल

**पड़ाव।** क्षेत्र के रतनपुर गांव का पूर्व प्रधान पुत्र द्वारा दबंगई करते हुए का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस प्रकरण में पीड़ित आलोक कुमार विश्वकर्मा ने आरोपी विकास कुमार के खिलाफ तहरीर दिया। जिसे संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने तहरीर और वीडियो के आधार पर आगे की कार्यवाही में जुट गयी है। वायरल हो रहे वीडियो में आरोपी विकास कुमार गर्भवती महिला के पेट पर लात मारते हुए दिख रहा है। हालांकि कुछ लोगों द्वारा बीचबचाव के कारण दोबारा मार पाने में असफल हो गया। पीड़ित के अनुसार पूर्व प्रधान पुत्र द्वारा आए दिन की ऐसी हरकत की जाती है। वह गालियां देने के साथ मारपीट करने पर भी उतारू हो जाता है। सोमवार की शाम पीड़ित आलोक कुमार विश्वकर्मा की गर्भवती पत्नी के पेट पर लात मार दिया, जिससे वह घायल हो गई। विदित हो कि इससे पहले भी पूर्व प्रधान सोहन लाल पटेल का दबंगई करते हुए वीडियो वायरल हुआ था वही इस संबंध में मुगलसराय इंस्पेक्टर ने कहा कि ऐसा कोई मामला संज्ञान में नहीं है। इसकी जांच की जाएगी।

# चिकित्सा कैम्प में 600 कर्मियों मजदूरों का हुआ चेकअप



चिकित्सा शिविर में उपचार कराते कर्मचारी व मजदूर।

**नियामताबाद।** मैक्सवेल हॉस्पिटल वाराणसी एवं रामनगर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के ओर से यूपीएसआईडीसी रामनगर सभागार में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 600 के लगभग कर्मचारियों और मजदूरों का चिकित्सकीय परामर्श, जांच व दवा वितरण किया गया। सुबह से ही कर्मचारी एवं मजदूर चिकित्सा सेवा का लाभ लेने के लिए परिसर में उपस्थित हो गए थे। मैक्सवेल हॉस्पिटल के डायरेक्टर डा.कल्पना पांडेय ने बताया कि समय-समय पर गरीब एवं मजदूर वर्ग के लोगों के लिए कैंप का आयोजन किया जाता है उसमें निःशुल्क जांच के साथ उनको दवा भी उपलब्ध कराया जाता है। इसी कड़ी में आज रामनगर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के साथ मिलकर फैक्ट्री के कर्मचारी व मजदूरों का निशुल्क जांच, परीक्षण व दवा वितरित किया गया। इस अवसर पर डॉ. अनुराधा, डॉ. उमेश चौधरी, डा.कल्पना सिंह, डा.अमित पांडेय, डॉ. स्नेहा सिंह, डा. मनिंद्र कुमार व डीएस मिश्रा, राकेश जायसवाल, रतन सिंह, शिव कुमार श्रीवास्तव, सुनील अग्रवाल, शैलेंद्र कुमार सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता संरक्षक आरके चौधरी व संचालन कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल ने किया।

## संक्षेप


### अप्रेंटिस मेला 30 दिसंबर को

**चंदौली।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रेवसा चंदौली में 30 को अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया गया है जिसमें राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से उत्तीर्ण इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिक कंजूमर, वेल्डर, प्लंबर, ड्राफ्ट्समैन आदि व्यवसायों के युवक और युवतियां हिस्सा ले सकते हैं। डीएम ईशा दुहन ने बताया कि जो अभ्यर्थी सरकारी या निजी कार्यालय आदि स्थानों में अप्रेंटिसशिप करना चाहते हैं और जो अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीकृत हैं निर्धारित तिथि को 10:30 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंदौली में अपने सभी प्रमाण पत्र, फोटो आदि के साथ पहुंचे। वहीं जिन अभ्यर्थी अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीकृत नहीं किए हैं वह अपना आनलाइन पंजीकरण कराकर प्रतिभाग कर सकते हैं।

### कोड़रिया की ओमसाईं ने पैंथर टीम को दी शिकस्त

**चंदौली।** चंदौली पालीटेक्निकल के मैदान पर आयोजित जनपदीय खेल महोत्सव की कड़ी में मंगलवार को ओम साईं राम स्पोर्टिंग क्लब कोड़रिया और पैंथर स्पोर्टिंग क्लब के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। पहले टास जीतकर कोड़रिया की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 10 विकेट पर 132 बनाएं। इस दौरान रजत ने अपनी टीम के लिए सर्वाधिक 35 रन का योगदान दिया। जवाब में खेलने उतरी पैंथर चंदौली की टीम 86 रन बनाकर आलआउट हो गयी। इस प्रकार कोड़रिया की टीम ने मैच को 46 रनों से अपने नाम कर लिया। मौके पर प्रदीप पांडेय साजू, मनोज सिंह, शिवम अग्रहरि, शंकर सिंह, अमित कुमार, राकेश सिंह, शैलेश चौबे, शिवकांत, दीनबन्धु, सुजीत, पंकज, सत्येंद्र, काशीनाथ आदि उपस्थित रहे।

### चोरों ने ठेकहां में रसोइयां के घर में की चोरी



**शहाबगंज।** थाना क्षेत्र के ठेकहां गांव में मंगलवार को दोपहर में कम्पोजिट विद्यालय में खाना बनाने वाली विधवा रसोईया के घर में बक्से का ताला तोड़कर लाखों रुपये के स्वर्ण आभूषण चुरा ले गये। चोरी की घटना का पीड़िता ने सूचना थाने पर दिया। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। ठेकहां गांव की विधवा श्याम देई गांव के विद्यालय में रसोईया का काम करती है। मंगलवार को विद्यालय में खाना बनाने चली गयी। घर में एकांत पाकर चोर घर में घुसकर कर बक्सा का ताला तोड़कर बक्से में रखे गहने चुरा ले गये। रसोईया जब विद्यालय से घर वापस आती तो देखा बक्से का ताला टूटा हुआ था। चोरी की सूचना पाकर भारी संख्या में ग्रामीण इक्कठा हो गये। वहीं ग्राम प्रधान सजाउद्दीन ने चोरी की सूचना थाने पर दिया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर मौका मुआयना किया।

### चोरी के मोबाइल व आभूषण बरामद, दो गिरफ्तार

**डीडीयू नगर।** स्थानीय जीआरपी व आरपीएफ पुलिस भी लगातार कार्रवाई कर रही है। मंगलवार को सुरेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक जीआरपी व संजीव कुमार प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ पोस्ट के निर्देशन में जीआरपी एवं आरपीएफ द्वारा दो अभियुक्तों को प्लेटफार्म संख्या 3/4 के पास से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए अभियुक्तों में विकास कुमार व गौरीशंकर बताए जाते हैं जिनके पास से पुलिस ने चोरी के मोबाइल, आभूषण व नकदी बरामद किया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि ट्रेनों व स्टेशन परिसर में यात्रियों के सामान की चोरी कर अवैध तरीके से बेचते थे। जिस पर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

### क्लॉसरूम मैनेजमेंट व टीचिंग मेथड पर हुई कार्यशाला




**बबुरी।** विद्यार्थियों को बदले समय में किस तरह कक्षाओं में पढ़ाने के साथ किस तरह कक्षाओं का मैनेजमेंट बालकों को लुभाने वाला बनाया जाए। इस पर चार घंटे की कार्यशाला में 100 शिक्षकों ने विशेषज्ञ के बताए गए गुण सीखे। उक्त आयोजन एमबीडी तथा यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल सभागार में हुआ। स्कूल के प्रधानाचार्य एके मिश्रा ने बताया कि नई दिल्ली से इस कार्यशाला के लिए विशेषज्ञ के तौर पर रीति मल्होत्रा को आमंत्रित किया गया था। रीति मल्होत्रा ने अब तक आंध्र प्रदेश, बैंगलोर, बिहार, हरियाणा, पुणे, पंजाब, भोपाल, उत्तर प्रदेश सहित देश के अनेक हिस्सों में कार्यरत शिक्षकों को क्लास रूम मैनेजमेंट तथा शिक्षण विधि पर दिशा-निर्देश देने का काम कर चुकी हैं। मल्होत्रा ने शिक्षकों को नर्सरी से बारहवीं तक के बच्चों को पढ़ाने की ट्रिक सिखाई। औसत बुद्धि वाले बच्चे से लेकर होशियार और कमजोर बच्चों को किस तरह से शिक्षा के प्रति आकृष्ट किया जाए, इस पर विभिन्न शैक्षिक विधियों को उदाहरण तथा वीडियो के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।

### गृह विज्ञान की छात्राओं ने प्रदर्शनी में दिखाई प्रतिभा




**चहनियां।** क्षेत्र के रामगढ़ स्थित लोकनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गृह विज्ञान की छात्राओ द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं द्वारा हांथो से बने विभिन्न प्रकार का निर्मित पॉट एंड फ्लावरिंग, टेक्सटाइल्स, खाद्य एवं पोषण,एवं गृह विज्ञान से सम्बंधित सामान को प्रदर्शित किया। मुख्य अतिथि विश्व सनातन धर्म संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह व विशिष्ठ अतिथि डा.अखिलेश अग्रहरी, कालेज के प्रबंधक धनंजय सिंह आदि ने सर्वप्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लोकनाथ सिंह, बाबा कीनाराम व मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया। वही छात्राओं द्वारा लगे प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि अजीत सिंह ने कहा कि आज के युग में शिक्षा का बहुत बड़ा महत्व है। वाराणसी में जिस तरह से मदन मोहन मालवीय ने शिक्षा को बढ़ाने का कार्य किया है वैसे ही इस गांव के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व पूर्व विधायक स्वर्गीय लोकनाथ सिंह ने क्षेत्र व अन्य ब्लाकों में कई कालेजों का निर्माण किया। विशिष्ठ अतिथि डा. अखिलेश अग्रहरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रदर्शनी ऐसी देखने को मिली है, जो बच्चियों द्वारा कई महीनों से तैयारी किया है। अपने हुनर को जो प्रदर्शित किया है प्रोत्साहित करना चाहिए। इस हाईटेक जमाने मे इसको सोशल मीडिया पर प्रदर्शित करे, जिसे देखकर और लोग भी प्रभावित हो। इस दौरान विशिष्ठ अतिथि डा. अजय कुमार यादव, विनय सिंह, निदेशक अमृत प्रकाश सिंह, शिव प्रकाश सिंह, डा.दीपक कुमारी, नम्रता यादव, भृगुनाथ, नन्दू गुप्ता, प्राचार्य प्रेमचन्द्र आदि लोग उपस्थित थे। अध्यक्षता धनंजय सिंह व संचालन अभय यादव ने किया।

### कड़ाके की ठंड को देखते हुए गरीबों में बांटे कंबल



**शहाबगंज।** विकास क्षेत्र के ढ़ोढनपुर गांव में मंगलवार को ग्रामप्रधान राम आशीष मौर्य ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए गांव की वृद्ध, असहाय, विकलांग लोगों कम्बल का वितरण किया गया। वहीं कम्बल पाकर बुजुर्गों ने प्रधान को आशिर्वाद दिया। कार्यक्रम में चौकी इंचार्ज अभिषेक शुक्ला ने कहा कि भुखे व्यक्ति को जिस तरह रोटी की जरूरत होती है। उसी तरह ठंड़ के मौसम में असहायों को कम्बल देने से बड़ा पुनीत कार्य कोई नहीं है। इस तरह का कार्य सभी सामर्थ्यवान लोगों को करना चाहिए। युवा ग्राम प्रधान राम आशीष मौर्य ने कहा कि गांव का कोई असहाय व्यक्ति ठंड के मौसम में परेशान न हों सभी लोगों को कम्बल दिया जायेगा। कहा कि गांव जो भी विकलांग, विधवा या वृद्धजन हैं जिनको पेंशन नहीं मिल पा रहा है। ऐसे परिवारों को पेंशन दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में पारसनाथ, विनोद, राजकुमार, सतानन्द,रामभवन, लाल बहादुर सिंह, राजबली, अवधेश, रामाश्रय, मन्ना बनवासी, सुबाष, टुनटुन, प्रीतम, लालबरत, अनिल सिंह सहित आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

### नवनियुक्त पदाधिकारियों को समारोह में किया सम्मानित



**सकलडीहा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सकलडीहा इंटर कालेज में मंगलवार को शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने सम्मान समारोह के दौरान जोरदार स्वागत किया। इस दौरान संगठन की मजबूती और शिक्षक हित में कार्य करने का पदाधिकारियों ने संकल्प दोहराया। नगर पालिका इंटर कालेज मुगलसराय में बीते रविवार को माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के पदाधिकारियों का निर्वाचन बड़े ही गहमागहमी के बीच हुआ था। जिसमें सकलडीहा इंटर कालेज के दिलीप कुमार सोनकर को जिला संयुक्तमंत्री, बिनोद कुमार को जिला संगठन मंत्री, घनस्याम त्रिपाठी को प्रदेश कार्य समिति का सदस्य और सत्यमूर्ति ओझा को जिला संयोजक के पद पर निर्वाचन किया गया। प्रधानाचार्य डा.एस के लाल के नेतृत्व में विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर डा.एसके लाल, जेपी शर्मा, कमलापति पांडेय,प्रदीप कुमार, अभिनंदन यादव, मिथिलेश तिवारी, राजबली प्रसाद, सुरेंद्र विश्वकर्मा, विनोद पाठक, मनोज यादव उपस्थित रहे। संचालन डा.प्रमोद कुमार पांडेय एवं अध्यक्षता कमलापति पांडेय ने किया।

# सड़कों के निर्माण व चौड़ीकरण को गति दें अधिकारी : पांडेय

**चंदौली।** केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय ने सोमवार की देर शाम मुख्यालय स्थित निरीक्षण भवन में अधिकारियों व पार्टी पदाधिकारियों संग बैठक किया। इस दौरान सांसद निधि से जनपद में लगायी गई सोलर लाइटों के अनुरक्षण एवं उसे ठीक कराने के लिए ठोस कार्य योजना बनाए जाने और खराब सोलर लाइटों की मरम्मत कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने पीडब्लूडी अधिकारी को प्रस्तावित सड़कों का निर्माण, चौड़ीकरण के संबंध में आवश्यक स्वीकृति की कार्रवाई अविलंब कराने के साथ ही कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। मटकुट्टा ओवर ब्रिज का कार्य तेज गति से कराते हुए पूर्ण कराने का निर्देश सेतु निगम के अभियंता को दिया। भोजापुर व कुचमन रेलवे ओवर ब्रिज के शिलान्यास के लिए आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। धीना के पास भैसौड़ा में रेलवे अंडरपास बनाए जाने, राजकीय जिला चिकित्सालय चंदौली में निर्माणाधीन बाबा कीनाराम मेडिकल कालेज को समयान्तर्गत तेजी से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। आईटीआई, रोजगार सेवा योजन, कौशल विकास, पालीटेक्निक को मार्डन आईटीआई बनाने के लिए अपेक्षित कार्रवाई तेजी से कराने का निर्देश दिया। चंदौली पालीटेक्निक की कक्षाएं सुद्दढ़ करने की हिदायत दिया। उन्होंने जिला विपणन अधिकारी को पारदर्शी तरीके से सहुलित पूर्वक किसानों के धान खरीदने व समय से भुगतान करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग को आयुष्मान योजना में छूटे हुए लाभार्थियों की सूची बनाकर अभियान चलाकर गोल्डन कार्ड शत-प्रतिशत बनाने का निर्देश दिया। हिदायत दी कि इसकी पुनरू समीक्षा की जाएगी। इसमें अच्छी प्रगति दिखनी चाहिए। उन्होंने जनजीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल योजना को पूर्ण गुणवत्ता के साथ प्रभावी तरीके से कराने के अलावा लक्ष्य के सापेक्ष जर्जर व लटकते तारों को तत्काल ठीक कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। बैठक में विधायक मुगलसराय रमेश जायसवाल, डीएम ईशा दुहन, सीडीओ अजितेंद्रनारायण, सीएमओ डा. वाईके राय, डीपीआरओ ब्रह्मचारी दुबे, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन, सेतु निगम, सिंचाई, बिजली अधिकारी एवं जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, सर्वेश कुशवाहा, छत्रबली सिंह, शिवशंकर सिंह पटेल, राणा प्रताप सिंह, हरिवंश उपाध्याय, जगत तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### प्रस्तावित एलिवेटेड सड़क निर्माण को लेकर दिए निर्देश

**चंदौली।** मंत्री भारी उद्योग डा. महेंद्रनाथ पाण्डेय पीडब्ल्यूडी निरीक्षण भवन में चंदौली नगर में नेशनल हाईवे के प्रस्तावित एलिवेटेड सड़क बनाए जाने के संबंध में जिला प्रशासन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों के साथ बैठक की। कहा कि नगर में एलिवेटेड सड़क बनाए जाने हेतु संभावित समस्याओं को पहले से ही चिन्हित कर उन पर समुचित होमवर्क कर समाधान खोज लिया जाय, ताकि सड़क निर्माण के दौरान जनता को कठिनाई का सामना न करना पड़े। कहा कि सड़क निर्माण के दौरान यदि किसी प्रकार की कठिनाई की संभावना प्रतीत होती है तो समाधान के लिए बाईपास, रुट डायवर्जन आदि विकल्पों पर विचार कर मुकम्मल प्लान तैयार कर लिया जाय। उन्होंने निमार्णाधीन वाराणसी-चंदौली रिंग रोड एवं गंगा नदी पर बनाए जा रहे पुल का निर्माण कार्य में तेजी लाएं और परियोजना को समय से पूर्ण करें। उन्होंने चंदौली नगर की जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर विभिन्न स्थलों का सर्वे कर समाधान के लिए प्रशासन एवं हाइवे प्राधिकरण के अभियंताओं को मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण के निर्देश दिए। मौके पर डीएम ईशा दुहन, एडीएम उमेश, सीडीओ अजीतेंद्र नारायण, जिलाध्यक्ष अभिमन्यु उपस्थित रहे।

### ऋण पत्रावलियों को स्वीकृत कर वितरित करें लोन

**चंदौली।** जिलाधिकारी ईशा दुहन की अध्यक्षता में द्वितीय तिमाही की डीसीसी, डीएलआरसी, डीएलआईसी व डीएमसी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार चंदौली में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने सभी सरकार प्रायोजित योजनाओं, आरसेटी, वित्तीय समावेशन योजनाओं की समीक्षा की .सभी बैंकों एवं संबंधित विभागों को सभी योजनाओं के लक्ष्य प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया। डीडीएम नाबार्ड द्वारा ऋण योजना 2023-24 द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसका विमोचन जिलाधिकारी द्वारा किया गया। जिलाधिकारी ने सभी सरकार की प्रायोजित योजनाओं के लंबित आवेदनों को 10 कार्य दिवस तक निस्तारण के निर्देश दिया। सीडी रेशियो, एसीपी पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही सरकारी योजनाओं के लक्ष्य प्राप्त करने तथा लंबित पत्रावलियों को शीघ्र स्वीकृत कर वितरित किये जाने हेतु निर्देशित किया। उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजितेंद्र नरायण, जिला विकास अधिकारी लक्ष्मण, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के एलडीओ कुमार कौशल कौशिक, अग्रणी जिला प्रबंधक मनोज बर्नवाल, डीडीएम नाबार्ड तनुज सेन, उपायुक्त उद्योग वीके कौशल आदि उपस्थित रहे।

# किसानों के हित में आंदोलन करेगी सपाः प्रभुनारायण

**मांग**

### कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को सौंपा ज्ञापन, प्रशासन को किया आगाह

जनसंदेश न्यूज



कलेक्ट्रेट में डीएम को किसानों की समस्या से अवगत कराते सपाई।

**चंदौली।** किसानों के मुद्दे को लेकर समाजवादी पार्टी मंगलवार को सड़क पर दिखी। इस दौरान सपाइयों ने कलेक्ट्रेट कूच किया और जिलाधिकारी ईशा दुहन से मिले। सकलडीहा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव व जिलाध्यक्ष सत्यनरायन राजभर की अगुवाई में सपाइयों ने किसानों हितों व समस्याओं की बात कही। सकलडीहा विधायक ने जिला प्रशासन को आगाह किया कि किसानों का अधिकार छिनने का प्रयास किया गया तो सपा बड़ा आंदोलन करेगी।

इस दौरान सकलडीहा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव ने कहा कि सकलडीहा तहसील अंतर्गत दिघवट, जमुनीपुर, फेसुड़ा, बरंगा, पंचदेउरा आदि मौजे में कई पीढ़ियों से 1818 एकड़ जमीन पर खेती-किसानी करते हुए काबिज चले आ रहे किसानों जिला प्रशासन प्रताड़ित कर रहा है। कहा कि किसानों पर मुकदमे चलाए जा रहे हैं और उनके भूमि से संबंधित कागजात नहीं दिए जा रहे हैं। यह सबकुछ सरकार के इशारे पर किया जा रहा है।

कहा कि इस मुद्दे कई बार शासन-प्रशासन के समक्ष उठाया जा चुका है। बावजूद इसके किसानों का उत्पीड़न बंद नहीं किया गया। साथ ही नहरों की मरम्मत व सफाई का कार्य पूर्ण किया जाएगा। किसानों को आवारा पशुओं से भारी नुकसान हो रहा है। जिलाध्यक्ष सत्यनरायन राजभर ने कहा कि जनपद में यूरिया की जबरदस्त किल्लत है। धान क्रय केंद्रों पर अफरातफरी व्याप्त है। अनिश्चितता, बोरों की कमी को दूर करने की बजाय बिचौलियों के माध्यम से खरीद की जा रही है, जिसे तत्काल रोका जाए और सीधे किसानों की उपज की खरीद हो।

इस वक्त जिले में उर्वरक की भारी किल्लत है, जिससे किसानों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार, मुसाफिर सिंह चौहान, चंद्रशेखर यादव, दिलीप पासवान, संतोष यादव, नफीस अहमद, सुनील सिंह मुखिया, राजा खान, गार्गी पटेल, आरती यादव आदि उपस्थित रहे।

# जिला जज ने पकड़ी अनियमितता

**जांच**

### संतोषजनक नहीं मिली बाउंड्री में उपयोग हो रही निर्माण सामग्री

जनसंदेश न्यूज



दीवानी न्यायालय के बाउंड्री निर्माण में प्रयुक्त ईंट की गुणवत्ता परखते जिला जज।

**चंदौली।** जनपद एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर बन रहे दीवानी न्यायालय भवन के लिए चिह्नित जमीन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एवं सिविल बार के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। जिला जज ने वहां मौजूद निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को परखा। बाउंड्रीवाल में उपयोग हो रही निर्माण सामग्री की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं होने पर सभी का सैम्पल एकत्रित कराया। साथ ही नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी सामग्री को हटाकर मानक के अनुसार निर्माण कराए जाने का आदेश दिया।

इस बाबत जिला जज ने कहा कि दीवानी न्यायालय भवन का निर्माण आने वाली पीढ़ियों के लिए महत्वपूर्ण है। इसके निर्माण में अनियमित्ता कत्तई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर डेमोक्रेटिक बार के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि निर्माण कार्य में तीन नंबर की ईंट का इस्तेमाल किया जा रहा था। इसके अलावा जोड़ाई के लिए तैयार किए गए मिश्रण सामग्री में गंगा बालू को उपयोग में लाया जा रहा था, जो मानक के विपरीत है।

न्यायालय के लिए चिह्नित जमीन पर बनाई जा रही बाउंड्री का निर्माण असंतोषजनक है। उन्होंने निर्माण करने वाले ठेकेदार व कार्यदायी संस्था के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की, ताकि इस तरह की लापरवाही पुनः ना होने पाए। वहीं सिविल बार अध्यक्ष सुभाष चन्द्र राय ने भी निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठाए और एकत्रित किए गए सैंपल की जांच के बाद प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर अनिल कुमार, शैलेंद्र, अमरेंद्र प्रताप, राजेश मिश्रा, मिथिलेश, मणिशंकर राय, अश्विनी, संजीव कुमार, शमशुद्दीन आदि उपस्थित रहे।

### बल्लीपुर प्राथमिक विद्यालय पर प्रबंध समिति का नहीं हुआ चुनाव

**चहनियां।** क्षेत्र प्राथमिक विद्यालय बल्लीपुर में प्रबंध समिति का चुनाव नहीं हुआ। प्रधानाध्यापक कालिंद कुमार पाण्डेय द्वारा चुनाव प्रबंधन पर लगातार हीलाहवाली किया जा रहा है। इसमे एबीएसए की मिलीभगत से कार्य बाधित है। बैठक के बाद लोग वापस हो गये। जिलाधिकारी के निर्देश पर हर प्राथमिक विद्यालयो पर प्रबंध समिति का चुनाव समय से कराना था, किंतु बल्लीपुर प्राथमिक विद्यालय पर प्रबंध समिति का चुनाव नहीं कराया गया। खुली बैठक कराने की भी जरूरत नहीं समझी गई। आरोप है कि प्रधानाध्यापक चार लोगों को बैठाकर बैठक करा लिया जाता है। एक सप्ताह पूर्व यहां नियुक्त पर्यवेक्षक भी गायब हो गये। प्राथमिक विद्यालय पर बैठक की भी सूचना प्रधान संजय कन्नौजिया व प्रधान प्रतिनिधि अतुल सिंह प्रिंस को देर से दी गयी। जब बैठक में पहुंचे तो हीलाहवाली देख प्रिंस सिंह जिलाधिकारी को सूचना दिया, तब जाकर दूसरे पर्यवेक्षक पंकज सिंह को भेजा गया। किन्तु प्रधानाध्यापक के हीलाहवाली से पुनः चुनाव टल गया। यह चुनाव टालने की प्रक्रिया विगत दो वर्ष हीलाहवाली किया जा रहा है।

### प्राथमिक विद्यालय हसनपुर में प्रबंध समिति का चुनाव संपन्न

**चहनियां।** प्राथमिक विद्यालय हसनपुर में प्रबंध समिति का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर चंद्रिका यादव निर्विरोध निर्वाचित किया गया। सभी सदस्यों के सहमति से चुनाव सकुशल संपन्न कराया गया। वहीं दस सदस्यों का भी चयन हुआ। नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि अपने कार्यों का निर्वहन ईमानदारी से करूंगा। इस दौरान प्रधानाध्यापक नरेंद्र यादव, पूर्व पंचायत सदस्य रमेश, विजय, अमर, शशिकला कुमारी, विमला देवी, सुशीला देवी, सीमा देवी, अजय आदि लोगो मौके पर मौजूद रहे।

# नगर निकायः चुनावी चर्चा से माहौल गरमाया



चंदौली चाय की दुकान पर आपस में चुनावी चर्चा-परिचर्चा करते लोग।

**चंदौली।** यूपी नगर निकाय चुनाव को लेकर हाईकोर्ट के फैसले पर टकटकी लगाए लोगों की उत्सुकता पर मंगलवार को विराम लग गया। हाईकोर्ट के लखनऊ बेंच ने अपना फैसला सुनाते हुए ओबीसी आरक्षण को रद्द कर दिया है। इसके साथ ही चुनाव में दिलचस्पी रखने वाले लोगों में एक नई बहस व चर्चा छिड़ गयी। स्थिति यह रही कि चंदौली जिला मुख्यालय समेत जनपद के चारों निकायों में चाय-पान की दुकानों व चट्टी-चौहारों पर पूरे दिन चुनावी व हाईकोर्ट के आदेश की चर्चा रही।

विदित हो कि हाईकोर्ट के लखनऊ बेंच ने अपने आदेश में ओबीसी आरक्षण को रद्द करते हुए नगर निकाय चुनावों को शीघ्र कराने का उल्लेख किया है। उक्त आदेश की सूचना कोर्ट रूम से बाहर आते ही पूरे सूबे में फैल गयी। स्थिति यह रही कि चुनाव संबंधित हाईकोर्ट के आदेश संबंधित सूचना धड़ाधड़ लोगों ने मोबाइल व सोशल मीडिया के जरिए शेयर की और कुछ ही घंटों में नगरीय क्षेत्र का एक-एक व्यक्ति कोर्ट के आदेश से पूर्णतः व अंशतः रूबरू हो गया। जो बातें चचाओं से छनकर आई उससे लोग यह समझ गए कि हाईकोर्ट ने ओबीसी आरक्षण को रद्द कर दिया। चुनाव में रूचि लेने वाला एक-एक शख्स अपने नजरिए को दूसरों से साझा करते हुए चुना गया।

स्थिति यह रही कि चुनावी चचाओं की सरगर्मी की वजह से दिसंबर के अंतिम पखवारे की ठंडी का मिजाज भी बदला-बदला सा लग रहा था। लोग देर शाम तक चाय की अड़ी पर अड़े रहे और गर्म चाय की प्याली के साथ राजनीतिक चर्चा-परिचर्चा से माहौल को गर्म बनाए रखा। विदित हो कि हाईकोर्ट ने मंगलवार को 70 पेज के अपने फैसले में ओबीसी आरक्षण को रद्द कर दिया। ऐसी स्थिति में ओबीसी के लिए आरक्षण के लिए आरक्षित सभी सीटें अब जनरल मानी जाएंगी। ऐसे में अब यूपी में नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होने का रास्ता साफ होने के कयास लगाए जा रहे हैं। फिलहाल चुनाव होंगे या उसकी तिथियां अभी और आगे बढ़ेंगी इसे लेकर सरकार व राज्य निर्वाचन आयोग का पक्ष व रूख दोनों अभी स्पष्ट नहीं हुआ। ऐसे में सरकार के पक्ष व उसके निर्णय तथा उसका यूपी के नगर निकाय चुनाव कार्यक्रम पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर लोग पूरे दिन दिमागी कसरत करते हुए देखे व सुने गए।

### आरटीओ कार्यालय का उप परिवहन आयुक्त ने किया निरीक्षण

**चंदौली।** एआरटीओ कार्यालय का मंगलवार को उप परिवहन आयुक्त अधिकारी डा. आरके विश्वकर्मा ने निरीक्षण किया, जहां दलालों के सक्रिय होने पर कहा कि ऐसा कोई लिखित प्रमाण मिलता है तो उस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आरटीओ चंदौली से 9 महीने में सिर्फ 97 प्रतिशत वसूली हुई है, अभी तक सापेक्ष वसूली नहीं हुई। तीन माह के अंदर एआरटीओ प्रवर्तन संभागीय परिवहन अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है हम राज्य के औसत से वसूली सुनिश्चित करेंगे। वहीं दलालों सक्रियता के मुद्दे पर उपपरिवहन आयुक्त डा.आरके विश्वकर्मा ने कहा कि ऐसा कोई लिखित प्रमाण मिलता है तो उस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। कहा कि जो भी वाहन स्वामी है या कार्य कराने वाले व्यक्ति हैं उसे सुना जाए और उसके नियम अनुसार सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान एआरटीओ प्रवर्तन विनय सिंह, पीटीओ एपी देव, संभागीय निरीक्षक अशोक यादव, इबरार, विवेक दुबे, अश्वनी पांडेय, प्रेम प्रकाश, बासु यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# समिति से खाद न मिलने पर किसानों ने किया प्रदर्शन



**चहनियां।** क्षेत्र के चकिया बिहारी मिश्र पट्टी में साधन सहकारी समिति पर खाद न मिलने से नाराज ग्रामीणों ने सचिव के खिलाफ प्रदर्शन कर विरोध जताया। प्राइवेट कर्मचारियों के भरोसे चिन्हित लोगों को खाद का वितरण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने वृहद आंदोलन की चेतावनी दी है।

सरकार द्वारा बार बार घोषणा किया जा रहा है कि खाद की कमी नहीं है। किन्तु चकिया बिहारी मिश्र पट्टी में साधन सहकारी समिति पर भ्रटाचार का बोलबाला है। यहां खाद के लिए ग्रामीणों को चक्कर काटना पड़ रहा है। कई बार समिति का चक्कर काटने के बाद भी ग्रामीणों को खाली हांथ लौटना पड़ रहा है। आजिज आ चुके ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया। ग्रामीणों का आरोप है कि यहां समिति पर सचिव आते नही है सचिव को इसके अलावा 2 और सोसायटी के संचालन की जिम्मेदारी दी गयी है इसके अलावा नादी के सोसायटी पर धान क्रय की पूरी जिम्मेदारी सचिव को दी गयी है। ऊपर से खाद 270 रुपया रेट से भी ज्यादा मनमाने दामों पर दिया जाता है। किसानों को जब खाद की जरूरत पड़ती है तो खाद नहीं होने का बहाना प्राइवेट कर्मचारियों द्वारा बना दिया जाता है। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि खाद नही मिली तो बृहद आंदोलन किया जायेगा। इस दौरान राजेश यादव, राजाराम, अनिल, सुभाष, काशीनाथ, सोनू, बुधराम, टिंकल, जोगी, अतुल गुलाब आदि लोग उपस्थित थे।

# स्पोर्ट्स

## बृजेश राष्ट्रीय बिलियर्ड्स चैंपियनशिप विजेता बने

**इंदौर।** एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता बृजेश दमानी ने पहली बार राष्ट्रीय बिलियर्ड्स चैंपियनशिप जीती है। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता बृजेश ने यहां हुए टूनार्मेंट के फाइनल में पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड (पीएसपीबी) के ध्रुव सितवाला को हराकर यह खिताब अपने नाम किया। इसमें चार गेम के बाद फाइनल मैच 2-2 से बराबरी पर था जिसके बाद बृजेश ने शानदार खेल दिखाते हुए 4-3 से बढ़त बनायी। उन्होंने अंत में आठवें गेम में भी दबदबा बनाए रखा और 5-3 से खिताब जीत लिया।बृजेश ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक के बी भास्कर और सेमीफाइनल में एस श्रीकृष्णा को हराया था।

# वार्नर के दोहरे शतक से ऑस्ट्रेलिया ने तीन विकेट पर 386 रन बनाये

**मेलबर्न।** सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर के शानदार दोहरे शतक से मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन अपनी पहली पारी में 3 विकेट के नुकसान पर 386 रन बना लिए थे। वहीं इससे पहले दक्षिण-अफ्रीका की टीम अपनी पहली पारी में 189 रनों पर आउट हो गयी थी। इस प्रकार ऑस्ट्रेलियाई टीम को 197 रनों की बढ़त मिल गयी है और अब उसका लक्ष्य तीसरे दिन बड़ी बढ़त हासिल करना रहेगा। दिन का खेल समाप्त होने के समय पर ट्रेविस हैड 48 और एलेक्स कैरी 9 रनों पर खेल रहे थे। वार्नर अपना दोहरा शतक 200 रन बनाने के साथ ही रिटायर्ड हर्ट होकर पेवेलियन लौट गये। वहीं एक अन्य खिलाड़ी कैमरुन ग्रीन भी 6 रनों पर ही रिटायर्ड हर्ट हुए। दूसरे दिन के खेल का आकर्षण वार्नर की बल्लेबाजी रही।



वार्नर ने तीन साल के बाद शतक लगाया। वह यहीं नहीं रुके और उन्होंने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए 254 गेंदों पर दोहरा शतक लगा दिया। इसके बाद वह जश्न मनाते हुए चोटिल हो गए आर उन्हें पेवेयियन लौटना पड़ा।

वार्नर 200 रन के मील के पत्थर तक पहुंचने से पहले ही खिंचाव से परेशान थे पर जिस प्रकार अतिउत्साह में उन्होंने इस दोहरे शतक का जश्न मनाया उससे उनकी हालत और भी खराब हो गई है। सलामी बल्लेबाज ने अपने दोहरे शतक के जश्न में जैसे ही एक ऊंची छलांग लगाई वह जमीन पर पड़ने के बाद दर्द से परेशान हो गये।

वार्नर को अपनी पारी के दौरान खिंचाव के इलाज के लिए कई बार चिकित्सक मदद की जरूरत पड़ी पर वह उन्होंने दोहरा शतक बनाने तक मैदान पर जमे रहे। वार्नर ने इस पारी में अपने टेस्ट करियर में 8000 रन भी पूरे किए वह ऐसा करने वाले आठवें ऑस्ट्रेलियाई बन गए हैं। दूसरे दिन दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों को कोई सहायता नहीं मिली और वे बेबस नजर आये।

### वॉर्नर ने अपने 100वें टेस्ट में दोहरा शतक लगाने के साथ ही पूरे किये 8000 रन

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के अनभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शतक लगाने बाद इसे दोहरे शतक में बदल दिया। यह संयोग से वार्नर का 100वां टेस्ट भी था। इसमें दोहरा शतक लगाने के साथ ही इस बल्लेबाज ने एक और अहम उपलब्धि अपने नाम की है। वार्नर ने इस मैच में अपने 8000 रन भी पूरे किये। वार्नर अब 8000 रन बनाने वाले अपने देश के आठवें खिलाड़ी बन गये हैं। आठ हजार रन बनाने वाले अन्य खिलाड़ी हैं एलन बॉर्डर (11174 रन) स्टीव वॉ (10927 रन) माइकल क्लार्क (8643 रन) मैथ्यू हेडन (8625 रन) स्टीव स्मिथ (8503 रन) । इस बल्लेबाज ने यह रिकार्ड दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बनाया है। उनके लिए यह शतक इसलिए भी अहम है क्योंकि यह 25 टेस्ट के बाद आया है। इस बल्लेबाज ने अपना पिछला शतक तीन साल पहले जनवरी 2020 में न्यूजीलैंड के खिलाफ लगाया था। इस बल्लेबाज के नाम 100 टेस्ट की 183 पारियों में 46.21 की औसत से 8122 रन हैं। उनके नाम लंबे प्रारूप में 25 शतक हैं और उन्होंने इसके साथ ही 34 अर्धशतक भी लगाये हैं। वार्नर ने 77वें ओवर की आखिरी गेंद पर लुंगी एनगिडी को चौका लगाकर दोहरा शतक पूरा किया। दोहरा शतक लगाने के बाद वार्नर घुटनों के बल बैठ गए और उन्होंने हेलमेट निकालते हुए सबका अभिवादन किया। इस दौरान उनके चेहरे पर खुशी थी। टेस्ट क्रिकेट में यह वार्नर का तीसरा दोहरा शतक था हालांकि दोहरा शतक लगाने के बाद वह रिटायर्ड हर्ट हो गए। इस बल्लेबाज ने 254 गेंदों पर 16 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 200 रन बनाए। अब वह टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले सातवें खिलाड़ी बन गये हैं। दिग्गज बल्लेबाज और पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। पोंटिंग ने 168 मैचों और 287 पारियों में 51.85 की औसत से 13378 रन बनाए थे।

## बॉलीवुड न्यूज

### म्यूजिक इंडस्ट्री में तूफान मचा रहा नमोह स्टूडियोज



**इंदौर।** फिलहाल दुनियाभर में ऑफिशियल पार्टी सीजन चल रहा है और सभी की निगाहें संसेशनल मौनी रॉय और यो यो हनी सिंह के साथ 24 दिसंबर 2022 को लॉन्च हुए नए पार्टी नंबर 'गतिविधि' पर टिकी हुई हैं। अपने इस नए पार्टी नंबर को लेकर यो! यो! हनी सिंह कहते हैं "नमोह स्टूडियोज के पहले सिंगल 'जाम' की सफलता के बाद, मैं एक बार फिर उनके साथ कॉलेबोरेट करने के लिए बहुत एक्साइटेड था। जैसा कि नाम से पता चलता है, गतिविधी एक हेप पार्टी सॉन्ग है और वीडियो में मौनी रॉय के आकर्षण ने गाने को नेक्स्ट लेवल तक उठा दिया है। वीडियो कातिलाना है और मैं लोगों द्वारा गतिविधी को मिले प्यार के लिए उत्साहित हूं। इस वीडियो सांग को लेकर मौनी रॉय ने कहा कि यह साल के इस समय के लिए एकदम सही सांग है। साल के अंत में एक धमाकेदार सांग के साथ जश्न मनाने का इससे बेहतर तरीका और क्या हो सकता है। ये यो! यो! और नमोह स्टूडियो के साथ एक परफेक्ट कॉलेबोरेशन है। यह सांग अब सभी लीडिंग म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर आ चुका है और लोगों के बीच एक्साइटमेंट पैदा कर रहा है। इस पर नमोह स्टूडियो के संस्थापक गौरव ग्रोवर ने कहा "हम गतिविधी की रिलीज के लिए बहुत एक्साइटेड थे। हमने कड़ी मेहनत की है और यो यो हनी सिंह ने इसे धमाकेदार बना दिया है। वीडियो में मौनी रॉय बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। हम उम्मीद कर रहे हैं कि गतिविधी साल का सबसे बड़ा सांग बनकर उभरेगा। नमोह स्टूडियो एक म्यूजिक प्रोडक्शन स्टूडियो है जिसे 2022 में गौरव ग्रोवर द्वारा स्थापित किया गया था। वे म्यूजिक इंडस्ट्री में बहुत पुराने नहीं हैं, उन्होंने एक म्यूजिक सिंगल बनाया है और पहले से ही इंडस्ट्री में धूम मचा रहे हैं।

### सोनी सब को कई शो ने बनाया फैमिली ब्रांड



इंदौर। भारत का पसंदीदा लिविंग रूम ब्रांड, सोनी सब पिछले काफी लंबे समय से अपने दर्शकों को अनलिमिटेड मनोरंजन के साथ आकर्षित करता आ रहा है। मूल्योंइ से अभिप्रेरित और दिल को छू लेने वाले कंटेंट के साथ इस चैनल ने लाखों भारतीय दर्शकों के दिलों पर राज किया है। सोनी सब ने ऐसे शोज का निर्माण करने की दिशा में काम किया है, जिनके किरदार बिल्कुजल अपने से हों और जिनकी कहानियों में जिंदगी के खट्टे-मीठे पल शुमार हों। चैनल ऐसे शोज की पेशकश करता है, जिन्हें पूरा परिवार एकसाथ बैठकर देख सके। ऐसी गाथाओं, जो प्रगतिशील हैं और जिंदगी का जश्नज मनाती हैं, की पेशकश करने पर फोकस के साथ, 2022 के लिये सोनी सब के लाइन अप में एक भावनात्मनक सार के साथ इस नये सिद्धांत की एक स्पष्ट झलक नजर आई। परिवार के हर सदस्य को आनंद देने के उद्देश्य के साथ, सोनी सब ने 2022 में कुछ बेहद दिलचस्पप शोज को लॉन्चर किया, समूचे भारत में टेलीविजन स्क्रीकन्स पर लगातार राज कर रहे हैं। हम आपके लिये लेकर आये हैं उन शोज की एक झलक, जिन्हेंच सोनी सब पर इस साल देखते हुये आप मुस्कुनराये, रोये, दिल खोलकर हंसे, इमोशनल हुये और अपने प्रियजनों को गले लगाया। यह सर्वशरक्तिमान योद्धा गरुड़ पर आधारित एक पौराणिक शो है। गरुड़, जो शांति कायम रखने और अन्या य के खिलाफ लड़ने के लिये तत्पर रहते हैं। जरूरतमंदों की रक्षा एवं मदद करते हुये वह शक्तिशाली प्रतिद्वंद्वियों के विरुद्ध उठते हैं।

## सीमित ओवरों के प्रारूप को अलविदा कह सकते : स्टार्क

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने कहा है कि उनके लिए टेस्ट क्रिकेट सबसे ऊपर है। ऐसे में वह अपने टेस्ट करियर को आगे बढ़ाने के लिए अगले चरण में सीमित ओवरों के प्रारुप को अलविदा कह सकते हैं। स्टार्क उन 6 खिलाड़ियों में से हैं जो ऑस्ट्रेलिया के लिए सभी प्रारुपों में खेलते हैं।

स्टार्क ने कहा ह्यटेस्ट हमेशा टॉप पर रहेगा। यह फॉर्मेट सीमित ओवरों के फॉर्मेट से काफी ऊपर है.ह्ल स्टार्क के टीम की 2023 वर्ल्ड कप योजनाओं में अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है। उन्होंने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले 2024 टी20 वर्ल्ड कप में खेलने की इच्छा का भी संकेत दिया है। उन्होंने कहा कि मैं बाकी चीजों के बारे में बाद में फैसला करूंगा। यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि मेरा शरीर कैसा महसूस करता है. खेलना मुझे पसंद है और अगर लय सही रही और टीम में चयन हुआ तो मैं टेस्ट क्रिकेट खेलना जारी रखूंगा।

इस अनुभवी गेंदबाज ने कहा कि आज के दौर के व्यस्त कार्यक्रम के कारण किसी खिलाड़ी के लिए तीनों फॉर्मेट में खेलना असंभव की तरह है। उन्होंने कहा कि तीनों फॉर्मेट के खिलाड़ी के रूप में हर मैच को खेलना इस समय लगभग असंभव है. अपने वर्कलोड मैनेजमेंट को बनाए रखने के लिए स्टार्क ने 2015 से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भाग लेना छोड़ दिया है। 32 साल के स्टार्क ने अब तक 71 टेस्ट में 287 विकेट लिए हैं। उन्होंने 107 वनडे में 211 विकेट झटके हैं जबकि 58 टी20 में उनके नाम 73 विकेट हैं।

## आर्सेनल शीर्ष पर पहुंची वेस्ट हैम को 3-1 से हराया

**लंदन।** आर्सेनल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल में वेस्ट हैम को 3-1 से हराकर शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ और बेहतर बनायी है। वहीं एक अन्य मैच में न्यू कास्टल की टीम लीस्टर को 3-0 से हराकर दूसरे स्थान पर रही। वह आर्सेनल से सात अंक पीछे है।आर्सेनल के 15 मैचों में 40 जबकि न्यू कास्टल के 16 मैचों में 33 अंक हैं। एक अन्य टीम मैनचेस्टर सिटी तीसरे स्थान पर फिसल गयी है। वेस्ट हैम की ओर से सैद बैनरहम के 27वें मिनट में पेनल्टी किक पर गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया पर इसके बाद ने शानदार वापसी करते हुए तीन गोल दाग दिये। आर्सेनल की ओर से दूसरे हाफ में बुकायो साका गेब्रियल मार्टिनेली और एडी एनकेतिया ने गोल किये। वहीं एक अन्य मैच में हैरी केन के गोल से चौथे स्थान पर कायम टोटेनहैम ने दो गोल से पीछे होने के बाद भी अच्छी वापसी करते हुए ब्रैंटफोर्ड के खिलाफ मैच 2-2 से बराबरी पर ला दिया।

# एक दिनी विश्वकप में जगह बनाने के लिये सूर्यकुमार को बेहतर बनाना होगा प्रदर्शन



**मुम्बई।** आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। इसके बाद भी उनके लिए अगले साल होने वाले एकदिवसीय विश्वकप के लिए जगह बनाना आसान नहीं रहेगा। इस कारण टीम इंडिया में जगह के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा होना माना ज ा रहा हे।

सूर्यकुमार ने अब तक भारतीय टीम की ओर से 13 एकदिवसीय मैच खेले हैं। इसमें उन्होंने 12 पारियों में 34 की औसत से 340 रन बनाए हैं। इसमें दो अर्धशतक भी शामिल हैं। उनका सबसे ज्यादा स्कोर 64 रन है। इसके अलावा स्ट्राइक रेट 99 का है। इस प्रकार देखा जाये तो एकदिवसीय में उनका प्रदर्शन अब तक सामन्य रहा है। वहीं इस बल्लेबाज ने 40 टी20 अंतरराष्ट्रीय की पारियों में 44 की औसत से 1408 रन बनाए हैं। अगले साल होने वाले एकदिवसीय विश्वकप के लिए टीम प्रबंध मध्यक्रम में बेहतर संयोजन के लिए बल्लेबाज तलाश रहा है। विराट कोहली का एकदिवसीय विश्वकप में खेलना तय है और वे नंबर-3 पर उतरते है। वहीं रोहित शर्मा और शिखर धवन पारी की शुरूआत कर सकते हैं। ऐसे में मध्यक्रम में जगह के लिए सूर्यकुमार का मुकाबला श्रेयस अय्यर और लोकेश राहुल जैसे खिलाड़ियों से है। वहीं घरेलू टूनामेंट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले रजत पाटीदार और राहुल त्रिपाठी भी बड़े दावेदार के तौर पर उभरे हैं। इसके अलावा विकेटकीपर बल्लेबा ऋषभ पंत भी मध्यक्रम में ही उतरते हैं। राहुल के एकदिवसीय के प्रदर्शन को देखें तो उन्होंने अब तक 45 मैच की 43 पारियों में 45 की औसत से 1665 रन बनाए हैं। जिसमें 5 शतक और 10 अर्धशतक शामिल हैं। उनका स्ट्राइक रेट 88 का है जबकि 27 साल के अय्यर ने 33 एकदिवसीय की 30 पारियों में 48 की औसत से 1299 रन बनाए हैं। जिसमें 2 शतक और 12 अर्धशतक हैं और उनका स्ट्राइक रेट 98 का है। इसको देखते हुए सूर्यकुमार को एकदिवसीय में अपना प्रदर्शन बेहतर करना होगा।

# कोरोना के नए वेरिएंट को लेकर स्वास्थ्य महकमा अलर्ट

**चंदौली।** कोरोना संक्रमण के नए वेरिएंट के मद्देनजर स्वास्थ्य महकमा अलर्ट मोड पर है। नए वेरिएंट से बचाव और रोकथाम के मद्देनजर जनपद चंदौली के स्वास्थ्य विभाग द्वारा एकीकृत कोविड कमांड कंट्रोल सेंटर को सक्रिय कर दिया गया है। मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। सीएमओ डा युगल किशोर राय और सीएमएस डॉ उर्मिला सिंह ने लोगों से एहतियात बरतने की अपील की है।

सूबे के सभी अस्पतालों में स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक के निर्देश के बाद मंगलवार को कोविड-19 से निपटने की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मॉकड्रिल किया गया। इसी क्रम में जनपद चंदौली के जिला अस्पताल में वाराणसी नोडल अधिकारी जीसी दिवेदी एवं सीएमओ डॉ युगल किशोर राय के नेतृत्व में मॉकड्रिल किया गया। जनपद में कुल 579 बेड कोविड के लिए सुरक्षित हैं। 20 पीकू वार्ड बच्चों के लिए भी सुरक्षित रखा गया है। साथ ही 32 वेंटीलेटर सुविधा एवं 12 ऑक्सीजन प्लांट के द्वारा सभी 579 बेड पर ऑक्सीजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। बता दें कि प्लांट से 3205 लीटर प्रति मिनट ऑक्सीजन की उपलब्धता है। सीएमएस डा. उर्मिला सिंह ने नए वेरिएंट से बचाव की मुकम्मल व्यवस्थाओं के बाबत बताया कि महकमा कोरोना के नए वेरिएंट से निपटने के लिए पूरी तरह अलर्ट है। चंदौली के अस्पतालों में सारी व्यवस्थाएं मुक्कमल हैं।

लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लोग केंद्र पर जाकर बूस्टर डोज लगवाएं। जिन लोगों को बुखार या खांसी अथवा श्वसन संबंधित परेशानी हैं, वे अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर कोविड-19 की मुफ्त आरटीपीसीआर व एंटीजन टेस्ट अवश्य कराएं। किसी भी स्वास्थ्य संबंधित परेशानी की स्थिति में एकीकृत कोविड कमांड कंट्रोल सेंटर के हेल्पलाइन पर संपर्क करेमॉकड्रिल के बाबत वाराणसी नोडल अधिकारी जीसी द्विवेदी ने बताया कि कोरोना संक्रमण के नए वेरिएंट के मद्देनजर सूबे के सभी अस्पतालों कोरोना की तैयारियों के बाबत जायजा लिया जा रहा है। इसी क्रम में मेरे द्वारा जिला अस्पताल के मातृ शिशुविंग में कोविड बेड़ों और ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया गया जो कमियां मिली हैं उन्हें दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। मॉकड्रिल के संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.युगल किशोर राय ने बताया कि कोवीड संक्रमण के नए खतरे को देखते हुए शासन स्तर से प्राप्त निदेशों को देखते हुए स्वास्थ्य व्यवस्था को पूरी तरह से चुस्त दुरुस्त किया जा रहा है। कोविड के दौरान आने संभावित खतरों को परखने के लिए मॉकड्रिल किया गया है। स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमियां ना हों इसके लिए मॉकड्रिल जनपद के सभी अस्पतालों में किया गया है। जो भी कमियां उन्हें तत्काल सुधारने में मदद मिलेगी। बताया कि मानव संसाधनों को भी पुनः प्रशिक्षित करने का कार्य किया जा रहा है।

# प्रशिक्षण प्राप्त कर विकास को गति दें बीडीसी



**नियामताबाद।** वाराणसी मंडल के अंतर्गत जिला पंचायत रिसोर्ट सेंटर चंदौली में जनपद चंदौली के विकासखंड नियमताबाद एवं चंदौली क्षेत्र पंचायत सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आगाज हुआ। इसका शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख चंदौली संजय सिंह के द्वारा किया गया। ब्लॉक प्रमुख चंदौली संजय सिंह बबलू ने कहा कि यह होने वाले प्रशिक्षण अति महत्वपूर्ण हैं प्रशिक्षण के माध्यम से समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्यों को उनकी भूमिका व दायित्व की जानकारी तथा क्षेत्र पंचायत के कार्य व योजनाओं की जानकारी होगी, जिसमें वह अपने क्षेत्र में विकास को गति देंगे तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में मदद कर पाएंगे। प्रशिक्षण में उपनिदेशक पंचायत वाराणसी ए के सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र पंचायत सदस्य को पंचायत संबंधी जानकारी नहीं होती है उसी को ध्यान में रखते हुए दो दिवसीय प्रशिक्षण रखा गया है।

# वाराणसी में जल्द खुलेंगे ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर

**कवायद**

### अपर परिवहन आयुक्त परिवर्तन की ओर से मिले पत्र के बाद शुरू हुई कवायद

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के 58 जिलों में जल्द ही ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर खोलने की योजना मूर्त रुप लेगी, अपर परिवहन आयुक्त परिवर्तन की ओर जारी पत्र के बाद पूरा विभाग इस कवायद में जुट गया है।

सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए शासन पूरी तरह सर्तक है ऐसा मानना है कि सड़क पर चलते समय अगर चालक सावधानी बरतें और यातायात नियम का पालन करें तो बड़े हद तक सड़क दुर्घटना को रोका जा सकता है। इसी उद्देश्य से इस सेंटर को खोला जा रहा है। छोटे और बड़े सभी प्रकार के वाहनों के लिए इस ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण दिया जायेगा।




### दो एकड़ की जमीन पर बनेगा सेंटर

ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर के लिए कम से कम दो एकड़ जमीन की आवश्यता है, इसमें बड़े पैमाने पर लोगों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण की क्लास रुम के साथ सिमुलेटर प्रशिक्षण और ऑटोमेटेड ट्रैक पर प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी। इसके साथ ही ट्रेनिंग सेंटर खोलने वाले आवेदन के पास कम से कम दो करोड़ का टर्न ओवर होना चाहिए। आवेदन कर्ता का सबकुछ ठीक होने पर उसे एक साल के भीतर ट्रेनिंग सेंटर खोलना होगा।

### इन शहरों में बनेगा ट्रेनिंग सेंटर

उत्तर प्रदेश के जिन 58 शहरों में ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर खोलना है उनमें वाराणसी समेत मिर्जापुर, प्रयागराज, गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या, आजमगढ़, देवी पाटन, गोंडा, बरेली, मुरादाबाद, मेरठ, मुजफ्फनगर, झांसी, अलीगढ़ सहित अन्य जिले शामिल हैं।

# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य ने की समीक्षा बैठक



**वाराणसी।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य सुभाष रामनाथ पारधी ने मंगलवार को एनटीपीसी एवं पावर ग्रिड कारपोरेशन आफ इंडिया लि. के अनुसूचित जाति के कार्मिकों तथा दोनों निगमों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में अनुसूचित जाति के कार्मिकों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं एवं नीतियों की समीक्षा की गई। बैठक में आयोग के उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय के निदेशक एसके सिंह के अलावा पावर ग्रिड के मुख्य महाप्रबंधक एसके राय, महाप्रबंधक अरूण कुमार राय, उत्तरी क्षेत्र-श्री के मानव संसाधन प्रभारी अशोक मिश्रा, एनटीपीसी के कार्यपालक निदेशक सिंगरौली बासुराज गोस्वामी, मुख्य महाप्रबंधक मिलन कुमार आदि उपस्थित रहे।

### प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के 44वें दीक्षांत समारोह के सफल आयोजन के क्रम में दीक्षा उत्सव के तहत 24 दिसंबर को काव्यपाठ व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन हिंदी विभाग तथा छात्र कल्याण संकाय के संयुक्त तत्वावधान में मानविकी संकाय स्थित थियेटर कक्ष में आयोजित हुआ। प्रथम सत्र में काव्यपाठ करते हुए प्रियांशु गुप्ता ने बताया कि इंसानियत से बढ़कर कोई धर्म नहीं हो सकता। उपासना प्रजापति ने जीवन के रण के बारे में सबको समझाया जिसमें उन्होंने जीवन के तमाम झंझावातों को समेटे हुए उससे पार पाने की सूक्तियाँ बतायीं। आगे रागिनी राय ने बताया कि कैसे जिस्म की ख़्वाहिशों में रूह की हत्या की जाती है? काव्य पाठ प्रतियोगिया में कुल 42 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इस सत्र में डॉ. रामाश्रय सिंह, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. विनोद कुमार सिंह आदि ने निर्णायक की भूमिका अदा की। संचालन डॉ. सुरेंद्र प्रताप सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अनुकूल चंद राय ने किया।

# बीएचयू में खुलेगा तोक्यो यूनिवर्सिटी का कार्यालय

**पहल**

### तोक्यो विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति प्रो. सुधीर जैन से की मुलाकात

**वाराणसी।** तोक्यो विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने बीएचयू के कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन से मुलाकात की तथा दोनों संस्थानों के बीच पारस्परिक आदान-प्रदान, द्विपक्षीय सहयोग, विद्यार्थी व शिक्षक सम्पर्क को बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में शामिल प्रो. केई सीताराम ने बीएचयू में तोक्यो यूनिवर्सिटी का कार्यालय खोलने का सुझाव दिया।



तोक्यो विवि के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करते बीएचयू के कुलपति प्रो. सुधीर जैन

तोक्यो विश्वविद्यालय के प्रो. केई सीताराम कहा कि बीएचयू जैसा महान संस्थान अपार संभावनाओं व क्षमता से परिपूर्ण है, जिससे न सिर्फ विद्यार्थी व शिक्षाविद अपितु अन्य संस्थान भी लाभान्वित होते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों व शिक्षकों के हित में तोक्यो विश्वविद्यालय भी इन संभावनाओं से लाभान्वित होना चाहेगा। कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन ने प्रो. सीताराम के सुझावों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अपने विद्यार्थियों व शिक्षकों के लिए नए अवसर सृजित करने के लिए बीएचयू प्रतिबद्ध है।

इस दिशा में अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी है। तोक्यो विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने जी-20 शिखर सम्मेलन के परिप्रेक्ष्य में वैश्विक विश्वविद्यालयों की एक कार्यशाला का आयोजन बीएचयू में करने का प्रस्ताव दिया। प्रतिनिधिमंडल में तोक्यो विश्वविद्यालय के दिल्ली कार्यालय के निदेशक प्रो. ताकाहीरो कातो भी शामिल थे।


# आठ से दस घंटे देरी से कैंट पहुंचीं ट्रेनें

**मौसम**

### वंदे भारत 55 मिनट देरी से पहुंची

**वाराणसी।** कोहरे की मार ने ट्रेनों के परिचालन को प्रभावित किया है। मंगलवार को आठ से दस घंटे देरी से कैंट स्टेशन पर ट्रेनों को आगमन हुआ, ट्रेनों के इंतजार में बैठे यात्री पूछताछ काउंटर पर बार-बार चक्कर लगाते रहें।

पूछताछ कर्मचारियों के अनुसार कैंट स्टेशन पर मंगलवार को विलम्ब से आने वाली ट्रेनों में पाटिलपुत्रा एक्सप्रेस 11 घंटे, हिमगिरि एक्सप्रेस सवा छह घंटे, गंगा सतलज आठ घंटे, बलिया दादर स्पेशल ढाई घंटे, गोदिया वरौनी साढ़े दस घंटे,दून एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे, बेगमपुरा एक्सप्रेस आठ घंटे, पंजाब मेल चार घंटे, फरक्का एक्सप्रेस सवा दो घंटे, कोटा पटना एक्सप्रेस तीन घंटे, हावड़ा अमृतसर छह घंटे, कोलकाता एक्सप्रेस चार घंटे, महामना एक्सप्रेस तीन घंटे लेट शामिल है।



### ये विमान प्रभावित

लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट पर भी कई उड़ाने प्रभावित रही, जिनमें 6ई 5215 वाराणसी से दिल्ली, 6ई 499 वाराणसी से बेंगलुरू,6ई 6683 वाराणसी से हैदराबाद, 6ई5292 वाराणसी से मुंबई निरस्त। वही करीब आधे दर्जन विमान अपने निर्धारित समय की अपेक्षा देरी से रहे।

# भीटा की मिट्टी बेचने की शिकायत करना युवक को पड़ा भारी

### दबंगई

### कानूनगो और लेखपाल के सामने ही प्रधान और उसके भाई ने की पिटाई

### गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गद्दोपुर गांव की घटना



**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के धर्मापुर ब्लाक अंतर्गत गद्दोपुर गांव के निवासी एक ग्रामीण को प्रधान द्वारा खुद की जेसीबी से ग्राम समाज पर स्थित भीटा की मिट्टी खोदकर बेच दिए जाने की शिकायत जिलाधिकारी से करना उसे उस वक्त भारी पड़ गया जब भीटा की नापी करने आए कानूनगो और लेखपाल के सामने ही प्रधान और उसके भाई ने शिकायतकर्ता की पिटाई कर दी। फिलहाल मामले को लेकर थाने में दोनों पक्ष शाम तक डटे रहे। बताया जाता है कि गद्दोपुर गांव निवासी अजय कुमार यादव ने वर्तमान प्रधान लाल साहब यादव पर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की थी कि ग्राम समाज पर स्थित भीटा की मिट्टी को ग्राम प्रधान खुद की जेसीबी द्वारा खुदवा कर किसी को बेच दिया। जिलाधिकारी के आदेश पर कानूनगो मुन्नी लाल यादव और लेखपाल अमरजीत सिंह मंगलवार को उक्त भीटा की नाप करने पहुंचे थे। आरोप है कि शिकायतकर्ता अजय कुमार यादव वहां पर अपना पक्ष रख रहा था तभी ग्राम प्रधान लाल साहब यादव ने अपने भाई के साथ मिलकर उस पर अचानक हमला बोल दिया तथा लात घूंसे से जमकर पीट दिया जिससे एक बार वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। फिलहाल शिकायतकर्ता अजय कुमार यादव ने थाने में तहरीर देकर घटना की जानकारी पुलिस को दी। इस मामले में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है दोनों पक्ष को बुलाकर घटना की जांच की जा रही है उचित कार्यवाही की जाएगी।

## महिला के गले से चेन छीनकर कर चोर फरार

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लपरी (कोइरीडीहा) गांव में घर के सामने बैठी वृद्ध महिला के गले से चेन छीनकर बाइक सवार चोर फरार हो गए। महिला ने शोरगुल मचाया जब तक लोग एकत्रित होते तब तक उचक्के भागने में सफल रहे। बताया जाता है कि उक्त गांव निवासी जड़ावती देवी पत्नी कामता प्रसाद अपने घर के सामने हैंड पंप पर मंगलवार की दोपहर 2 बजे बैठी हुई थी। इसी दौरान बाइक से इटौरी की तरफ से दो युवक घर के सामने लगे हैंडपंप पर पानी पीने के बहाने से रुके। एक युवक हैंडपंप पर खड़ा हो गया और दूसरा वृद्ध महिला के पास पहुंचा और गले से चैन छीनकर बाइक से दोनों कोईरीडीहा बाजार की तरफ भागने में सफल रहे। वृद्ध महिला ने शोर मचाया जब तक लोग जुटते और पकड़ने की कोशिश करते दोनों उचक्के लोगों की आंखों से ओझल हो गए। भुक्तभोगी महिला के परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की मांग किया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

**घर के सामने बैठी थी वृद्ध महिला, सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के कोइरीडीहा का मामला**

## नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का हुआ समापन

**जौनपुर।** जज कालोनी स्थित गायत्री प्रज्ञा मण्डल के प्रांगण में आयोजित चतुर्दिवसीय नौकुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं विराट संस्कार महोत्सव के चतुर्थ व अंतिम दिवस मंगलवार को यज्ञ की महापूर्णाहुति का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसके पूर्व सोमवार को सायंकाल दीपयज्ञ का कार्यक्रम हुआ जिसमें 1555 दीपों से सम्पूर्ण प्रज्ञा मण्डल परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया था। महापूर्णाहुति के कार्यक्रम की शुरूआत भक्ति भजन से हुई जिसमें मधुर स्वर लहरियों से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिभाव से ओत-प्रोत हो गया। तत्पश्चात नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ प्रारम्भ हुआ जिसमें वैदिक मंत्रों की मधुर ध्वनि से साधक भक्ति भाव से ओतप्रोत हो गया। यज्ञ पांच पारियों में सम्पन्न हुआ। इसके बाद यज्ञ की महापूर्णाहुति हुई। इस अवसर पर किरन शुक्ला जानकी सिंह, पूजा मिश्रा आदि अनेक श्रद्धालुओं का दीक्षा संस्कार सम्पन्न कराया गया तथा भगवती कालोनी की आकांक्षा सिंह की पुत्री ऋचा सिंह का विचारम्भ संस्कार भी सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर आदित्य तिवारी, नीलम राय, किरण शुक्ला, नीलम राय, सुशीला सिंह, शान्ति मिश्रा, निर्मला राय, मुन्नी देवी, महेन्द्र साहू, सुनील कुमार, सुषमा, निर्मला सिंह, देवेन्द्र राय, सन्दीप कुमार सिंह, राधिका सिंह आदि उपस्थित रहे।



## संक्षेप

### गोवध निवारण अधिनियम के तहत युवक गिरफ्तार



**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र निवासी एक युवक गोवध निवारण अधिनियम के तहत मंगलवार को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया गया। बतौर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह के निर्देशन में तलाशी अभियान के दौरान मंगलवार को उपनिरीक्षक सुनील कुमार के हत्थे गोवध निवारण अधिनियम का आरोपी डकहा कम्मरपुर गांव निवासी 18 वर्षीय शादाब अंसारी पुत्र आफताब गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस आवश्यक कार्रवाई के बाद चालान न्यायालय को भेज दिया। इस दौरान हेड कांस्टेबल विनोद यादव और आशु कुमार मौजूद रहे।

### दो गांजा तस्कर गिरफ्तार, एक कार, 29 किलो 250 ग्राम गांजा बरामद



गिरफ्तार गांजा तस्कर व गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के मछली गांव स्थित खड़ंजा मोड़ के पास से पुलिस ने एक कार सवार दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 29 किलो 250 ग्राम गांजा बरामद करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक अजय कुमार साहनी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में मंगलवार की अलसुबह करीब साढ़े 4 बजे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार पाण्डेय तथा घनश्यामपुर पुलिस चौकी प्रभारी अनिल कुमार ने पुलिस टीम के साथ रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के मछली गांव खड़ंजा मोड़ से एक महिन्द्रा एक्सयूवी 300 कार सवार दो तस्करों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 29 किलो 250 ग्राम गांजा बरामद किया। गिरफ्तार तस्करों में एक ने अपना नाम पवन कुमार सरोज पुत्र जियालाल सरोज निवासी कमालपुर थाना मुंगराबादशाहपुर और दिलीप मिश्रा पुत्र रामजश मिश्रा निवासी सोहांसा थाना मुंगराबादशाहपुर बताया। पुलिस उक्त दोनों अभियुक्तों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर चालान न्यायालय भेज दिया है।

### उद्योग बंधु की बैठक आज

**जौनपुर।** उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र ने अवगत कराया है कि जिला उद्योग बन्धु, श्रम बन्धु, व्यापार बन्धु, जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 28 दिसम्बर को अपरान्ह 1 बजे सीडा सभागार में आयोजित की गयी है।

### समाजसेवी ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन



क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करते समाजसेवी

**जौनपुर।** मदरसा चश्म ए हयात रेहटी में एमबीसी क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन का शुभारंभ गुफरान सज्जाद, मोहम्मद जावेद, रिंकू सिंह, राजन सिंह के द्वारा किया गया। इस टूर्नामेंट का आयोजन मोहम्मद साबिर के द्वारा कराया गया है। खेलकूद मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है, इसी को ध्यान में रखते हुए इस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया है। पहले मैच का टॉस कैप्टन हयातुल्लाह ने जीतकर निर्धारित 6 ओवर में 36 रन बनाए और विपक्षी टीम को 11 रनों से मैच हराकर जीत हासिल की। निर्णायक मौके पर दिलशाद अहमद द्वारा मेडन ओवर फेंककर मैच को अपने पक्ष में मोड़ दिया गया। उनके इस कारनामे को देखते हुए उन्हें मैन आफ द मैच घोषित किया गया। मैच में निर्णायक की भूमिका जमाल अहमद सैफी व मोहम्मद ताहिर ने निभाई। मौके पर मोहम्मद फैजान, शफीक अहमद, मोहम्मद सुफियान, नसीम अख्तर, मोहम्मद अफजल, सरफराज, अलीमुद्दीन, नूरुद्दीन आदि मौजूद रहे।

### रोजगार मेला के माध्यम से 28 का चयन

**जौनपुर।** जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि रोजगार मेले का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय में किया गया जिसमें निजी क्षेत्र में कम्पनी स्मार्ट बिजनेस इण्टर प्राइजेज, एक्स जेन्ट एक्वा, ब्राइट फ्यूचर आंग्रेनिक प्रा.लि., पुखराज हेल्थ केयर, एलआईसी द्वारा अभ्यर्थियों की योग्यतानुसार कुल प्रतिभागियों की संख्या 165 थी। उक्त कम्पनियों में साक्षात्कार उपरांत अभ्यर्थियों का शार्टलिस्टेट चयनितों की संख्या 28 रही।

### जिला पंचायत की बैठक आज

**जौनपुर।** जिला पंचायत की बैठक 28 दिसम्बर बुधवार को समय 11.30 बजे कांशीराम अतिथि गृह में आहूत की गयी है। बैठक का एजेण्डा मंत्री, सांसदगण, विधायकगण, सदस्य विधान परिषद, प्रमुखगण एवं सदस्यगण जिला पंचायत को भेजा जा चुका है। उक्त बैठक में सस्मय भाग लेने अपील अपर मुख्य अधिकारी ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से की है।

## सफाई न होने से कटा माइनर



माइनर कटने से जलमग्न फसल

### परेशानी

### बीस बीघा अंकुरित हो रही फसल जलमग्न

**गभिरन।** सिर मुड़ाते ओले पड़े की कहावत लवायन गांव में पूरी तरह चरितार्थ हो रही है। शारदा सहायक खंड-36 से निकले माइनर की बगैर सफाई कराए ही पानी छोड़ दिए जाने से माइनर कट गया। हाल ही में बोई गई किसानों का अंकुरित हो रही गेहूं की लगभग बीस बीघा फसल जलमग्न हो गयी। किसानों ने जुटकर कटे माइनर को फावड़े के बल पर तो बांध दिया है लेकिन यदि आगे माइनर की सफाई तुरन्त नहीं हुई तो फिर से आफत का पानी खेतों में गिर सकता है जिसको लेकर किसान परेशान है।

उक्त नहर से निकला रानीमऊ माइनर दो किमी आगे गुजरताल में जाकर मिल गया है। किसानों का आरोप है कि माइनर में उगे घास फूस की सफाई महीने पूर्व शुरू करायी गयी थी लेकिन आगे लगभग 7 सौ मीटर की सफाई नहीं की गई जिसकी वजह से पानी छोड़े जाने के बाद आगे तक नहीं बढ़ पा रहा है। पानी अधिक बोझने के कारण माइनर कट गया। गांव के कमलेश वर्मा, नाटे कश्यप, पप्पू उपाध्याय, राजित राम, आशुतोष, मूलचंद, बच्चूलाल यादव, अरुण उपाध्याय, डब्बू, शिवम आदि की फसलें डूब गई। किसानों का कहना है कि अब पानी सूखने में माह भर लग जायेगा तब तक रवी की बुआई का सीजन समाप्त हो जायेगा।

## पुलिस पर जबरन पैसा निकालने व मोबाइल तोड़ने का आरोप

**जलालपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रमेश यादव ने मंगलवार को डायल 112 पर तैनात पुलिस कर्मियों पर जेब से जबरन रूपया निकालने तथा मोबाइल छीनकर जमीन पर पटककर तोड़ने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के बाद डायल 112 पुलिस कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है।

बीबनमऊ गांव निवासी रमेश यादव का कहना है कि मेरी जमीन पर विपक्षी रामसमुझ निषाद एवं कई अन्य लोगों द्वारा लकड़ी ईंट आदि रखकर जबरन कब्जा किया जा रहा था। इस बात की जानकारी जब मुझे हुई तो मैं मौके पर गया और देखा कि डायल 112 की पुलिस पहले से ही वहां खड़ी है। आरोप है कि रमेश ने अपनी जमीन बचाने के लिए 112 पुलिस से गुहार लगाई तो पुलिसकर्मी उल्टे रमेश पर ही भड़क गए। आरोप यह भी है कि रमेश जब पुलिस कर्मियों का वीडियो बनाना चाह रहे तो पुलिसकर्मी उनका मोबाइल छीनकर जमीन पटक दिए जिससे मोबाइल टूट गई। रमेश ने बताया कि पुलिसकर्मी मुझे जबरन गाड़ी में बैठा कर थाने ले गए और रास्ते में तलाशी के नाम पर 960 रुपए निकाल लिए।

# डीएम के निरीक्षण में बंद मिला खनन कार्यालय

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पोस्ट ऑफिस, खनन कार्यालय एवं

### निरीक्षण

### निरीक्षक को स्पष्टीकरण देने का निर्देश

कार्यालय जिला अभिहित अधिकारी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खनन कार्यालय बंद पाया गया जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए खनन निरीक्षक को स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिया।

कार्यालय जिला अभिहित अधिकारी के निरीक्षण में वरिष्ठ सहायक सोहेल अख्तर एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुधीर राय अनुपस्थित मिले, जिन्हें स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने नाजिर कलेक्ट्रेट को निर्देशित किया है कि पोस्ट ऑफिस की छत मरम्मत, रंगाई पुताई के लिए प्रस्ताव भेजें। उन्होंने लेटर बॉक्स को बाहर लगाए जाने हेतु निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि खनन निरीक्षक अपने विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं एवं ईंट भट्ठा नियमावली एवं जिला अभिहित अधिकारी अपने विभाग की योजनाओं को दीवारों पर लिखवाएं जिससे अधिक से अधिक प्रचार हो और लोग सरकारी योजनाओं का लाभ ले सके। उक्त कार्यालयों में कार्यालय का नाम नहीं लिखे जाने पर भी नाराजगी जाहिर की और तत्काल लिखवाए जाने के निर्देश दिए गए। सभी से कहाकि कार्यालय में अभिलेखों एवं पत्रावलियों का रख-रखाव अच्छे से किया जाए। कार्यालय में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।



कार्यालय का निरीक्षण करते डीएम

# बच्चों में लर्निंग स्किल डेवलप करें : मनीष वर्मा

### बैठक

### जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की मासिक बैठक में जिलाधिकारी का निर्देश

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में एआरपी सिकरारा, सहायक अध्यापिका कंपोजिट विद्यालय करंजाकला पूजा गुप्ता, बीईओ ने शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने व नवाचार के संबंध से पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण दिया जिसे देखकर अधिकारियों ने सराहना की और कहा कि सहायक अध्यापिका पूजा गुप्ता से अन्य शिक्षक प्रेरणा लें।

जिलाधिकारी ने सभी एबीएसए को निर्देश दिया कि बच्चों में लर्निंग स्किल डेवलप करें। बेसिक निपुण लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करें। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत जो भी कार्य कराए जाएं, गुणवत्तापूर्ण हो। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी एबीएसए रूचि लेकर स्कूल भवनों की थीम बेस्ड रंगाई पुताई कराये और स्कूलों को आकर्षक बनाये। उन्होंने कहा कि ध्यान रखे कि इंटरलॉकिंग लगाते समय ध्यान दें कि स्कूल का मैदान खत्म न हो जाए। उन्होंने कहा कि जो पैसा अभिभावकों के खाते में भेजा गया है, उनसे स्वेटर, जूता मोजा खरीदवाना सुनिश्चित करें और अभिभावक नहीं खरीद रहे तो वसूली की नोटिस जारी करें। परिषदीय विद्यालयों के बच्चे स्कूल में अच्छे से ड्रेस पहन कर ही आयें। वाल पेंटिंग कराये जाने, बच्चों को ऑनलाइन लर्निंग वीडियो दिखाई जाए, जिससे बच्चे आसानी से सीख सकते है। उन्होंने कहा कि जो बच्चे विद्यालय में नहीं उपस्थित हो रहे हैं उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए अध्यापकगण प्रोत्साहित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, समस्त खंड शिक्षा अधिकारीगण व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी

## अपहरण व पॉक्सो का आरोपित गिरफ्तार

**गभिरन।** सोइथाखुर्द गांव के नहर के पास से पुलिस ने अपहरण व पाक्सो एक्ट में वांछित चल रहे आरोपित को मंगलवार की सुबह गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे चालान न्यायालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर किशोर कुमार चौबे ने बताया कि लौनिया पट्टी गांव निवासी राम अवतार प्रजापति डेढ़ माह पूर्व इसी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था। वह किशोरी पर जबरन विवाह करने का दबाव भी बना रहा था। पीड़िता की माता की तहरीर पर उसके खिलाफ थाने में अपहरण व पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश में जगह जगह दबिश देने लगी। घटना के तीसरे दिन पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया था। पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही थी। मुखबिर की सटीक सूचना पर नहर के पास घेराबंदी कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया।



## पाकिस्तान में बंद भारतीय मछुआरों को दी गयी काउंसलर सुविधा

**सांसद बीपी सरोज के प्रयास से विदेश मंत्रालय ने उठाया कदम**

**मछलीशहर।** बीते संसद सत्र के दौरान क्षेत्रीय सांसद बीपी सरोज ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मिलकर फरवरी से ही पाकिस्तान की जेल में बंद स्थानीय मछुआरों का मुद्दा उठाया था। सांसद ने विदेश मंत्री को विगत माह पत्र भेजकर भी अवगत कराया था कि उनके लोकसभा क्षेत्र के आठ व्यक्ति सुरेश कुमार बिंद, घुरहू बिन्द, लालमणि बिन्द, नीरज बिंद, मुलायम बिंद, सबराज बिन्द, विनोद कुमार बिंद और राजनाथ बिन्द इसी वर्ष 8 फरवरी को गुजरात के समुद्र में मछली पकड़ रहे थे और गलती से पाकिस्तानी सीमा में प्रवेश कर गए, जहां पाकिस्तानी नौसेना ने इन लोगों को बंदी बना लिया। तभी से सभी आठों लोग पाकिस्तान जेल में बंद हैं जिनसे इनके घरों की आजीविका चलनी भी मुश्किल हो गई है। विदेश मंत्री से व्यक्तिगत मिलकर भी सांसद ने समस्या के प्रभावी समाधान की बात की थी जिसके क्रम में विदेश मंत्री ने बताया कि सभी आठों भारतीय मछुआरों को पाकिस्तान में बीते महीने काउंसलर सहायता उपलब्ध कराई गई है और उनकी रिहाई के लिए पाकिस्तान सरकार से उच्च स्तर की बातचीत चल रही है।



# कोविड-19 की तीसरी लहर की तैयारियों को लेकर हुई मॉकड्रिल



जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में कोविड 19 की तीसरी लहर की तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुए शासन के निर्देश में मॉकड्रिल किया गया जिसमें कोविड के मरीजों के उपचार संबंधित समस्त धरणों का क्रियान्वयन किया गया। इस दौरान उपयोग में लायी जाने वाली सभी प्रकार की मशीनों की क्रियाशीलता भी देखी गयी। मॉकड्रिल में मेडिकल कालेज के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. एए जाफरी, ओपीडी प्रभारी डा. अवनीश तिवारी, आक्सीजन प्लाण्ट प्रभारी डा. अरविन्द पटेल, विभागाध्यक्ष मेडिसिन विभाग, डा. विनोद कुमार एवं समस्त चिकित्सक तथा समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा कोविड- 19 के उपचार संबंधित प्रोटोकाल की जानकारी दी गयी।

## कोरोना से निबटने के लिए तैयारी

**बदलापुर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार की दोपहर साढ़े 12 बजे पहुंचे डिप्टी सीएमओ डॉ. एचसी वर्मा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. संजय दूबे की देखरेख में कोरोना वायरस से निबटने के लिए अस्पताल की तैयारियों की पड़ताल करने के बाद मॉकड्रिल किया गया। फिलहाल इस सम्बन्ध में डिप्टी सीएमओ डॉ. एचसी वर्मा ने बताया कि कोरोना वायरस का प्रकोप कुछ बढ़ रहा है जिसको लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पूरी तरह से तैयारियां की गई है। इस मौके पर डॉ. गौरव सिंह, स्टाफ नर्स फूलमती, कामना सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।



## कोरोना से लड़ने को तैयार है सीएचसी

**डिप्टी सीएमओ के नेतृत्व में हुआ मॉकड्रिल**

**शाहगंज।** चीन में बढ़ रहे कोरोना मामले के मद्देनजर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौकन्ना है। सीएचसी पर मंगलवार को डिप्टी सीएमओ डा. एसके जायसवाल के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मॉकड्रिल किया। इस दौरान आक्सीजन प्लांट, आइसोलेसन, आक्सीजन, आईसीयू तथा वेंटिलेटर बेड आदि परखा गया। आदेशित किया गया कि प्रत्येक दशा में सभी तैयारी पूरी कर ली जाए। दवा आदि की उपलब्धता सुनिश्चित हो। इस दौरान चिकित्साधीक्षक डा. रफीक फारुकी, डा. हरिओम मौर्या, डा. अमित सिंह, डा. आरके वर्मा, डा. आरबी यादव, डा. मकबूल, डा. राकेश कुमार, डा. जमालुद्दीन, डा. मुकेश वर्मा समेत स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।



कोरोना से निबटने को लेकर हो रही तैयारी

# राकेश पुनः बने कायस्थ महासभा के प्रदेश महासचिव

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तर प्रदेश के नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष उमेश चन्द श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त आईपीएस) ने मंगलवार को अपने प्रदेश की टीम की घोषणा की जिसमें जौनपुर निवासी व कायस्थ समाज को एकजुट रखने में सबसे अहम भूमिका निभाने वाले भाजपा नेता, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार श्रीवास्तव को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उप्र का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया है।

राकेश के प्रदेश महासचिव मनोनीत होने पर उनके मियांपुर स्थित आवास पर विभिन्न कायस्थ संगठन अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, संगत पंगत, चित्रगुप्त सभा, राष्ट्रीय एकता कायस्थ मंच, कायस्थ ग्लोबल कॉन्फ्रेंस के पदाधिकारियों व सदस्यों ने पहुंचकर जोरदार अभिनंदन स्वागत किया व शुभकामनाएं दीं। संरक्षक आनन्द मोहन श्रीवास्तव व एससी लाल ने कहाकि श्री राकेश जनपद के एक सशक्त हस्ताक्षर हैं उनके प्रदेश महासचिव बनने से उत्तर प्रदेश में संगठन और मजबूत होगा। श्याम रतन ने कहा कि राकेश के प्रदेश महासचिव बनने से जनपद का सम्मान बढ़ा है। राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया ने कहा कि राकेश के नेतृत्व में जौनपुर कायस्थ समाज एक था और एक रहेगा। समाज को एकजुट रखने में उनकी अहम भूमिका है।

उपाध्यक्ष शशि श्रीवास्तव ने कहा कि जल्दी ही एक बड़ा स्वागत समारोह किया जायेगा। संगत पंगत के जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव ने कहा



राकेश श्रीवास्तव

### चुनाव

### कायस्थ समाज में खुशी की लहर

कि अब जौनपुर में तथा सम्पूर्ण प्रदेश में कायस्थ समाज और मजबूत होगा। उपाध्यक्ष दयाशंकर निगम ने कहा कि राकेश हमेशा समाज के प्रति समर्पित रहते हैं। उनका मनोनयन हम सभी चित्रांशों के लिए गर्व की बात है।

संचालन करते हुए संजय ने कहा कि जल्दी ही जिले में एक विशाल कायस्थ सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। अपने स्वागत अभिनंदन से अभिभूत प्रदेश महासचिव राकेश कुमार श्रीवास्तव ने कहाकि राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे निष्ठापूर्वक पूरा करूँगा व उत्तर प्रदेश में संगठन को और मजबूत करूँगा। इस अवसर पर चंद्रमोहन श्रीवास्तव, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव, अजय वर्मा, अभय श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, अनीश श्रीवास्तव, आरपी श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव आदि चित्रांश बंधु उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने की राजस्व निरीक्षक व लेखपालों के कार्यों की समीक्षा

## कार्य में पिछड़े लेखपालों को एसडीएम ने लगाई फटकार

जनसंदेश न्यूज

भदोही। तहसील सभागार में मंगलवार को उपजिलाधिकारी कृपाशंकर पांडेय व तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति ने तहसील क्षेत्र के सभी राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक के दौरान एसडीएम के द्वारा सभी राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान उपजिलाधिकारी कृपाशंकर पांडेय ने समीक्षा बैठक में क्षेत्र के लेखपालों से स्वामित्व योजना, खसरा फीडिंग व खेल मैदान आवंटन की प्रगति, जल जीवन मिशन, वरासत की समीक्षा की। उन्होंने आइजीआरएस व जन संवाद, गौशाला भूमि आवंटन प्रकरण, धान खरीद सत्यापन, ई डिस्ट्रिक्ट परियोजना (आय, जाति, निवास), प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, खतौनी अंश निर्धारण के बारे में जानकारी ली। एसडीएम ने तहसील दिवस, थाना दिवस एवं अन्य संदर्भ,


तहसील सभागार में राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों के कार्यों की समीक्ष करते एसडीएम

निर्वाचन के संबंध में, सालाना कागजात दाखिला व एंटी भू माफिया के संबंध में समीक्षा करते हुए जिन लेखपालों का कार्य पिछड़ा हुआ था। उनको कड़ी फटकार लगाते हुए शासन का निदेर्शानुसार सभी बिंदुओं का निस्तारण समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यों में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर नायब तहसीलदार बलवंत उपाध्याय, राजस्व निरीक्षक अरुण प्रकाश कौल, अरविंद कुमार, लेखपाल शर्मिला राठौर, रविंद्र सिंह, अखिलेश तिवारी, राहुल गौड़, हरिकेश पांडेय, प्रियानंद श्रीवास्तव, शैलजा सहित क्षेत्र के लेखपाल मौजूद रहें।

### ट्रक में भिड़ा बाइक सवार हुआ गंभीर रूप से घायल

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित लाला नगर टोल प्लाजा के पास गोपीगंज से अपने घर जाते समय पीछे से तेज रफ्तार आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सामने खड़ी ट्रक में भिड़ गया। ट्रक में भिड? से बाइक सवार राजेंद्र बहादुर गुप्ता 45 वर्ष पुत्र कल्लू राम औराई थाना क्षेत्र के खमरिया गांव निवासी घायल हो गए। घायल अवस्था में राष्ट्रीय राजमार्ग के एंबुलेंस द्वारा गोपीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ केंद्र उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया।

### अवकाश घोषित करने की मांग

ज्ञानपुर। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल जिला महामंत्री क्रांतिमान शुक्ला की अगुवाई में 29 दिसंबर को गुरु गोविंद सिंह जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के सम्बंध में ज्ञापन दिया। प्रतिनिधिमण्डल में जिला मीडिया प्रभारी भदोही प्रतीक मालवीय, सुजीत मिश्रा, घनश्याम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# कोविड की तैयारी में एल टू हॉस्पिटल हुआ पास

**निरीक्षण**

**मॉक ड्रिल कर स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक ने परखी तैयारी**

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** कोरोना के संक्रमण की दस्तक को देखते हुए उससे निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। मंगलवार को महाराजा बलवंत सिंह राजकीय चिकित्सालय में बनाए गए कोविड-एल टू हॉस्पिटल में इसको लेकर मॉक ड्रिल की गई। स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ.ओपी सिंह ने वहां पर पहुंचकर जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने वहां पर पहुंचकर अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय तिवारी से कोविड-एल टू हॉस्पिटल में मौजूद सुविधाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी ली। वेंटिलटर की संख्या,


एल टू हॉस्पिटल में कोविड की तैयारी का जायजा लेते स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ.ओपी सिंह

ऑक्सीजन प्लांट के बारे में पूछताछ की। साथ ही आवश्यक दवाओं के बारे में जाना। उन्होंने एमबीएस अस्पताल में बनाए गए कोविड-एल टू हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य ने अस्पताल के सीएमएस को अन्य और भी निर्देश दिए। इस मौके पर कोविड-एल टू हॉस्पिटल के नोडल अधिकारी डॉ.वीके मौर्य, डॉ.सुरेंद्र सिंह, पैरामेडिकल स्टाफ विकास दुबे, प्रदीप भट्ट व अरुण कुमार आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

# आरक्षण को लेकर भाजपा का असली चेहरा आया सामने: बेग

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** कोर्ट के फैसले के बाद अब राज्य में निकाय चुनाव का रास्ता साफ हो गया हैं लेकिन इसी बीच बीजेपी सरकार पर भदोही से समाजवादी पार्टी के विधायक जाहिद बेग ने बीजेपी सरकार पर सीधा हमला बोला है। सपा विधायक ने अपने फेसबुक पोस्ट के जरिये कहा कि निकायों में आरक्षण को ले कर आज आये अदालत के फैसले से ये साबित हो गया है कि भाजपा पिछडो के आरक्षण के खिलाफ है। सरकार द्वारा अदालत में सही से पिछडो का पक्ष न रखना यही दशार्ता है कि भाजपा हमेशा से दलित व पिछड़ा विरोधी रही है उन के हक अधिकार छीनना चाहती है। भाजपा बाबा साहब द्वारा दलितों और पिछडो को दिलाये गये अधिकार खत्म करना चाहती है। लगातार संविधान पे हमला कर रही है। अफसोस जनक


विधायक जाहिद बेग

बात ये है के भाजपा के पिछड़े व दलित नेता भी इस साजिश का हिस्सा बन रहे हैं। समय आने पर जनता भाजपा को सबक सिखाएगी। हम सब को एक हो कर आरक्षण बचाने के लिये संघर्ष करना पड़ेगा। बाबा साहब के संविधान को बचाने के लिए भाजपा के खिलाफ सभी को एक जुट होना पड़ेगा। कहा कि जितना बड़ा आंदोलन इसे पाने के लिये करना पड़ा था उससे बड़ा आंदोलन इसे बचाने के लिए करना पड़ेगा।

### प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध इओ ने चलाया अभियान, ढाई हजार वसूला जुर्माना



**गोपीगंज।** नगर पालिका परिषद गोपीगंज द्वारा नगर में इन दिनों सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगने के बाद भी प्रतिबंधित प्लास्टिक को बेचने और उपयोग करने वाले लोगों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर में मंगलवार को अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम ने ज्ञानपुर रोड से जी टी रोड तक अभियान चलाया गया। टीम ने पंद्रह दुकानदारों से प्रतिबंधित तीन किलो पांच सौ ग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त कर उनके चालान काटते हुए रु. दो हजार पांच सौ रुपये का जुमार्ना वसूला। कार्रवाई में मंगला पांडेय, विष्णु पांडेय, आशीष यादव, विवेक मोदनवाल, अचल श्रीवास्तव सहित दूसरे अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

# नगरीय चुनाव को देखते हुए क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में निकाला गया फ्लैग मार्च


नगरीय चुनाव को देखते हुए शहर में फ्लैग मार्च करती पुलिस

जनसंदेश न्यूज

**गोपीगंज।** नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने मंगलवार को नगर गोपीगंज में फ्लैग मार्च निकाल लोगों से भयमुक्त होकर मतदान करने तथा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को लेकर पुलिस को सूचित करने की बात कही।

बताते चले कि आगामी होने वाली नगरीय निकाय चुनावों को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी के तहत ज्ञानपुर सदर क्षेत्राधिकारी प्रभात राय सहित कोतवाल सदानंद सिंह, चौकी इंचार्ज मनोज राय ने पैरामेट्रिक के साथ मंगलवार को क्षेत्र के एक एक गलियों सहित जीटी रोड, पश्चिम महाल, खरहट्टी मोहाल, अंजही मोहाल, काली देवी, मिजार्पुर रोड तुलसी सिनेमा रोड में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने नगरीय क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को निर्भीक होकर मतदान करने का संदेश दिया और सभी पुलिस जवानों को आगामी चुनाव के दौरान कड़ी चौकसी बरतने के निर्देश दिए। भारी संख्या में पैरों मेट्रिक के जवान सहित महिला कांस्टेबल भी मौजूद रही।

# अटल भाषण प्रतियोगिता में सम्मानित हुए युवा भाजपाई


अटल भाषण प्रतियोगिता में बेहतरीन भाषण देने पर प्रिंस गुप्ता को सम्मानित करते जिलाध्यक्ष

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म सप्ताह के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा अटल भाषण प्रतियोगिता का कार्यक्रम संपन्न हुआ। अटल भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विवेक कुमार, द्वितीय स्थान दीपक अनंत मिश्रा व तृतीय स्थान प्रिंस गुप्ता को प्राप्त हुआ। तीनो विजेताओं को भाजपा जिलाध्यक्ष विनय श्रीवास्तव ने मेडल पहनाकर व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा कपिल मिश्रा, जिला प्रभारी युवा मोर्चा अंकित पांडेय, जिला उपाध्यक्ष भाजपा अखंड प्रताप सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा विनय पांडेय उर्फ गोरेलाल द्वारा कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विनय श्रीवास्तव व संचालन जिला महामंत्री युवा मोर्चा संयोग सिंह ने किया।

### स्वच्छता के प्रति किया गया जागरूक

**भदोही।** वाटर एड इण्डिया के तत्वाधान में नायब धावक की अध्यक्षता में मामदेवपुर में स्वच्छता के लिए लोगों को जागरुक किया गया। नायब धावक ने कहा कि स्वच्छता जीवन का अभिन्न अंग है। ग्रामीण एवं शहरी सभी लोगों का शौचालय का उपयोग एवं साफ-सफाई, ग्राम पंचायत में ठोस कचरा प्रबंधन, बच्चों के मल का सुरक्षित निपटान, हाथों को धोना एवं व्यक्तिगत स्वच्छता पेयजल का सुरक्षित उपयोग भोजन संबंधित साफ-सफाई के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर प्रदीप, संध्या, खुशी, रिया, ब्यूटी, नीतू, नैतिक, शेखर आदि लोग मौजूद रहे।

### हजरत चिंगन शाह रहमतुल्ला अलैह का उर्स 31 को

गोपीगंज। नगर के चुड़िहारी महाल मदीना मस्जिद के पास हजरत चिंगन शाह रहमतुल्ला अलैह का सालाना उर्स 31 दिसंबर को होगा। यह जानकारी आयोजक अंजुमन रजा कमेटी की बैठक मे दी गई। बैठक मे पूर्व की भांति इस बार भी सालाना उर्स आयोजन की चर्चा करते हुए इस मौके पर कुल शरीफ नातिया मुशायरा के साथ जलसा भी आयोजित किया जाएगा।

# अस्पताल में गंदगी की भरमार

**यह है हाल**

**ध्यान नहीं दे रहे जिम्मेदार, मरीज और तीमारदारों को हो रही परेशानी**

जनसंदेश न्यूज

**केराकत।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में गंदगी की भरमार है। गंदगी ऐसी कि निरोगी भी बीमार पड़ जाय। शिकायत है कि अस्पताल के जिम्मेदार लोग इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे मरीजों और तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हालत यह है कि भर्ती वार्ड के शौचालय और वाश बेसिन गंदगी से भरे पड़े हैं। कहीं शौच करके छोड़ दिया गया है तो कहीं खराब कपड़ों को फेंका गया है जिसके कारण उठ रही दुर्गन्ध से मरीज और तीमारदार परेशान हो रहे हैं। वार्ड और उसके पास से लोग नाक बंद करके गुजरते हैं। वार्ड में भर्ती मरीजों ने बताया कि अस्पताल के डॉक्टर और अन्य कर्मचारियों से कहा जाता है लेकिन वे लोग सुनकर बातों



को अनसुना कर देते हैं।

अस्पताल वार्ड में गंदगी और भर्ती मरीजों के नाराजगी जताने की जानकारी होने पर कुछ मीडिया कर्मी जब मौके पर पहुंचे तो अस्पताल प्रशासन सक्रिय हुआ। आनन फानन में नगर पंचायत कार्यालय में फोन कर कूड़ा गाड़ी मंगाई गई और साफ सफाई कराई गई। गंदगी के बावत पूछे जाने पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरुण कुमार कन्नौजिया ने बताया कि अस्पताल में सफाई कर्मचारी की तैनाती नहीं है जिसके कारण यह समस्या खत्म नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि वे निजी सफाई कर्मचारियों से साफ सफाई कराते हैं।

### 31 दिसम्बर तक अपलोड कराए विवरण: बीएसए

**ज्ञानपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने पीएम पोषण योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 में कोविड-19 के दृष्टिगत विद्यालय बन्द अवधि में छात्रों व अभिभावकों को उपलब्ध कराये गये खाद्य सुरक्षा भत्ता वितरण का उपभोग प्रमाण पत्र प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड किये जाने का निर्देश दिया है। प्रेस नोट के माध्यम से बीएसए बीएन सिंह ने अवगत कराया कि जिन विद्यालयों द्वारा खाद्य सुरक्षा भत्ता वितरण का उपभोग प्रमाण पत्र अद्यतन अपलोड नही किया गया है, ऐसे दस-दस विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का रोस्टर बनाकर खाद्य सुरक्षा भत्ता वितरण से सम्बन्धित समस्त अभिलेखों जैसे खाद्यान्न वितरण का सत्यापन कोटेदार से तथा परिवर्तन लागत की धनराशि जो छात्र-छात्राओं अभिभावकों के खाते में प्रेषित की गयी है, उसका सत्यापन मध्याह्न भोजन निधि के खाते की पास बुक, जिसकी इन्ट्री अद्यतन से मिलानकर उपभोग प्रमाण पत्र विकास खण्ड स्तर से 31 दिसम्बर तक अपलोड कराये जाने हेतु अन्तिम अवसर दिया गया है।

# गौशाला में क्षमता से अधिक न रखें पशु : डीडीओ

जनसंदेश न्यूज

**गौराबादशाहपुर।** धमार्पुर ब्लॉक के गद्दोपुर के गौशाले का डीडीओ बृजभान सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीडीओ व पशु चिकित्सा अधिकारी को अस्थाई गौशालाओं में सुधार को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

मंगलवार को दोपहर बाद डीडीओ बृजभान सिंह ने ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत गद्दोपुर स्थित अस्थाई गौशाले का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीडीओ बृजभान सिंह ने बीडीओ काशीनाथ सोनकर व पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र सिंह को निर्देश देते हुए कहाकि अस्थाई गौशाले में क्षमता से अधिक पशुओं को न रखे, पशुओं के चारा खाने वाली नाद को ऊंची कराने व ठंड में पशुओं को बचाव के लिए उचित व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद


अस्थाई गौशाला का निरीक्षण करते डीडीओ बृजभान सिंह

डीडीओ ब्लॉक के विकास खण्ड कार्यालय में बीडीओ व सचिवों के साथ समीक्षा बैठक किया। समीक्षा बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना, परिषदीय विद्यालयों पर कायाकल्प योजना की कार्य प्रगति, मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री आवास, पंचायत भवन व कर्मचारियों की उपस्थिति की बिंदुवार समीक्षा किया।

इस दौरान बीडीओ धमार्पुर काशी नाथ सोनकर, एडीओ आईएसबी संजय श्रीवास्तव, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, सेक्रेटरी राजेश यादव, अखिलेश कुमार गौड़, अरविंद यादव, श्रुति गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# प्राइम वन कंपनी पर लगाया शोषण का आरोप

**आजमगढ़।** संविदा पर कार्यरत कर्मियों ने प्राइम वन कंपनी पर मूल वेतन से कम एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर कराकर शोषण करने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई की मांग की। कर्मियों का आरोप है कि जिले में प्राइम वन कंपनी द्वारा संविदा निविदा कर्मियों का टेंडर किया गया जिसमें उनके मूल वेतन से कम मूल वेतन पर एग्रीमेंट साइन किया गया। दूसरी तरफ संविदा कर्मी जहां मांग में 30 दिन में 26 दिन काम करते थे वहीं नई कंपनी द्वारा 30 दिन काम लेने के बाद मूल वेतन देने की बात की जा रही है। पुरानी कंपनी द्वारा कर्मचारियों से रजिस्ट्रेशन के नाम पर रुपया 500 व बॉन्ड पेपर में किसी भी संगठन द्वारा धरना न करने की मांग की जा रही है, जो मजदूर के हित में नहीं है। क्योंकि धरना हमारा मौलिक अधिकार है। प्रदर्शन कर रहे कार्मिकों का आरोप है कि संविदा कर्मचारियों का नवंबर माह व दिसंबर माह का वेतन व 6 महीने से रुके ईपीएफ को लेकर अनेकों बार विभाग से कहा गया परंतु आश्वासन पर आश्वासन दिया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ कंपनी द्वारा पुराने कर्मचारियों के प्रति कोई उचित कार्यवाही न करते हुए नए लोगों की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि निविदा संविदा कर्मचारियों के हित को ध्यान में रखते हुए इस टेंडर को निरस्त किया जाए तथा पुरानी कंपनी के मूल वेतन से बढ़ाकर नया टेंडर पास किया जाय।



जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# खाद्य सुरक्षा प्रयोगशाला के वाहन द्वारा समूह की महिलाओं को किया जागरूक

जनसंदेश न्यूज

**सुरियावां।** उपायुक्त राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के निर्देशन में कार्यरत जनपद की समस्त महिला स्वयं सहायता समूह को जिलाधिकारी भदोही एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त खाद्य के द्वारा दिए गए आदेश के क्रम में मंगलवार को विकासखंड सुरियावा के समस्त महिला स्वयं सहायता समूह को खाद्य सुरक्षा के संबंध में प्रशिक्षित किया गया।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं मुख्य वक्ता केएन त्रिपाठी के ने विभाग बीएमएम सुरियावा चंदन मिशन मैनेजर ने समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा गया कि सरकार की विभिन्न योजनाएं ऐसी हैं जिसमें समूह को आर्थिक मदद भी मिलती है।

महिला स्वयं सहायता समूह यदि भविष्य में खाद्य पदार्थों के निर्माण के संबंध में किसी भी प्रकार की मदद चाहते हैं तो विभाग द्वारा उनको व्यवहारिक एवं कानूनी मदद की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि समूह द्वारा निर्मित खाद्य पदार्थ के बोतल या डिब्बे पर उसके निर्माण के संबंध में एवं अवसान के संबंध में पूरी जानकारी होनी चाहिए। जनपद भदोही में समूह के कार्य उतनी ऊंचाई पर जाएंगे उनका पूरे भारतवर्ष में नाम होगा खाद्य सुरक्षा प्रयोगशाला के वाहन द्वारा सुरियावा कस्बे में भ्रमण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने के जांच के बारे में मौके पर ही जांच कर दिखाया गया एवं असली और नकली के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओमप्रकाश सिंह, एस एस डब्लू, वाहन प्रभारी प्रमोद कुमार एवं समूह की महिलाएं काफी संख्या में उपस्थित रही।

# निरीक्षण में खामियों पर नाराजगी तो बेहतर काम पर जताई संतुष्टि

**जायजा**

**डीसी मनरेगा ने सात गांवों का किया औचक निरीक्षण**

जनसंदेश न्यूज

**गभिरन।** डीसी मनरेगा भूपेंद्र सिंह ने मंगलवार को खुटहन क्षेत्र के सात गांवों का औचक निरीक्षण किया। मनरेगा से कराए जा रहे कामों में जहां कुछ खामियों पर नाराजगी जतायी वहीं जहां काम की गुणवत्ता अच्छी रही वहां संतुष्टि जाहिर की। एक सप्ताह में खामियों को सुधारने हेतु तकनीकी सहायक अजय सिन्हा को निर्देशित किया। दोपहर में अचानक ईश्वरपुर सलहदीपुर गांव पहुंचे डीसी ने यहां निमार्णाधीन सीसी रोड का स्थलीय निरीक्षण किया। यहां फिनशिंग सही न पाये जाने पर नाराजगी जाहिर किया। उसके बाद वे नदौली गांव में सीसी रोड, निजमापुर में पंचायत भवन, पक्की नाली व सीसी रोड, अक्खीपुर में पक्की नाली व सीसी रोड, मोहिउद्दीनपुर और लोनियापट्टी में सीसी रोड, लोढ़िया और भिवरहा में सीसी रोड देख संतुष्टि जाहिर की वहीं कसियापुर में बनायी गई पक्की नाली की गुणवत्ता देख डीसी प्रसन्न दिखे। निरीक्षण के दौरान डीसी ने कहा कि जाबकार्ड वेरीफिकेशन और आधार फीडिंग 31 दिसंबर तक हर हाल में पूर्ण होना चाहिए अन्यथा की स्थिति में जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई निश्चित है। बीडीओ वीरभानु सिंह को सख्ती से निर्देश देते हुए कहा कि पंचायत मित्रों का सभी रजिस्टर पूर्ण रूप से अपडेट होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान कई पंचायत मित्रों में यह खामी नजर आयी है। इस मौके पर तकनीकी सहायक अभिषेक सिंह, नरेगा अकाउंटेंट राहुल मिश्रा, जेई अखिलेश चतुर्वेदी मौजूद रहे।


गांव का निरीक्षण करते डीसी मनरेगा



# जवाबदेही से बचने के बजाय जनता से जुड़ने वाला हो मेयर

**चुनावी नारों को व्यवहार में बदलने वाला हो शहर का प्रथम नागरिक**


**समाज के हर तबके के लोगों का जीवन स्तर बेहतर बनाने वाला हो**

**गलियों के इस शहर में मूलभूत विकास की गंगा बहाने का संकल्प हो**

जितेंद्र श्रीवास्तव

वाराणसी। शहरी निकाय चुनाव की चर्चाओं के बीच ओबीसी आरक्षण के मामले में हाईकोर्ट का फैसला आ गया। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी सरकार को झटका देते हुए निकाय चुनावों के लिए बीते पांच दिसम्बर को जारी ड्राफ्ट नोटिफिकेशन को खारिज कर दिया है। इसके साथ ही राज्य सरकार को बगैर आरक्षण निकाय चुनाव कराने का आदेश दिया है। अदालत का कहना है कि जब तक सुप्रीम कोर्ट की तरफ से निर्धारित ट्रिपल टेस्ट ना हो, तब तक आरक्षण नहीं माना जाएगा। खैर न्यायालय का फैसला आ गया और राज्य सरकार को अब नये तरीके से चुनाव के बाबत सोचना होगा। चुनाव तो होना है और होकर भी रहेगा। यह अलग बात है कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद चुनावी तिथियां आगे सरक सकनी तय है। लोकतंत्र का प्रथम पायदान मिनी सदन को माना जाता है, जहां मेयर और पार्षद शहरी सरकार चलाते हैं। यह शहरी सरकार वार्ड में पड़ने वाले मोहल्लों और कॉलोनियां में विकास की गंगा बहाने का संकल्प लेकर आते हैं। लेकिन मुट्ठी भर पार्षद ऐसे होते हैं, जो संकल्प को पूरा करने की कवायद करते नजर आते हैं। ऐसे लोग सत्ताधारी दल से जुड़े हुए होते हैं। गैर सत्ताधारी दल के इलाकों के मोहल्ले और कॉलोनियां अभी भी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे में 'जनसंदेश टाइम्स' ने 'काशी का मेयर कैसा हो...?' शृंखला के तहत नगर के हर वर्ग की राय आप सभी के लोगों के सामने रखने का काम कर रहा है। साथ ही हर वर्ग के लोग इस प्रयास की काफी सराहना भी कर रहे हैं। हो भी क्यों न, 'जनसंदेश टाइम्स' ने काशी के नागरिकों को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराया है, जहां लोग खुलकर न सिर्फ बात कर रहे हैं, बल्कि अपने सुझावों से चुने जाने वाले मेयर के समझ कई सवाल-सुझाव भी छोड़ रहे हैं। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए बुजुर्गों, युवाओं और सेवानिवृत्त कर्मचारियों की राय ली गयी है। जानिए, वह काशी के होने वाले मेयर के बारे में अपने मन में क्या सपने संजोएं हैं। चुने जाने वाले मेयर उनकी अपेक्षाओं पर कितना खरा उतरेंगे, यह तो आने वाला समय बताएगा।

## काशी का मेयर कैसा हो...?



निकाय चुनाव की तैयारियां तेज हैं। हालांकि अभी चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं हुई है। लेकिन विभिन्न पार्टियों में संभावित प्रत्याशियों की दावेदारी की कवायद परवान चढ़ रही है। भारतीय लोकतंत्र में उम्मीदवारों का चयन पार्टियों द्वारा होता है। वो जिसे टिकट देती हैं, वही चुनावी जंग में ताल ठोकते हैं। पार्टियों के चयन का अपना पैमाना होता है, उनकी तवज्जो सिर्फ जिताऊ कैंडिडेट पर होती है। इस प्रक्रिया में मतदाता की राय कोई मायने नहीं रखती। मेयर प्रत्याशी के गुण दोष को लेकर लोग क्या सोचते हैं इसे सामने लाने के मकसद से जनसंदेश टाइम्स ने 'अपका मेयर कैसा हो' श्रंखला शुरू की है। इस कड़ी में हमारी ओर से समाज के विभिन्न तबके के अलग-अलग लोगों की राय लेने का क्रम शुरू किया गया है। कुछ लोगों तक हम खुद पहुंचेंगे और जिन तक हम नहीं पहुंच पायें, वो खुद भी हमें अपनी राय लिखकर दे सकते हैं, हम उसे भी सामने रखने का प्रयास करेंगे।

आप संबंधित जानकारी हमारे ईमेल- jansandeshvaranasi@gmail.com और व्हाटसएप्प नंबर 9696126371, 8090006333 पर भेज सकते हैं।





प्रियरंजन श्रीवास्तव


सुरेंद्र लाल


डॉ. एसके खन्ना


दिनेश तिवारी


रवि शर्मा


विनोद गुप्ता


राकेश गुप्ता

प्रहलाद घाट निवासी और सेवानिवृत्त बैंककर्मी प्रियरंजन श्रीवास्तव का कहना है कि आजादी के बाद हमारा अनुभव यहीं रहा कि देश, प्रदेश, शहर और समाज सुधार की बात सिर्फ नारेबाजी और कोरे वादों तक सिमट कर रह गया है। ऐसे में जरूरी है कि चुनावी नारों को व्यवहार में बदलने वाला व्यक्ति हमारा मेयर बने। हर निर्णय समाज के अंतिम आदमी को ध्यान में रखकर करें। मेयर को यह समझना भी बहुत जरूरी है कि यह शहर सिर्फ आध्यात्मिक, धार्मिक और शैक्षणिक वर्ग का नहीं है। यह शहर बहुतायत संख्या में किसान, मजदूर, दलित, सेवानिवृत्त कर्मचारियों, महिलाओं और बच्चों का भी है। हमें ऐसा मेयर चाहिए, जो इन सभी की समस्याओं के बारे में सचेत रूप से सोच-समझ सके और उन्हें दूर करने की दिशा में सकारात्मक काम करके दिखाए। गोलाघाट-मच्छोदरी निवासी डॉ. एसके खन्ना का मानना है कि काशी का मेयर ऐसा होना चाहिए, जिसके जरिए समाज के हर तबके के लोगों को बेहतर जीवन स्तर मिल सके। शिक्षा के अवसर, स्वास्थ्य सेवाएं और जीवन की जरूरी चीजें सहज उपलब्ध हों। उनके लिए मारा-मारा न फिरना पड़े। आज भी कमोवेश हर वार्ड में अक्सर सीवर के पानी में से पैदल गुजरना समस्या का सबब बन जाता है। कई बार सीवर कम्प्लेन करने के हफ़्तों बाद सफाई होता है। कंप्लेन पर त्वरित कार्रवाई हो। सिर्फ सीवर समस्या नहीं, हर नागरिक समस्या का समाधान त्वरित गति से हो, इसके लिए मेयर को बेहतर कार्ययोजना बनानी होगी। हुकुलगंज निवासी व अर्दली बाजार व्यापार मंडल के संरक्षक राकेश गुप्ता का कहना है कि बनारस गलियों का शहर है। लेकिन आज भी कई ऐसी कई गलियां है, जहां रोशनी की मुकम्मल व्यवस्था नहीं है, जिससे रात में उधर जाने में मन एक बार संकोच करता है। ऐसे जगहों को चिह्नित कर वहा प्रकाश की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। जिससे संबंधित मोहल्ले की महिलाएं और युवतियां को भी निसंकोच दिन ढलते कभी भी घर से निकलने में हिचक न हो। मेयर ऐसा होना चाहिए जो हर वार्ड में भ्रमण करें, जनता की समस्याओं को सुने और कार्ययोजना बनाकर उसका त्वरित निराकरण कराएं। चेतगंज निवासी व निवर्तमान चीफ वार्डेन (नागरिक सुरक्षा) विनोद गुप्ता का कहना है कि जहां तक मुझे ध्यान आता है कि पिछले कई मेयर के कार्यकाल केवल और केवल दिखाने के लिए रहे हैं। उनका धरातल या काशी के विकास पर कोई भी विजन या फोकस नहीं रहा। मेरी राय में काशी का मेयर ऐसा होना चाहिए जो काशी का हो, काशी के लोगों का हो और काशीवासियों के प्रति अपनत्व की भावना रखता हो। काशी को अपना परिवार समझे और हर काशीवासी से जुड़कर व्यक्तिगत रूप से उनकी समस्याओं के समाधान और काशी की बेहतरी के लिए प्रयास करें। काशी में विकास की ऐसी गाथा लिखें, जो पत्थर की लकीर के समान हो।

सर्वेश्वरी नगर-तिलमापुर, आशापुर निवासी व सेवानिवृत्त मंडल अभियंता सुरेंद्र लाल का कहना है कि नगर निगम में नवविस्तारित गांवों में सीवर, स्ट्रीट लाइट, सड़क, पेयजल और दैनिक सफाई की मुकम्मल व्यवस्था हो। नवागत मेयर के लिए यह कार्य चुनौतीपूर्ण हो सकता है, मगर जो चुनौतियों को भी मूर्तरूप में तब्दील कर दें, वहीं वीर कहलाता है। मुझे पूरी उम्मीद है कि आने वाला मेयर इन चुनौतियों को स्वीकार कर धरातल पर उतारने का काम करेगा। मेयर शिक्षित हो और जनसमस्या के लिए संघर्ष करने वाला हो। ऐसा न हो कि वह भी सिर्फ शिलान्यास पट्ट की शोभा और किसी समारोह का मुख्य अतिथि बनकर रह जाएं। हंस नगर कॉलोनी-सरसौली निवासी दिनेश तिवारी का कहना है कि काशी का मेयर ऐसा होना चाहिए, जो सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गुणगान न करें, बल्कि यहां के गौरव को बरकरार रखते हुए विकास के ऐसे नये सोपान स्थापित करें, ताकि काशी की जनता उनका गुणगान करने को विवश हो जाएं। काशी में वैसे तो विकास के कई काम हुए हैं, लेकिन गलियों और कॉलोनियों में अभी भी विकास का पैमाना नहीं छलका है। नवागत मेयर को इस बात का ध्यान रखना होगा कि काशी गलियों का शहर है। लिहाजा, मेयर को गलियों के इस शहर में मूलभूत विकास की गंगा बहाने का संकल्प लेना होगा। भरलाई-शिवपुरी निवासी रवि शर्मा का कहना है कि अबकी निकाय चुनाव देर से होगा, क्योंकि हाईकोर्ट के आदेश का पालन भी करना होगा। लेकिन जब भी होगा, पार्षद के साथ मेयर का भी चुनाव होगा। जनता अपने शहर के प्रथम नागरिक को चुनेगी। क्योंकि, मेयर शहर का प्रथम नागरिक होता है और उसको किसी दल, जाति, धर्म या वर्ग से बंधकर विकास की बात नहीं सोचना चाहिए। मेयर को इस बात पर ध्यान नहीं देना चाहिए कि उसे किस क्षेत्र से अधिक वोट मिला है और किस क्षेत्र से कम। मेयर चुने जाने के बाद उसे हर तबके, हर वर्ग और हर क्षेत्र के विकास पर ध्यान देना चाहिए।



# 2024 की दिशा तय करेंगे सुप्रीम कोर्ट के 8 फैसले

साल 2023 में सुप्रीम कोर्ट के कई फैसले आने वाले हैं, जो पूरे देश की राजनीति को प्रभावित कर सकते हैं। 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों पर भी इन फैसलों का महत्वपूर्ण असर पड़े बिना नहीं रह सकेगा। इससे पहले 2023 में दस राज्यों में वधिानसभा चुनाव होने हैं। इन राज्यों से लोकसभा की कुल तादाद का 17 फीसदी यानि 93 सांसद आते हैं। इनमें से कई राज्य विधानसभा चुनावों पर भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का असर पड़ना तय है। इन आठ फैसलों पर रहेगी सबकी नजर: जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद से वहां का माहौल ही पूरी तरह से बदल गया है। यहां सरकार ने परिसीमन के जरिये काफी कुछ बदलने की कोशिश की है। नए पैटर्न में जम्मू में 43 और घाटी में 47 सीटें हैं। पीओके को मिला दिया जाए तो सीटें 114 तक पहुंच जाती हैं। परिसीमन को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में फैसला लंबित है। दो याचिकाओं में परिसीमन को गलत बताया गया है। हालांकि केंद्र, जम्मू-कश्मीर प्रशासन और चुनाव आयोग अपने कदम को सही मानता है। लेकिन गेंद फिलहाल सुप्रीम कोर्ट के पाले में है। कोर्ट ने इस पर 1 दिसंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। अब नए साल में कभी भी फैसला आ सकता है। इसका असर जम्मू-कश्मीर सहित 2024 लोकसभा चुनाव के लिए पर भी पड़े बिना नहीं रहेगा।

## जम्मू-कश्मीर के परिसीमन पर कभी भी आ सकता है निर्णय



## चुनाव आयोग में केंद्र की भूमिका पर होगा फैसला

2023 में होने वाला एक और फैसला काफी असर डाल सकता है। डीवाई चंद्रचूड़ के सीजेआई बनने के बाद शीर्ष अदालत ने चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर कई सवाल उठाए। उन पर उसका जवाब आना बाकी है। अगर सुप्रीम फैसला केंद्र के मुताबिक न रहा तो 2024 में इसका काफी असर पड़ेगा। याचिका में कहा गया है कि ये संवैधानिक पद है। सरकार का दखल इसमें सही नहीं है। याचिका में मांग की गई है कि चुनाव आयुक्त की नियुक्ति उसी तरह से होनी चाहिए जैसे सीबीआई या दूसरे अहम पदों पर कमेटी के जरिये नियुक्ति होती है।

## मोदी की नोटबंदी सही या गलत, सुप्रीम कोर्ट बताएगा

मोदी सरकार का नोटबंदी का फैसला बहुत ज्यादा चर्चा में रहा। सही गलत को लेकर आज भी चर्चाएं जारी हैं। लेकिन अब ये मामला भी सुप्रीम कोर्ट के पास है। 2016 में हुई नोटबंदी को चुनौती देने वाली 58 याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट 2023 में फैसला सुना सकता है। संविधान बेंच 7 दिसंबर को मामले की सुनवाई पूरी कर चुकी है। अदालत का फैसला सरकार पर बहुत ज्यादा असर डालने वाला है। नतीजा पक्ष में रहा तो कोई बात नहीं लेकिन अगर ये मन माफिक नहीं हुआ तो दूसरे फैसलों को लेकर भी आवाजें उठनी शुरू हो जाएंगी।

## कमजोर तबके को आरक्षण पर फैसला लंबित है

*कमजोर माली हालत वाले वर्ग को दाखिले और नौकरियों में 10 फीसदी का आरक्षण दिया जाना है। तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पटीशन दाखिल कर कहा है कि इस आधार पर जिन्हें रिजर्वेशन दिया जा रहा है, वो इसके सही हकदार नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान बेंच ने तीन-दो के बहुमत से केंद्र के फैसले को सही माना। लेकिन अब उसे द्रमुक की याचिका पर फैसला देना है। फैसला केंद्र के मुताबिक नहीं रहा तो इसका बहुत ज्यादा असर 2024 में देखने को मिल सकता है। इनके अलावा दो और फैसलों पर भी सुप्रीम कोर्ट का रुख अहम रहने वाला है। अहम पदों पर बैठे लोगों की बयानबाजी पर संविधान बेंच ने आदेश सुरक्षित रखा है। 2023 में ये फैसला आना है। इसके अलावा सीआरपीसी की धारा 319 की व्याख्या संविधान बेंच को करनी है। सुप्रीम कोर्ट को तय करना है कि किसी आपराधिक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद भी उस केस में क्या किसी नए व्यक्ति को आरोपी बनाया जा सकता है?*

## हिजाब मामले पर सुप्रीम कोर्ट को देना है अहम फैसला

2022 में हिजाब विवाद काफी सुर्खियों में रहा। कर्नाटक के उडुपी से शुरू हुआ विवाद सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है। मुस्लिम समुदाय राज्य सरकार के उस फैसले को गलत मानता है जिसमें हिजाब को शिक्षण संस्थानों में गलत ठहराया गया। कर्नाटक हाईकोर्ट ने बीजेपी सरकार के फैसले को सही बताया, लेकिन अब फैसला सुप्रीम कोर्ट को करना है। कोर्ट 2023 में इस पर फैसला सुना सकता है। ये काफी अहम रहने वाला है।

## प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 की व्याख्या करेगा एससी

प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 पर सुप्रीम फैसला बेहद महत्वपूर्ण है। मथुरा, काशी पर विवाद लगातार चल रहा है। एक्ट में बदलाव पर अदालत के फैसले से देश में मंदिर-मस्जिद विवाद नए आयाम ले सकता है। 1991 के एक्ट से राम मंदिर को बाहर रखा गया था। राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट फैसला दे चुका है। लेकिन दक्षिण पंथी लोग काशी, मथुरा को लेकर कमर कस रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट का फैसला इस लिहाज से बेहद अहम है।

# क्या है लोन फ्रॉड केस जिसमें गिरफ्तार हो रहे बड़े-बड़े लोग?



सीबीआई ने आईसीआईसीआई बैंक लोन धोखाधड़ी मामले में वीडियोकॉन ग्रुप के चेयरमैन वेणुगोपाल धूत को गिरफ्तार किया है। इससे पहले चंदा कोचर और उनके पति गिरफ्तार किए जा चुके हैं। धूत की गिरफ्तारी आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व मुख्य अधिकारी व प्रबंध निदेशक चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर की गिरफ्तारी के 3 दिन बाद हुई है। शुक्रवार को सीबीआई ने चंदा कोचर और उनके पति को 2012 में वीडियोकॉन समूह को बैंक द्वारा स्वीकृत ऋण में धोखाधड़ी के सिलसिले में गिरफ्तार किया था।

### धूत पर क्या है आरोप?

71 साल के धूत को वीडियोकॉन समूह की कंपनियों को आईसीआईसीआई बैंक द्वारा स्वीकृत ऋण में कथित धोखाधड़ी और अनियमितताओं के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को बैंक से मार्च 2012 तक कथित रूप से 1,730 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ने ट्रेंड इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, सेंचुरी अप्लायंसेज लिमिटेड, कैल लिमिटेड, वैल्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड और इवान फ्रेजर एंड कंपनी इंडिया लिमिटेड को लगभग 3,250 करोड़ रुपए की क्रेडिट सुविधाओं को मंजूरी दी थी। ये सभी कंपनियां वेणुगोपाल धूत के वीडियोकॉन ग्रुप से संबंधित थीं। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के अधिकारियों ने बैंकिंग विनियमन अधिनियम, आरबीआई दिशा-निर्देशों और बैंक की क्रेडिट नीति का उल्लंघन कर इन कंपनियों को क्रेडिट सुविधाएं मंजूर कीं।

### कई दूसरी कंपनी में निवेश करने का आरोप

आरोप है कि धूत ने सुप्रीम एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (एसईपीएल) के माध्यम से नूपावर रिन्यूएबल्स लिमिटेड (एनआरएल) में 64 करोड़ रुपए का निवेश किया और एसईपीएल को दीपक कोचर द्वारा प्रबंधित पिनेकल एनर्जी ट्रस्ट को एक सर्किट रूट से स्थानांतरित कर दिया। यह 2010 और 2012 के बीच किया गया था। पिनेकल एनर्जी ट्रस्ट और एनआरएल का प्रबंधन दीपक कोचर के ही पास था। सीबीआई ने कोचर दंपति और वीडियोकॉन समूह के चेयरमैन के साथ-साथ नूपावर रिन्यूएबल्स, सुप्रीम एनर्जी, वीडियोकॉन इंटरनेशनल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिडेट और वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड के खिलाफ भी आपराधिक साजिश व भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की थी। सीबीआई की पूछताछ में चंदा कोचर ने अपने पति और धूत के बीच किसी भी तरह के आर्थिक लेनदेन की जानकारी होने से इंकार किया था। वित्तीय अपराधों की जांच करने वाली एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी इस जांच में शामिल है। ईडी ने पिछले महीने धूत से इस मामले में पूछताछ की थी। एजेंसी इससे पहले इस मामले में नूपावर रिन्यूएबल्स के निदेशक और धूत के करीबी सहयोगी महेश पुंगलिया से भी पूछताछ कर चुकी है। ईडी ने फरवरी 2019 में धूत, कोचर और उनके पति दीपक के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पहले भी उनके आवासों पर तलाशी ली जा चुकी है। गहन जांच के बीच कोचर को करोड़ों रुपए के इस धोखाधड़ी मामले के कारण 2018 में आईसीआईसीआई बैंक में अपने पद से हटना पड़ा था। उन्होंने अपने और अपने पति के खिलाफ सभी आरोपों से इंकार किया था।